   **सं.** राजगृहे नगरे श्रेणिको नाम नरपतिरभवत्, तस्य पुत्रोऽभयकुमारो नामाऽसीत्, स च विज्ञानेऽतीवपण्डितोऽभवत् ।
   ***हि. राजगृह नगर में श्रेणिक नामक राजा था, उसके अभयकुमार नामक पुत्र था और वह विज्ञान में अतिपण्डित था ।***
4. **प्रा. गिम्हे काले विसमेण आयवेण हालिओ दुक्खिओ होसी ।**
   **सं.** ग्रीष्मे काले विषमेणाऽऽतपेन हालिको दुःखितोऽभवत् ।
   ***हि. ग्रीष्मकाल में प्रचंड ताप से किसान दुःखी हुआ ।***
5. **प्रा. अज्जच्च कुंभारो बहू घडे कासी ।**
   **सं.** अद्यैव कुम्भकारो बहून् घटानकरोत् ।
   ***हि. आज ही कुंभार ने बहुत घड़े बनाये ।***
6. **प्रा. सरए ससंको जणस्स हिए आणंदं काहिअ ।**
   **सं.** शरदि शशाङ्को जनस्य हृदये आनन्दमकरोत् ।
   ***हि. शरद ऋतु में चन्द्र ने लोगों के हृदय में आनंद किया ।***
7. **प्रा. सीयाले मयंकस्य पयासो सीयलो अहेसि ।**
   **सं.** शीतकाले मृगाङ्कस्य प्रकाशः शीतल आसीत् ।
   ***हि. शीतकाल में चन्द्र का प्रकाश शीतल था ।***
8. **प्रा. बालो जणयस्स विओगेण दुहिओ अभू ।**
   **सं.** बालो जनकस्य वियोगेन दुःखितोऽभवत् ।
   ***हि. बालक पिता के वियोग (विरह) से दुःखी हुआ ।***

9. **प्रा. नेहेण सो अच्चंतं दुक्खं पावीअ ।**
सं. स्नेहेन सोऽत्यन्तं दुःखं प्राप्नोत् ।
*हि. उसने स्नेह से अत्यंत दुःख पाया ।*

10. **प्रा. तित्थयराणं उसहो पढमो होत्था ।**
सं. तीर्थकराणामृषभः प्रथमोऽभवत् ।
*हि. तीर्थंकरों में ऋषभदेव प्रथम हुए ।*

11. **प्रा. नाणेण दंसणेण संजमेण तवेण य साहवो सोहिंसु ।**
सं. ज्ञानेन दर्शनेन संयमेन तपसा च साधवोऽशोभन्त ।
*हि. साधु ज्ञान, दर्शन, संयम और तप से शोभते थे ।*

12. **प्रा. ते जिणिंदं अदक्खु, दंसणमेत्तेण य सम्मत्तं चरित्तं च लहीअ ।**
सं. ते जिनेन्द्रमद्राक्षुः, दर्शनमात्रेण च सम्यक्त्वं चारित्रं चाऽलभन्त ।
*हि. उन्होंने जिनेश्वर को देखा और देखने (दर्शन) मात्र से सम्यक्त्व और चारित्र प्राप्त किया ।*

13. **प्रा. जो जारिसं ववसेज्ज, फलं पि सो तारिसं लहेज्ज ।**
सं. यो यादृग् व्यवस्यति, फलमपि स तादृग् लभते ।
*हि. जो जैसा प्रयत्न करता है, वह फल भी वैसा ही पाता है ।*

14. **प्रा. निठुरो जणो सुत्तेवि जणे खग्गेण पहरीअ ।**
सं. निष्ठुरो जनः सुप्तेऽपि जने खड्गेन प्राहरत् ।
*हि. निर्दय मनुष्य ने सोये हुए भी मनुष्य पर तलवार से प्रहार किया ।*

15. **प्रा. धम्मो धम्मिट्ठं पुरिसं सग्गं नेसी ।**
सं. धर्मो धर्मिष्ठं पुरुषं स्वर्गमनयत् ।
*हि. धर्म धार्मिक पुरुष को स्वर्ग में ले गया ।*

16. **प्रा. नरिंदो देसस्स जएण तूसीअ ।**
सं. नरेन्द्रो देशस्य जयेनाऽतुष्यत् ।
*हि. राजा देश की जीत से खुश हुआ ।*

17. **प्रा. पक्खी उज्जाणे तरूसुं महुरं सद्दं कुणीअ ।**
सं. पक्षिण उद्याने तरुषु मधुरं शब्दमकुर्वन् ।
*हि. पक्षियों ने बगीचे में वृक्षों पर मधुर ध्वनि की ।*

18. **प्रा. स अवोच तुं अधम्मं काही, तेण दुहं लहीअ ।**
सं. सोऽवोचत् त्वमधर्ममकरोः, तेन दुःखमलभथाः ।
*हि. वह बोला, तूने अधर्म किया, इसलिए तूने दुःख पाया ।*

19. **प्रा. पुरा अम्हे दुवे बंधुणो आसिमो ।**

**सं.** पुराऽऽवां द्वौ बन्धू आस्वः ।

**हि.** ***पहले हम दो भाई थे ।***

20. **प्रा. अम्हो मग्गे साऊणि फलाइं जेमीअ ।**

**सं.** वयं मार्गे स्वादूनि फलान्यभुञ्ज्महि ।

**हि.** ***हमने मार्ग में स्वादिष्ट फल खाये ।***

21. **प्रा. स अपढणेण मुक्खो होत्था ।**

**सं.** सोऽपठनेन मूर्खो अभवत् ।

**हि.** ***वह नहीं पढ़ने से मूर्ख बना ।***

22. **प्रा. स तह नरिंदं सेवित्था, जहा बहुं दव्वं तस्स होही ।**

**सं.** स तथा नरेन्द्रमसेवत, यथा बहु द्रव्यं तस्याऽभवत् ।

**हि.** ***उसने राजा की वैसी सेवा की कि जिससे उसको बहुत धन मिला ।***

23. **प्रा. पारेवओ सडिअं धन्नं कयावि न खाएज्जा ।**

**सं.** पारापतः शटितं धान्यं कदापि न खादति ।

**हि.** ***कबूतर सड़ा हुआ अनाज कभी भी नहीं खाता है ।***

24. **प्रा. केसरी अज्ज उज्जाणे वसीअ, इअ सो अब्ववी ।**

**सं.** केसरी अद्योद्यानेऽवसत्, इति सोऽब्रवीत् ।

**हि.** ***'सिंह आज उद्यान में रहा है', इस प्रकार वह बोला ।***

25. **प्रा. गणहरा सुत्ताणि रइंसु ।**

**सं.** गणधरा सूत्राण्यरचयन् ।

**हि.** ***गणधर भ. ने सूत्रों की रचना की ।***

26. **प्रा. जिणीसरो अट्ठं वागरित्था ।**

**सं.** जिनेश्वरोऽर्थं व्याकरोत् ।

**हि.** ***जिनेश्वर भ. ने अर्थ कहा (बताया) ।***

27. **प्रा. बंभचेरेण बंभणा जाइंसु ।**

**सं.** ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणा अजायन्त ।

**हि.** ***ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण बने ।***

28. **प्रा. सोत्तं सुएणं न हि कुंडलेण, दाणेण पाणी न य भूसणेण ।**
**सहेइ देहो करुणाजुआणं, परोवयारेण न चंदणेण ।।12।।**

**सं.** श्रोत्रं श्रुतेन कुण्डलेन न हि, पाणिर्दानेन भूषणेन न च ।
करुणायुतानां देहः, परोपकारेण राजते, चन्दनेन न ।।12।।

*हि. कान श्रुत के श्रवण से शोभते हैं, कुंडल से नहीं, हाथ दान से शोभते हैं आभूषण से नहीं, दयालु मनुष्यों का देह परोपकार से शोभता है चन्दन से नहीं ।*

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. *हि. अमृत पीया लेकिन अमर नहीं हुआ ।*
   **प्रा. अमियं पासी, किन्तु अमरो न हवीअ ।**
   सं. अमृतमपिबत्, किन्त्वमरो नाऽभवत् ।
2. *हि. पराक्रम से शत्रुओं को जीता ।*
   **प्रा. परक्कमेण सत्तू जिणीअ ।**
   सं. पराक्रमेण शत्रूनजयत् ।
3. *हि. मुसाफिरों ने वृक्ष के नीचे विश्रान्ति ली ।*
   **प्रा. पावासुणो वच्छस्स अहो विस्समीअ ।**
   सं. प्रवासिनो वृक्षस्याऽधो व्यश्राम्यन् ।
4. *हि. राम ने गुरु के आदेश का अनुसरण किया इसलिए सुखी हुआ ।*
   **प्रा. रामो गुरुस्स आएसं अणुसरीअ तत्तो सुही अभू ।**
   सं. रामो गुरोरादेशमन्वसरत्, ततः सुख्यभवत् ।
5. *हि. प्रवासी ने किसान को रास्ता पूछा ।*
   **प्रा. पवासी हालिअं मग्गं पुच्छीअ ।**
   सं. प्रवासी हालिकं मार्गमपृच्छत् ।
6. *हि. दक्षिण दिशा का पवन बरसात लाया ।*
   **प्रा. दाहिणिल्लो वाऊ वरिसं आणेसी ।**
   सं. दाक्षिणात्यो वायुर्वर्षामानयत् ।
7. *हि. सज्जन दुर्जन के जाल में पड़ा ।*
   **प्रा. सज्जणो दुज्जणस्स जालंमि पडीअ ।**
   सं. सज्जनो दुर्जनस्य जालेऽपतत् ।
8. *हि. उसने प्राणान्ते भी अदत्त का ग्रहण नहीं किया ।*
   **प्रा. सो जीवियंते वि अदत्तं न गिण्हीअ ।**
   सं. स जीवितान्तेऽप्यदत्तं नाऽगृह्णात् ।
9. *हि. जैन धर्म में जैसा तत्त्वों का ज्ञान देखा, वैसा अन्य में नहीं देखा ।*
   **प्रा. जइणधम्मे जारिसं तत्ताणं नाणं देक्खीअ, तारिसं अन्नंमि न पेक्खीअ ।**
   सं. जैनधर्मे यादृशं तत्त्वानां ज्ञानमपश्याम, तादृशमन्यस्मिन्नाऽपश्याम ।

10. *हि. सुख और दुःख इस संसारचक्र में जीव ने अनंतबार भुगता है, उसमें आश्चर्य क्या ?*

**प्रा. सुहं दुहं च एयम्मि संसारचक्कंमि अणंतखुत्तो जीवो अणुहवीअ, तम्मि किं अच्छेरं ? ।**

**सं.** सुखं दुःखं चैतस्मिन् संसारचक्रेऽनन्तकृत्वो जीवोऽन्वभवत्, तस्मिन् किमाश्चर्यम् ? ।

11. *हि. तूने पाप से बचाया, इसलिए तेरे जैसा दूसरा कौन उत्तम होगा ? ।*

**प्रा. तुं पावत्तो रक्खीअ, तत्तो तुम्हारिसो अन्नो को उत्तमो होइ ? ।**

**सं.** त्वं पापादरक्षः, ततस्त्वादृशोऽन्यः क उत्तमो भवति ? ।

12. *हि. रावण ने नीति का उल्लंघन किया, इस कारण वह मरण को प्राप्त हुआ ।*

**प्रा. रावणो नयं अइक्कमीअ, तत्तो सो मच्चुं पावीअ ।**

**सं.** रावणो नयमत्यक्राम्यत्, ततः स मृत्युं प्राप्नोत् ।

13. *हि. पण्डित मृत्यु से नहीं डरे ।*

**प्रा. पंडिआ मच्चुत्तो न बीहीअ ।**

**सं.** पण्डिताः मृत्योर्नाऽबिभयुः ।

14. *हि. शिष्यों ने गुरु के पास ज्ञान ग्रहण किया ।*

**प्रा. सीसा गुरुत्तो नाणं गिण्हीअ ।**

**सं.** शिष्याः गुरोर्ज्ञानमगृह्णन् ।

15. *हि. भव्य जीवों ने तीर्थंकर की पूजा से नित्य सुख प्राप्त किया ।*

**प्रा. बहवो भव्वा जीवा तित्थयरस्स अच्चणेण सासयं सुहं लहीअ ।**

**सं.** बहवो भव्या जीवास्तीर्थकरस्याऽर्चनेन शाश्वतं सुखमलभत ।

16. *हि. तुम दोनों प्रभात में कहाँ रहे ?*

**प्रा. तुम्हे वे पच्चूसे कहिं वसीअ ? ।**

**सं.** युवां द्वौ प्रत्यूषे कुत्राऽवसतम् ? ।

17. *हि. हमने प्रभु महावीर के पास धर्म प्राप्त किया ।*

**प्रा. अम्हे पहुत्तो महावीरत्तो धम्मं पावीअ ।**

**सं.** वयं प्रभोर्महावीराद् धर्मं प्राप्नुम ।

18. *हि. यहाँ धर्म ही धन और सुख का कारण है ।*

**प्रा. एत्थ धम्मोच्चिअ धणस्स सुहस्स य कारणं अत्थि ।**

**सं.** अत्र धर्म एव धनस्य सुखस्य च कारणमस्ति ।

19. *हि.* ***उनमें ज्ञान था इसलिए उनकी पूजा की ।***

**प्रा.** **तेसुं नाणं हवीअ, तत्तो ते अच्चीअ ।**

**सं.** तेषु ज्ञानमासीत्, ततस्तानार्चयन् ।

20. *हि.* ***तू गुरु की वैयावच्च से एकदम होशियार बना ।***

**प्रा.** **तुं गुरुणो वेयावच्चेण सहसा निउणो हवीअ ।**

**सं.** त्वं गुरोर्वैयावृत्येन सहसा निपुणोऽभवः ।

21. *हि.* ***वह नगर के बाहर गया और उसने रीछों का युद्ध देखा ।***

**प्रा.** **सो नयरत्तो बहिं गच्छीअ, रिक्खाणं च जुद्धं पासीअ ।**

**सं.** स नगराद् बहिरगच्छत्, ऋक्षाणां च युद्धमपश्यत् ।

22. *हि.* ***मैंने मंदिर के ध्वज पर मयूर देखा ।***

**प्रा.** **मंदिरस्स धयम्मि हं मोरं देक्खीअ ।**

**सं.** मंदिरस्य ध्वजेऽहं मयूरमपश्यम् ।

# पाठ - 15

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. तुम्हे एत्थ चिट्ठेह, वीरं जिणं अम्हे अच्चेमो ।**
   **सं.** यूयमत्र तिष्ठत, वीरं जिनं वयमर्चामः ।
   ***हि. तुम यहाँ खड़े रहो, हम वीर जिनेश्वर की पूजा करते हैं ।***
2. **प्रा. सच्चं बोल्लिज्जा ।**
   **सं.** सत्यं वदेत् ।
   ***हि. सत्य बोलना चाहिए ।***
3. **प्रा. धम्मं समायरे ।**
   **सं.** धर्मं समाचरेत् ।
   ***हि. धर्म करना चाहिए ।***
4. **प्रा. उज्जमेण विणा धर्मं न लहेमु ।**
   **सं.** उद्यमेन विना धर्मं न लभेय ।
   ***हि. मैं प्रयत्न किये बिना धर्म प्राप्त नहीं करूँ ।***
5. **प्रा. सुत्तस्स मग्गेण चरिज्ज भिक्खू ।**
   **सं.** सूत्रस्य मार्गेण चरेद् भिक्षुः ।
   ***हि. साधु को सूत्र (शास्त्र) के अनुसार चलना चाहिए ।***
6. **प्रा. जो गुरुकुले निच्चं वसेज्ज, सो सिक्खणं अरिहेइ ।**
   **सं.** यो गुरुकुले नित्यं वसेत्, स शिक्षणमर्हति ।
   ***हि. जो हमेशा गुरुकुल में रहता है, वह शिक्षण (ज्ञान) के योग्य बनता है ।***
7. **प्रा. मुषावायं न वएज्जसि ।**
   **सं.** मृषावादं न वदेः ।
   ***हि. तुझे झूठ नहीं बोलना चाहिए ।***
8. **प्रा. तुं नयं न चयिज्जे ।**
   **सं.** त्वं नयं न त्यजेः ।
   ***हि. तुझे नीति का त्याग नहीं करना चाहिए ।***
9. **प्रा. जइ तुम्हे विज्जत्थिणो अत्थि, तया सुहं चएह, पढणे य उज्जमह ।**
   **सं.** यदि यूयं विद्यार्थिनः स्थ, तदा सुखं त्यजत, पठने चोद्यच्छत ।
   ***हि. जो तुम विद्या के अर्थी हो, तो सुख का त्याग करो और पढ़ने में उद्यम करो ।***

10. **प्रा. अहं दुद्धं पासी, तुम्हे वि पिवेह ।**

**सं.** अहं दुग्धमपिव्वम्, यूयमपि पिबत ।

***हि. मैंने दूध पीया, तुम भी पीओ ।***

11. **प्रा. तुब्भे साहूणं समीवं हियाइं वयणाइं सुणिज्जाह, अहंपि सुणामु ।**

**सं.** यूयं साधूनां समीपं हितानि वचनानि शृणुत, अहमपि शृणवानि ।

***हि. तुम साधुओं के पास हितकारी वचन सुनो, मैं भी सुनूँ ।***

12. **प्रा. भवाओ विरत्ताणं पुरिसाणं गिहे वासो किं रोएज्ज ?**

**सं.** भवाद् विरक्तेभ्यः पुरुषेभ्यो गृहे वासः किं रोचेत ?

***हि. संसार से विरक्त पुरुषों को क्या घर में रहना पसंद आता है ?***

13. **प्रा. जइणं सासणं चिरं जयउ ।**

**सं.** जैनं शासनं चिरं जयतु ।

***हि. जैन शासन चिरकाल तक जय पाये ।***

14. **प्रा. आइरिया दीहं कालं जिणिंतु ।**

**सं.** आचार्या दीर्घं कालं जयन्तु ।

***हि. आचार्य दीर्घकाल तक जय पायें ।***

15. **प्रा. नायपुत्तो तित्थं पवट्टेउ ।**

**सं.** ज्ञातपुत्रस्तीर्थं प्रवर्तताम् ।

***हि. ज्ञातपुत्र = महावीर भ. तीर्थ प्रवर्तायें ।***

16. **प्रा. तुं अकज्जं न कुणेज्जसु, सच्चं च वइज्जहि ।**

**सं.** त्वमकार्यं न कुर्याः, सत्यं च वदेः ।

***हि. तू अकार्य नहीं कर और सत्य बोल ।***

17. **प्रा. गुरूणं विणएण वेयावडिएण य नाणं पढे ।**

**सं.** गुरूणां विनयेन, वैयावृत्येन च ज्ञानं पठेत् ।

***हि. गुरु भगवंतों की विनय और सेवापूर्वक ज्ञान पढ़ना चाहिए ।***

18. **प्रा. अत्थो च्चिअ परिवड्ढउ, जेण गुणा पायडा हुंति ।**

**सं.** अर्थ एव परिवर्द्धताम्, येन गुणाः प्रकटा भवन्ति ।

***हि. धन निश्चय बढ़े, जिससे गुण प्रगट होते हैं ।***

19. **प्रा. जइ सिवं इच्छेह, तया कामेहिन्तो विरमेज्ज ।**

**सं.** यदि शिवमिच्छेत, तदा कामेभ्यो विरमेत ।

***हि. जो तुम मोक्ष की इच्छा रखते हो तो काम = इच्छाओं से विराम पाओ ।***

20. प्रा. **सज्जणे तुम्हे मा निन्देह ।**

सं. सज्जनान् यूयं मा निन्दत ।

हि. ***तुम सज्जनों की निन्दा मत करो ।***

21. प्रा. **पाणीणं अप्पकेरं नाणं दंसणं चरितं च अत्थि, न अन्नं किं पि, तओ तेहिं चिय संसारा पारं वच्चेह ।**

सं. प्राणीनामात्मीयं ज्ञानं दर्शनं चारित्रं च सन्ति, नाऽन्यत् किमपि, ततस्तैरेव, संसारात् पारं व्रजत ।

हि. ***प्राणियों का ज्ञान, दर्शन और चारित्र ही उनका अपना है, अन्य कुछ नहीं, इसलिए उसके द्वारा ही संसार से पार उतरो ।***

22. प्रा. **सढेसुं माइं वीससेज्जइ ।**

सं. शठेषु मा विश्वस्यात् ।

हि. ***दुर्जनों पर विश्वास नहीं करना चाहिए ।***

23. प्रा. **सज्जणेहिं सद्धिं विरोहं कया वि न कुज्जा ।**

सं. सज्जनैः सार्धं विरोधं कदापि न कुर्यात् ।

हि. ***सज्जनों के साथ कभी भी विरोध नहीं करना चाहिए ।***

24. प्रा. **हे ईसर ! अम्हारिसे पावे जणे रक्खरक्ख रक्खेहि ।**

सं. हे ईश्वर ! अस्मादृशान् पापाञ् जनान् रक्ष रक्ष ।

हि. ***हे ईश्वर ! हमारे जैसे पापी मनुष्यों का रक्षण करो, रक्षण करो ।***

25. प्रा. **पाणिवहो धम्माय न सिया ।**

सं. प्राणिवधो धर्माय न स्यात् ।

हि. ***जीवहिंसा धर्म के लिए न हो ।***

26. प्रा. **सच्चं, पियं च परलोयहियं च वएज्जा नरा ।**

सं. सत्यं, प्रियं च परलोकहितं च वदेयुर्नराः ।

हि. ***मनुष्यों को सत्य, प्रिय और परलोक में हितकारी बोलना चाहिए ।***

27. प्रा. **जइ न हुज्जइ आयरिया, को तया जाणिज्ज सत्थस्स सारं ? ।**

सं. यदि न भवेयुराचार्याः, कस्तदा जानीयाच्छास्त्रस्य सारम् ? ।

हि. ***जो आचार्य भ. न हों तो शास्त्र के सार को कौन जाने ? ।***

28. प्रा. **[3]होज्जा [1]जले वि [2]जलणो, होज्जा [5]खीरं पि [4]गोविसाणाओ ।**
**[7]अमयरसो वि [6]विसाओ, [10]नय [8]पाणिवहा [11]हवइ [9]धम्मो ।।13।।**

सं. जलेऽपि ज्वलनो भवेत्, गोविषाणात् क्षीरमपि भवेत् ।
विषादप्यमृतरसः, प्राणिवधाद् धर्मो न च भवति ।।13।।

*हि. कदाचित् पानी में से भी अग्नि हो, कदाचित् गाय के सींग में से दूध हो, कदाचित् विष में से भी अमृत हो किन्तु जीवहिंसा से धर्म नहीं होता है ।*

29. **प्रा. [2]वरिसंतु [1]घणा [3]मा वा, [5]मरंतु [4]रिऊणो [6]अहं [7]निवो [8]होज्जा ।**
**[9]सो [10]जिणउ [11]परो [12]भज्जउ, [13]एवं [14]चिंतणमव[15]ज्झाणं ॥14॥**

**सं.** घना वर्षन्तु मा वा, रिपवो म्रियन्तां, अहं नृपो भवेयम् ।
स जयतु, परो भनक्तु, एवं चिंतनमपध्यानम् ॥14॥

*हि. बरसात (पानी की वृष्टि) हो अथवा न हो, शत्रु मरें, मैं राजा बनूँ, उसकी जीत हो, दूसरे हार जाये, इस प्रकार का चिंतन करना वह दुर्ध्यान है ।*

30. **प्रा. [1]गुणिणो [2]गुणेहिं [4]विहवेहि, [3]विहविणो [7]होंतु [5]गव्विआ [6]नाम ।**
[9]दोसेहि [8]नवरि [10]गव्वो, [11]खलाण [12]मग्गो च्चि अ [13]अउव्वो ॥15॥

**सं.** गुणिनो गुणैः, विभवैर्विभविनो गर्विता नाम भवन्तु ।
नवरं दोषैर्गर्वः, खलानां मार्गो अपूर्व एव ॥15॥

*हि. गुणवान पुरुष गुणों से, धनवान पुरुष धन से (कदाचित्) गर्वित बने, किन्तु दोषों से गर्व करना यह दुर्जनों का मार्ग अपूर्व ही है ।*

31. **प्रा. [5]जइ वि [6]दिवसेण [7]पयं, [11]धरेह [8]पक्खेण [9]वा [10]सिलोगद्धं ।**
**[12]उज्जोगं [13]मा [14]मुंचह, [1]जइ [4]इच्छह [3]सिक्खिउं [2]नाणं ॥16॥**

**सं.** यदि ज्ञानं शिक्षितुमिच्छत, यद्यपि दिवसेन पदं धारयत ।
पक्षेण वा श्लोकार्द्धम्, उद्योगं मा मुञ्चत ॥16॥

*हि. जो तुम ज्ञान पढ़ने = प्राप्त करने की इच्छा रखते हो तो एक दिन में एक पद अथवा पक्ष = पन्द्रह दिन में आधा श्लोक याद करो, किन्तु प्रयत्न नहीं छोड़ो ।*

32. **प्रा. [2]कुणउ [1]तवं [4]पालउ, [3]संजमं [6]पढउ [5]सयलसत्थाइं ।**
**[7]जाव [9]न [10]झायइ [8]जीवो, [11]ताव [13]न [12]मुक्खो [14]जिणो [15]भणइ ॥17॥**

**सं.** तपः करोतु, संयमं पालयतु, सकलशास्त्राणि पठतु ।
यावज्जीवो न ध्यायति, तावन् मोक्षो न, जिनो भणति ॥17॥

*हि. तप करो, संयम का पालन करो, सर्वशास्त्र पढ़ो, लेकिन जब तक जीव शुभ ध्यान नहीं करता है तब तक मोक्षप्राप्ति नहीं है, इस प्रकार श्रीजिनेश्वर परमात्मा कहते हैं ।*

# हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. हि. *प्रभात में स्तोत्रों द्वारा प्रभु की स्तुति करनी चाहिए और तत्पश्चात् अध्ययन करना चाहिए ।*
   प्रा. **पच्चूसे थोत्तेहिं पहुं थुणेज्जा, पच्छा य अज्झयणं भणेज्जा ।**
   सं. प्रत्यूषे स्तोत्रैः प्रभुं स्तुयात्, पश्चाच्चाऽध्ययनं भणेत् ।
2. हि. *व्यापार की तरह मनुष्य को हमेशा धर्म में उद्यम करना चाहिए ।*
   प्रा. **वावारंमि इव जणो सया धम्मंमि वि उज्जमेउ ।**
   सं. व्यापार इव जनः सदा धर्मेऽप्युद्यच्छतु ।
3. हि. *विद्याधर विमानों द्वारा गमन करो ।*
   प्रा. **विज्जाहरा विमाणेहिं गच्छन्तु ।**
   सं. विद्याधराः विमानैर्गच्छन्तु ।
4. हि. *इन्द्र ने कुबेर को हुक्म किया कि ज्ञातपुत्र के घर द्रव्य की वृष्टि करो ।*
   प्रा. **हरी वेसमणं आदिसीअ, णायपुत्तस्स गेहम्मि दव्वं वरिसेज्जहि ।**
   सं. हरिर्वैश्रमणमादिशत्, ज्ञातपुत्रस्य गृहे द्रव्यं वर्ष ।
5. हि. *तुम धर्म से जीओ और सत्य से सुखी बनो ।*
   प्रा. **तुब्भे धम्मेण जीवेह, सच्चेण य सुहिणो होएज्जाह ।**
   सं. यूयं धर्मेण जीवत, सत्येन च सुखिनो भवत ।
6. हि. *गुरु भ. का आदेश नहीं उल्लंघना चाहिए ।*
   प्रा. **गुरुणो आएसं माइ अइक्कमेज्ज ।**
   सं. गुरोरादेशं माऽतिक्रमेत ।
7. हि. *हे बालक ! तू मिथ्या राख (भस्म) में घी नहीं डाल ।*
   प्रा. **हे बाल ! तुं मुडा भस्सम्मि घयं मा पक्खिवसु ।**
   सं. हे बाल ! त्वं मुधा भस्मनि घृतं मा मुञ्चेः ।
8. हि. *तुम्हें उपाध्याय के पास व्याकरण सीखना चाहिए ।*
   प्रा. **तुम्हे उवज्झायस्स समीवे वागरणं पढेह ।**
   सं. यूयमुपाध्यायस्य समीपे व्याकरणं पठेत ।
9. हि. *युवानी में धर्म करना चाहिए ।*
   प्रा. **जोव्वणंमि धम्मं करेज्जा ।**
   सं. यौवने धर्मं कुर्यात् ।

10. *हि. करने योग्य कार्य में प्रमाद नहीं करना चाहिए ।*

**प्रा. कायव्वे कज्जे न पमज्जेज्ज ।**

**सं.** कर्तव्ये कार्ये न प्रमाद्येत ।

11. *हि. साधुओं को दिन में ही विहार करना चाहिए ।*

**प्रा. साहवो दिणम्मि चेव विहरेन्तु ।**

**सं.** साधवो दिने चैव विहरेयुः ।

12. *हि. तू मिथ्या (झूठा) कोप न कर, हित को सुन ।*

**प्रा. तुं मिच्छा कोवं मा करसु, हियं च सुणसु ।**

**सं.** त्वं मिथ्या कोपं मा कुरु, हितं च श्रृणु ।

13. *हि. तुम पंडित हो इसलिए तत्त्व का विचार करो ।*

**प्रा. तुब्भे पंडिआ अत्थि, तत्तो तत्ताइं चिन्तेह ।**

**सं.** यूयं पण्डिताः स्थ, ततस्तत्त्वानि चिन्तयत ।

14. *हि. लोभ को संतोष द्वारा छोड़ ।*

**प्रा. लोहं संतोसेण मुंचहि ।**

**सं.** लोभं संतोषेण मुञ्च ।

15. *हि. सभी तीर्थों में शत्रुंजय तीर्थ उत्तम है अतः तू वहाँ जा, कल्याण कर और पापों का क्षय कर ।*

**प्रा. सव्वेसु तित्थेसु सत्तुंजयं तित्थं उत्तिमं अत्थि, तत्तो तुं तहिं गच्छसु, कल्लाणं कुणसु, पावाइं च निज्जरसु ।**

**सं.** सर्वेषु तीर्थेषु शत्रुञ्जयं तीर्थमुत्तममस्ति, ततस्त्वं तत्र गच्छ, कल्याणं कुरु, पापानि च निर्जृणीहि ।

16. *हि. संतोष में जैसा सुख है, वैसा सुख अन्य में नहीं है अतः संतोष धारण करना चाहिए ।*

**प्रा. संतोसंमि जारिसं सुहं अत्थि, तारिसं सुहं अन्नंमि नत्थि, तत्तो संतोसं धरेज्ज ।**

**सं.** सन्तोषे यादृशं सुखमस्ति, तादृशं सुखमन्यस्मिन् नाऽस्ति, ततः सन्तोषं धारयेत ।

17. *हि. जीव वृद्धावस्था में धर्म करने हेतु समर्थ नहीं बनता है ।*

**प्रा. जीवो वुड्ढत्तणंमि धम्मस्स करणाय समत्थो न होइ ।**

**सं.** जीवो वृद्धत्वे धर्मस्य करणाय समर्थो न भवति ।

18. *हि. (अच्छी तरह) पका हुआ धान्य खाना चाहिए ।*

**प्रा. सुपक्कं धन्नं खाएज्ज ।**

**सं.** सुपक्वं धान्यं खादेत् ।

19. *हि. प्रतिदिन जिनेश्वर का दर्शन और गुरु भ. का उपदेश सुनना चाहिए ।*

**प्रा. सया जिणस्स दंसणं (करेज्ज), गुरुणो य उवएसं सुणेज्ज ।**

**सं.** सदा जिनस्य दर्शनं (कुर्यात्), गुरोरुपदेशं च श्रृणुयात् ।

20. *हि. जो संसार से तारक है उस ईश्वर की निन्दा मत कर ।*

**प्रा. जो संसारत्तो तारगो अत्थि, तं ईसरं मा निंदहि ।**

**सं.** यः संसारात्तारकोऽस्ति, तमीश्वरं मा निन्द ।

# पाठ - 16

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. जस्स जओ आइच्चो उदेइ, सा तस्स होइ पुव्वा दिसा, जत्तो य अत्थमेइ सा उ अवरादिसा नायव्वा, दाहिणपासम्मि य दाहिणा दिसा, उत्तरा उ वामेण ।**

   **सं.** यस्य यत आदित्य उदेति, सा तस्य भवति पूर्वा दिग्, यतश्चाऽस्तमेति, सा त्वपरा दिग् ज्ञातव्या, दक्षिणपार्श्वे च दक्षिणा दिग्, उत्तरा तु वामेन ।

   ***हि. जिसके जिस बाजू से सूर्य उगता है, वह उसकी पूर्व दिशा होती है, जिस तरफ अस्त होता है, वह पश्चिम दिशा जाननी, दायीं तरफ दक्षिण दिशा और बायीं तरफ उत्तर दिशा जाननी ।***

2. **प्रा. किवाए विणा को धम्मो ? ।**

   **सं.** कृपया विना को धर्मः ? ।

   ***हि. दया बिना कौनसा धर्म है ? ।***

3. **प्रा. पंडवाणं सेणाइ दुज्जोहणस्स सेणाए सह जुज्झं होत्था, तम्मि जुज्झे पंडवाणं जयो आसि ।**

   **सं.** पाण्डवानां सेनायाः दुर्योधनस्य सेनया सह युद्धमभवत्, तस्मिन् युद्धे पाण्डवानां जय आसीत् ।

   ***हि. पाण्डवों की सेना का दुर्योधन की सेना के साथ युद्ध हुआ, उस युद्ध में पाण्डवों की जय (जीत) हुई ।***

4. **प्रा. कोसा वेसा सव्वासु कलासु निउणा, नच्चम्मि उ विसेसेण कुसला ।**

   **सं.** कोशा वेश्या सर्वासु कलासु निपुणा, नृत्ये तु विशेषेण कुशला ।

   ***हि. कोशा वेश्या सभी कलाओं में कुशल (थी), परन्तु नृत्य कला में विशेष कुशल (थी) ।***

5. **प्रा. सव्वा कला धम्मकला जएइ ।**

   **सं.** सर्वाः कलाः धर्मकला जयति ।

   ***हि. धर्मकला सभी कलाओं को जीतती है ।***

6. **प्रा. सव्वा कहा धम्मकहा जिणेइ ।**

   **सं.** सर्वाः कथाः धर्मकथा जयति ।

   ***हि. धर्मकथा सभी कथाओं को जीतती है ।***

7. प्रा. **जस्स जीहा वसीहूआ, सो परमो पुरिसो ।**
सं. यस्य जिह्वा वशीभूता स परमः पुरुषः ।
हि. ***जिसकी जीभ वश में है, वह उत्तम पुरुष है ।***

8. प्रा. **नारीओ जोण्हाए रमेन्ति ।**
सं. नार्यो ज्योत्स्नायां रमन्ते ।
हि. ***नारियाँ चाँदनी में खेलती हैं ।***

9. प्रा. **छुहाए समाणा वेयणा नत्थि ।**
सं. क्षुधया समाना वेदना नास्ति ।
हि. ***भूख समान कोई वेदना नहीं है ।***

10. प्रा. **पंडवाणं भज्जा दोवई सव्वासु इत्थीसुं उत्तमा महासई अहेसि ।**
सं. पाण्डवानां भार्या द्रौपदी सर्वासु स्त्रीषूत्तमा महासत्यासीत् ।
हि. ***पांडवों की पत्नी द्रौपदी सभी स्त्रियों में उत्तम महासती थी ।***

11. प्रा. **वाणस्सईणं पि सन्ना अस्ति, तओ मट्टिआए रसं च आहरेज्जा ।**
सं. वनस्पतीनामपि संज्ञाः सन्ति, तत उदकं मृत्तिकायाः रसं चाऽऽहरेयुः ।
हि. ***वनस्पतियों में भी संज्ञाएँ होती हैं अतः पानी और मिट्टी के रस का आहार करती हैं ।***

12. प्रा. **सज्जणा पइण्णाहिंतो कहंपि न चलन्ति ।**
सं. सज्जनाः प्रतिज्ञाभ्यः कथमपि न चलन्ति ।
हि. ***उत्तम पुरुष प्रतिज्ञा से किसी भी प्रकार से विचलित नहीं होते हैं ।***

13. प्रा. **इत्थीओ सज्जाहिन्तो उड्डन्ति, आवासयाइं च किच्चाइं कुणन्ति ।**
सं. स्त्रियः शय्याभ्यः उत्तिष्ठन्ति, आवश्यकानि च कृत्यानि कुर्वन्ति ।
हि. ***स्त्रियाँ शय्या में से उठती हैं और आवश्यक कार्य करती हैं ।***

14. प्रा. **सासूए ण्हूसाए उवरि, वहूइ य सासूअ अवरिं अईव पीई अत्थि ।**
सं. श्वश्र्वाः स्नूषायाः उपरि, वध्वाश्च श्वश्र्वा उपर्यतीव प्रीतिरस्ति ।
हि. ***सासू का पुत्रवधू (बहू) पर और बहू का सासू पर अतीव स्नेह है ।***

15. प्रा. **दिवहो निसं, निसा य दिणं अणुसरेइ ।**
सं. दिवसो निशां, निशा च दिनमनुसरति ।
हि. ***दिन रात्रि का, रात्रि दिन का अनुसरण करती है ।***

16. प्रा. **जणा रिद्धीए गव्विट्ठा पाएण हवन्ति ।**
सं. जना ऋद्ध्या गर्विष्ठाः प्रायो भवन्ति ।
हि. ***मनुष्य प्रायः ऋद्धि से अभिमानी बनते हैं ।***

17. **प्रा. जोव्वणं असारं, लच्छी वि असारा, संसारो असारो, तओ धम्मम्मि मइं दढं कुज्जा ।**

**सं.** यौवनमसारं, लक्ष्मीरप्यसारा, संसारोऽसारस्ततो धर्मे मतिं दृढां कुर्यात् ।

***हि. यौवन असार है, लक्ष्मी भी असार है, संसार असार है इसलिए धर्म में दृढ़बुद्धि करनी चाहिए ।***

18. **प्रा. थी एगाए बाहाए भारं नेहीअ ।**

**सं.** स्त्र्येकेन बाहुना भारमनयत् ।

***हि. स्त्री एक हाथ से भार को ले गयी ।***

19. **प्रा. कामे सत्ताओ इत्थीओ कुलं सीलं च न रक्खंति ।**

**सं.** कामे सक्ताः स्त्रियः कुलं शीलं च न रक्षन्ति ।

***हि. काम (भोग) में आसक्त स्त्रियाँ कुल और शील का रक्षण नहीं करती हैं ।***

20. **प्रा. उअ थीणं सरूवं संसारा य उव्विवेसु ।**

**सं.** पश्य स्त्रीणां स्वरूपं, संसाराच्चोद्विङ्धि ।

***हि. स्त्रियों के स्वरूप (चरित्र) को देख और संसार से वैराग्य पा ।***

21. **प्रा. जो संघस्स आणं अइक्कमेइ, सो सिक्खं अरिहेइ ।**

**सं.** यः संघस्याऽऽज्ञामतिक्राम्यति, स शिक्षामर्हति ।

***हि. जो संघ की आज्ञा का उल्लंघन करता है, वह दंड का पात्र है ।***

22. **प्रा. जउंणाए उदगं किण्हं, गंगाअ य दगं सुक्कमत्थि ।**

**सं.** यमुनाया उदकं कृष्णं, गंगायाश्चोदकं शुक्लमस्ति ।

***हि. यमुना का पानी काला और गंगा का पानी सफेद है ।***

23. **प्रा. सिरिहेमचंदो सरस्सइं देविं आराहीअ ।**

**सं.** श्रीहेमचन्द्रः सरस्वतीं देवीमाराधयत् ।

***हि. श्री हेमचन्द्रसूरि ने सरस्वती देवी की आराधना की ।***

24. **प्रा. सासू बहूणं देवालए गमणाय कहेइ ।**

**सं.** श्वश्रूर्वधूभ्यो देवालये गमनाय कथयति ।

***हि. सास बहुओं को मन्दिर जाने के लिए कहती है ।***

25. **प्रा. जो हिरिं नीइं धिइं च धरेइ, सो सिरिं लहेइ ।**

**सं.** यो ह्रियं नीतिं धृतिं च धारयति, सः श्रियं लभते ।

***हि. जो लज्जा, नीति और धीरता को धारण करता है, वह लक्ष्मी को प्राप्त करता है ।***

26. **प्रा. अहिणो दाढाए विसं झरेइ ।**
**सं.** अहेर्दंष्ट्राया विषं क्षरति ।
***हि. सर्प की दाढ़ा में से जहर टपकता है ।***

27. **प्रा. तिण्हा आगासेण समा विसाला ।**
**सं.** तृष्णाऽऽकाशेन समा विशाला ।
***हि. तृष्णा आकाश के समान विशाल है ।***

28. **प्रा. तरुस्स छाहीए थीओ गाणं कुणन्ति ।**
**सं.** तरोश्छायायां स्त्रियो गानं कुर्वन्ति ।
***हि. वृक्ष की छाया में स्त्रियाँ गायन करती हैं ।***

29. **प्रा. विक्कमो निवो पिच्छीए सुट्ठु पालगो आसि ।**
**सं.** विक्रमो नृपः पृथ्व्याः सुष्ठु पालक आसीत् ।
***हि. विक्रमराजा पृथ्वी का अच्छा पालक था ।***

30. **प्रा. कुमारो सव्वासु कलासु पहुप्पइ ।**
**सं.** कुमारः सर्वासु कलासु प्रभवति ।
***हि. कुमार सभी कलाओं में समर्थ है ।***

31. **प्रा. पहुणो महावीरस्स अतुल्लाए सेवाए गोयमो गणहरो संसारं तरीअ ।**
**सं.** प्रभोर्महावीरस्याऽतुल्यया सेवया गौतमो गणधरः संसारमतरत् ।
***हि. प्रभु महावीर की असाधारण सेवा द्वारा गौतम गणधर संसार को तिर गये ।***

32. **प्रा. धन्नाओ ताओ बालियाउ जाहिं सुमिणे वि न पत्थिओ अन्नो पुरिसो ।**
**सं.** धन्यास्ताः बालिकाः, याभिः स्वप्नेऽपि न प्रार्थितोऽन्यः पुरुषः ।
***हि. वे बालिकाएँ धन्य हैं कि जिनके द्वारा स्वप्न में भी अन्य पुरुष प्रार्थित नहीं हुआ ।***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. ***हि. बड़ों की मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना ।***
**प्रा. गुरूणं मज्जायं न लंघेज्ज ।**
**सं.** गुरूणां मर्यादां न लङ्घेत ।

2. ***हि. चोर ने ब्राह्मण की लक्ष्मी छीन ली ।***
**प्रा. चोरो बंभणस्स लच्छिं उद्दालीअ ।**
**सं.** चौरो ब्राह्मणस्य लक्ष्मीमाच्छिनत् ।

3. *हि. पुत्र की बहू सास के सभी कार्य विनयपूर्वक करती है ।*

**प्रा. ण्हूसा सासूअ सव्वाइं कज्जाइं विणएण करेइ ।**

**सं.** स्नुषा श्वश्र्वाः सर्वाणि कार्याणि विनयेन करोति ।

4. *हि. जब मनुष्य की ऋद्धि नष्ट होती है, तब उसके साथ बुद्धि और धीरता भी नष्ट होती हैं ।*

***प्रा. जया जणस्स इड्ढी नस्सइ, तया ताए सह बुद्धी धिई य नस्सइ ।***

**सं.** यदा जनस्यर्द्धिर्नश्यति, तदा तया सह बुद्धिर्धृतिश्च नश्यति ।

5. *हि. धार्मिक व्यक्ति धन की वृद्धि में धर्म का त्याग नहीं करता है ।*

**प्रा. धम्मिओ जणो धणस्स वुड्ढिए धम्मं न चयइ ।**

**सं.** धार्मिको जनो धनस्य वृद्ध्यां धर्मं न त्यजति ।

6. *हि. सरस्वती और लक्ष्मी के विवाद में कौन जीते ?*

**प्रा. सरस्सईए सिरीए य विवाए का जिणइ ? ।**

**सं.** सरस्वत्याः लक्ष्म्याश्च विवादे का जयति ? ।

7. *हि. मनुष्य वेदना = पीड़ा में बहुत मुंझाता है ।*

**प्रा. लोगो वेयणाए अईव मुज्झइ ।**

**सं.** लोको वेदनायामतीव मुह्यति ।

8. *हि. सभी जीव सुख की इच्छा करते हैं और दुःख की इच्छा नहीं करते हैं ।*

**प्रा. सव्वे जीवा सायं इच्छंति, असायं य न इच्छंति ।**

**सं.** सर्वे जीवाः सातमिच्छन्ति, असातं च नेच्छन्ति ।

9. *हि. उत्तम पुरुष जिस कार्य का प्रारम्भ करते हैं, उसको अवश्य पूरा करते हैं ।*

**प्रा. उत्तमो पुरिसो जं कज्जं आढवेइ, तं अवस्सं पारं गच्छइ ।**

**सं.** उत्तमः पुरुषो यत्कार्यमारभते, तदवश्यं पारं गच्छति ।

10. *हि. ग्रीष्म काल में सभी पशु वृक्षों की छाया में विश्रान्ति लेते हैं ।*

**प्रा. गिम्हे सव्वे पसवो रुक्खाणं छाहीए विस्समन्ति ।**

**सं.** ग्रीष्मे सर्वे पशवो वृक्षाणां छायायां विश्राम्यन्ति ।

11. *हि. दक्षिण दिशा में चोर गये ।*

**प्रा. दाहिणाए दिशाए चोरा गच्छीअ ।**

**सं.** दक्षिणस्यां दिशि चौरा अगच्छन् ।

12. *हि. सभी जगह सुखियों को सुख और दुःखियों को दुःख होता है ।*
**प्रा. सव्वत्थ सुहीणं सुहं, दुहीणं च दुहं होइ ।**
**सं.** सर्वत्र सुखिनां सुखं, दुःखिनां च दुःखं भवति ।

13. *हि. मैं जिनेश्वर भ. की प्रतिमाओं की स्तुतियों द्वारा स्तुति करता हूँ ।*
**प्रा. हं जिणाणं पडिमाओ थुईहिं थुणामि ।**
**सं.** अहं जिनानां प्रतिमाः स्तुतिभिः स्तवीमि ।

14. *हि. साँप जीभ से दूध पीते हैं ।*
**प्रा. सप्पा जिब्भाहिं दुद्धं पाएन्ति ।**
**सं.** सर्पाः जिह्वाभिर्दुग्धं पिबन्ति ।

15. *हि. स्त्रियाँ बगीचे में घूमती हैं और पुष्पों को सूंघती हैं ।*
**प्रा. इत्थीओ उज्जाणंसि विहरेन्ति, पुप्फाइं च आइग्घंति ।**
**सं.** स्त्रिय उद्याने विहरन्ति, पुष्पाणि चाऽऽजिघ्रन्ति ।

16. *हि. वह तीर्थंकरों की कहानियों से बोध पाया ।*
**प्रा. सो तित्थयराणं कहाहिं बोहीअ ।**
**सं.** सः तीर्थकराणां कथाभिरबोधत् ।

17. *हि. पहले पृथ्वी पर बहुत राक्षस थे ।*
**प्रा. पुरा पिच्छीए बहवो रक्खसा अहेसि ।**
**सं.** पुरा पृथिव्यां बहवो राक्षसा अभवन् ।

18. *हि. दुर्जन की जीभ में अमृत है, लेकिन हृदय में विष (जहर) है ।*
**प्रा. दुज्जणस्स जिब्भाए अमयमत्थि, हिययंमि उ विसमत्थि ।**
**सं.** दुर्जनस्य जिह्वायाममृतमस्ति, हृदये तु विषमस्ति ।

19. *हि. मैंने बहनों को बहुत धन दिया ।*
**प्रा. अहं भइणीणं बहुधणं दाहीअ ।**
**सं.** अहं भगिनीभ्यो बहुधनमददाम् ।

20. *हि. कृष्ण की पत्नी रुक्मिणी का पुत्र प्रद्युम्न है ।*
**प्रा. कण्हस्स भज्जाइ रुप्पिणीइ पुत्तो पज्जुन्नो अत्थि ।**
**सं.** कृष्णस्य भार्यायाः रुक्मिण्याः पुत्रः प्रद्युम्नोऽस्ति ।

21. *हि. सास बहुओं पर कोप करती है ।*
**प्रा. सासू वहूणं कुप्पइ ।**
**सं.** श्वश्रूर्वधूभ्यः क्रुध्यति ।

22. *हि.* ***चातुर्मास में मुनि भ. एक ही स्थल में रहते हैं ।***

**प्रा. वासाए मुणओ एगाए च्चिअ वसहीए वसन्ति ।**

**सं.** वर्षायां मुनय एकस्यां चैव वसत्यां वसन्ति ।

23. *हि.* ***रात्रि में स्त्रियाँ चन्द्र के प्रकाश में नृत्य करती हैं ।***

**प्रा. रत्तीए इत्थीओ जोण्हाए नच्चन्ति ।**

**सं.** रात्रौ स्त्रियो ज्योत्स्नायां नृत्यन्ति ।

24. *हि.* ***प्रभु की सेवा और कृपा से कल्याण होता है ।***

**प्रा. पहुणो सेवाए किवाए य कल्लाणं होइ ।**

**सं.** प्रभोः सेवया कृपया च कल्याणं भवति ।

25. *हि.* ***साधु प्राणान्ते भी असत्य नहीं बोलते हैं ।***

**प्रा. साहवो जीवियंते वि असच्चं न भासन्ते ।**

**सं.** साधवो जीविताऽन्तेऽप्यसंत्यं न भाषन्ते ।

26. *हि.* ***बालक पलंग में लोटता है ।***

**प्रा. बालो सेज्जाए पलोट्टइ ।**

**सं.** बालः शय्यायां प्रलुट्यति ।

27. *हि.* ***स्त्री, लता और पंडित आश्रय बिना शोभा नहीं देते हैं ।***

**प्रा. इत्थी, लया, पंडिया य आहारं विणा न छज्जंते ।**

**सं.** स्त्री, लता, पण्डिताश्चाऽऽश्रयं विना न शोभन्ते ।

# पाठ - 17

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. अज्ज साहवो नयराओ विहरिस्सन्ति।**
   **सं.** अद्य साधवो नगराद् विहरिष्यन्ति।
   ***हि. आज साधु भ. नगर से विहार करेंगे।***
2. **प्रा. गोवाला पए धेणूओ दोहिहिन्ति।**
   **सं.** गोपालाः प्रगे धेनूर्धोक्ष्यन्ति।
   ***हि. गोपाल सुबह गायों को दोहेंगे।***
3. **प्रा. अहं सीसाणमुवएसं करिस्सं।**
   **सं.** अहं शिष्याणामुपदेशं करिष्यामि।
   ***हि. मैं शिष्यों को उपदेश दूंगा।***
4. **प्रा. मक्खिआ महुं लेहिस्सइ।**
   **सं.** मक्षिका मधु लेक्ष्यति।
   ***हि. मक्खी मधु चाटेगी।***
5. **प्रा. पारद्धिणो अरण्णे वच्चिहिन्ते, तहिं च वीणाए झुणिणा हरिणीओ वसीकरिस्सन्ते, पच्छा य ताओ हिंसिहिरे।**
   **सं.** पापर्द्धयोऽरण्ये व्रजिष्यन्ति, तत्र च वीणाया ध्वनिना हरिणीर्वशीकरिष्यन्ति, पश्चाच्च ता हिंसिष्यन्ति।
   ***हि. शिकारी जंगल में जायेंगे और वहाँ वीणा की ध्वनि से हिरनों को वश में करेंगे और उसके बाद उनको मारेंगे।***
6. **प्रा. तुं अरण्णे जाज्जाहिसे, तया सिंघो चवेडाए पहरेहिए।**
   **सं.** त्वमरण्ये यास्यसि, तदा सिंहश्चपेटया प्रहरिष्यति।
   ***हि. तू जंगल में जायेगा, तब सिंह तमाचे से प्रहार करेगा।***
7. **प्रा. लोद्धओ मोग्गरेण जणे हणीअ।**
   **सं.** लुब्धको मुद्गरेण जनानहन्।
   ***हि. लोभी मनुष्य ने मुद्गर से लोगों को मारा।***
8. **प्रा. तुम्हे गुरु भत्तीए सेवेह, ताणं किवाए कल्लाणं भविस्सइ।**
   **सं.** यूयं गुरून् भक्त्या सेवध्वम्, तेषां कृपया कल्लाणं भविष्यति।
   ***हि. तुम भक्ति से गुरुओं (बड़ों) की सेवा करो, उनकी कृपा से कल्याण होगा।***

9. **प्रा. कन्नाओ अज्ज पहुणो पुरओ पुरतो नच्चिस्संति, गाणं च काहिन्ति ।**

**सं.** कन्या अद्य प्रभोः पुरतो नर्तिष्यन्ति, गानं च करिष्यन्ति ।

**हि.** ***कन्याएँ आज स्वामी के आगे नृत्य करेंगी और गायन करेंगी ।***

10. **प्रा. उज्जाणे अज्ज जाइस्सामो, तत्थ य सरंसि जायाइं सरोयाणि जिणिंदाणं अच्चणाए गिण्हिहिस्सा ।**

**सं.** उद्यानेऽद्य यास्यामः तत्र च सरसि जातानि सरोजानि जिनेन्द्राणामर्चनाय ग्रहीष्यामः ।

**हि.** ***आज हम बगीचे में जायेंगे और वहाँ सरोवर में उगे हुए कमलों को श्री जिनेश्वर भगवंतों की पूजा हेतु ग्रहण करेंगे ।***

11. **प्रा. अज्ज अहं तत्ताणं चिंताए रत्तिं नेस्सं ।**

**सं.** अद्य अहं तत्त्वानां चिन्तया रात्रिं नेष्यामि ।

**हि.** ***आज मैं तत्त्वों के चिन्तन द्वारा रात्रि पूर्ण करूंगा ।***

12. **प्रा. तं कज्जं काहिसि, तो दव्वं दाहं ।**

**सं.** त्वं कार्यं करिष्यसि, ततो द्रव्यं दास्यामि ।

**हि.** ***तू काम करेगा, उसके बाद मैं द्रव्य (धन) दूंगा ।***

13. **प्रा. कलिम्मि नरिंदा धम्मेण पयं न पालिहिरे ।**

**सं.** कलौ नरेन्द्राः धर्मेण प्रजां न पालयिष्यन्ति ।

**हि.** ***कलियुग में राजा धर्म से (नीतिपूर्वक) प्रजा का पालन नहीं करेंगे ।***

14. **प्रा. जइ सो दुज्जणो होहि, तया परस्स निंदाए तूसेहिइ ।**

**सं.** यदि स दुर्जनो भविष्यति, तदा परस्य निन्दया तोक्ष्यति ।

**हि.** ***जो वह दुर्जन होगा, तो वह दूसरों की निन्दा से आनन्दित होगा ।***

15. **प्रा. पुत्ताणं सलाहं न काहं ।**

**सं.** पुत्राणां श्लाघां न करिष्यामि ।

**हि.** ***मैं पुत्रों की प्रशंसा नहीं करूंगा ।***

16. **प्रा. तीए मालाए सप्पो अत्थि, जइं मालं फासिहिसे तया सो डंसिस्सइ ।**

**सं.** तस्यां मालायां सर्पोऽस्ति, यदि मालां स्प्रक्ष्यसि तदा स दंक्ष्यति ।

**हि.** ***उस माला में साँप है, जो तू माला का स्पर्श करेगा तो वह डंख देगा ।***

17. **प्रा. कल्ले पुण्णिमाए मयंको अईव विराइहिइ ।**

**सं.** कल्ये पूर्णिमायां मृगाङ्कोऽतीव विराजिष्यति ।

**हि.** ***कल पूर्णिमा को चन्द्रमा अत्यन्त शोभा देगा ।***

18. प्रा. **विज्जत्थिणो अज्झयणाय पाढसालं जाज्जाहिरे ।**

सं. विद्यार्थिनोऽध्ययनाय पाठशालां यास्यन्ति ।

हि. ***विद्यार्थी पढ़ने के लिए पाठशाला में जायेंगे ।***

19. प्रा. **अहुणा अम्हे पवयणस्स आलावे गणिहित्था ।**

सं. अधुना वयं प्रवचनस्याऽऽलापान् गणयिष्यामः ।

हि. ***अब हम सिद्धान्त के आलापक गिनेंगे ।***

20. प्रा. **अम्हे वाणिज्जेण धणिणो होइहियो, तुम्हे नाणेण पंडिआ होस्सह ।**

सं. वयं वाणिज्येन धनिनो भविष्यामः, यूयं ज्ञानेन पण्डिता भविष्यथ ।

हि. ***हम व्यापार से धनवान बनेंगे, तुम ज्ञान से पण्डित बनोगे ।***

21. प्रा. **धम्मेण नरा सग्गं सिवं वा लहिस्सन्ति ।**

सं. धर्मेण नराः स्वर्गं शिवं वा लप्स्यन्ते ।

हि. ***धर्म से मनुष्य स्वर्ग अथवा मोक्ष प्राप्त करेंगे ।***

22. प्रा. **अज्ज समोसरणे सिरिवद्धमाणो जिणिंदो देसणं काही, तत्थ य बहुणो भव्वा बोहिं अदुवा देसविरइं अदुवा सव्वविरइं च गिण्हेहिरे ।**

सं. अद्य समवसरणे श्रीवर्धमानो जिनेन्द्रो देशनां करिष्यति, तत्र च बहवो भव्या बोधिमथवा देशविरतिमथवा सर्वविरतिं च ग्रहीष्यन्ति ।

हि. ***आज समवसरण में श्रीवर्धमान जिनेन्द्र देशना देंगे और वहाँ बहुत भव्यजीव सम्यक्त्व अथवा देशविरति अथवा सर्वविरति धर्म ग्रहण करेंगे ।***

23. प्रा. **जइ तुम्हे सुत्ताणि भणिज्जा, तया गीयत्था होज्जाहित्था ।**

सं. यदि यूयं सूत्राणि भणिष्यथ, तदा गीतार्थाः भविष्यथः ।

हि. ***जो तुम सूत्रों को पढ़ोगे, तो गीतार्थ बनोगे ।***

24. प्रा. **कल्लम्मि धम्मं काहामि त्ति सुविणतुल्लम्मि जिवलोए को नु मन्नेइ ?।**

सं. कल्ये धर्मं करिष्यामि, इति स्वप्नतुल्ये जीवलोके को नु मन्यते ?।

हि. ***मैं कल धर्म करूंगा, इस प्रकार स्वप्नसमान जीवलोक = जगत् में कौन मानेगा ?।***

25. प्रा. **जिणधम्माओ अन्नह सम्मं जीवदयं न पासेस्सह ।**

सं. जिनधर्मादन्यत्र सम्यग् जीवदयां न द्रक्ष्यथ ।

हि. ***जिनधर्म से अन्यत्र सम्यक् जीवदया नहीं देखी जाती ।***

26. प्रा. **कलिम्मि पविट्ठे, मुणीणं आगमत्था गलिहिन्ति ।**
**आयरिया वि सीसाणं, सम्मं सुअं न दाहिन्ति ।।18।।**

सं. कलौ प्रविष्टे मुनीनामागमार्था गलिष्यन्ति ।
आचार्या अपि शिष्येभ्यः, सम्यक् श्रुतं न दास्यन्ति ॥18॥

हि. *कलियुग प्रवेश करने पर मुनियों के आगम के अर्थ नष्ट हो जायेंगे, आचार्य भी शिष्यों को सम्यक् श्रुत नहीं देंगें ।*

27. प्रा. **नरवइणो कुडुंबिणा सह जुज्झिस्सन्ति ।**

सं. नरपतयः कुटुम्बिना सह योत्स्यन्ते ।

हि. *राजा कुटुम्ब के साथ युद्ध करेंगे ।*

28. प्रा. **जे जिणपडिमं सिद्धालयं वा पूइस्सन्ति ताण घरं थिरं होही ।**

सं. ये जिनप्रतिमां सिद्धालयं वा पूजयिष्यन्ति, तेषां गृहं स्थिरं भविष्यति ।

हि. *जो लोग जिनप्रतिमा अथवा सिद्धालय की पूजा करेंगे, उनका घर स्थिर होगा ।*

प्रा. **न वि अत्थि नवि होही, पाएण तिहुयणम्मि सो जीवो ।**
**जो जोव्वणमणुपत्तो, वियाररहिओ सया होइ ॥19॥**

सं. प्रायस्त्रिभुवने स जीवो नाप्यस्ति नापि भविष्यति ।
यो यौवनमनुप्राप्तः, विकाररहितस्सदा भवति ॥19॥

हि. *प्रायः तीन भुवन में वैसा कोई भी जीव नहीं है और होगा भी नहीं कि जो यौवन को प्राप्त करके हमेशा विकाररहित हो ।*

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. हि. *तू पापों की निन्दा करेगा तो सुखी होगा ।*

प्रा. **जइ तुं पावाइं निंदिहिसि तया सुही होहिसि ।**

सं. यदि त्वं पापानि निन्दिष्यसि, तदा सुखी भविष्यसि ।

2. हि. *हम नाव में बैठेंगे और सरोवर में क्रीड़ा करेंगे ।*

प्रा. **अम्हे नावाए उवविसिस्सामो, सरंमि य कीलिस्सामो ।**

सं. वयं नाव्युपविक्ष्यामः, सरसि च क्रीडिष्यामः ।

3. हि. *हम स्वामी के लिए माला गूंथेंगे (बनायेंगे) ।*

प्रा. **अम्हे पहुणो मालं गंठिस्सामो ।**

सं. वयं प्रभवे मालां ग्रन्थिष्यामः ।

4. हि. *वह लोभी है इसलिए ब्राह्मणों को धन नहीं देगा ।*

प्रा. **स लोद्धओ अत्थि, तत्तो बंभणाणं धणं न दाहिइ ।**

सं. स लुब्धकोऽस्ति, ततो ब्राह्मणेभ्यो धनं न दास्यति ।

5. हि. *स्वप्न में चन्द्रमा ने मुख में प्रवेश किया, इसलिए तू राज्य प्राप्त करेगा ।*

प्रा. **सुमिणम्मि चंदो मुहं पविसीअ, तत्तो तुं रज्जं पाविहिसि ।**

सं. स्वप्ने चन्द्रो मुखं प्राविशत्, ततस्त्वं राज्यं प्राप्स्यसि ।

6. हि. *बोधि के लिए हम जिनेश्वर के चरित्र सुनेंगे ।*

प्रा. **बोहीए अम्हे जिणेसराणं चरित्ताइं सोच्छामो ।**

सं. बोधये वयं जिनेश्वराणां चरित्राणि श्रोष्यामः ।

7. हि. *गिरनार में बहुत वनस्पतियाँ हैं, जब मैं वहाँ जाऊँगा तब देखूँगा ।*

प्रा. **उज्जयंते बहूओ वणप्फईओ संति, जया हं तहिं गच्छिस्सं तया पासिस्सं ।**

सं. उज्जयन्ते बहवो वनस्पतयः सन्ति, यदाहं तत्र गमिष्यामि तदा द्रक्ष्यामि ।

8. हि. *वह त्यागी है, अतः गरीबों को दान देगा ।*

प्रा. **सो चाई अत्थि, तत्तो दीणाणं दाणं दाहिइ ।**

सं. स त्यागी अस्ति, ततो दीनेभ्यो दानं दास्यति ।

9. हि. *वह तापस है, अतः फलों का आहार करेगा ।*

प्रा. **सो तावसो अत्थि, तत्तो फलाइं आहरिस्सइ ।**

सं. स तापसोऽस्ति, ततः फलान्याहरिष्यति ।

10. हि. *तू क्षमा धारण करेगा तो दुर्जन क्या करेगा ? ।*

प्रा. **तुं खंतिं धरिस्ससि, तया दुज्जणो किं काही ? ।**

सं. त्वं शान्तिं ग्रहीष्यसि, तदा दुर्जनः किं करिष्यति ? ।

11. हि. *वसंतऋतु में नगरवासी उद्यान में घूमने जायेंगे, तब वह कन्या सखियों के साथ अवश्य आयेगी ।*

प्रा. **बसंते पउरा उज्जाणंसि गच्छिहिन्ति, तया सा कन्ना सहीहिं सह अवस्सं आगच्छिहिइ ।**

सं. वसन्ते पौरा उद्याने गमिष्यन्ति, तदा सा कन्या सखीभिः सहाऽवश्यमागमिष्यति ।

12. हि. *अरण्य में तापस उग्र तप करता है और तप के प्रभाव से इन्द्र की ऋद्धि प्राप्त करेगा ।*

प्रा. **वणंमि तावसो उग्गं तवं करेइ, तवस्स य पहावेण इंदस्स इड्ढिं पाविहिइ ।**

सं. वने तापस उग्रं तपः करोति, तपसश्च प्रभावेणेन्द्रस्यर्द्धिं प्राप्स्यति ।

13. हि. *तू बड़ों की सेवा करेगा, तो सुखी होगा ।*

प्रा. **तुं गुरूणं सेवं करिस्ससि, तया सुही होहिसि ।**

सं. त्वं गुरूणां सेवां करिष्यसि, तदा सुखी भविष्यसि ।

14. *हि. तुम सार्थ के साथ विहार करोगे, तो जंगल में डर नहीं होगा (लगेगा) ।*

**प्रा. तुब्भे सत्थेण सह विहरिस्सह, तया अरण्णे भयं न होस्सइ ।**

**सं.** यूयं सार्थेन सह विहरिष्यथ, तदाऽरण्ये भयं न भविष्यति ।

15. *हि. मैं संसार के दुःखों से डरता हूँ, इसलिए दीक्षा ग्रहण करूँगा ।*

**प्रा. हं संसारस्स दुहेहिन्तो बीहेमि, तत्तो दिक्खं गहिस्सामि ।**

**सं.** अहं संसारस्य दुःखेभ्यो बिभेमि, ततो दीक्षां ग्रहीष्यामि ।

16. *हि. तू जीवहिंसा मत कर, नहीं तो दुःखी होगा ।*

**प्रा. तुं जीवहिंसं मा कुणसु, अन्नहा दुही होस्ससि ।**

**सं.** त्वं जीवहिंसां मा कुरु, अन्यथा दुःखी भविष्यसि ।

17. *हि. क्रोध प्रीति का नाश करता है, माया मित्रों का नाश करती है, मान विनय का नाश करता है और लोभ सभी गुणों का नाश करता है, इसलिए उनका त्याग करेंगे ।*

**प्रा. कोहो पीइं पणासेइ, माया मित्ताणि नासेइ, माणो विणयं नासेइ, लोहो य सव्वे गुणे नासइ, तत्तो ते चइस्सामु ।**

**सं.** क्रोधः प्रीतिं प्रणाशयति, माया मित्राणि नाशयति, मानो विनयं नाशयति, लोभश्च सर्वान् गुणान् नाशयति, ततस्तांस्त्यक्षामः ।

18. *हि. चोर दक्षिण दिशा में गये हैं, लेकिन उनकी अवश्य तलाश करूंगा ।*

**प्रा. चोरा दाहिणाए दिसाए गच्छीअ, किंतु ते अवस्सं मग्गिस्सामि ।**

**सं.** चौराः दक्षिणस्यां दिश्यगच्छन्, किन्तु तानवश्यं मार्गयिष्यामि ।

19. *हि. तू सरोवर में जायेगा, तो जरूर डूबेगा ।*

**प्रा. तुं सरंमि गच्छिहिसि, तया अवस्सं णुमज्जिहिसि ।**

**सं.** त्वं सरसि गमिष्यसि, तदाऽवश्यं निमङ्क्ष्यसि ।

20. *हि. वह कुत्ता भौंकेगा, लेकिन काटेगा नहीं ।*

**प्रा. स साणो बुक्किहिइ, किंतु न डंसिहिइ ।**

**सं.** स श्वा भषिष्यति, किन्तु न दंक्ष्यति ।

21. *हि. जीवदया समान धर्म नहीं और जीवहिंसा समान अधर्म नहीं है ।*

**प्रा. जीवदयाए समाणो धम्मो नत्थि, जीवहिंसाए य समाणो अहम्मो नत्थि ।**

**सं.** जीवदयया समानो धर्मो नाऽस्ति, जीवहिंसया च समानोऽधर्मो नाऽस्ति ।

# पाठ - 18

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. हं वच्छाणं पण्णाणि छेच्छं ।**
   **सं.** अहं वृक्षाणां पर्णानि छेत्स्यामि ।
   **हि.** ***मैं वृक्षों के पत्ते काटूँगा ।***
2. **प्रा. अम्हे साहुणो सगासे तत्ताइं सोच्छिस्सामो ।**
   **सं.** वयं साधोः सकाशे तत्त्वानि श्रोष्यामः ।
   **हि.** ***हम साधु भ. के पास तत्त्व सुनेंगे ।***
3. **प्रा. जइ माया जत्ताए गच्छिइ, तो वच्छो दुहिया य रोच्छिहिन्ति ।**
   **सं.** यदि माता यात्रायै गमिष्यति, ततो वत्सो दुहिता च रोदिष्यतः ।
   **हि.** ***जो माता यात्रा के लिए जायेगी, तो पुत्र और पुत्री रोयेंगे ।***
4. **प्रा. अम्हे किर सच्चं वोच्छिस्सामो ।**
   **सं.** वयं किल सत्यं वक्ष्यामः ।
   **हि.** ***हम सचमुच सत्य बोलेंगे ।***
5. **प्रा. सव्वण्णू झत्ति सिवं गच्छिहिरे ।**
   **सं.** सर्वज्ञा झटिति शिवं गमिष्यन्ति ।
   **हि.** ***सर्वज्ञ भ. जल्दी मोक्ष में जायेंगे ।***
6. **प्रा. हं सत्तुजयं गच्छिस्सं, तहिं गिरिस्स सोहं दच्छं, तह सेत्तुंजीए नईए ण्हाहिस्सं, पच्छा य तित्थयराणं पडिमाओ चंदणेण पुप्फेहिं च अच्चिहिमि, गिरिणो य माहप्पं सोच्छिमि, पावाइं च कम्माइं छेच्छिहिमि, जीविअं च सहलं करिस्सं ।**
   **सं.** अहं शत्रुंजयं गमिष्यामि, तत्र गिरेः शोभां द्रक्ष्यामि, तथा शत्रुंजय्यां नद्यां स्नास्यामि, पश्चाच्च तीर्थकराणां प्रतिमाश्चन्दनेन पुष्पैश्चाऽर्चिष्यामि, गिरेश्च माहात्म्यं श्रोष्यामि, पापानि च कर्माणि छेत्स्यामि, जीवितं च सफलं करिष्यामि ।
   **हि.** ***मैं शत्रुंजय जाऊँगा, वहाँ गिरिराज की शोभा को देखूँगा, शेत्रुंजी नदी में स्नान करूँगा, उसके बाद तीर्थंकरों की प्रतिमाओं की चन्दन और पुष्पों द्वारा पूजा करूँगा, गिरिराज की महिमा सुनूँगा, पापकर्मों को छेदूंगा और जीवन सफल करूँगा ।***

7. **प्रा. जइ असोगचंदो नरिंदो दिसासु परिमाणं कुणंतो, ता निरए नेव निवडन्तो ।**

**सं.** यद्यशोकचंद्रो नरेन्द्रो दिक्षु परिमाणमकरिष्यत्, ततो नरके नैव न्यपतिष्यत् ।

***हि. जो अशोकचन्द्र राजा ने दिशाओं का परिमाण किया होता, तो नरक में नहीं जाता ।***

8. **प्रा. सो आयारंगं भणेज्जा, ता गीअत्थो होन्तो ।**

**सं.** स आचाराङ्गमभणिष्यत्, ततो गीतार्थोऽभविष्यत् ।

***हि. उसने आचारांग सूत्र पढ़ा होता तो गीतार्थ बन जाता ।***

9. **प्रा. जइ हं सत्तुं निगिण्हन्तो, तया एरिसं दुहं अहुणा किं लहमाणो ?**

**सं.** यद्यहं शत्रुं न्यग्रहीष्यम् तदेदृशं दुःखमधुना किमलप्स्ये ?

***हि. जो मैंने शत्रु का निग्रह किया होता, तो ऐसा दुःख अब क्यों पाता ? ।***

10. **प्रा. जइ धम्मस्स फलं हविज्ज, तया परलोए सुहं लहेज्जा ।**

**सं.** यदि धर्मस्य फलमभविष्यत्, तदा परलोके सुखमलप्स्यत ।

***हि. जो धर्म का फल होगा, तो वह परलोक में सुख पायेगा ।***

11. **प्रा. साहम्मिआणं वच्छल्लं सइ कुज्जत्ति वीयरायस्स आणा ।**

**सं.** साधर्मिकानां वात्सल्यं सदा कुर्यादिति वीतरागस्याऽऽज्ञा ।

***हि. साधर्मिकों की भक्ति हमेशा करनी चाहिए ऐसी वीतराग प्रभु की आज्ञा हैं ।***

12. **प्रा. तिसलादेवी देवाणंदा य माहणी पहुणो महावीरस्स माऊओ आसि ।**

**सं.** त्रिशलादेवी देवानंदा च ब्राह्मणी प्रभोर्महावीरस्य मातरावास्ताम् ।

***हि. त्रिशलादेवी और देवानंदा ब्राह्मणी प्रभु महावीर की माताएँ थीं ।***

13. **प्रा. सिरिवद्धमाणस्स पिआ सिद्धत्थो नरिंदो होत्था ।**

**सं.** श्रीवर्धमानस्य पिता सिद्धार्थो नरेन्द्रोऽभवत् ।

***हि. श्रीवर्धमान के पिता सिद्धार्थ राजा थे ।***

14. **प्रा. पुव्वण्हे अक्कस्स तावो थोवो, मज्झण्हे य अईव तिक्खो, अवरण्हे य थोक्को अइथेवो वा ।**

**सं.** पूर्वाह्णेऽर्कस्य तापः स्तोकः, मध्याह्ने चाऽतीवतीक्ष्णः, अपराह्णे च स्तोकोऽतिस्तोको वा ।

*हि. दिन के पूर्व भाग में सूर्य का ताप अल्प, मध्याह्न में अति तीक्ष्ण और अपराह्ण में अल्प अथवा अत्यल्प होता है ।*

15. **प्रा. सकम्मेहिं इह संसारे भमंताणं जंतूणं सरणं माआ पिआ भाउणो सुसा धूआ अ न हवन्ति, एक्को एव धम्मो सरणं ।**

**सं.** स्वकर्मभिरिह संसारे भ्रमतां जन्तूनां शरणं माता पिता भ्रातरः स्वसा दुहिता च न भवन्ति, एक एव धर्मः शरणम् ।

*हि. अपने कर्म से इस संसार में परिभ्रमण करते हुए प्राणियों के शरण माता-पिता, भाई-बहन और पुत्र नहीं हैं (लेकिन) एक धर्म ही शरणभूत है ।*

16. **प्रा. जो बाहिरं पासइ, सो मूढो; अंतो पासेइ सो पंडिओ णेओ ।**

**सं.** यो बाह्यं पश्यति स मूढः, अन्तः पश्यति स पण्डितो ज्ञेयः ।

*हि. जो बाह्य देखता है वह मूढ़ है, अन्दर देखता है वह पंडित है ।*

17. **प्रा. पिउणो ससा पिउसिअत्ति, तह माऊए य ससा माउसिआ इइ कहेइ ।**

**सं.** पितुः स्वसा पितृष्वसेति, तथा मातुश्च स्वसा मातृष्वसेति कथयति ।

*हि. पिता की बहन बूआ और माता की बहन मौसी, इस प्रकार कहते हैं ।*

18. **प्रा. नणंदा भाउस्स जायाए सिणिज्झइ ।**

**सं.** ननान्दा भ्रातुर्जायायां स्निह्यति ।

*हि. ननन्द भाई की पत्नी = भाभी पर स्नेह रखती है ।*

19. **प्रा. धूआ माअरं पिअरं च सिलेसइ ।**

**सं.** दुहिता मातरं पितरं च श्लिष्यति ।

*हि. पुत्री माता और पिता को आलिंगन करती है ।*

20. **प्रा. रामस्स वासुदेवस्स य पिअरम्मि माऊसुं अ परा भत्ती अत्थि ।**

**सं.** रामस्य वासुदेवस्य च पितरि मातृषु च परा भक्तिरस्ति ।

*हि. बलदेव और वासुदेव की पिता और माता के प्रति श्रेष्ट भक्ति है ।*

21. **प्रा. सासू जामाऊणं पडिवयाए पाहुडं दाहिन्ति ।**

**सं.** श्वश्र्वो जामातृभ्यः प्रतिपदि प्राभृतं दास्यन्ति ।

*हि. सासुएँ दामादों को प्रतिपदा के दिन उपहार देंगी ।*

22. **प्रा. जा नारी भत्तारम्मि पउस्सेइ, सा सुहं न पावेइ ।**

**सं.** या नारी भर्तरि प्रद्वेष्टि, सा सुखं न प्राप्नोति ।

*हि. जो स्त्री पति पर द्वेष करती है, वह सुख नहीं पाती है ।*

23. प्रा. **कुलबालियाणं भत्तवो चेव देवा ।**

सं. कुलबालिकानां भर्तार एव देवाः ।

हि. ***कुलांगनाओं को पति ही देव है ।***

24. प्रा. **माआ धूआणं पुत्ताणं च बहुं धणं अप्पेइ ।**

सं. माता दुहितृभ्यः पुत्रेभ्यश्च बहुधनमर्पयति ।

हि. ***माता पुत्रियों और पुत्रों को बहुत धन देती है ।***

25. प्रा. **जे नरा भत्तूणमाएसे न वट्टन्ते, ते दुहिणो हवन्ति ।**

सं. ये नराः भर्तृणामादेशे न वर्तन्ते, ते दुःखिनो भवन्ति ।

हि. ***जो लोग स्वामी के आदेशानुसार वर्तन नहीं करते हैं, वे दुःखी होते हैं ।***

26. प्रा. **आवयासु जे सहेज्जा हुंति, ते च्च भाऊणो ।**

सं. आपत्सु ये साहाय्या भवन्ति, त एव भ्रातरः ।

हि. ***दुःख (आपत्ति) में जो सहायक बनते हैं, वे ही भाई हैं ।***

27. प्रा. **धूआए माआए य परुप्परं अईव नेहो अत्थि ।**

सं. दुहितुर्मातुश्च परस्परमतीव स्नेहोऽस्ति ।

हि. ***पुत्री और माता में परस्पर अत्यंत स्नेह है ।***

28. प्रा. **सासूणं जामाउणो अईव पिआ हवन्ति ।**

सं. श्वश्रूणां जामातरोऽतीवप्रियाः भवन्ति ।

हि. ***सासुओं को दामाद अत्यंत प्रिय होते हैं ।***

29. प्रा. **अहं माअराए य पिउणा य भायरेहिं च ससाहिं च सह सिद्धगिरिस्स जत्ताए जाएज्जा ।**

सं. अहं मात्रा च पित्रा च भ्रातृभिश्च स्वसृभिश्च सह सिद्धगिरेर्यात्रायै यास्यामि ।

हि. ***मैं माता, पिता, भाइयों और बहनों के साथ सिद्धाचल की यात्रा हेतु जाऊँगा ।***

30. प्रा. **दायाराणं मज्झे कण्णो निवो पढमो होत्था ।**

सं. दातॄणां मध्ये कर्णो नृपः प्रथमोऽभवत् ।

हि. ***दाताओं में कर्ण राजा प्रथम हुआ ।***

31. प्रा. **रामस्स भाया लक्खणो निएण चक्केण रावणस्स सीसं छिन्दीअ ।**

सं. रामस्य भ्राता लक्ष्मणो निजेन चक्रेण रावणस्य शीर्षमच्छिनत् ।

हि. ***राम के भाई लक्ष्मण ने अपने चक्र से रावण का मस्तक छेदा ।***

32. **प्रा. सतेसु जायते सूरो, सहस्सेसु य पंडिओ ।**
**वत्ता सयसहस्सेसु, दाया जायति वा न वा ।।20।।**

**सं.** शतेषु शूरो जायते, सहस्रेषु च पण्डितः ।
शतसहस्रेषु वक्ता, दाता जायते वा न वा ।।20।।

***हि. सौ मनुष्यों में एक शूरवीर होता है, हजारों में एक पण्डित होता है, लाखों में एक वक्ता होता है, दाता तो होता है अथवा नहीं भी होता है ।***

33. **प्रा. इंदियाणं जए सूरो, धम्मं चरति पंडिओ ।**
**वत्ता सच्चवओ होइ, दाया भूयहिए रओ ।।21।।**

**सं.** इन्द्रियाणां जये शूरः, धर्मं चरति पण्डितः ।
सत्यवदो वक्ता भवति, भूतहिते रतो दाता ।।21।।

***हि. इन्द्रियों का जय = इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करे वह शूरवीर, धर्म का आचरण करे वह पण्डित, सत्यवादी हो वह वक्ता और प्राणियों के हित में रत हो वह दाता (कहलाता) है ।***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. ***हि. जो उसने जहरवाला भोजन खाया होता, तो वह मृत्यु पाता ।***
**प्रा. जइ सो विसमिसिअं अन्नं भुंजंतो तया सो मरंतो ।**
**सं.** यदि स विषमिश्रितमन्नमभोक्ष्यत, तदा सोऽमरिष्यत् ।

2. ***हि. जो तुमने जिनेश्वर के चरित्र सुने होते, तो धर्म पाते ।***
**प्रा. जइ तुब्भे जिणेसरस्स चरित्ताइं सुणंता, तया धम्मं पावंता ।**
**सं.** यदि यूयं जिनेश्वरस्य चरित्राण्यश्रोष्यथ, तदा धर्मं प्राप्स्यथ ।

3. ***हि. अभिमन्यु जिन्दा होता, तो कौरवों की पूरी सेना को जीत लिया होता ।***
**प्रा. अहिमन्नू जीवंतो, तया कउरवाणं सव्वं सेणं जिणन्तो ।**
**सं.** अभिमन्युरजीविष्यत्, तदा कौरवाणां सर्वां सेनामजेष्यत् ।

4. ***हि. जो उसे तत्त्वों का ज्ञान होता तो वह धर्म प्राप्त करता ।***
**प्रा. जइ तस्स तत्ताणं नाणं हुंतं, तया सो धम्मं लहंतो ।**
**सं.** यदि तस्य तत्त्वानां ज्ञानमभविष्यत्, तदा स धर्ममलप्स्यत ।

5. ***हि. जो तुमने उस समय बन्धन में से मुक्त किया होता, तो मैं सत्य बोलता ।***
**प्रा. जइ तुब्भे तंमि समयंमि बंधणत्तो मुंचंता, तया हं सच्चं कहेन्तो ।**
**सं.** यदि यूयं तस्मिन् समये बन्धनादमोक्ष्यत, तदाऽहं सत्यमकथयिष्यम् ।

6. *हि. रावण ने परस्त्री का त्याग किया होता, तो वह मृत्यु नहीं पाता।*

**प्रा. रावणो परनारिं चयंतो, तया सो मच्चुं न पावन्तो।**

**सं.** रावणः परनारीमत्यक्ष्यत्, तदा स मृत्युं न प्राप्स्यत्।

7. *हि. ज्ञाता से उसने तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त किया।*

**प्रा. णायारत्तो सो तत्ताणं नाणं लहीअ।**

**सं.** ज्ञातुः स तत्त्वानां ज्ञानमलभत।

8. *हि. मैं तालाब में से कमल के फूल ग्रहण करूँगा तथा माता और बहन को दूँगा।*

**प्रा. हं कासारत्तो कमलाइं गहिस्सामि, माआए ससाए य दाहिस्सं।**

**सं.** अहं कासारात् कमलानि ग्रहीष्यामि, मात्रे स्वस्त्रे च दास्यामि।

9. *हि. माता और पिता के साथ जिनालय में जाऊँगा और चैत्यवंदन करूँगा।*

**प्रा. माअराए पिअरेण य सह जिणालए गच्छिस्सामि, चिइवंदणं च करिस्सामि।**

**सं.** मात्रा पित्रा च सह जिनालये गमिष्यामि, चैत्यवन्दनं च करिष्यामि।

10. *हि. लक्ष्मण के भाई राम ने दीक्षा ली और मोक्ष प्राप्त किया।*

**प्रा. लक्खणस्स भाऊ रामो पवज्जीअ, मोक्खं च लहीअ।**

**सं.** लक्ष्मणस्य भ्राता रामः प्राव्रजत्, मोक्षं चाऽलभत्।

11. *हि. बहू को ननन्द पर अतिस्नेह है।*

**प्रा. वहूए नणंदाए अईव णेहो अत्थि।**

**सं.** वध्वा ननान्दर्यतीव स्नेहोऽस्ति।

12. *हि. गरीबों का पालन करनेवाले थोड़े ही होते हैं।*

**प्रा. दीणाणं रक्खिआरा थेवा च्चिय हवन्ति।**

**सं.** दीनानां रक्षितारः स्तोका एव भवन्ति।

13. *हि. विधाता के लेख का कोई भी अतिक्रमण / (उल्लंघन) नहीं करता है।*

**प्रा. धायारस्स लेहं को वि न अइक्कमइ।**

**सं.** धातुर्लेखं कोऽपि नाऽतिक्राम्यति।

14. *हि. कुरूप बालकों पर भी माता का अत्यंत स्नेह होता है।*

**प्रा. विरुवेसुं बालेसुं वि माआए अईव णेहो होइ।**

**सं.** विरूपेषु बालेष्वपि मातुरतीव स्नेहो भवति।

15. *हि. जैसे बधिर के आगे गान निरर्थक होता है, उसी प्रकार मूर्ख के आगे तत्त्वों की बात निरर्थक होती है ।*

**प्रा. जहा बहिरस्स अग्गे गाणं निरत्थयं होइ, तहा मुरुक्खस्स अग्गे तत्ताणं वत्ता निरत्थया अत्थि ।**

सं. यथा बधिरस्याऽग्रे गायनं निरर्थकं भवति, तथा मूर्खस्याऽग्रे तत्त्वानां वार्ता निरर्थकाऽस्ति ।

16. *हि. प्रतिदिन बहुत प्राणी मृत्यु पाते हैं, तो भी अज्ञानी हम नहीं मरेंगे ऐसा मानते हैं, इससे अन्य क्या आश्चर्य हो ?*

**प्रा. पइदिणं बहवो पाणिणो मरेन्ति, तहवि अन्नाणिणो अम्हे न मरिस्सामो इइ मन्नन्ति, तत्तो अन्नं किं अच्छेरं होज्ज ?**

सं. प्रतिदिनं बहवः प्राणिनो म्रियन्ते, तथाप्यज्ञानिनो वयं न मरिष्याम इति मन्यन्ते, ततोऽन्यत् किमाश्चर्यं भवेत् ? ।

17. *हि. नैमित्तिक ने उसके ललाट में श्रेष्ठ लक्षण देखे और कहा कि तू राजा बनेगा ।*

**प्रा. नेमित्तिओ तस्स ललाडंमि सोहणाइं लक्खणाइं देक्खीअ, कहीअ य तुं राया होहिसि ।**

सं. नैमित्तिकस्तस्य ललाटे शोभनानि लक्षणान्यपश्यत्, अकथयच्च त्वं राजा भविष्यसि ।

18. *हि. वह वेश्या में आसक्त नहीं होता, तो धर्म से पतित नहीं होता ।*

**प्रा. सो वेसाए आसत्तो न हुंतो, तया सो धम्मत्तो न पडंतो ।**

सं. स वेश्यायामासक्तो नाऽभविष्यत्, तदा स धर्मान्नाऽपतिष्यत् ।

19. *हि. मूर्ख भी धीरे-धीरे उद्यम करने से होशियार बनता है ।*

**प्रा. मुरुक्खो वि सणियं सणियं उज्जमेण पउणो होइ ।**

सं. मूर्खोऽपि शनैः शनैरुद्यमेन प्रगुणो भवति ।

# पाठ - 19

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. जे भावा पुव्वण्हे दीसीअ, ते अवरण्हे न दीसन्ति ।**
   **सं.** ये भावा पूर्वाह्णेऽदृश्यन्त, तेऽपराह्णे न दृश्यन्ते ।
   ***हि. जो भाव (पदार्थ) दिन के पूर्वभाग में दिखाई दिये, वे दिन के पिछले भाग में दिखाई नहीं देते हैं ।***

2. **प्रा. जह पवणस्स रउद्देहिं गुंजिएहिं मंदरो न कंपिज्जइ, तह खलाणं असब्भेहिं वयणेहिं सज्जणाणं चित्ताइं न कंपीइरे ।**
   **सं.** यथा पवनस्य रौद्रैर्गुञ्जितैर्मन्दरो न कम्प्यते, तथा खलानामसभ्यैर्वचनैः सज्जनानां चित्तानि न कम्प्यन्ते ।
   ***हि. जिस तरह पवन के भयंकर गुंजारव से मेरुपर्वत कंपायमान नहीं होता है, उसी तरह दुर्जनों के असभ्य वचनों से सज्जनों के चित्त कंपायमान नहीं होते हैं ।***

3. **प्रा. धम्मेण सुहाणि लब्भन्ति, पावाइं च नस्संति ।**
   **सं.** धर्मेण सुखानि लभ्यन्ते, पापानि च नश्यन्ते ।
   ***हि. धर्म से सुख प्राप्त होते हैं और पाप नष्ट होते हैं ।***

4. **प्रा. समणोवासएहिं चेइएसु जिणिंदाणं पडिमाओ अच्चिज्जीअ ।**
   **सं.** श्रमणोपासकैश्चैत्येषु जिनेन्द्राणां प्रतिमा आर्च्यन्त ।
   ***हि. श्रावकों द्वारा चैत्यों में जिनेश्वरों की प्रतिमा पूजी गई ।***

5. **प्रा. विउसाणं परिसाए मुरुक्खेहिं मउणं सेवीअउ, अन्नह मुक्खत्ति नज्जिहिन्ति ।**
   **सं.** विदुषां पर्षदि मूर्खैर्मौनं सेव्यताम्, अन्यथा मूर्खा इति ज्ञास्यन्ते ।
   ***हि. विद्वानों की पर्षदा में मूर्खों द्वारा मौन रखा जाय, अन्यथा वे मूर्ख हैं, ऐसा सिद्ध होगा । (जाना जायेगा) ।***

6. **प्रा. देवेहिं सीयलेण सुहफासेण सुरहिणा मारुएण जोयणपरिमंडला भूमी सव्वओ समंता संपमज्जिजज्जइ ।**
   **सं.** देवैः शीतलेन सुखस्पर्शेण सुरभिणा मारुतेन योजनपरिमंडला भूमिः सर्वतः समन्तात् संप्रमृज्यन्ते ।
   ***हि. देवों द्वारा शीतल, सुखदायी स्पर्शवाले, सुगन्धित पवन से एक योजन गोलाकार भूमि सर्वत्र चारों ओर से स्वच्छ की जाती है ।***

7. **प्रा. अग्गिणा नयरं डज्झीअ ।**

**सं.** अग्निना नगरमदह्यत ।

***हि. अग्नि द्वारा नगर जलाया गया ।***

8. **प्रा. गुरूणं भत्तीए सत्थाणं तत्ताइं णव्विहिरे ।**

**सं.** गुरूणां भक्त्या शास्त्राणां तत्त्वानि ज्ञास्यन्ते ।

***हि. गुरु भगवंतों की भक्ति से शास्त्रों के तत्त्व जाने जायेंगे ।***

9. **प्रा. अज्जवि अउज्झाए परिसरे उच्चेसु रुक्खेसु ठिएहिं जणेहिं निम्मले नह्यले धवला सिहरपरंपरा तस्स गिरिणो दीसइ ।**

**सं.** अद्याप्ययोध्यायाः परिसरे उच्चेषु वृक्षेषु स्थितैर्जनैर्निर्मले नभस्तले धवला शिखरपरंपरा तस्य गिरेःदृश्यते ।

***हि. आंज भी अयोध्या के परिसर में ऊँचे वृक्षों पर रहे लोगों द्वारा निर्मल आकाशतल में उस पर्वत की सफेद शिखरों की परंपरा देखी जाती है ।***

10. **प्रा. गुरूणमुवएसेण संसारो तीरइ ।**

**सं.** गुरूणामुपदेशेन संसारस्तीर्यते ।

***हि. गुरु भगवंतों के उपदेश से संसार पार किया जाता है ।***

11. **प्रा. भद्दे का तुमं देविव्व दीससि ?**

**सं.** भद्रे ! का त्वं देवीव दृश्यसे ?

***हि. हे भद्रे ! क्या तुम देवी जैसी दिखाई देती हो ?***

12. **प्रा. सहा केरिसी वुच्चए ?**

**सं.** सभा कीदृशी उच्यते ?

***हि. सभा किस प्रकार की कहलाती है ?***

13. **प्रा. जत्थ थेरा अत्थि सा सहा ।**

**सं.** यत्र स्थविराः सन्ति सा सभा ।

***हि. जहाँ वृद्ध पुरुष होते हैं, वह सभा कहलाती है ।***

14. **प्रा. कलिम्मि अकाले मेहो वरिसइ, काले न वरिसेज्ज, असाहू पूइज्जन्ति, साहवो न पूइहिरे ।**

**सं.** कलावकाले मेघो वर्षति, काले न वर्षति, असाधवः पूज्यन्ते, साधवो न पूज्यन्ते ।

***हि. कलियुग में मौसम बिना मेघ बरसता है, मौसम में नहीं बरसता है, असाधु पूजे जाते हैं, साधू नहीं पूजे जाते हैं ।***

15. **प्रा. वेसाओ धणं चिय गिण्हंति, न हु धणेण ताओ घिप्पन्ति ।**

**सं.** वेश्याः धनमेव गृह्णन्ति, न धनेन ताः गृह्यन्ते ।

**हि.** ***वेश्याएँ धन को ही ग्रहण करती है, सचमुच वे धन से ग्रहण नहीं की जाती हैं ।***

16. **प्रा. पूइज्जंति दयालू जइणो, न हु मच्छवहगाइ ।**

**सं.** पूज्यन्ते दयालवो यतयो न खु मत्स्यवधकादयः ।

**हि.** ***दयालु साधु पूजे जाते हैं, लेकिन मच्छीमार आदि नहीं ।***

17. **प्रा. होइ गरुयाण गरुयं वसणं लोयम्मि, न उण इयराणं ।**
**जं ससिरविणो घेप्पंति, राहुणा न उण ताराओ ।।22।।**

**सं.** लोके गुरुकाणां गुरुकं, व्यसनं भवति पुनरितरेषां न ।
यच्छशिरवी राहुणा गृह्येते, पुनस्तारा न ।।22।।

**हि.** ***जगत् में बडों = महापुरुषों को ज्यादा दुःख (कष्ट) होता है, अन्य को नहीं, जिस कारण चन्द्र और सूर्य राहु द्वारा ग्रसित होते हैं लेकिन तारे नहीं ।***

18. **प्रा. जलणो वि घेप्पइ सुहं, पवणो भुयगो वि केणइ नएण ।**
**महिलामणो न घेप्पइ, बहुएहिं नयसहस्सेहिं ।।23।।**

**सं.** ज्वलनोऽपि सुखं गृह्यते, पवनो भुजगोऽपि केनापि नयेन ।
बहुकैर्नयसहस्रैः, महिलामनो न गृह्यते ।।23।।

**हि.** ***अग्नि भी सुखपूर्वक ग्रहण किया जाता है, पवन और साँप भी किसी उपाय द्वारा ग्रहण किये जाते हैं, लेकिन हजारों उपायों द्वारा स्त्री का मन ग्रहण नहीं किया जाता है ।***

19. **प्रा. को कस्स एत्थ जणगो ?, का माया ? बंधवो य को कस्स ? ।**
**कीरंति सकम्मेहिं, जीवा अन्नुन्नरूवेहिं ।।24।।**

**सं.** अत्र कः कस्य जनकः ? का माता ?, कः कस्य बान्धवश्च ? ।
जीवाः स्वकर्मभिरन्योन्यरूपैः क्रियन्ते ।।24।।

**हि.** ***इस जगत् में कौन किसका पिता, कौन माता, कौन किसका भाई है ? जीव अपने कर्मों से ही अलग-अलग स्वरुपवाले किये जाते हैं ।।24।।***

20. **प्रा. सव्वस्स उवयरिज्जइ, न पम्हसिज्जइ परस्स उवयारो ।**
**विहलो अवलंबिज्जइ, उवएसो एस विउसाणं ।।25।।**

**सं.** सर्वस्योपक्रियेत, परस्योपकारो न विस्मर्येत ।
विह्वलोऽवलम्ब्येत, एष विदुषामुपदेशः ।।25।।

*हि. सब पर उपकार करना, अन्य के उपकार को नहीं भूलना, दुःखी व्यक्ति को आश्रय देना, यह विद्वानों का उपदेश है ।*

21. **प्रा. रिउणो न वीससिज्जइ, कयावि वंचिज्जइ न वीसत्थो ।**
**न कयग्घेहि हविज्जइ, एसो नाणस्स नीसंदो ॥26॥**

**सं.** रिपवो न विश्वस्येरन्, विश्वस्तः कदापि न वच्येत ।
कृतघ्नैर्न भूयेत, एष ज्ञानस्य निःष्यन्दः ॥26॥

*हि. शत्रुओं का विश्वास नहीं करना, विश्वासु व्यक्ति को कभी भी ठगना नहीं, कृतघ्न नहीं बनना, यह ज्ञान का झरना = निचोड़ है ।*

22. **प्रा. वन्निज्जइ भिच्चगुणो, न य वन्निज्जइ सुअस्स पच्चक्खे ।**
**महिलाओ नोभया वि हु, न नस्सए जेण माहप्पं ॥27॥**

**सं.** भृत्यगुणो वर्ण्येत, सुतस्य प्रत्यक्षे न च वर्ण्येत ।
महिला नोभयादपि खु, येन माहात्म्यं न नश्येत ॥27॥

*हि. सेवक के गुण की प्रशंसा करनी चाहिए, पुत्र के गुण उसके (पुत्र के) सामने नहीं कहने चाहिए, स्त्रियों की दोनों प्रकार से (प्रत्यक्ष या परोक्ष) प्रशंसा नहीं करनी चाहिए, (क्योंकि) जिससे (उसका = पुरुष का) माहात्म्य नष्ट न हो ।*

23. **प्रा. जीवदयाइ रमिज्जइ, इंदियवग्गो दमिज्जइ सयावि ।**
**सच्चं चेव चविज्जइ, धम्मस्स रहस्समिणमेव ॥28॥**

**सं.** जीवदयायां रम्येत, सदापीन्द्रियवर्गो दम्येत ।
सत्यमेव कथ्येत, इदमेव धर्मस्य रहस्यम् ॥28॥

*हि. जीवदया में आनन्दित होना, हमेशा इन्द्रियों के समूह का दमन करना, सत्य ही बोलना, यही धर्म का रहस्य है ।*

24. **प्रा. दीसइ विविहचरित्तं, जाणिज्जइ सुयणदुज्जणविसेसो ।**
**धुत्तेहिं न वंचिज्जइ, हिंडिज्जइ तेण पुहवीए ॥29॥**

**सं.** विविधचरित्रं दृश्यते, सुजनदुर्जनविशेषो ज्ञायते ।
धूर्तैर्न वंच्यते, तेन पृथ्व्याम् हिण्ड्यते ॥29॥

*हि. विविध प्रकार के चरित्र देखे जाँए सज्जन और दुर्जन का भेद जाना जाय, धूर्तों से न ठगा जाय इसलिए पृथ्वी पर घूमना चाहिए ।*

# हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. *हि. लक्ष्मण द्वारा शत्रु का मस्तक काटा गया ।*

   **प्रा. लक्खणेण सत्तुणो सिरं छिंदीअईअ ।**

   सं. लक्ष्मणेन शत्रोश्शिरोऽच्छिन्द्यत ।

2. *हि. श्रावकों से गुरु भगवंतों के वचनों की श्रद्धा की जाती है ।*

   **प्रा. सावगेहिं गुरूणं वयणाइं सद्दहिज्जन्ति ।**

   सं. श्रावकैर्गुरूणां वचनानि श्रद्धीयन्ते ।

3. *हि. उपाध्याय के पास श्रद्धापूर्वक ज्ञान प्राप्त किया जाता है ।*

   **प्रा. सद्धाए उवज्झायत्तो नाणं लब्भइ ।**

   सं. श्रद्धयोपाध्यायाज्ज्ञानं लभ्यते ।

4. *हि. योगियों द्वारा श्मशान में मन्त्रों का ध्यान किया जाता है ।*

   **प्रा. जोगीहिं सुसाणे मंताइं झाइज्जन्ति ।**

   सं. योगिभिः श्मशाने मन्त्राणि ध्यायन्ते ।

5. *हि. नृत्यकारों द्वारा दरवाजे पर नृत्य किया जाता है ।*

   **प्रा. दुवारे नडेहिं नच्चिज्जइ ।**

   सं. द्वारे नटैर्नृत्यते ।

6. *हि. प्रजा राजा की आज्ञा का अपमान न करे ।*

   **प्रा. पया निवस्स आणं न अइक्कमिज्जउ ।**

   सं. प्रजा नृपस्याऽऽज्ञां नाऽतिक्राम्यन्ताम् ।

7. *हि. चोर के ललाट में अग्नि से चिह्न किया जाता है ।*

   **प्रा. चोरस्स ललाडे अग्गिणा चिंधं कीरइ ।**

   सं. चौरस्य ललाटेऽग्निना चिह्नं क्रियते ।

8. *हि. पहले कोई जल और वनस्पति में जीव नहीं मानते थे, लेकिन अब यन्त्र के प्रयोग से उसमें (जल + वनस्पति में) साक्षात् जीव दिखाई देते हैं ।*

   **प्रा. पुरा केवि जलम्मि वणस्सईए य जीवा न मन्नीअ, किंतु अहुणा जंतस्स पओगेण सक्खं तेसु जीवा दीसंति ।**

   सं. पुरा केऽपि जले वनस्पतौ च जीवा नाऽमन्यन्त, अधुना तु यन्त्रस्य प्रयोगेण साक्षात्तेषु जीवा दृश्यन्ते ।

9. *हि. राजा के पुरुषों द्वारा चोर पकड़ा गया और दण्डित किया गया ।*

प्रा. रायपुरिसेहिं चोरो घेप्पीअ, दंडिज्जईअ य ।

सं. राजपुरुषैश्चौरोऽगृह्यताऽदण्ड्यत च ।

10. *हि. जो धन न्यायमार्ग से प्राप्त किया जाता है, वह कभी भी नष्ट नहीं होता है ।*

प्रा. जं धणं नायमग्गेण विढप्पइ, तं कयावि न नस्सइ ।

सं. यद् धनं न्यायमार्गेणाऽर्ज्यते, तत्कदापि न नश्यते ।

11. *हि. रात्रि में मुनियों द्वारा स्वाध्याय किया जायेगा ।*

प्रा. रत्तीए मुणीहिं सज्झाओ करिहिइ ।

सं. रात्रौ मुनिभिः स्वाध्यायः करिष्यते ।

12. *हि. शिष्यों को हमेशा आचार्य भगवंत की सेवा करनी चाहिए ।*

प्रा. सीसा सया आयरियं सेवन्तु ।

सं. शिष्याः सदाऽऽचार्यं सेवन्ताम् ।

13. *हि. मैं दुष्टकर्मों द्वारा मुक्त किया जाता हूँ ।*

प्रा. हं पावकम्मेहिं मुंचिज्जमि ।

सं. अहं पापकर्मभिर्मुच्ये ।

14. *हि. तुम मोह द्वारा मोहित नहीं होते हो ।*

प्रा. तुब्भे मोहेण न मुज्झीअह ।

सं. यूयं मोहेन न मुह्यध्वे ।

15. *हि. धर्म से तुम्हारा रक्षण किया गया ।*

प्रा. तुब्भे धम्मेण रक्खिज्जईअ ।

सं. यूयं धर्मेणाऽरक्ष्यध्वम् ।

16. *हि. तुम शत्रु द्वारा जीते गये ।*

प्रा. तुमं सत्तुणा जिव्वईअ ।

सं. त्वं शत्रुणाऽजीयत ।

17. *हि. जो हमेशा धर्म का श्रवण किया जाय, दान दिया जाय, शील धारण किया जाय, गुरु भगवंतों को वन्दन किया जाय, विधिपूर्वक जिनेश्वर की पूजा की जाय और तत्त्वों की श्रद्धा की जाय तो इस संसार से पार उतरा जाए ।*

प्रा. जइ सया धम्मो सुणिज्जइ, दाणं दिज्जइ, सीलं धरिज्जइ, गुरवो वंदिज्जेइरे, विहिणा जिणाणं पडिमाओ अच्चिज्जेइरे, तत्ताणि च सद्दहीअन्ते, तया अदम् संसारो तरिज्जइ ।

**सं.** यदि सदा धर्मः श्रूयते, दानं दीयते, शीलं ध्रियते, गुरवो वन्द्यन्ते, विधिना जिनेश्वराणां प्रतिमा अर्च्यन्ते, तत्त्वानि च श्रद्धीयन्ते, तदाऽयं संसारस्तीर्यते ।

18. ***हि. थोड़ा भी उपकार किया जाए, तो परलोक में सुखी बनेंगे ।***

**प्रा. थेवो वि उवयारो करिज्जइ, तया परलोयम्मि सुही होहिइ ।**

**सं.** स्तोकोऽप्युपकारः क्रियते, तदा परस्मिंल्लोके सुखी भविष्यते ।

19. ***हि. बालक द्वारा पिता की आज्ञा मानी गयी ।***

**प्रा. बालेण पिउणो आणा मन्निज्जईअ ।**

**सं.** बालकेन पितुराज्ञाऽमन्यत ।

20. ***हि. उत्तम पुरुषों द्वारा जो कार्य प्रारम्भ किया जाता है, उसमें वे अवश्य पार पाते हैं ।***

**प्रा. उत्तमेहिं पुरुसेहिं जं कज्जं विढप्पइ, तम्मि ते अवस्सं पारं गच्छन्ति ।**

**सं.** उत्तमैः पुरुषैर्यत्कार्यमारभ्यते, तस्मिंस्तेऽवश्यं पारङ्गच्छन्ति ।

# पाठ - 20

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा.** **पाणाणमच्चए वि जीवेहिं अकरणिज्जं न कायव्वं, करणीयं च कज्जं न मोत्तव्वं ।**

   **सं.** प्राणानामत्ययेऽपि जीवैरकरणीयं न कर्तव्यं, करणीयं च कार्यं न मोक्तव्यम् ।

   ***हि.*** ***प्राणान्ते (प्राणों के विनाश में) भी जीवों को अकार्य नहीं करना चाहिए और करने योग्य कार्य को छोड़ना नहीं चाहिए ।***

2. **प्रा.** **धम्मं कुणमाणस्स सहला जंति राईओ ।**

   **सं.** धर्मं कुर्वतः सफला यान्ति रात्र्यः ।

   ***हि.*** ***धर्म करनेवाले की रात्रियाँ सफल होती हैं ।***

3. **प्रा.** **जेण इमा पुहवी हिंडिऊण दिट्ठा सो नरो नूणं वत्थूणं परिक्खणे वियक्खणो होइ ।**

   **सं.** येनेमा पृथ्वी हिण्डित्वा दृष्टा, स नरो नूनं वस्तूनां परीक्षणे विचक्षणो भवति ।

   ***हि.*** ***जिसके द्वारा यह पृथ्वी भ्रमण करके देखी गई, वह मनुष्य सचमुच वस्तुओं की परीक्षा में चतुर = कुशल होता है ।***

4. **प्रा.** **एगो जायइ जीवो, एगो मरिऊण तह उवज्जेइ ।**
   **एगो भमइ संसारे, एगो च्चिय पावई सिद्धिं ।।30।।**

   **सं.** जीवः एको जायते, तथैको मृत्वोत्पद्यते ।
   एकः संसारे भ्राम्यति, एक एव सिद्धिं प्राप्नोति ।।30।।

   ***हि.*** ***जीव अकेला उत्पन्न होता है तथा अकेला मरकर जन्म लेता है, अकेला संसार में भ्रमण करता है, अकेला ही मोक्ष को प्राप्त करता है ।***

5. **प्रा.** **कालसप्पेण खाइज्जन्ती काया केण धरिज्जइ ?, नत्थि तत्थ कोवि उवाओ ।**

   **सं.** कालसर्पेण खाद्यमाना काया केन ध्रियेत ? नास्ति तत्र कोऽप्युपायः ।

   ***हि.*** ***कालरूपी सर्प से भक्षण की जानेवाली काया किसके द्वारा धारण की जाय ?, वहाँ कोई भी उपाय नहीं है ।***

6. **प्रा. सव्वे जीवा जीविउं इच्छन्ति, न मरित्तए, तओ जीवा न हंतव्वा ।**

**सं.** सर्वे जीवा जीवितुमिच्छन्ति, न मर्तुम्, ततो जीवा न हन्तव्याः ।

***हि. सभी जीव जीने की इच्छा करते हैं, मरने की नहीं, इस कारण जीवों को नहीं मारना चाहिए ।***

7. **प्रा. परस्स पीडा न कायव्वा, इइ जेण न जाणिअं, तेण पढिआए विज्जाए किं ? ।**

**सं.** परस्य पीडा न कर्तव्या, इति येन न ज्ञातं, तेन पठितया विद्यया किं ? ।

***हि. अन्य को पीड़ा नहीं करनी चाहिए, यह वचन जिसको (जिसके द्वारा) ज्ञात नहीं है, उसके द्वारा पढ़ी हुई विद्या से क्या ? ।***

8. **प्रा. मुक्खत्थीहिं जीवदयामओ धम्मो करेअव्वो ।**

**सं.** मोक्षार्थिभिर्जीवदयामयो धर्मः कर्तव्यः ।

***हि. मोक्षार्थियों द्वारा जीवदयामय धर्म करने योग्य है ।***

9. **प्रा. नाणेणं चिय नज्जइ, करणिज्जं तहय वज्जणिज्जं च ।**
**नाणी जाणइ काउं, कज्जमकज्जं च वज्जेउं ।।31।।**

**सं.** ज्ञानेनैव करणीयं तथा च वर्जनीयं ज्ञायते च ।
ज्ञानी कार्यं कर्तुम्, अकार्यं च वर्जयितुं जानाति ।।31।।

***हि. ज्ञान द्वारा ही करने योग्य तथा न करने योग्य का बोध होता है, ज्ञानी करणीय को करने और अकरणीय को नहीं करने बाबत जानता है ।***

10. **प्रा. जं जेण पावियव्वं, सुहमसुहं वा जीवलोयम्मि ।**
**तं पाविज्जइ नियमा, पडियारो नत्थि एयस्स ।।32।।**

**सं.** जीवलोके येन यत् सुखमसुखं वा प्राप्तव्यम् ।
तन् नियमात् प्राप्यते, एतस्य प्रतिकारो नाऽस्ति ।।32।।

***हि. जीवलोक में जिसके द्वारा सुख अथवा दुःख प्राप्त करने योग्य है वह नियम से प्राप्त होता है उसका प्रतिकार नहीं हो सकता है ।***

11. **प्रा. जम्मंतीए सोगो, वड्ढन्तीए य वड्ढए चिंता ।**
**परिणीआए दंडो, जुवइपिया दुक्खिओ निच्चं ।।33।।**

**सं.** जायमानायां शोकः, वर्द्धमानायां च चिंता वर्द्धते ।
परिणीतायां दण्डः, युवतिपिता दुःखितो नित्यम् ।।33।।

*हि. (पुत्री) उत्पन्न होने पर शोक होता है, बड़ी होने पर चिन्ता बढ़ती है, विवाह होने पर दण्ड मिलता है, इस प्रकार स्त्री का पिता हमेशा दुःखी होता है ।*

12. **प्रा. जं चिय खमइ समत्थो, धणवंतो जं न गव्विरो होइ ।**
**जं च सुविज्जो नमिरो, तिसु तेसु अलंकिया पुहवी ।।34।।**

**सं.** यदेव समर्थः क्षमते, धनवान् यन्न गर्ववान् भवति ।
यच्च सुविद्यो नम्रः, त्रिभिस्तैः पृथ्व्यलङ्कृता ।।34।।

*हि. जो व्यक्ति स्वयं समर्थ होते हुए भी सहन करता है, जो धनवान होते हुए भी अभिमानी नहीं होता है, जो ज्ञानी होते हुए भी नम्र है, इन तीनों द्वारा पृथ्वी सुशोभित है ।*

13. **प्रा. का सत्ती तीए तस्स पुरओ ठाइउं ? ।**

**सं.** का शक्तिस्तस्यास्तस्य पुरतः स्थातुम् ? ।

*हि. उसके आगे खड़े रहने के लिए उसकी क्या ताकत है ? ।*

14. **प्रा. लज्जा चत्ता सीलं च खंडिअं, अजसघोसणा दिण्णा ।**
**जस्स कए पिअसहि ! सो चेअ जणो अजणो जाओ ।।35।।**

**सं.** लज्जा त्यक्ता, शीलं च खंडितम्, अयशोघोषणा दत्ता ।
प्रियसखि ! यस्य कृते स एव जनोऽजनो जातः ।।35।।

*हि. हे प्रियसखि ! जिसके लिए लज्जा छोड़ी, शील खण्डित किया और अपयश की घोषणा की, वही मनुष्य (अब) दुर्जन हुआ है ।*

15. **प्रा. परिच्चइय पोरुसं, अपासिऊण निययकुलं, अगणिऊण वयणीअं, अणालोइऊण आयइं परिचत्तं तेण दव्वलिंगं ।**

**सं.** परित्यज्य पौरुषमदृष्ट्वा निजककुलमगणयित्वा ।
वचनीयमनालोच्याऽऽयतिं परित्यक्तं तेन द्रव्यलिङ्गम् ।।

*हि. पुरुषार्थ का त्याग करके, अपना कुल देखे बिना, निंदा की परवाह किये बिना, भविष्य का विचार किये बिना उसके द्वारा साधुवेष का त्याग किया गया ।*

16. **प्रा. जं जिणेहिं पन्नत्तं तमेव सच्चं, इअ बुद्धी जस्स मणे निच्चलं तस्स सम्मत्तं ।**

**सं.** यज्जिनैः प्रज्ञप्तं तदेव सत्यमिति बुद्धिर्यस्य मनसि निश्चलं तस्य सम्यक्त्वम् ।

*हि. जिनेश्वर भगवंतों ने जो कहा है वही सत्य है, ऐसी बुद्धि जिसके मन में है उसका सम्यक्त्व निश्चल है ।*

17. **प्रा. चोरो धणिणो धणं हरित्तए घरे पविसीअ ।**

**सं.** चौरो धनिनो धनं हर्तुम् गृहे प्राविशत् ।

*हि. चोर ने धनवान का धन हरण (चोरी) करने हेतु घर में प्रवेश किया ।*

18. **प्रा. पच्चूसे जिणे अच्चिय गुरू य. वंदित्ता, पच्चक्खाणं च करित्तु पच्छा य भोयणं कुज्जा ।**

**सं.** प्रत्यूषे जिनानर्चित्वा, गुरूंश्च वन्दित्वा, प्रत्याख्यानं च कृत्वा, पश्चाच्च भोजनं कुर्यात् ।

*हि. प्रातःकाल में जिनेश्वर भगवंतों की पूजा करके, गुरु भगवन्तों को वन्दन करके, पच्चक्खाण कर बाद में भोजन करना चाहिए ।*

19. **प्रा. गुरुणा धम्मं कुणमाणाणं सावगाणं, समायरंतीणं साविगाणं उवएसो दिण्णो ।**

**सं.** गुरुणा धर्मं कुर्वद्भ्यः श्रावकेभ्यः, समाचरन्तीभ्यश्च श्राविकाभ्यः उपदेशो दत्तः ।

*हि. धर्म करते हुए श्रावकों और धर्म करती हुई श्राविकाओं को गुरु भगवन्त द्वारा उपदेश दिया गया ।*

20. **प्रा. पिउणा सिक्खीअमाणो पुत्तो सिक्खिज्जन्ती य पुत्ती गुणे लहेज्ज ।**

**सं.** पित्रा शिक्ष्यमाणः पुत्रः शिक्ष्यमाणा च पुत्री गुणान् लभेते ।

*हि. पिता द्वारा हितशिक्षा दिया जाता पुत्र और हितशिक्षा दी जाती पुत्री गुणों को प्राप्त करते हैं ।*

21. **प्रा. सा महादेवी सुराणं रमणीहिं सलहिज्जंती, किन्नरीहिं गाइज्जन्ती, बुहेहिं थुव्वन्ती, बंधुणा मित्तेण य अभिनंदिज्जंती गब्भमुव्वहइ ।**

**सं.** सा महादेवी सुराणां रमणीभिः श्लाघ्यमाना, किन्नरीभिर्गीयमाना, बुधैः स्तूयमाना, बन्धुना मित्रेण चाभिनन्द्यमाना गर्भमुद्वहति ।

*हि. वह महादेवी देवांगनाओं द्वारा प्रशंसा की जाती, किन्नरियों द्वारा गीतगान की जाती, पण्डितों द्वारा स्तुति की जाती, बन्धु और मित्र द्वारा अभिनन्दन की जाती गर्भ को वहन करती है ।*

22. **प्रा. जत्थ रमणीण रूवं, रमणिज्जं पेच्छिऊण अमरीओ ।**
**लज्जन्तीओ व्व चिंताइ, कहवि निद्दं न पावंति ॥36॥**

**सं.** यत्र रमणीनां रमणीयं रूपं प्रेक्ष्याऽऽमर्यः ।
लज्जमाना इव चिन्तया, कथमपि निद्रां न प्राप्नुवन्ति ॥36॥

**हि.** ***जहाँ स्त्रियों के मनोहर रूप को देखकर मानों देवियाँ शर्मिन्दा होती हों वैसी चिन्ता द्वारा किसी भी प्रकार से निद्रा को प्राप्त नहीं करती हैं ।***

23\. **प्रा. गायंता सज्झायं झायंता धम्मझाणमकलंकं ।
जाणंता मुणियव्वं, मुणिणो आवस्सए लग्गा ॥37॥**

**सं.** स्वाध्यायं गायन्तः, अकलङ्कं धर्मध्यानं ध्यायन्तः ।
जानन्तो ज्ञातव्यं, मुनय आवश्यके लग्नाः ॥37॥

**हि.** ***स्वाध्याय करनेवाले, निष्कलंक धर्मध्यान करनेवाले, जानने लायक पदार्थों को जाननेवाले मुनि आवश्यक क्रिया में लग गये = (करने लगे)***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1\. **हि.** ***जम्बूकुमार ने कुमारावस्था में अपनी सब ऋद्धि का त्याग करके चारित्र ग्रहण किया ।***

**प्रा. जंबूकुमारेण कुमरत्तंमि अप्पकेरं सव्वं इड्ढिं चइत्ता चारित्तं गिण्हीअं ।**

**सं.** जम्बूकुमारेण कुमारत्वे आत्मीयां सर्वामृद्धिं त्यक्त्वा चारित्रं गृहीतम् ।

2\. **हि.** ***मैं शास्त्र पढ़ने के लिए गुरु भगवन्त के पास जाता हूँ ।***

**प्रा. हं सत्थाइं अहिज्जिउं गुरुं गच्छामि ।**

**सं.** अहं शास्त्राण्यध्येतुं गुरु गच्छामि ।

3\. **हि.** ***गुरुं प्रमाद करते हुए साधु को पढ़ने के लिए कहते है ।***

**प्रा. गुरुं प्रमज्जंतं मुणिं पढउं कहेइ ।**

**सं.** गुरुः प्रमाद्यन्तं मुनिं पठितुं कथयति ।

4\. **हि.** ***रात्रि के प्रथम प्रहर में सोकर और अन्तिम प्रहर में जागकर किया जानेवाला अभ्यास स्थिर बनता है ।***

**प्रा. रत्तीए पढमे जामे सुविऊण चरिमे य जामे जग्गिऊण कीरन्तो अब्भासो थिरो होइ ।**

**सं.** रात्रेः प्रथमे यामे सुप्त्वा, चरमे च यामे जागरित्वा क्रियमाणोऽभ्यासः स्थिरो भवति ।

5. *हि. मनुष्यों में सुवर्णकार, पक्षियों में कौआ और पशुओं में सियार ठग = शठ होता है ।*

**प्रा. जणेसु सुवण्णगारो, पक्खीसु वायसो, पसुसुं च सियालो सढो होइ ।**

**सं.** जनेषु सुवर्णकारः, पक्षिषु वायसः, पशुषु च शृगालः शठो भवति ।

6. *हि. पाठशाला में अभ्यास करती कन्याओं को तुम इनाम दो ।*

**प्रा. पाढसालाए अज्झयणं कुणंतीणं कन्नाणं पाहुडं देह ।**

**सं.** पाठशालायामभ्यासं कुर्वन्तीभ्यः कन्याभ्यः प्राभृतं दत्त ।

7. *हि. मनुष्यों की आधि दूर करने हेतु शास्त्रों के श्रवण बिना अन्य कोई उपाय नहीं है ।*

**प्रा. जणाणं आहिं हरित्तु सत्थाणं सवणं विणा अन्नो को वि उवाओ नत्थि ।**

**सं.** जनानामाधिं हर्तुं शास्त्राणां श्रवणं विना कोऽप्युपायो नाऽस्ति ।

8. *हि. उसने अग्नि द्वारा जलती हुई स्त्री का रक्षण किया ।*

**प्रा. अग्गिणा डज्झन्ती इत्थी तेण रक्खिआ ।**

**सं.** अग्निना दह्यमाना स्त्री तेन रक्षिता ।

9. *हि. राम द्वारा कही जाती कथा सुनकर वैराग्य प्राप्त हुआ ।*

**प्रा. रामेण कहिज्जन्तिं कहं सुणित्ता वेरग्गं पावीअ ।**

**सं.** रामेण कथ्यमानां कथां श्रुत्वा वैराग्यं प्राप्नोत् ।

10. *हि. जानने योग्य भावों को तू जान ।*

**प्रा. जाणियव्वे भावे तुमं जाणसु ।**

**सं.** ज्ञातव्यान् भावांस्त्वं जानीहि ।

11. *हि. उन्मत्त (मूर्ख) व्यक्ति ने अपना वस्त्र अग्नि में डाला और वह जल गया ।*

**प्रा. उम्मत्तेण जणेण अप्पकेरं वत्थं अग्गिंसि खित्तं, तं च दद्धं ।**

**सं.** उन्मत्तेण जनेनाऽऽत्मीयं वस्त्रमग्नौ क्षिप्तम् तच्च दग्धम् ।

12. *हि. साधु भगवंतों की सेवा द्वारा उसके दिन व्यतीत हुए ।*

**प्रा. साहूणं सेवाए तस्स दिणाइं वोलीणाइं ।**

**सं.** साधूनां सेवया तस्य दिनान्यतिक्रान्तानि ।

13. *हि. जीवों का वध करता हुआ और मांस का भक्षण करता हुआ मनुष्य राक्षस कहलाता है ।*

**प्रा. जीवाणं वहं कुणन्तो, मंसं च भक्खंतो जणो रक्खसो कहिज्जइ ।**

**सं.** जीवानां वधं कुर्वन् मांसं च भक्षयन्नरो राक्षसः कथ्यते ।

14. **हि.** ***वह पापों की आलोचना लेने के लिए गुरु भगवंत के पास जाते शरमाता है ।***

**प्रा. सो पावाणं आलोयणं गिण्हउं गुरुं वच्चन्तो लज्जइ ।**

**सं.** स पापानामालोचनां गृहीतुं गुरुं व्रजन् लज्जते ।

15. **हि.** ***वह समाधिपूर्वक मृत्यू पाकर स्वर्ग में देव हुआ ।***

**प्रा. सो समाहीए मच्चुं पावित्ता सग्गे देवो हवीअ ।**

**सं.** स समाधिना मृत्युं प्राप्य स्वर्गे देवोऽभवत् ।

16. **हि.** ***रोते हुए बालक को तू दुःख नहीं देना ।***

**प्रा. रुवन्तं बालं तुं मा पीलसु ।**

**सं.** रोदन्तं बालं त्वं मा पीडय ।

17. **हि.** ***हँसता हुआ बालक सब को प्रिय लगता है ।***

**प्रा. हसन्तो बालो सव्वस्स पिओ होइ ।**

**सं.** हसन् बालः सर्वस्य प्रियो भवति ।

18. **हि.** ***ग्रहण करने योग्य को ग्रहण कर, त्याग करने योग्य का त्याग कर ।***

**प्रा. घेत्तव्वं गिण्हसु, चइयव्वं चयसु ।**

**सं.** गृहीतव्यं गृहाण, त्यक्तव्यं त्यज ।

# पाठ - 21

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा.** **देविंदेहिं अच्चिअं सिरिमहावीरं सिरसा मणसा वयसा वंदे ।**
   **सं.** देवेन्द्रैरर्चितं श्रीमहावीरं शिरसा मनसा वचसा वन्दे ।
   **हि.** ***देवेन्द्रों द्वारा पूजित-पूजे हुए श्रीमहावीर को मस्तक से, मन से और वचन से मैं वन्दन करता हूँ ।***
2. **प्रा.** **महासईए सीयाए अप्पाणं सोहन्तीए निअसीलबलेण अग्गी जलपूरीकओ ।**
   **सं.** महासत्या सीतयाऽऽत्मानं शोधयन्तया निजशीलबलेनाऽग्निजलपूरीकृतः ।
   **हि.** ***स्वयं को शुद्ध करती महासती सीता द्वारा अपने शील के प्रभाव से अग्नि को जल से पूर्ण किया गया ।***
3. **प्रा.** **गुरुया अप्पणो गुणे अप्पणा कयाइ न वण्णन्ति ।**
   **सं.** गुरुका आत्मनो गुणानात्मना कदापि न वर्णयन्ति ।
   **हि.** ***महापुरुष अपने गुणों की स्वयं कभी भी प्रशंसा नहीं करते हैं ।***
4. **प्रा.** **नराणं सुहं वा दुहं वा को कुणइ ?, अप्पणच्चिय कयाइं कम्माइं समयंमि परिणमंति ।**
   **सं.** नराणां सुखं वा दुःखं वा कः करोति ? आत्मनैव कृतानि कर्माणि समये परिणमन्ति ।
   **हि.** ***मनुष्यों को सुख अथवा दुःख कौन देता है ? स्वयं किये हुए कर्म ही योग्य समयमें परिणमित होते हैं ।***
5. **प्रा.** **जइ उ तुम्हे अप्पणो रिद्धिं इच्छह, तो निच्चंपि जिणेसरं आराहह ।**
   **सं.** यदि तु यूयमात्मन ऋद्धिमिच्छथ, ततो नित्यमपि जिनेश्वरमाराधयत ।
   **हि.** ***जो तुम अपनी ऋद्धि की इच्छा रखते हो तो सदा जिनेश्वर भगवन्त की आराधना करो ।***
6. **प्रा.** **जो कोहेण अभिभूओ जीवे हणइ, सो इह जम्मे परम्मि य जम्मणे वि अप्पणो वहाइ होइ ।**
   **सं.** यः क्रोधेनाऽभिभूतो जीवान् हन्ति, स इह जन्मनि परस्मिंश्च जन्मन्यप्याऽऽत्मनो वधाय भवति ।
   **हि.** ***क्रोध से पराभूत जो (जन) जीवों को मारता है, वह इस जन्म में और पर जन्म में भी अपने वध के लिए होता है ।***

7. **प्रा. नायपुत्तो भयवं महावीरो सिद्धत्थस्स रण्णो अवच्चं होत्था ।**
**सं.** ज्ञातपुत्रो भगवान् महावीरः सिद्ध र्थस्य राज्ञोऽपत्यमभवत् ।
***हि. ज्ञातपुत्र भगवान् महावीर सिद्धार्थ राजा के पुत्र थे ।***

8. **प्रा. अरिहंता मंगलं कुज्जा, अरिहंते सरणं पवज्जामि ।**
**सं.** अर्हन्तो मङ्गलं कुर्युः, अर्हतः शरणं प्रपद्ये ।
***हि. अरिहन्त मंगल करें, अरिहन्तों की शरण स्वीकारता हूँ ।***

9. **प्रा. गयणे अच्छरसाणं नच्चं दीसइ ।**
**सं.** गगने ऽप्सरसां नृत्यं दृश्यते ।
***हि. आकाश में अप्सराओं का नृत्य दिखाई देता है ।***

10. **प्रा. भिसया तणुस्स वाहिं अवणेन्ति, लोगोत्तमा य भगवंता सूरिणो य मणसो आहिणो हरन्ति ।**
**सं.** भिषजस्तनोःव्याधीनपनयन्ति, लोकोत्तमाश्च भगवन्तस्सूरयश्च मनस आधीन् हरन्ति ।
***हि. वैद्य शरीर के रोग दूर करते हैं, लोक में उत्तम-पूज्य भगवान् और आचार्य मन की पीड़ाओं को दूर करते हैं ।***

11. **प्रा. सरए इत्थीओ घराणं अंगणे अच्छरसाउव्व गाणं कुणन्ति नच्चंति य ।**
**सं.** शरदि स्त्रियो गृहाणामङ्गणेऽप्सरस इव गानं कुर्वन्ति नृत्यन्ति च ।
***हि. शरद् ऋतु में स्त्रियाँ घरों के आंगन में अप्सरा की भाँति गान करती हैं और नृत्य करती हैं ।***

12. **प्रा. मुणओ पाउसे एगाए वसहीए चिट्ठन्ति ।**
**सं.** मुनयः प्रावृष्येकस्यां वसत्यां तिष्ठन्ति ।
***हि. मुनिजन वर्षाकाल में एक स्थान में रहते हैं ।***

13. **प्रा. जए दयालवो जणा बहुआ न हवन्ति ।**
**सं.** जगति दयालवो जना बहवो न भवन्ति ।
***हि. जगत में दयालु व्यक्ति ज्यादा नहीं होते हैं ।***

14. **प्रा. कलिम्मि सिरिमंता लोगा पाएण गव्विरा निद्दया य संति ।**
**सं.** कलौ श्रीमन्तो लोकाः प्रायो गर्विष्ठाः निर्दयाश्च सन्ति ।
***हि. कलियुग में धनवान लोग प्रायः अभिमानी और निर्दय होते हैं ।***

15. **प्रा. दीनत्तणे वि जो उवयरेइ, सो धम्मवंतो जाणेयव्वो ।**
**सं.** दीनत्वेऽपि य उपकरोति, स धर्मवान् ज्ञातव्यः ।
***हि. दीनता (गरीब अवस्था) में भी जो उपकार करता है, उसे धार्मिक जानना ।***

16. **प्रा. गामिल्लाणं तत्ताइं न रोएन्ति ।**

**सं.** ग्राम्येभ्यस्तत्त्वानि न रोचन्ते ।

***हि. ग्राम्यजन को तत्त्व नहीं रूचते हैं ।***

17. **प्रा. पुरिल्ला लोगा तत्ताणं नाणे कुसला संति ।**

**सं.** पौराः लोकास्तत्त्वानां ज्ञाने कुशलास्सन्ति ।

***हि. नगरवासी लोग तत्त्वों के ज्ञान में कुशल होते हैं ।***

18. **प्रा. दुहिअएसु नरेसु सइ दयं कुज्जा ।**

**सं.** दुःखितकेषु नरेषु सदा दयां कुर्यात् ।

***हि. दुःखी व्यक्तियों पर हमेशा दया करनी चाहिए ।***

19. **प्रा. धणवंताणं पि लच्छी पाउसस्स विज्जुव्व चवला नायव्वा ।**

**सं.** धनवतामपि लक्ष्मी प्रावृषो विद्युदिव चपला ज्ञातव्या ।

***हि. धनवानों की लक्ष्मी भी वर्षाकाल की बिजली की तरह चंचल जाननी ।***

20. **प्रा. इमं भोयणं विसमइयं अत्थि, तओ मा खाएह ।**

**सं.** इदं भोजनं विषमयमस्ति, ततो मा खाद ।

***हि. यह भोजन विषमिश्रित है, इसलिए तुम न खाओ ।***

21. **प्रा. राइक्कं दव्वं पयाए हिआय होइअव्वं ।**

**सं.** राजकीयं द्रव्यं प्रजायाः हिताय भवितव्यम् ।

***हि. राजा सम्बन्धी द्रव्य प्रजा के हित के लिए होना चाहिए ।***

22. **प्रा. जीवाणं अप्पणयं नाणं दंसणं चरित्तं च अत्थि, अन्नं सव्वमणिच्चं, तत्तो ताणि चिय सेविज्जाह ।**

**सं.** जीवानामात्मीयं ज्ञानं दर्शनं चारित्रं च सन्ति, अन्यत् सर्वमनित्यं, ततस्तान्येव सेवध्वम् ।

***हि. जीवों का ज्ञान, दर्शन और चारित्र ही स्वयं का है, अन्य सब अनित्य है, इसलिए उनका ही सेवन करो ।***

23. **प्रा. जे निरत्थयं पाणिवहं कुणंति, ताणं धिरत्थु ।**

**सं.** ये निरर्थकं प्राणिवधं कुर्वन्ति, तेषां धिगस्तु ।

***हि. जो निरर्थक जीवहिंसा करते हैं, उनको धिक्कार हो ।***

24. **प्रा. गावीणं दुद्धं बालयाणं सोहणं ति जणा वयंति ।**

**सं.** गवां दुग्धं बालकानां शोभनमिति जना वदन्ति ।

***हि. गायों का दूध बालकों के लिए अच्छा है, इस प्रकार लोग कहते हैं ।***

25. **प्रा. तं एरिसेहिं कम्मेहिं अप्पं निरए माइं पक्खिवसु ।**

**सं.** त्वमीदृशैः कर्मभिरात्मानं नरके मा प्रक्षिप ।

***हि. तुम ऐसे कार्यों द्वारा आत्मा (स्वयं) को नरक में मत डालो ।***

26. **प्रा. दुज्जणाणं गिराए अमयमत्थि, हियए उ विसं ।**

**सं.** दुर्जनानां गिर्यमृतमस्ति, हृदये तु विषम् ।

***हि. दुर्जनों की वाणी में अमृत है, लेकिन हृदय में जहर है ।***

27. **प्रा. पावा अप्पणो हिअं पि न पिच्छन्ति, न सुणंति य ।**

**सं.** पापात्मानः स्व हितमपि न प्रेक्षन्ते, न श्रृण्वन्ति ।

***हि. पापी व्यक्ति अपना हित देखते भी नहीं हैं और सुनते भी नहीं हैं ।***

28. **प्रा. जो सीलवंतो जिइंदियो य होइ, तस्स तेओ जसो धिई य वड्डन्ते ।**

**सं.** यः शीलवान् जितेन्द्रियश्च भवति, तस्य तेजो यशो धृतिश्च वर्धन्ते ।

***हि. जो शीलवान और जितेन्द्रिय होता है, उसके तेज, यश और धैर्य बढ़ते हैं ।***

29. **प्रा. नहस्स सोहा चंदो, सरोयाइं सरस्स य ।**
**तवसो उवसमो य, मुहस्स य चक्खू नक्को य ।।38।।**

**सं.** नभसः शोभा चन्द्रः, सरोजानि सरसश्च ।
तपस उपशमश्च, मुखस्य च चक्षुषी नासिका च ।।38।।

***हि. आकाश की शोभा चन्द्र, सरोवर की (शोभा) कमल, तप की (शोभा) उपशम; मुख की शोभा आँख और कान हैं ।***

30. **प्रा. राइणा वुत्तं-भयवं वेसासु मणं कयावि न करिस्सं ।**

**सं.** राज्ञोक्तं-भगवन् वेश्यासु मनः कदापि न करिष्यामि ।

***हि. राजा ने कहा, हे भगवन्त ! मैं कभी भी वेश्याओं में आसक्ति नहीं करूँगा ।***

31. **प्रा. अप्पस्स इव सव्वेसुं पाणीसुं जो पासइ, सच्चिय पासेइ ।**

**सं.** आत्मन इव सर्वेषु प्राणीषु यः पश्यति, स एव पश्यति ।

***हि. जो स्वयं की तरह सभी प्राणियों को देखता है, वह ही देखता है ।***

32. **प्रा. जीवाणं अजीवाणं च सण्हं सरूवं जित्तियं जारिसं च जिणिंदस्स पवयणाए अत्थि, तेत्तिलं तारिसं च सरूवं न अन्नह दंसणे ।**

**सं.** जीवानामजीवानां च सूक्ष्मस्वरूपं यावद् यादृशं च जिनेन्द्रस्य प्रवचनेऽस्ति, तावत् तादृशं च स्वरूपं नान्यत्र दर्शने ।

हि. *जीवों और अजीवों का सूक्ष्म स्वरूप जितना और जैसा जिनेश्वर के सिद्धान्त में है, उतना और वैसा स्वरूप अन्य दर्शन में नहीं है ।*

33. प्रा. **एवं जीवंताणं, कालेण कयाइ होइ संपत्ती ।**
**जीवाणं मयाणं पुण, कत्तो दींहमि संसारे ? ।।39।।**

सं. एवं जीवतां जीवानां कालेन कदाचित् संपत्तिर्भवति ।
मृतानां जीवानां पुनः, दीर्घे संसारे कुतः ? ।।39।।

हि. *इस प्रकार जिन्दे प्राणियों को कालक्रम से कदाचित् संपत्ति हो सकती है, लेकिन मरे हुए प्राणियों को पुनः इस दीर्घ संसार में (संपत्ति) कहाँ से हो ।*

34. प्रा. **पाणेसु धरन्तेसु य, नियमा उच्छाहसत्तिममुयंतो ।**
**पावेइ फलं पुरिसो, नियववसायाणुरूवं तु ।।40।।**

सं. प्राणेषु धरत्सु च, नियमादुत्साहशक्तिममुञ्चन् ।
पुरुषो निजव्यवसायानुरूपं तु फलं प्राप्नोति ।।40।।

हि. *प्राण धारण करने पर निश्चय उत्साहशक्ति का त्याग नहीं करते हुए पुरुष अपने व्यवसाय के अनुरूप फल प्राप्त करता है ।*

35. प्रा. **दारं च विवाहंतो, भममाणो मंडलाइ चत्तारि ।**
**सूएइ अप्पणो तह, वहूइ चउगइभवे भमणं ।।41।।**

सं. दारांश्च विवाहयन्, चत्वारि मण्डलानि भ्रमन् ।
आत्मनस्तथा वध्वाश्चतुर्गतिभवे भ्रमणं सूचयति ।।41।।

हि. *स्त्री के साथ शादी करते हुए चार मण्डल (फेरा) घूमते हुए अपने तथा बहू के चार गतिरूप संसार में भ्रमण को सूचित करता है ।*

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. हि. *प्रभात में गोपाल गायों को दोहता है ।*
प्रा. **पच्चूसे गोवा गावीओ दोहेन्ति ।**
सं. प्रत्यूषे गोपा गा दुहन्ति ।

2. हि. *शुभ कर्मवाले जीव शुभकार्य करके परलोक में सुखी होते हैं ।*
प्रा. **सुकम्मा जीवा सुहाइं किच्चाइं करित्ता, परलोए सुहिणो हवन्ति ।**
सं. सुकर्माणो जीवाः शुभानि कृत्यानि कृत्वा, परलोके सुखिनो भवन्ति ।

3. हि. *हे भगवन् ! आप इस असार संसार में से हमारे जैसे दुःखियों का उद्धार करो ।*

**प्रा. भयवं ! भवन्तो इमत्तो असारत्तो संसारत्तो अम्हारिसे दुहिणो उद्धरेइ ।**

सं. भगवन् ! भवानस्मादसारात् संसारादस्मादृशान् दुःखिन उद्धरतु ।

4. *हि. शत्रुओं से प्रजा का रक्षण करने हेतु राजपुरुषों ने नगर के बाहर खाई बनाई ।*

**प्रा. सत्तुसुन्तो पयं रक्खिउं रायपुरिसा नयरत्तो बहिं परिहं करीअ ।**

सं. शत्रुभ्यः प्रजां रक्षितुं राजपुरुषा नगराद् बहिः परिखामकुर्वन् ।

5. *हि. पत्थर समान हृदय को धारण करनेवाले ये मनुष्य बैलों को कष्ट देते हैं ।*

**प्रा. गावव्व हिययवंता इमे जणा बइल्ले अईव पीलंति ।**

सं. ग्रावाण इव हृदयवन्त इमे जना बलीवर्दानतीव पीडयन्ति ।

6. *हि. मनुष्य अन्धकार में चक्षु द्वारा देखने के लिए समर्थ नहीं होते हैं ।*

**प्रा. मणूसा तमंसि चक्खूहिं देक्खिउं पक्कला न हवन्ति ।**

सं. मनुष्यास्तमसि चक्षुर्भ्यां द्रष्टुं समर्थाः न भवन्ति ।

7. *हि. लोग अश्विन महीने में प्रतिपदा से प्रारम्भ कर पूर्णिमा पर्यन्त महोत्सव करते हैं ।*

**प्रा. जणा आसिणे मासे पाडिवयाए आरब्भ पुण्णमं जाव महूसवं कुणंति ।**

सं. जना आश्विने मासे प्रतिपद आरम्य पूर्णिमां यावन् महोत्सवं कुर्वन्ति ।

8. *हि. विद्वान मनुष्य अपने गुणों द्वारा सर्वत्र पूजित बनते हैं ।*

**प्रा. विउसा जणा अप्पणो गुणेहिं सव्वत्थ पूइज्जेइरे ।**

सं. विद्वांसो जना आत्मनो गुणैः सर्वत्र पूज्यन्ते ।

9. *हि. सोनी कसौटी पर सुवर्ण की परीक्षा करता है ।*

**प्रा. सुवण्णगारो निहसंमि सुवण्णं परिक्खइ ।**

सं. सुवर्णकारो निकषे सुवर्णं परीक्षते ।

10. *हि. कुशल वैद्य भी त्रुटित आयुष्य को जोड़ने हेतु समर्थ नहीं होते हैं ।*

**प्रा. सुविज्जो वि तुट्टिअं आउसं संधिउं पक्कलो न होइ ।**

सं. सुवैद्योऽपि त्रुटितमायुः संधातुं पक्वलो न भवति ।

11. *हि. तुम्हारे जैसे स्नेहालु पुरुषों को हम जैसे गरीब पर प्रीति करनी चाहिए ।*

**प्रा. तुम्हारिसा नेहालवो पुरिसा अम्हारिसेसुं दीणेसुं पीइं कुज्जा ।**

सं. युष्मादृशाः स्नेहालवः पुरुषा अस्मादृशेषु दीनेषु प्रीतिं कुर्यात् ।

12. *हि. सभी इन्द्र तीर्थंकरों के जन्म समय में मेरुपर्वत पर तीर्थंकरों को ले जाकर जन्म महोत्सव करते हैं ।*

**प्रा. सव्वे इंदा तित्थयराणं जम्मम्मि तित्थयरे मेरुम्मि नेऊण जम्ममहूसवं कुणन्ति ।**

**सं.** सर्वे इन्द्रास्तीर्थङ्कराणां जन्मनि तीर्थंकरान् मेरौ नीत्वा जन्मोत्सवं कुर्वन्ति ।

13. *हि. लोगों को सम्पत्ति में अभिमानी नहीं होना चाहिए और आपत्ति में (दुःख में) मुर्झाना नहीं चाहिए ।*

**प्रा. जणा संपयाए गव्विरा न हवेज्ज, आवयाए य णाइं मुज्झेज्ज ।**

**सं.** जनाः सम्पदि गर्विष्ठा न भवेयुः आपदि च न मुह्येयुः ।

14. *हि. जीव अपने ही कर्मों द्वारा सुख और दुःख प्राप्त करता है, दूसरा देता है, वह मिथ्या है ।*

**प्रा. जीवो अप्पस्स कम्मेहिं चिय सुहं च दुहं च पावइ, अन्नो देइ, तं मिच्छा अत्थि ।**

**सं.** जीव आत्मनः कर्मणैव सुखं दुःखं च प्राप्नोति, अन्यो ददाति तन् मिथ्याऽस्ति ।

15. *हि. गुरु भगवंतों के आशीर्वाद से कल्याण ही होता है, अतः उनकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना ।*

**प्रा. गुरूणं आसीसा कल्लाणं चिय होइ, तत्तो तेसिं आणा न अवमण्णिअव्वा ।**

**सं.** गुरूणामाशिषा कल्याणं चैव भवति, ततस्तेषामाज्ञा नाऽवमन्तव्या ।

16. *हि. तपश्चर्या से कर्मों की निर्जरा होती है और क्रोध से कर्मबन्ध होते हैं ।*

**प्रा. तवसा कम्माइं निज्जरेन्ति, कोहेण य कम्माइं बंधिज्जन्ति ।**

**सं.** तपसा कर्माणि क्षीयन्ते, क्रोधेन च कर्माणि बध्यन्ते ।

17. *हि. शास्त्रपठित मूर्ख बहुत होते हैं, लेकिन जो आचारवान हैं वे ही पण्डित कहलाते हैं ।*

**प्रा. सत्थं पढिअवंता मुरुक्खा बहवो, किंतु जे आयारवंता संति ते च्चिय अहिण्णउ कहिज्जन्ति ।**

**सं.** शास्त्रं पठितवन्तो मूर्खा बहवो भवन्ति, किं तु ये आचारवन्तः, ते एवाऽभिज्ञाः कथ्यन्ते ।

18. *हि. बन्धु ने राजा को कहा कि-तू राज्य का त्याग कर और यहाँ खड़ा न रह ।*

**प्रा. बंधु रायं कहीअ, तुं रज्जं चयहि, इत्थ य मा चिट्ठसु ।**

**सं.** बन्धुः राजानमकथयत्त्वं राज्यं त्यज, अत्र च मा तिष्ठ ।

19. *हि. व्यवस्थित पालन किया जाता राज्य राजा को अत्यधिक धन और कीर्ति अर्पण करता है ।*

**प्रा. सुट्ठु पालिज्जंतं रज्जं रायाणस्स बहुं धणं जसं च अप्पेइ ।**

**सं.** सुष्ठु पाल्यमानं राज्यं राज्ञो बहुं धनं यशश्चाऽर्पयति ।

20. *हि. वृद्धावस्था में शरीर की सुन्दरता नष्ट होती है ।*

**प्रा. वुड्ढत्तणे सरीरस्स सुंदरत्तणं नस्सइ ।**

**सं.** वृद्धत्वे शरीरस्य सुन्दरत्वं नश्यति ।

21. *हि. दूसरों के दुःख सुनकर महान् आत्माओं (महात्माओं) का चित्त (मन) दयालु बनता है ।*

**प्रा. पारकेराइं दुक्खाइं सुणित्ता महप्पाणं चित्तं दयालुं होइ ।**

**सं.** परकीयानि दुःखानि श्रुत्वा महात्मनां चित्तं दयालु भवति ।

# पाठ - 22

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. पावकम्मं नेव कुज्जा न कारवेज्जा ।**
   **सं.** पापकर्म नैव कुर्यात् न कारयेत् ।
   ***हि. पापकर्म नहीं करना और नहीं कराना चाहिए ।***
2. **प्रा. पाइयकव्वं लोए कस्स हिययं न सुहावेइ ।**
   **सं.** प्राकृतकाव्यं लोके कस्य हृदयं न सुखयति ।
   ***हि. प्राकृतकाव्य लोक में किसके हृदय को सुख नहीं देता है !***
3. **प्रा. बलवंता पंडिया य जे केवि नरा संति ते वि महिलाए अंगुलीहिं नच्चाविज्जंति ।**
   **सं.** बलवन्तः पण्डिताश्च ये केऽपि नरास्सन्ति, तेऽपि महिलाया अंगुलीभिर्नर्त्यन्ते ।
   ***हि. बलवान और पण्डित जो कोई भी व्यक्ति हैं, वे भी स्त्री की अंगुलियों द्वारा नचाये जाते हैं ।***
4. **प्रा. अहं वेज्जोम्हि, फेडेमि सीसस्स वेयणं, सुणावेमि बहिरं, अवणेमि तिमिरं, पणासेमि खसरं, उम्मूलेमि वाहिं, पसमेमि सूलं, नासेमि जलोयरं च ।**
   **सं.** अहं वैद्योऽस्मि, स्फेटयामि शीर्षस्य वेदनाम्, श्रावयामि बधिरम्, अपनयामि तिमिरम्, प्रणाशयामि कसरम्, उन्मूलयामि व्याधिम्, प्रशाम्यामि शूलम्, नाशयामि जलोदरं च ।
   ***हि. मैं भिषक् वैद्य हूँ, मस्तक की वेदना को दूर करता हूँ, बधिर को सुनाता हूँ (सुनने योग्य करता हूँ), आँख का रोग दूर करता हूँ, विकार को नष्ट करता हूँ, व्याधि (पीड़ा) को उखेड़ता हूँ, मूल से नष्ट करता हूँ, शूल को शान्त करता हूँ और जलोदर का नाश करता हूँ ।***
5. **प्रा. साहूणं दंसणं पि हि नियमा दुरियं पणासेइ ।**
   **सं.** साधूनां दर्शनमपि हि नियमाद् दुरितं प्रणाशयति ।
   ***हि. साधु भगवन्तों का दर्शन भी नियम से पाप का नाश करता है ।***
6. **प्रा. रण्णा सुवण्णगारे वाहराविउण अप्पणो मउडम्मि वइराइं वेडुज्जाइं रयणाणि य रयावीअईअ ।**

सं. राज्ञा सुवर्णकारान् व्याहार्याऽऽत्मनो मुकुटे वज्राणि वैडूर्याणि रत्नानि चाऽरच्यन्त ।

हि. *राजा ने सुवर्णकारों को बुलाकर अपने मुकुट में वज्र और वैडूर्यरत्नों को मण्डित किया ।*

7. प्रा. **संपइ नरिंदेण सयलाए पिच्छीए जिणेसराणं चेइयाइं कराविआइं ।**

सं. सम्प्रति नरेन्द्रेण सकलायां पृथ्व्यां जिनेश्वराणां चैत्यानि कारितानि ।

हि. *सम्प्रति राजा ने सम्पूर्ण पृथ्वी पर जिनेश्वर भगवंतों के मन्दिर करवाये ।*

8. प्रा. **तवस्सी भिक्खू न छिंदे, ण छिंदावए, ण पए, ण पयावए ।**

सं. तपस्वी भिक्षुर्न छिन्द्यात्, न छेदयेत्, न पचेत्, न पाचयेत् ।

हि. *तपस्वी भिक्षु (किसी का) छेद करे नहीं, (किसी के पास) छेद करवाये नहीं, (स्वयं) पकाये नहीं और (किसी के द्वारा भी) पकवाये नहीं ।*

9. प्रा. **समणोवासगो पइट्ठाए महोच्छवे सव्वे साहम्मिए भुंजावेईअ ।**

सं. श्रमणोपासकः प्रतिष्ठाया महोत्सवे सर्वान् साधर्मिकानभोजयत् ।

हि. *श्रावक ने प्रतिष्ठा के महोत्सव में सभी साधर्मिकों को भोजन करवाया ।*

10. प्रा. **जइ पिआ पुत्ते सम्मं पढावंतो, तो वुड्ढत्तणे सो किं एवंविहं दुहं लहेन्तो ? ।**

सं. यदि पिता पुत्रान् सम्यगपाठयिष्यत्, ततो वृद्धत्वे स किमेवंविधं दुःखमलप्स्यत् ? ।

हि. *जो पिता ने पुत्रों को अच्छी तरह पढाया होता, तो वृद्धावस्था में वह क्या इस प्रकार के दुःख प्राप्त करता ? ।*

11. प्रा. **नरिंदेण तत्थ गिरिम्मि चेइअं निम्मविअं ।**

सं. नरेन्द्रेण तत्र गिरौ चैत्यं निर्मापितम् ।

हि. *राजा द्वारा वहाँ पर्वत पर मन्दिर बनवाया गया ।*

12. प्रा. **खमियव्वं खमावियव्वं, उवसमियव्वं उवसमावियव्वं, जो उवसमइ तस्स अत्थि आराहणा, जो न उवसमइ तस्स नत्थि आराहणा, तओ अप्पणा चेव उवसमियव्वं ।**

सं. क्षन्तव्यं क्षमितव्यम्, उपशान्तव्यमुपशमितव्यम्, य उपशाम्यति तस्यास्त्याराधना, यो नोपशाम्यति तस्य नास्त्याराधना, तत आत्मनैवोपशान्तव्यम् ।

*हि. क्षमा रखनी चाहिए और क्षमा करनी चाहिए, शान्त बनना चाहिए और शान्त करना चाहिए । जो उपशान्त बनता है उसकी आराधना है, जो उपशान्त नहीं बनता है उसकी आराधना नहीं है अतः स्वयं अवश्य उपशान्त बनना चाहिए ।*

13. **प्रा. एरिसा कन्नगा परस्स दाउण अप्पणो गेहाओ किं निस्सारिज्जइ ? सव्वहा न जुत्तमेयं ।**

**सं.** ईदृशी कन्या परस्मै दत्वाऽऽत्मनो गृहात् किं निस्सार्येत ? सर्वथा न युक्तमेतद् ।

*हि. ऐसी कन्या दूसरे को देकर अपने घर से क्यों बाहर निकालें ? यह सर्वथा योग्य नहीं है ।*

14. **प्रा. अहो कट्ठं कट्ठं वासुदेवपुत्तो होऊण सयलजणाणं मणवल्लहं कणिट्ठं भायरं विणासेहामि ।**

**सं.** अहो कष्टं कष्टं वासुदेवपुत्रो भूत्वा सकलजनानां मनोवल्लभं कनिष्ठं भ्रातरं विनाशयिष्यामि ।

*हि. अहो दुःख है दुःख है कि वासुदेव का पुत्र होकर सभी लोगों के मन को प्रिय छोटे भाई (लघु भ्राता) का मैं विनाश करूंगा ।*

15. **प्रा. हेमचंदसूरिणो पासे देवाणं सरूवं मुणिउण हं सव्वत्थ वि तित्थयराणं मंदिराइं कराविस्सामि त्ति पइण्णं कुमारवालनरिंदो कासी ।**

**सं.** हेमचन्द्रसूरेः पार्श्वे देवानां स्वरूपं ज्ञात्वाऽहं सर्वत्रापि तीर्थकराणां मन्दिराणि कारयिष्यामीति प्रतिज्ञां कुमारपालनरेन्द्रोऽकार्षीत्)

*हि. श्रीहेमचन्द्रसूरि. जी के पास देवों का स्वरूप जानकर ''मैं सर्वत्र तीर्थंकरों के मन्दिर करवाऊँगा'' ऐसी प्रतिज्ञा कुमारपाल राजा ने की ।*

16. **प्रा. सो पइदिणं अब्भस्संतो जिणधम्मं, पज्जुवासंतो मुणिजणं, परिचिंततो जीवाजीवाइणो नव पयत्थे, रक्खन्तो रक्खाविन्तो य पाणिगणं, बहुमाणंतो साहम्मिए जणे, सव्वायरेण पभावंतो जिणसासणं कालं गमेइ ।**

**सं.** स प्रतिदिनमभ्यस्यन् जिनधर्मं, पर्युपासमानो मुनिजनं, परिचिन्तयन् जीवाजीवादीन् नव पदार्थान्, रक्षन् रक्षयन् च प्राणिगणं, बहुमानयन् साधर्मिकान् जनान्, सर्वादरेण प्रभावयन् जिनशासनं कालं गमयति ।

*हि. वह प्रतिदिन जिनधर्म का अभ्यास करता, मुनिजन की सेवा करता, जीव-अजीवादि नौ पदार्थों की विचारणा करता, जीवों के समूह की रक्षा करता और रक्षा करवाता, साधर्मिकों का बहुमान करता, सर्व आदरपूर्वक जिनशासन की प्रभावना करता हुआ काल व्यतीत करता है।*

17. **प्रा. एसो रज्जस्स जोग्गो ता झत्ति रज्जे ठविज्जउ, अलाहि निग्गुणेहिं अन्नेहिं ।**

**सं.** एष राज्यस्य योग्यस्तस्मात् झटिति राज्ये स्थाप्यतामलं निर्गुणैरन्यैः ।

*हि. यह राज्य के योग्य है इसलिए शीघ्र राज्य पर स्थापित करो, गुणरहित अन्य से क्या ?*

18. **प्रा. गिहं जहा को वि न जाणइ तह पवेसेमि नीसारेमि य ।**

**सं.** गृहं यथा कोऽपि न जानाति, तथा प्रवेशयामि निस्सारयामि च ।

*हि. जैसे कोई न जाने उस तरह (वैसे) मैं घर में प्रवेश कराता हूँ और बाहर निकालता हूँ।*

19. **प्रा. जो सावज्जे पसत्तो सयंपि अतरंतो कहं तारए अन्नं ?**

**सं.** यः सावद्ये प्रसक्तः स्वयमप्यतरन् कथं तारयेदन्यम् ?

*हि. जो पाप में आसक्त है वह स्वयं नहीं तिरता (तो) दूसरे को कैसे तारेगा ?।*

20. **प्रा. गुरुणा पुणरुत्तं अणुसासिओ वि न कुप्पेज्जा ।**

**सं.** गुरुणा पुनः पुनरनुशासितोऽपि न कुप्येत् ।

*हि. गुरु द्वारा बारबार शिक्षा देने पर भी कोप नहीं करना ।*

21. **प्रा. एक्कस्स चेव दुक्खं, मारिज्जंतस्स होइ खणमेक्कं ।**
**जावज्जीवं सकुडुंबयस्स पुरिसस्स धणहरणे ।।42।।**

**सं.** मार्यमाणस्यैकस्यैवैकं क्षणं दुःखं भवति ।
धणहरणे सकुटुम्बकस्य पुरुषस्य यावज्जीवम् ।।42।।

*हि. पुरुष को मारनेवाले अकेले को ही एक क्षण दुःख होता है, लेकिन धनहरण (चोरी) करने से कुटुम्बसहित पुरुष को यावज्जीवनपर्यन्त दुःख होता है ।*

22. **प्रा. दूसमसमएवि हु हेमसूरिणो निसुणिऊण वयणाइं ।**
**सव्वजणो जीवदयं, कराविओ कुमरवालेण ।।43।।**

**सं.** दु:षमसमयेऽपि खु, हेमसूरेर्वचनानि निश्रुत्य ।
कुमारपालेन सर्वजनो जीवदयां कारितः ॥43॥

***हि. दुषमकाल में भी सचमुच श्रीहेमचन्द्रसूरीश्वरजी के वचन सुनकर कुमारपाल राजा द्वारा सभी लोगों के पास जीवदया करायी गयी ।***

23. **प्रा. रोवन्ति रुवावन्ति य, अलियं जंपंति पत्तियावेन्ति ।**
**कवडेण य खंति विसं, मरन्ति न य जंति सब्भावं ॥44॥**

**सं.** रुदन्ति रोदयन्ति च, अलीकं जल्पन्ति प्रत्याययन्ति ।
कपटेन च विषं खादन्ति, म्रियन्ते सद्भावं न च यान्ति ॥44॥

***हि. (स्त्री) रोती है, रुलाती है, झूठ बोलती है, विश्वास दिलाती है, मायापूर्वक जहर खाती है, मरती है लेकिन सद्भाव नहीं पाती है ।***

24. **प्रा. मरणभयंमि उवगए, देवा वि सइंदया न तारेन्ति ।**
**धम्मो ताणं सरणं, गइत्ति चिंतेहि सरणत्तं ॥45॥**

**सं.** मरणभये उपगते, सेन्द्रा देवा अपि न तारयन्ति ।
धर्मस्त्राणं शरणं, गतिरिति शरणत्वं चिन्तय ॥45॥

***हि. मरण का भय प्राप्त होने पर इन्द्रसहित देव भी बचा नहीं सकते हैं, धर्म रक्षण, शरण, गति है इस प्रकार शरणत्व का विचार करे ।***

25. **प्रा. हंतूण परप्पाणे, अप्पाणं जो करेइ सप्पाणं ।**
**अप्पाणं दिवसाणं, कए स णासेइ अप्पाणं ॥46॥**

**सं.** परप्राणान् हत्वा य आत्मानं सप्राणं करोति ।
सोऽल्पानां दिवसानां कृते आत्मानं नाशयति ॥46॥

***हि. जो अन्य के प्राणों का नाश करके स्वयं को प्राणवान् जीवित रखता है, वह थोड़े दिनों के (जीवन के) लिए आत्मा का नाश करता है ।***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. ***हि. पिता ने उपाध्याय के पास पुत्रों को तत्त्वों का ज्ञान ग्रहण करवाया ।***
**प्रा. पिअरो उवज्झायत्तो पुत्ते तत्ताणं नाणं घेप्पाविईअ ।**
**सं.** पितोपाध्यायात् पुत्रांस्तत्त्वानां ज्ञानमग्राह्यत् ।

2. ***हि. सिद्धराज ने श्रीहेमचन्द्रसूरी. जी के पास व्याकरण की रचना करवायी इसलिए उसका नाम सिद्धहेम रखा गया ।***
**प्रा. सिद्धराओ हेमचंद्रसूरिणा वागरणं रचाविईअ, तत्तो सिद्धहेमं ति तस्स णामं ठविज्जईअ ।**

**सं.** सिद्धराजो हेमचन्द्रसूरिणा व्याकरणमरचयत्, ततः सिद्धहैममिति तस्याऽभिधानमस्थापयत् ।

3. ***हि. सुशिष्य गुरु भगवन्तों को अपनी भूलें सुनाते हैं और सुनाकर बाद में क्षमा माँगते हैं ।***

**प्रा. सुसीसा गुरूणं अप्पकेराइं खलिआइं सुणावेन्ति, सुणावित्ता य पच्छा ते खामेन्ति ।**

**सं.** सुशिष्या गुरुभ्य आत्मीयानि स्खलितानि श्रावयन्ति, श्रावयित्वा च पश्चात्ते क्षमयन्ति ।

4. ***हि. जो पुस्तकों का विनाश करते हैं, वे परलोक में मूक, अन्ध और बहरे होते हैं ।***

**प्रा. जे पोत्थयाइं विणासेन्ति, ते परलोए मूगा अंधा बहिरा य हवन्ति ।**

**सं.** ये पुस्तकानि विनाशयन्ति, ते परलोके मूका अन्धा बधिराश्च भवन्ति ।

5. ***हि. आचार्य भगवन्त शिष्यों को रात्रि के अन्तिम प्रहर में उठाकर हमेशा स्वाध्याय करवाते हैं ।***

**प्रा. आयरियो सीसे रत्तीए चरमे जामे उड्डाविऊण सया सज्झायं करावेई ।**

**सं.** आचार्यश्शिष्यान् रात्रेश्चरमे यामे उत्थाप्य सदा स्वाध्यायं कारयति ।

6. ***हि. नृत्यकार ने राजा और सभाजनों को भरतराजा का नाटक दिखाया और वह (नाटक) दिखलाते नृत्यकार ने केवलज्ञान प्राप्त किया ।***

**प्रा. नडो राइणं परिसाए लोए य भरहरायस्स नाड्यं दक्खवीअ, तं च दावन्तो नट्टओ केवलनाणं पावीअ ।**

**सं.** नटो राजानं पर्षदो लोकांश्च भरतराजस्य नाट्यमदर्शयत्, तच्च दर्शयन्नर्तकः केवलज्ञानं प्राप्नोत् ।

7. ***हि. पिता पुत्रों को विद्वान गुरु द्वारा शिक्षा (बोध) दिलाते हैं ।***

**प्रा. पिआ पुत्ते विउसेण गुरुणा अणुसासेइ ।**

**सं.** पिता पुत्रान् विदुषा गुरुणाऽनुशासयति ।

8. ***हि. राजा के बुद्धिशाली मन्त्री ने अपनी बुद्धि से नगर के प्रति आते हुए शत्रुओं का नाश करवाया ।***

**प्रा. रण्णो धीमंतो मंती अप्पकेराए बुद्धीए नयरं पइ आगच्छंते सत्तुणो नासवीअ ।**

**सं.** राज्ञो धीमान् मन्त्री आत्मीयया बुद्ध्या नगरं प्रत्यागच्छतः शत्रूननाशयत् ।

9. *हि. राजा ने उपाध्याय भ. को बुलाकर कहा कि तुम राजपुत्रों को नीतिशास्त्र और व्याकरणशास्त्र पढाओ ।*

**प्रा. नरवई उवज्झायं बोल्लवित्ता कहीअ, तुब्भे रायपुत्ते नीइसत्थं वागरणसत्थं च पाढेह ।**

**सं.** नरपतिरुपाध्यायमाह्वायाऽकथयद् यूयं राजपुत्रान् नीतिशास्त्रं व्याकरणशास्त्रं च पाठ्यत ।

10. *हि. राम ने उस समय उसको जहर खिलाया होता तो वह जरूर मर जाता ।*

**प्रा. रामो तया तं विसं भक्खावंतो, तया सो नूणं मरंतो ।**

**सं.** रामस्तदा तं विषमभोजयिष्यत्, तदा स नूनममरिष्यत् ।

11. *हि. माता छोटे बालकों को नहीं डराए ।*

**प्रा. माआ कणिट्ठे सिसुणो न बीहावेज्ज ।**

**सं.** माता कनिष्ठान् शिशून् न भापयतु ।

12. *हि. तीर्थंकर परमात्मा भव्य जीवों को संसार के बन्धन में से मुक्तकर शाश्वत सुख दिलाते हैं ।*

**प्रा. तित्थयरा भव्वे जीवे संसारस्स बंधणत्तो मोयावित्ता सासयं सोक्खं अप्पावेन्ति ।**

**सं.** तीर्थकरा भव्यान् जीवान् संसारस्य बन्धनान् मोचयित्वा शाश्वतं सौख्यमर्पयन्ति ।

13. *हि. जिनके द्वारा चोरी की गई उनको राजा ने शिक्षा करवाई ।*

**प्रा. जेहिं चोरियं कयं, ते निवई दंडावीअ ।**

**सं.** यैश्चौर्यं कृतं तान् नृपतिरदण्डयत् ।

14. *हि. कुमार ने घर से निकलकर सब का त्याग करके उद्यान में आचार्य भगवन्त के पास संयम ग्रहण किया और बहुत कुमारों को (संयम) ग्रहण करवाया ।*

**प्रा. कुमारो गेहत्तो अभिनिक्खमिऊण सव्वं चइत्ता उज्जाणे आयरियस्स समीवं संजमं गिण्हीअ बहू य कुमारे घेप्पाविईअ ।**

**सं.** कुमारो गृहादभिनिष्क्रम्य सर्वं त्यक्त्वोद्याने आचार्यस्य समीपं संयममगृह्णाद्, बहून् कुमारांश्चाऽग्राह्यत् ।

15. *हि. संयम में स्थित साधु भगवन्त सुखपूर्वक दिन व्यतीत करते हैं ।*

**प्रा. संजमंमि ठिआ साहवो सुहेण दिणाइं जावेन्ति ।**

**सं.** संयमे स्थिताः साधवः सुखेन दिनानि यापयन्ति ।

16. ***हि. जो भाइयों और मित्रों को परस्पर लड़ाता है और समय आने पर व्यक्ति के पास अपना मस्तक भी कटाता है, वह अदृष्ट ही है ।***

**प्रा. जं भाऊणो मित्ताणि य परुप्परं जुज्झावेइ समयंमि य जणेण अप्पणो सीसंपि छिंदावेइ तं दइव्वं अत्थि ।**

**सं.** यद् भ्रातॄन् मित्राणि च परस्परं योधयति, समये च जनेनाऽऽत्मनः शीर्षमपि छेदयति तद् दैवमस्ति ।

17. ***हि. सन्तुष्ट रानी ने चोर को अपने घर ले जाकर सुन्दर भोजन करवाया, उसके बाद वस्त्र और आभूषण देकर अनुज्ञा दी ।***

**प्रा. तुट्ठा महिसी चोरं अप्पणो गेहम्मि नेऊण सुट्ठु भोयणं करावीअ, तत्तो वत्थाइं भूसणाइं च दाऊण अणुजाणीअ ।**

**सं.** तुष्टा महिषी चौरमात्मनो गेहे नीत्वा सुष्ठु भोजनमकारयत्, ततो वस्त्राणि भूषणानि च दत्वाऽन्वजानात् ।

18. ***हि. ज्ञातपुत्र समवसरण में बैठकर जन्म और मृत्यु का कारण मनुष्यों और देवताओं को समझाते हैं ।***

**प्रा. नायपुत्तो समोसरणंमि उवविसीय जम्मणो मरणस्स य कारणं मणूसे देवे य बोहावेइ ।**

**सं.** ज्ञातपुत्रः समवसरणे उपविश्य जन्मनो मरणस्य च कारणं मनुष्यान् देवांश्च बोधयति ।

19. ***हि. साधु पुरुष कहते हैं कि पापकर्म जीवों को सदा संसारचक्र में भ्रमण करवाते हैं ।***

**प्रा. साहवो पुरिसा कहेन्ति-पावकम्माइं जीवे सया संसारचक्कंमि भमाडेइरे ।**

**सं.** साधवः पुरुषाः कथयन्ति-पापकर्माणि जीवान् सदा संसारचक्रे भ्रामयन्ति ।

20. ***हि. सब धर्म का त्याग करके एक वीतरागदेव को तू भज, वही तुझे सभी पापों से मुक्त करायेगा ।***

**प्रा. सव्वे धम्मे चइत्ता एगं वीयरागं तुं भजसु, सो च्चिय सव्वेसुन्तो मोयाविहिइ ।**

**सं.** सर्वान् धर्मांस्त्यक्त्वैकं वीतरागं त्वं भज, स एव सर्वेभ्यः पापेभ्यः मोचयिष्यति ।

# पाठ - 23

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. साहवो मणसा वि न पत्थेन्ति बहुजीवाउलं जलारंभं ।**
**समास विग्रह :- बहुणो य एए जीवा बहुजीवा (कर्मधारयः) ।**
**बहुजीवेहिं आउलो बहुजीवाउलो तं बहुजीवाउलं (तृतीया तत्पुरुषः)**
**जलाणं आरंभो जलारंभो तं जलारंभं (षष्ठी-तत्पुरुषः)**
**सं.** साधवो मनसापि न प्रार्थयन्ति बहुजीवाकुलं जलारम्भम् ।
**हि.** ***साधु भगवन्त बहुत जीवों से व्याप्त पानी के आरम्भ की मन से भी इच्छा नहीं करते हैं ।***

2. **प्रा. खंतिसूरा अरिहंता, तवसूरा अणगारा, दाणसूरे वेसमणे, जुद्धसूरे वासुदेवे ।**
**समास विग्रह :- खंतिए सूरा खंतिसूरा । तवम्मि सूरा तवसूरा । दाणे सूरो दाणसूरे ।**
**जुद्धंमि सूरो जुद्धसूरे । (सर्वत्र सप्तमीतत्पुरुषः) ।**
**न अगारं जेसिं ते अणगारा (नञर्थ बहुव्रीहिः) ।**
**सं.** क्षान्तिशूरा अर्हन्तः, तपःशूरा अनगाराः, दानशूरो वैश्रमणः, युद्धशूरो वासुदेवः ।
**हि.** ***क्षमापना में शूरवीर अरिहन्त भगवन्त हैं, तप में शूरवीर साधु भगवन्त हैं, दान में शूरवीर कुबेर है, युद्ध में शूरवीर वासुदेव है ।***

3. **प्रा. ते सत्तिमन्ता पुरिसा जे अब्भत्थणावच्छला समावडियकज्जा न गणेइरे आयइं, अब्भुद्धरेन्ति दीणयं, पूरेन्ति परमणोरहे, रक्खंति सरणागमं ।**
**समास विग्रह :- अब्भत्थणाइ वच्छला अब्भत्थणावच्छला (सप्तमी तत्पुरुषः) ।**
**समावडियं कज्जं जेसिं ते समावडियकज्जा (षष्ठ्यर्थे बहुव्रीहिः) ।**
**मणाइं च्चिय रहा मणोरहा (अवधारणपूर्वपदकर्मधारयः) परेसिं मणोरहा परमणोरहा (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**
**सरणं आगओ सरणागओ तं सरणागयं (द्वितीया तत्पुरुषः) ।**
**सं.** ते शक्तिमन्तः पुरुषा येऽभ्यर्थनावत्सलाः समापतितकार्या न गणयन्ति आयतिम्, अभ्युद्धरन्ति दीनकम्, पूरयन्ति परमनोरथान्, रक्षन्ति शरणागतम् ।

*हि. वे शक्तिमान पुरुष हैं हि. जो प्रार्थना में प्रेम = स्नेहवाले हैं, कार्य आने पर भविष्य को नहीं गिनते हैं (भविष्य की चिन्ता नहीं करते हैं), गरीबों का उद्धार करते हैं, दूसरों के मनोरथ पूर्ण करते हैं, शरण में आये हुए का रक्षण करते हैं ।*

4. प्रा. जे निद्दुज्जणाइं तवोवणाइं सेवंति ते जणा सुधन्ना ।

समास विग्रह - निग्गआ दुज्जणा जेहिन्तो ताइं निद्दुज्जणाइं ताणि (पञ्चम्यर्थे बहुव्रीहिः) ।

तवसे वणाइं तवोवणाइं (चतुर्थ्यर्थे तत्पुरुषः) ।

सुट्ठु धन्ना सुधन्ना (कर्मधारयः) ।

सं. ये निर्दुर्जनानि तपोवनानि सेवन्ते, ते जनाः सुधन्याः ।

*हि. जो दुर्जनरहित तपोवनों की सेवा करते हैं वे मनुष्य अतिधन्य हैं ।*

5. प्रा. अहो णु खलु नत्थि दुक्करं सिणेहस्स, सिणेहो नाम मूलं सव्वदुक्खाणं, निवासो अविवेयस्स, अग्गला निव्वुईए, बंधवो कुगइवासस्स, पडिवक्खो कुसलजोगाणं, देसओ संसाराडवीए, वच्छलो असच्चववसायस्स, एएण अभिभूआ पाणिणो न गणेन्ति आयइं, न जोयन्ति कालोइअं, न सेवन्ति धम्मं, न पेच्छन्ति परमत्थं, महालोहपंजरगया केसरिणो विव समत्था वि विसीयंति त्ति ।

समास विग्रह :- सव्वाइं य ताइं दुक्खाइं सव्वदुक्खाइं, तेसिं सव्वदुक्खाणं (कर्मधारयः) न विवेयो अविवेयो, तस्स अविवेयस्स (नञ् तत्पुरुषः) ।

कुच्छिआ गई कुगई, कुगइए वासो कुगइवासो, तस्स कुगइवासस्स (कर्मधारय-षष्ठी तत्पुरुषौ) ।

कुसला य एए जोगा कुसलजोगा, तेसिं कुसलजोगाणं (कर्मधारयः) नत्थि सच्चं जत्थ सो असच्चो, असच्चो य एसो ववसायो असच्चववसायो, तस्स असच्चववसायस्स (बहुव्रीहि-कर्मधारय) ।

कालम्मि उइअं कालोइअं, तं कालोइअं (सप्तमी तत्पुरुषः) ।

परमो य एसो अत्थो परमत्थो, तं परमत्थं (कर्मधारयः)

लोहमयो पंजरो लोहपंजरो (उत्तरपदलोपि) महंतो य एसो लोहपंजरो महालोहपंजरो (कर्मधारय), महालोहपंजरं गआ महालोहपंजरगआ (द्वितीयातत्पुरुषः) ।

**सं.** अहो नु खलु नास्ति दुष्करं स्नेहस्य, स्नेहो नाम मूलं सर्वदुःखानाम्, निवासोऽविवेकस्य, अर्गला निर्वृत्याः, बान्धवः कुगतिवासस्य, प्रतिपक्षः कुशलयोगानाम्, देशकः संसाराटव्याः, वत्सलोऽसत्यव्यवसायस्य, एतेनाऽभिभूताः प्राणिनो न गणयन्त्यायतिम्, न पश्यन्ति कालोचितम्, न सेवन्ते धर्मम्, न प्रेक्षन्ते परमार्थम्, महालोहपञ्जरगताः केसरिण इव, समर्था अपि विषीदन्तीति ।

**हि.** ***अहो स्नेह को सचमुच कुछ दुष्कर नहीं है, स्नेह सभी दुःखों का मूल है, अविवेक का निवास है, मोक्ष के लिए शृंखला (अर्गला) है, कुगतिवास का बन्धु है, कुशल योगों का शत्रु है, संसाररूपी वन को बतानेवाला है, असत्य व्यवसाय का प्रेमी है, इससे (स्नेह से) पराभूत प्राणी भविष्य का विचार नहीं करते हैं, अवसरोचित को नहीं देखते हैं, धर्म का सेवन नहीं करते हैं, परमार्थ को नहीं देखते हैं, बड़े लोहे के पिंजर में रहे सिंह की तरह समर्थ होते हुए भी उद्वेग पाते हैं ।***

6. **प्रा. उत्तमपुरिसा न सोवंति संझाए ।**
**समास विग्रह :- उत्तिमा य एए पुरिसा उत्तिमपुरिसा । (कर्मधारयः) ।**
**सं.** उत्तमपुरुषाः न स्वपन्ति सन्ध्यायाम् ।
**हि.** ***उत्तम पुरुष सन्ध्याकाल में नहीं सोते हैं ।***

7. **प्रा. नेव वसणवसगएण बुद्धिमया विसाओ कायव्वो ।**
**समास विग्रह :- वसणस्स वसो वसणवसो । वसणवसं गओ वसणवसगओ तेणं वसणवसगएण । (षष्टी - द्वितीयातत्पुरुषौ) ।**
**सं.** नैव व्यसनवशगतेन बुद्धिमत्ता विषादः कर्तव्यः ।
**हि.** ***संकट के वश रहे बुद्धिमान को खेद नहीं ही करना चाहिए ।***

8. **प्रा. अम्हे पच्चोणिं गंतूण पिऊणं चरणेसुं पडिया ।**
**समास विग्रह :- माया य पिया य पियरा । तेसिं पिऊणं । (एकशेषः) ।**
**सं.** वयं सम्मुखं गत्वा पित्रोः चरणयोः पतिताः ।
**हि.** ***हम सन्मुख जाकर माता-पिता के चरणों में गिरे ।***

9. **प्रा. अह निण्णासिअतिमिरो, विओगविहुराण चक्कवायाण ।**
**संगमकरणेक्करसो, वियंभिओ अरुणकिरणोहो ।।47।।**
**समास विग्रह :- निण्णासिओ तिमिरो जेण सो निण्णासिअतिमिरो । (तृतीयार्थे बहुव्रीहिः) ।**

**विओगेण विहुरा विओगविहुरा, तेसिं विओगविहुराण। (तृतीयातत्पुरुषः)। चक्कवायी अ चक्कवाओ य चक्कवाया तेसिं चक्कवायाण। (एकशेषः)। संगमस्स करणं संगमकरणं। संगमकरणे एक्को रसो जस्स सो संगमकरणैक्करसो। (षष्ठी तत्पुरुषः, षष्ठ्यर्थे त्रिपदबहुव्रीहिश्च)। अरुणस्स किरणा अरुणकिरणा। अरुणकिरणाणं ओहो अरुणकिरणोहो (उभयत्र षष्ठीतत्पुरुषः)।**

**सं.** अथ निर्नाशिततिमिरो, वियोगविधुराणां चक्रवाकानाम्।
संगमकरणैकरसोऽरुणकिरणौघो विजृम्भितः ॥47॥

**हि.** ***अब नष्ट किया है अन्धकार जिसने, वियोग से दुःखी और चिड़ियाओं को इकट्ठे करने में एक रसवाले अरुण (सूर्य) की किरणों का समूह विस्तृत हो।***

10. **प्रा. पुत्ता! तुम्हे वि संजमे नियमे य उज्जमं करिज्जाह,
अमयभूएण य जिणवयणेण अप्पाणं भाविज्जाह।**

**समास विग्रह :- अमयं भूयं अमयभूयं तेण अमयभूएण (कर्मधारयः)। जिणस्स वयणं जिणवयणं तेण जिणवयणेण (षष्ठी तत्पुरुषः)।**

**सं.** पुत्राः! यूयमपि संयमे नियमे चोद्यमं कुरुत,
अमृतभूतेन च जिनवचनेनाऽऽत्मानं भावयत।

**हि.** ***हे पुत्रो! तुम भी संयम और नियम में उद्यम करो और अमृतसमान जिनवचन से आत्मा को भावित करो।***

11. **प्रा. देवदाणवगंधव्वा जक्खरक्खसकिन्नरा।
बम्हयारिं नमंसंति, दुक्करं जे करन्ति तं ॥48॥**

**समास विग्रह :- देवा य दाणवा य गंधव्वा य देवदाणवगंधव्वा। (द्वन्द्वसमासः)।**

**जक्खा य रक्खसा य किन्नरा य जक्खरक्खसकिन्नरा। (द्वन्द्वसमासः)।**

**सं.** देवदानवगन्धर्वाः, यक्षराक्षसकिन्नराः।
ये दुष्करं कुर्वन्ति, तान् ब्रह्मचारिणो नमस्यन्ति ॥48॥

**हि.** ***देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नरदेव, जो दुष्कर = ब्रह्मचर्यपालन करते हैं, उन ब्रह्मचारियों को नमस्कार करते हैं।***

12. **प्रा. विरला जाणन्ति गुणे, विरला जाणन्ति ललियकव्वाइं।
सामन्नधणा विरला, परदुक्खे दुक्खिआ विरला ॥49॥**

**समास विग्रह :- ललियाइं च ताइं कव्वाइं ललियकव्वाइं, ताइं ललियकव्वाइं (कर्मधारयः)**
**सामन्नं धणं जेसिं ते सामन्नधणा (षष्ठ्यर्थे बहुव्रीहिः) ।**
**परेसिं दुक्खं परदुक्खं तम्मि परदुक्खे (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**

**सं.** विरला गुणान् जानन्ति, विरला ललितकाव्यानि जानन्ति । सामान्यधना विरलाः, परदुक्खे दुःखिता विरलाः ।।49।।

***हि.*** ***अल्प पुरुष गुणों को जानते हैं, अल्प पुरुष मनोहर काव्यों को जानते हैं, सामान्य (प्रत्येक के उपयोग में आनेवाला) धनवाले पुरुष अल्प होते हैं (और) अन्य के दुःख में दुःखी व्यक्ति विरल (अल्प) होते हैं ।***

13. **प्रा. गलइ बलं उच्छाहो, अवेइ सिढिलेइ सयलवावारे ।**
**नासइ सत्तं अरई, विवड्ढए असणरहिअस्स ।।50।।**
**समास विग्रह :- सयलो य एसो वावारो सयलवावारो (कर्मधारयः) ।**
**न रई अरई (नञ्तत्पुरुषः) ।**
**असणेण रहिओ असणरहिओ तस्स असणरहिअस्स (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

**सं.** अशनरहितस्य बलं गलति, उत्साहोऽपैति, सकलव्यापारः शिथिलयति, सत्त्वं नश्यति, अरतिर्विवर्धते ।।50।।

***हि.*** ***भूखे प्राणी का बल नष्ट होता है, उत्साह दूर होता है, सभी व्यापार (कार्य) शिथिल बनते हैं, सत्त्व नष्ट होता है, अरति बढ़ती है ।***

14. **प्रा. सोमगुणेहिं पावइ न तं नवसरयससी,**
**तेअगुणेहिं पावइ न तं नवसरयरवी ।**
**रूवगुणेहिं पावइ न तं तिअसगणवई,**
**सारगुणेहिं पावइ न तं धरणिधरवई ।।51।।**
**समास विग्रह :- सोमा य एए गुणा सोमगुणा, तेहिं सोमगुणेहिं (कर्मधारयः) ।**
**सरयो य एसो ससी सरयससी, नवो य एसो सरयससी नवसरयससी (उभयत्र कर्मधारयः)**
**रूवस्स गुणा रूवगुणा तेहिं रूवगुणेहिं (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**
**तिअसाणं गणा तिअसगणा, तिअसगणाणं वई तिअसगणवई (उभयत्र षष्ठी तत्पुरुषः) ।**

**सारस्स गुणा सारगुणा तेहिं सारगुणेहिं (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**
**धरणिधराणं वई धरणिधरवई (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**

**सं.** नवशारदशशी सौम्यगुणैः तं न प्राप्नोति,
नवशारदरविः तेजोगुणैः तं न प्राप्नोति ।
त्रिदशगणपती रूपगुणैस्तं न प्राप्नोति,
धरणिधरपतिः सारगुणैः तं न प्राप्नोति ॥51॥

**हि.** ***नया शरद्ऋतु का चन्द्र सौम्यगुणों द्वारा उन (अजितनाथ भ.) को प्राप्त नहीं कर सकता है, नया शरद्ऋतु का सूर्य तेज के गुणों द्वारा उनको प्राप्त नहीं कर सकता है, देवों के समूह का स्वामी = इन्द्र रूप के गुणों द्वारा उनको नहीं पहुँच सकता है, पर्वतों का स्वामी = मेरु पर्वत पराक्रम के गुणों द्वारा उनकी बराबरी नहीं कर सकता है।***

15. **प्रा. जस्सत्थो तस्स सुहं, जस्सत्थो पंडिओ य सो लोए ।**
**जस्सत्थो सो गुरुओ, अत्थविहूणो य लहुओ य ॥52॥**
**समास विग्रह :- अत्थेण विहूणो अत्थविहूणो (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

**सं.** यस्यार्थस्तस्य सुखं, यस्यार्थः स लोके पण्डितश्च ।
यस्यार्थः स गुरुकोऽर्थविहीनश्च लघुकश्च ॥52॥

**हि.** ***जिसके पास धन है उसको सुख है, जिसके पास धन है वह लोक में पण्डित है, जिसके पास धन है वह बड़ा है और धनरहित मनुष्य छोटा है ।***

16. **प्रा. वंचइ मित्तकलत्ते, नाविक्खए मायपियसयणे अ ।**
**मारेइ बंधवे वि हु, पुरिसो जो होइ धणलुद्धो ॥53॥**
**समास विग्रह :- मित्ता य कलत्ता य मित्तकलत्ता, ते मित्तकलत्ते (द्वन्द्व समासः) ।**
**माया य पिया य सयणा य मायपियसयणा ते मायपियसयणे (द्वन्द्वसमासः) ।**
**धणम्मि लुद्धो धणलुद्धो (सप्तमीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** यः पुरुषो धनलुब्धो भवति, (स) मित्रकलत्राणि वञ्चयति,
मातापितृस्वजनांश्च नाऽपेक्षते, बान्धवानपि खु मारयति ॥53॥

**हि.** ***जो पुरुष धन को लोभी होता है वह मित्र और स्त्री को ठगता है, माता-पिता और स्वजनों की अपेक्षा नहीं रखता है, भाइयों को भी मारता है ।***

17. प्रा. न गणन्ति कुलं, न गणन्ति पावयं पुण्णमवि न गणन्ति ।
इस्सरिएण हि मत्ता, तहेव परलोगमिहलोयं ।।54।।
समास विग्रह :- परो य एसो लोयो परलोयो, तं परलोयम् (कर्मधारयः) ।
इह य एसो लोयो इहलोयो, तं इहलोयं (कर्मधारय) ।

सं. ऐश्वर्येण हि मत्ताः कुलं न गणयन्ति, पापकं न गणयन्ति, पुण्यमपि, तथैव इहलोकं परलोकं च न गणयन्ति ।।54।।

हि. *ऐश्वर्य से अभिमानी (मनुष्य) कुल की परवाह नहीं करते हैं, पाप को नहीं स्वीकारते हैं, पुण्य को भी (नहीं गिनते हैं) उसी तरह इहलोक और परलोक को नहीं स्वीकारते हैं ।*

18. प्रा. न गणन्ति पुव्वनेहं, न य नीइं नेय लोयअववायं ।
न य भाविआवयाओ, पुरिसा महिलाए आयत्ता ।।55।।
समास विग्रह :- पुव्वस्स नेहो पुव्वनेहो, तं पुव्वनेहं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।
लोयाणं अववाओ लोयअववाओ, तं लोयअववायं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।
भाविओ आवयाओ भाविआवयाओ, ताओ भाविआवयाओ (कर्मधारयः) ।

सं. महिलायामायत्ताः पुरुषाः पूर्वस्नेहं न गणयन्ति, नीतिं न च, लोकापवादं न च, भाव्यापदो न च गणयन्ति ।।55।।

हि. *स्त्री के आधीन पुरुष पूर्व (माता-पिता) के स्नेह को नहीं गिनते हैं, न्यायमार्ग को नहीं स्वीकारते हैं, लोकनिन्दा की परवाह नहीं करते हैं और भविष्य में आनेवाली आपत्तियों की भी परवाह नहीं करते हैं ।*

19. प्रा. मेरू गरिट्ठो जह पव्वयाणं, एरावणो सारबलो गयाणं ।
सिंहो बलिट्ठो जह सावयाणं, तहेव सीलं पवरं वयाणं ।।56।।
समास विग्रह :- सारं बलं जस्स सो सारबलो (बहुव्रीहिः) ।

सं. यथा पर्वतानां मेरुर्गरिष्ठः, गजानामैरावणः सारबलः ।
यथा श्वापदानां सिंहो बलिष्ठः, तथैव व्रतानां शीलं प्रवरम् ।।56।।

हि. *जैसे पर्वतों में मेरुपर्वत सबसे बड़ा है, हाथियों में ऐरावण हाथी श्रेष्ठ बलवान है, जैसे शिकारी पशुओं में सिंह सर्वश्रेष्ठ बलवान है उसी प्रकार व्रतों में शीलव्रत सर्वश्रेष्ठ है ।*

20. *प्रा. बालत्तणम्मि जणओ, जुव्वणपत्ताइ होइ भत्तारो ।
वुड्ढत्तणेण पुत्तो, सच्छंदत्तं न नारीणं ।।57।।
समास विग्रह :- जुव्वणं पत्ता जुव्वणपत्ता, ताइ जुव्वणपत्ताइ (द्वितीयातत्पुरुषः) ।
सस्स छंदत्तं सच्छंदत्तं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।*

**सं.** बालत्वे जनकः, यौवनप्राप्तायां भर्ता भवति ।
वृद्धत्वेन पुत्रः, नारीणां स्वच्छन्दत्वं न ॥57॥

***हि.*** ***नारी बाल्यावस्था में पिता, युवावस्था में पति और वृद्धावस्था में पुत्र के आधीन होती है, इस प्रकार (किसी भी अवस्था में) स्त्रियों को स्वच्छन्दता नहीं है ।***

21. **प्रा.** **(पसिणं) किं होइ रहस्स वरं, बुद्धिपसाएण को जणो जयइ ।**
**किं च कुणंती बाला, नेउरसद्दं पयासेइ ॥58॥**
**समास विग्रह :- बुद्धीए पसाओ बुद्धिपसाओ, तेणं बुद्धिपसाएण (षष्टी तत्पुरुषः) ।**
**नेउरस्स सद्दो नेउरसद्दो तं नेउरसद्दं (षष्टी तत्पुरुषः) ।**

**सं.** (प्रश्नं) रथस्य वरं किं भवति ? बुद्धिप्रसादेन को जनो जयति ?
किं च कुर्वन्ती बाला नुपूरसद्दं प्रकाशयति ? ।

***हि.*** ***(प्रश्न) रथ में श्रेष्ठ क्या है ? (चक्क = चक्र), बुद्धि की महेरबानी से कौन-सा मनुष्य जीतता है ? (मंती = मन्त्री) क्या करती हुई बालिका झांझर (नुपूर) के शब्द को प्रकाशित करती है ? (चक्कमंती = भ्रमण करती)***
***उत्तर = चक्कमंती ।***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. ***हि.*** ***राम और लक्ष्मण ने रावण की सेना को जीत लिया और लक्ष्मण के चक्र से मारा गया रावण मरकर नरक में गया ।***

**प्रा.** **रामलक्खणा रावणस्स सेणं जिणीअ, लक्खणस्स य चक्कहओ रावणो मरिय नरयं गच्छीअ ।**
**समास विग्रह :- रामो य लक्खणो य रामलक्खणा (द्वन्द्वसमासः) ।**
**लक्खणस्स चक्कं लक्खणचक्कं (षष्टीतत्पुरुषः) ।**
**लक्खचक्केणं हओ लक्खणचक्कहओ (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

**सं.** रामलक्ष्मणौ रावणस्य सेनां जित्वा लक्ष्मणचक्रहतो रावणो मृत्वा नरकमगच्छत् ।

2. ***हि.*** ***सज्जन व्यक्ति दुःख आने पर भी असत्यवचन नहीं बोलते हैं ।***

**प्रा.** **सज्जणा दुहपडिया वि असच्चवयणं न भासन्ति ।**
**समास विग्रह :- दुहं पडिया दुहपडिया द्वितीया तत्पुरुषः) ।**
**असच्चं य तं वयणं असच्चवयणं (कर्मधारयः)**

**सं.** सज्जनाः दुःखपतिता अप्यसत्यवचनं न ब्रुवन्ति ।

3. *हि.* ***विद्यार्थियों को प्रातःकाल में जल्दी उठकर माता, पिता अथवा गुरु भ. को नमस्कार करके अपना अध्ययन करना चाहिए ।***

**प्रा. विज्जत्थिणो पच्चूसे सिग्घं उट्ठिऊण पियरे गुरुं वा नमंसित्ता अप्पकेरं अज्झयणं पढेज्ज ।**

**समास विग्रह :-** माया य पिया य पियरा, ते पियरे (एकशेषः) ।

**सं.** विद्यार्थिनः प्रत्यूषे शीघ्रमुत्थाय पितरौ गुरुं वा नमस्कृत्याऽऽत्मीयमध्ययनं पठेयुः ।

4. *हि.* ***संसार के दुःखों को देखकर वह संसार से निर्वेद पाता है ।***

**प्रा. संसारदुहाइं पासित्ता सो संसारत्तो निव्विज्जइ ।**

**समास विग्रह :- संसारस्स दुहाइं संसारदुहाइं, ताइं संसारदुहाइं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** संसारदुःखानि दृष्टवा स संसारान् निर्विद्यते ।

5. *हि.* ***उस बालिका ने हाथरूपी कमल द्वारा राजा के भाल में तिलक किया ।***

**प्रा. सा बाला हत्थकमलेण रायस्स ललाडे तिलयं करीअ ।**

**समास विग्रह :- हत्थो एव कमलं हत्थकमलं, तेण हत्थकमलेण (अवधारणपूर्वपदकर्मधारयः) ।**

**सं.** सा बाला हस्तकमलेन राज्ञो ललाटे तिलकमकरोत् ।

6. *हि.* ***किया है निदान जिसने उनको बोधि की प्राप्ति कहाँ से होगी ?***

**प्रा. कयनियाणाणं तेसिं बोहिलाहो कत्तो हवेज्ज ? ।**

**समास विग्रह :- कयं नियाणं जेहिं ते कयनियाणा, तेसिं कयनियाणाणं (बहुव्रीहिः) ।**

**बोहिणो लाहो बोहिलाहो (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**

**सं.** कृतनिदानानां तेषां बोधिलाभः कथं भवेत् ? ।

7. *हि.* ***तीर्थंकर गम्भीर वाणी द्वारा समवसरण में देव, दानव और मनुष्यों की सभा में देशना देते है और वह (देशना) सुनकर भव्यजीव दर्शन, ज्ञान और चारित्र ग्रहण करते हैं और आहाररहित (अणाहारी) मोक्षपद प्राप्त करते हैं ।***

**प्रा. तित्थयरो गंभीरवायाए समोसरणंमि देवदाणवमणूसपरिसाए देसणं देइ, तं च सुणित्ता भव्वा जीवा दंसणनाणचरित्ताइं गिण्हन्ति, अणाहारं च मोक्खपयं पावन्ति ।**

समास विग्रह :- गंभीरा य एसा वाया गंभीरवाया ताए गंभीरवायाए (कर्मधारयः) ।

देवा य दाणवा य मणूसा य देवदाणवमणूसा, तेसिं परिसा देवदाणवमाणूसपरिसा, ताए देवदाणवमणूसपरिसाए (द्वन्द्व-षष्ठीतत्पुरुषौ) ।

दंसणं य नाणं य चरित्तं य दंसणनाणचरित्ताइं, ताइं दंसणनाणचरित्ताइं (द्वन्द्वः) ।

नत्थि आहारो जम्मि तं अणाहारं, तं अणाहारं (नञ्बहुव्रीहिः) ।

मुक्खं य एयं पयं मुक्खपयं, तं मुक्खपयं (कर्मधारयः) ।

सं. तीर्थकरो गम्भीरवाचा समवसरणे देवदानवमनुष्यपर्षदि देशनां ददाति, तां च श्रुत्वा भव्या जीवा दर्शनज्ञानचारित्राणि गृह्णन्ति, अनाहारं च मोक्षपदं प्राप्नुवन्ति ।

8. हि. *हाथ में पुष्पवाली नगर की कन्याओं ने मनुष्यों में उत्तम राजा पर पुष्पों की वृष्टि की ।*

प्रा. पुप्फहत्थाओ पउरकन्नाओ जणुत्तमे रायंमि पुप्फवुट्ठिं करीअ ।

समास विग्रह :- पुप्फाइं हत्थे जासिं ता पुप्फहत्थाओ (बहुव्रीहिः) ।

पउरा य एआ कन्नाओ पउरकन्नाओ (कर्मधारयः) ।

जणेसु उत्तमो जणुत्तमो, तम्मि जणुत्तमे (सप्तमी तत्पुरुषः) ।

पुप्फाणं वुट्ठि पुप्फवुट्ठि, तं पुप्फवुट्ठिं (षष्ठी तत्पुरुषः) ।

पुष्पहस्ताः पौरकन्याः जनोत्तमे राज्ञि पुष्पवृष्टिमकुर्वन् ।

9. हि. *तीन भुवन में सभी जीवों से तीर्थंकर अनन्तरूपवान होते हैं ।*

प्रा. तिहुअणम्मि सव्वजीवेहिन्तो तित्थयरा अणंतरूवा हवन्ति ।

समास विग्रह :- तिण्हं भुवणाणं समाहारो तिहुअणं, तम्मि तिहुयणम्मि (समाहारद्विगुः) ।

सव्वे य एए जीवा सव्वजीवा, तेहिन्तो सव्वजीवेहिन्तो (कर्मधारयः) ।

अणंतं रूवं जेसिं ते अणंतरूवा (बहुव्रीहिः) ।

सं. त्रिभुवने सर्वजीवेभ्यस्तीर्थकरा अनन्तरूपाः भवन्ति ।

10. हि. *संयमरूपी धनवान साधुओं को परलोक का भय नहीं है ।*

प्रा. संजमधणाणं साहूणं परलोयभयं नत्थि ।

समास विग्रह :- संजमो च्चिय धणं जेसिं ते संजमधणा, तेसिं संजमधणाणं (बहुव्रीहिः) ।

**परो य एओ लोयो परलोयो । परलोयत्तो भयं परलोयभयं (कर्मधारय-पञ्चमीतत्पुरुषौ) ।**

**सं.** संयमधनानां साधूनां परलोकभयं नाऽस्ति ।

11. **हि.** ***आहार, देह, आयुष्य और कर्मरहित सिद्ध भगवन्त अनन्तसुखवान होते हैं ।***

**प्रा. अणाहारदेहाउसकम्मा सिद्धा भयवंता अणंतसुहा हवन्ति ।**

**समास विग्रह :- आहारो य देहो य आऊ य कम्मं य आहारदेहाउसकम्माणि (द्वन्द्वः)**

**नत्थि आहारदेहाउसकम्माणि जेसिं ते अणाहारदेहाउसकम्मा (नञर्थबहुव्रीहिः) ।**

**अणंतं सुहं जेसिं ते अणंतसुहा । (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** अनाहारदेहाऽऽयुःकर्माणः सिद्धाः भगवन्तोऽनन्तसुखा भवन्ति ।

12. **हि.** ***जो विधिअनुसार मन्त्रों की आराधना करता है, वह अवश्य फल प्राप्त करता है ।***

**प्रा. जो जहविहिं मंताई आराहेइ, सो अवस्स फलं पावेइ ।**

**समास विग्रह :- विहिं अणइक्कमिय त्ति जहविहिं (अव्ययीभावः) ।**

**सं.** यो यथाविधि मन्त्राण्याराधयति, सोऽवश्यं फलं प्राप्नोति ।

13. **हि.** ***जो शक्ति का उल्लंघन किये बिना अहिंसा, संयम और तपरूपी धर्म में उद्यम करता है, वह संसार समुद्र से तिर जाता है ।***

**प्रा. जो जहसत्तिं अहिंसासंजमतवधम्मंमि उज्जमेइ, सो संसारसागराओ तरेइ ।**

**समास विग्रह :- सत्तिं अणइक्कमीअ त्ति जहसत्तिं (अव्ययीभावः) ।**

**अहिंसा य संयमो य तवं य अहिंसासंयमतवाइं । ताइं च्चिअ धम्मो अहिंसासंयमतवधम्मो, तम्मि अहिंसासंयमतवधम्मंमि । (द्वन्द्व-कर्मधारयौ) ।**

**संसारो एव सागरो संसारसागरो, तत्तो संसारसागराओ (कर्मधारयः) ।**

**सं.** ये यथाशक्ति अहिंसासंयमतपोधर्मे उद्यच्छन्ति, ते संसारसागरात्तरन्ति ।

14. **हि.** ***अज्ञानरूपी अन्धकार से अन्ध (प्राणी) को ज्ञान ही उत्तम अंजन है ।***

**प्रा. अन्नाणतिमिरंधाणं नाणं चेव उत्तमं अंजणं अत्थि ।**

**समास विग्रह :- अण्णाणं चिअ तिमिरं अण्णाणतिमिरं ।**

अण्णाणतिमिरेण अंधा अण्णाणतिमिरंधा, तेसिं अण्णाणतिमिरंधाणं (कर्मधारय-तृतीयातत्पुरुषौ) ।

सं. अज्ञानतिमिराऽन्धानां ज्ञानं चैवोत्तममञ्जनमस्ति ।

15. *हि. जो कुमारपाल पहले सिद्धराज के डर से भटकता था, उसने बाद में श्रीहेमचन्द्रसूरि की मदद से भय से मुक्त होकर राज्य पाया ।*

प्रा. जो कुमारवालो पुरा सिद्धरायभयत्तो भमिअंतो; सो पच्छा श्रीहेमचंद्रसूरीसाहज्जेण भयमुत्तो होउण रज्जं पावीअ ।

समास विग्रह :- सिद्धरायओ भयं सिद्धरायभयं, तत्तो सिद्धरायभयत्तो (पञ्चमी तत्पुरुषः) ।

सिरिहेमचंदसूरिणो साहज्जं हेमचंदसूरिसाहज्जं, तेण सिरिहेमचंदसूरिसाहज्जेण (षष्ठीतत्पुरुषः) ।

भयाउ मुत्तो भयमुत्तो (पञ्चमीतत्पुरुषः) ।

सं. यः कुमारपालः पुरा सिद्धराजभयाद् भ्रमितवान्, स पश्चाद् श्रीहेमचन्द्रसूरिसाहाय्येन भयमुक्तो भूत्वा राज्यं प्राप्नोत् ।

16. *हि. जिनके पास बहुत धन है और इस पर्वत पर जिनालय बनवाकर लोगों को सन्तुष्ट करके जिन्होंने महायश प्राप्त किया है, वे ये वस्तुपाल और तेजपाल महामन्त्री हैं ।*

प्रा. बहुधणा एयंमि गिरिम्मि सुंदरजिणालए निम्मविअ, जणे य संतोसिऊण लद्धमहाजसा एए वत्थुवालतेयवाला महामंतिणो संति ।

समास विग्रह :- बहुं धणं जेसिं ते बहुधणा (बहुव्रीहिः) ।

जिणाणं आलया जिणालया । सुंदरा य एए जिणालया सुंदरजिणालया, एए सुंदरजिणालए (षष्ठीतत्पुरुष-कर्मधारयौ) ।

महंतो य एसो जसो महाजसो । लद्धो महाजसो जेहिं ते लद्धमहाजसा (कर्मधारय-बहुव्रीहिः) ।

वत्थुवालो य तेयवालो य वत्थुवालतेयवाला (द्वन्द्वः) ।

महंता मंतिणो महामंतिणो (कर्मधारयः) ।

सं. बहुधनावेतस्मिन् गिरौ सुन्दरजिनालयान् निर्माप्य, जनांश्च संतोष्य लब्धमहायशसावेतौ वस्तुपालतेजपालौ महामन्त्रिणौ स्तः ।

# पाठ - 24

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. जइ से पिया न पव्वइओ हुंतो तो लट्ठं हुंतं ।**
   **सं.** यदि तस्य पिता न प्रव्रजितोऽभविष्यत् ततः सुन्दरमभविष्यत् ।
   **हि.** ***जो उसके पिता प्रव्रजित न हुए होते तो अच्छा होता ।***
2. **प्रा. तइयच्चिय पव्वज्जं गिण्हंतो, ता इण्हिं एरिसं पराभवं नेव पाविन्तो ।**
   **सं.** तदैव प्रव्रज्यामग्रहीष्यत्, तत इदानीमीदृशं पराभवं नैव प्राप्स्यत् ।
   **हि.** ***तभी (उस समय) ही उसने प्रव्रज्या ग्रहण की होती, तो अब ऐसा = इस प्रकार का पराभव प्राप्त नहीं होता ।***
3. **प्रा. सव्वेसिं गुणाणं बम्हचेरं उत्तममत्थि ।**
   **सं.** सर्वेषां गुणानां ब्रह्मचर्यमुत्तममस्ति ।
   **हि.** ***सभी गुणों में ब्रह्मचर्य श्रेष्ठ है ।***
4. **प्रा. गुरवो सया अम्ह रक्खन्तु ।**
   **सं.** गुरवस्सदाऽस्मान् रक्षन्तु ।
   **हि.** ***गुरुजन हमेशा हमारी रक्षा करो ।***
5. **प्रा. कण्हेण भयवं पुच्छिओ, सामि ! कत्तो मे मरणं भविस्सइ ? सामिणा कहियं, जो एस ते जेट्ठभाया वसुदेवपुत्तो जरादेवीए जाओ जराकुमारो नाम, इमाओ ते मच्चू, तओ जायवाण जराकुमारे सविसाया सोएण निवडिया दिट्ठी, चिंतिअं इमिणा 'अहो ! कट्ठं, अहं वसुदेवपुत्तो होऊण सयलजणिट्ठं कणिट्ठं भायरं विणासेहामि' त्ति, तओ आपुच्छिऊण जादवजणं जणद्दणरक्खणत्थं गओ वणवासं जराकुमारो ।**
   **समास विग्रह :- जेट्ठो य एसो भाया जेट्ठभाया (कर्मधारयः) ।**
   **वसुदेवस्स पुत्तो वसुदेवपुत्तो (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**
   **विसायेण सह सविसाया (सहार्थे तत्पुरुषः) ।**
   **सयला य एए जणा सयलजणा । सयलजणाणं इट्ठो सयलजणिट्ठो, तं सयलजणिट्ठं (कर्मधारय-षष्ठीतत्पुरुषौ) ।**
   **जादवो य एसो जणो जादवजणो, तं जादवजणं (कर्मधारयः) ।**
   **जणद्दणस्स रक्खणं जणद्दणरक्खणं । जणद्दणरक्खणायत्ति जणद्दणरक्खणत्थं (षष्ठी-चतुर्थीतत्पुरुषौ) ।**

**वणे वासो वणवासो, तं वणवासं (सप्तमीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** कृष्णेन भगवान् पृष्टः, स्वामिन् ! कुतो मे मरणं भविष्यति ?, स्वामिना कथितम् - य एष ते ज्येष्ठभ्राता वसुदेवपुत्रो जरादेव्या जातो जराकुमारो नाम, अस्मात्तव मृत्युस्ततो यादवानां जराकुमारे सविषादा शोकेन निपतिता दृष्टिः, चिन्तितमनेन, अहो कष्टम्, अहं वसुदेवपुत्रो भूत्वा सकलजनेष्टं कनिष्ठं भ्रातरं विनाशयिष्यामीति, तत आप्रच्छ्य यादवजनं जनार्दनरक्षणार्थं गतो वनवासं जराकुमारः ।

**हि.** ***कृष्ण द्वारा भगवान् पूछे गए, हे स्वामी ! मेरी मृत्यु किससे होगी ? स्वामी ने कहा - यह तेरा बड़ा भाई, वसुदेव का पुत्र, जरादेवी से उत्पन्न जराकुमार नामक है, उससे तेरी मृत्यु होगी । इससे जराकुमार पर यादवों की खेदसहित शोकवाली दृष्टि गिरी । तब जराकुमार ने विचार किया कि-अहो दुःख है कि मैं वसुदेव का पुत्र होकर सभी लोगों को इष्ट छोटे भाई का विनाश करूँगा, अतः यादवों की अनुमति लेकर कृष्ण के रक्षण हेतु जराकुमार वनवास को चला गया ।***

6. **प्रा. जइं रूवं होन्तं, ता सव्वगुणसंपया होन्ता ।**

**समास विग्रह :- सव्वे य एए गुणा सव्वगुणा । सव्वगुणाणं संपया सव्वगुणसंपया (कर्मधारय-षष्टीतत्पुरुषौ)**

**सं.** यदि रूपमभविष्यत् ततः सर्वगुणसम्पदभविष्यत् ।

**हि.** ***जो रूपवान् होता तो सब गुणसम्पत्ति होती ।***

7. **प्रा. हे वीरजिणेसर ! तह कुणसु अम्ह पसायं, जह न संसारे अम्ह निवडिमो ।**

**समास विग्रह :- जिणाणं ईसरो जिणेसरो । वीरो य एसो जिणेसरो वीरजिणेसरो, संबोहणे हे वीरजिणेसर ! (षष्टीतत्पुरुष-कर्मधारयौ) ।**

**सं.** हे वीरजिनेश्वर ! तथा कुरु अस्माकं प्रसादं यथा न संसारे वयं निपतामः ।

**हि.** ***हे वीरजिनेश्वर ! हम पर ऐसी कृपा करो कि जिससे हम संसार में न रहें ।***

8. **प्रा. चिट्ठउ दूरे मंतो तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ ।**
**समास विग्रह :- बहु फलं जम्मि सो बहुफलो (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** तिष्ठतु दूरे मन्त्रस्तव प्रणामोऽपि बहुफलो भवति ।

***हि. मन्त्र तो दूर रहो, आपको (किया हुआ) प्रणाम भी अत्यधिक फलवाला होता है ।***

9. **प्रा. न मं मोत्तुं अन्नो उचिओ इमीए, ता मुंच एयं, जुद्धसज्जो वा होहि ।**
**समास विग्रह :-** जुद्धाय सज्जो जुद्धसज्जो (चतुर्थीतत्पुरुषः) ।

**सं.** न मां मुक्त्वाऽन्य उचितोऽस्यास्तस्माद् मुञ्चैतां, युद्धसज्जो वा भव ।

***हि. मेरे सिवाय अन्य इस (स्त्री) के लिए योग्य नहीं है, अतः इसको छोड़ दे अथवा युद्ध के लिए सज्ज बन ।***

10. **प्रा. साहूहिं वुत्तं जइ ते अइनिब्बंधो, तो संघसहिए अम्हे मेरुम्मि नेऊण चेइयाइं वंदावेह, तीए (देवीए) भणियं, तुम्हे दो जणे अहं देवे तत्थ वंदावेमि ।**
**समास विग्रह :- संघेण सहिआ संघसहिआ, ते संघसहिए । (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

**सं.** साधुभ्यामुक्तं, यदि तेऽतिनिर्बन्धस्ततः संघसहितौ नौ मेरौ नीत्वा चैत्यानि वन्दय, तया (देव्या) भणितं, युवां द्वौ जनौ अहं देवान् तत्र वन्दयामि ।

***हि. दो साधुओं ने कहा कि ''जो तुम्हारा अत्याग्रह है तो संघसहित हम दोनों को मेरुपर्वत पर ले जाकर परमात्मा को वन्दन करवाओ'' देवी ने कहा कि मैं तुम दोनों को वहाँ (मेरुपर्वत पर) परमात्मा को वन्दन करवाती हूँ ।***

11. **प्रा. अम्हेहिं कालगएहिं समाणेहिं परिणयवए अणगारियं पव्वइहिसि ।**
**समास विग्रह :- कालं गया कालगया तेहिं कालगएहिं (द्वितीयातत्पुरुषः) ।**
**परिणयं य एअं वयं परिणयवयं, तम्मि परिणयवए (कर्मधारयः) ।**
**नत्थि अगारो जस्स सो अणगारो (नञर्थे बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** अस्मासु कालगतेषु सत्सु परिणतवया अनगारितां प्रव्रजिष्यसि ।

*हि. हमारी मृत्यु होने पर परिपक्व उम्रवाला तू साधुजीवन का स्वीकार करना।*

12. प्रा. **किं मे कडं ?, किं च मे किच्चसेसं ?, किं च सक्कणिज्जं न समायरामित्ति पच्चूहे सया झाएयव्वं।**

**समास विग्रह :- किच्चस्स सेसो किच्चसेसो, तं किच्चसेसं (षष्ठीतत्पुरुषः)।**

**सं.** किं मे (मया) कृतं ?, किं च मे कृत्यशेषं ?, किं च शक्यं न समाचरामीति प्रत्यूषे सदा ध्यातव्यम्।

*हि. मेरे द्वारा क्या किया गया ? मेरे करने योग्य क्या बाकी है ?, शक्य ऐसा मैं क्या नहीं करता हूँ ? इस प्रकार सुबह हमेशा चिन्तन करना चाहिए।*

13. प्रा. **जं जेण जया जत्थ, जारिसं कम्मं सुहमसुहं उवज्जियं।**
**तं तेण तया तत्थ, तारिसं कम्मं दोरियनिबद्धं व संपज्जइ ।।59।।**

**समास विग्रह :- दोरियेण निबद्धं दोरियनिबद्धं (तृतीयातत्पुरुषः)।**

**सं.** येन यदा यत्र यादृशं, यत् शुभमशुभं कर्मोपार्जितम्।
तेन तदा तत्र तादृशं, तत् कर्म दवरिकानिबद्धमिव संपद्यते ।।59।।

*हि. जिसके द्वारा जब जहाँ जिस प्रकार का जो शुभ अथवा अशुभ कर्म उपार्जन किया गया हो, उसके द्वारा तब वहाँ उसी प्रकार का वह कर्म रस्सी से बँधे हुए की तरह प्राप्त किया जाता है।*

14. प्रा. **तं कुण धम्मं, जेण सुहं सो च्चिय चिंतेइ तुह सव्वं।**

**सं.** त्वं कुरु धर्मं, येन सुखं स एव चिन्तयति तव सर्वम्।

*हि. तू धर्म कर, जिससे वह धर्म ही तेरे सब सुख का विचार करता है।*

15. प्रा. **खामेमि सव्व जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे।**
**मित्ती मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झं न केणइ ।।60।।**

**समास विग्रह :- सव्वे य एए जीवा सव्वजीवा, ते सव्वजीवे (कर्मधारयः)।**

**सव्वाइं च ताइं भूयाइं सव्वभूयाइं, तेसु सव्वभूएसु (कर्मधारयः)।**

**सं.** सर्वजीवान् क्षमयामि, सर्वे जीवा मां क्षाम्यन्तु।
मे सर्वभूतेषु मैत्री, मम केनचिद् वैरं न ।।60।।

*हि. मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूँ, सभी जीव मुझे क्षमा करें, मेरी सभी जीवों के साथ मित्रता है, मेरी किसी के साथ शत्रुता नहीं है।*

16. प्रा. **सव्वस्स समणसंघस्स, भगवओ अंजलिं करिअ सीसे ।**
**सव्वं खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयं पि ।।61।।**
**समास विग्रह :- समणपहाणो संघो समणसंघो तस्स समणसंघस्स (उत्तरपदलोपी तत्पुरुषः) ।**

**सं.** भगवतः सर्वस्य श्रमणसङ्घस्य शीर्षेऽञ्जलिं कृत्वा ।
सर्वं क्षमयित्वा, अहमपि सर्वस्य क्षाम्यामि ।।61।।

**हि.** ***पूज्य सभी श्रमणसंघ को मस्तक पर दो हाथ जोड़कर, सभी को क्षमा करके, मैं भी सभी के पास क्षमा माँगता हूँ ।***

17. प्रा. **जीसे खित्ते साहू, दंसणनाणेहिं चरणसहिएहिं ।**
**साहंति मुक्खमग्गं, सा देवी हरउ दुरिआइं ।।62।।**
**समास विग्रह :- दंसणं य नाणं य दंसणनाणाइं, तेहिं दंसणनाणेहिं (द्वन्द्वसमासः) ।**
**चरणेण सहिआइं चरणसहिआइं तेहिं चरणसहिएहिं (तृतीयातत्पुरुषः) ।**
**मुक्खस्स मग्गो मुक्खमग्गो तं मुक्खमग्गं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** यस्याः क्षेत्रे साधवः, चारित्रसहितैर्दर्शनज्ञानैः ।
मोक्षमार्गं साध्नुवन्ति, सा देवी दुरितानि हरतु ।।62।।

**हि.** ***जिसके क्षेत्र में साधु भगवन्त चारित्रसहित दर्शन और ज्ञान द्वारा मोक्षमार्ग की साधना करते हैं, वह देवी पापों को दूर करे ।***

18. प्रा. **हसउ अ रमउ अ तुह सहिजणो, हसामु अ रमामु अ अहंपि ।**
**हससु अ रमसु अ तंपि, इअ भणिही मम पिओ इण्हिं ।।63।।**
**समास विग्रह :- सहीणं जणो सहिजणो (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** तव सखिजनो हसतु रमतां च, अहमपि हसानि रमै च ।
त्वमपि हस रमस्व च, इति मम प्रिय इदानीमभणत् ।।63।।

**हि.** ***तेरा मित्रवर्ग हँसे और खेले, मैं भी हँसू और खेलूं, तू भी हँस और खेल इस प्रकार मेरे प्रिय ने अब कहा ।***

19. प्रा. **सामाइयंमि उ कए, समणो इव सावओ हवइ जम्हा ।**
**एएण कारणेणं, बहुसो सामाइयं कुज्जा ।।64।।**

**सं.** सामायिके तु कृते, यस्मात् श्रावकः श्रमण इव भवति ।
एतेन कारणेन, बहुशः सामायिकं कुर्यात् ।।64।।

**हि.** ***जिस कारण से सामायिक करने पर श्रावक साधु के समान बनता है, इस कारण से बहुत बार सामायिक करना चाहिए ।***

20. प्रा. **जइ मे हुज्ज पमाओ, इमस्स देहस्सिमाई रयणीए ।**
**आहारमुवहिदेहं, सव्वं तिविहेण वोसिरिअं ।।65।।**
**समास विग्रह :- उवही य देहो य तेसिं समाहारो उवहिदेहं (समाहारद्वन्द्वः) ।**

सं. यदि मे देहस्याऽस्यां रजन्यां प्रमादो भवेत् ।
आहारमुपधिदेहं, सर्वं त्रिविधेन व्युत्सृष्टम् ।।65।।

हि. ***जो मेरे इस शरीर की इस रात्रि में मृत्यु हो जाय, तो आहार, उपधि और देह इन सबका त्रिविध (मन-वचन-काया) से त्याग किया ।***

21. प्रा. **एगोहं नत्थि मे कोइ, नाहमन्नस्स कस्सइ ।**
**एवं अदीणमणसो, अप्पाणमणुसासइ ।।66।।**
**समास विग्रह :- अदीणं मणं जस्स सो अदीणमणसो (बहुव्रीहिः) ।**

सं. अहमेकः, मे कोऽपि नाऽस्ति, अहमन्यस्य कस्यचिन्न ।
एवमदीनमना आत्मानमनुशास्ति ।।66।।

हि. ***मैं अकेला हूँ, मेरा कोई नहीं है, मैं अन्य किसी का नहीं हूँ, इस प्रकार दीनतारहित मनवाला आत्मा को शिक्षण देता है ।***

22. प्रा. **एगो मे सासओ अप्पा, नाणदंसणसंजुओ ।**
**सेसा मे बाहिराभावा, सव्वे संजोगलक्खणा ।।67।।**
**समास विग्रह :- नाणं च दंसणं च नाणदंसणाइं, नाणदंसणेहिं संजुओ नाणदंसणसंजुओ (द्वन्द्व-तृतीयातत्पुरुषौ) ।**
**संजोगो लक्खणं जेसिं ते संजोगलक्खणा (बहुव्रीहिः) ।**

सं. ज्ञानदर्शनसंयुक्त एको मे आत्मा शाश्वतः ।
शेषा मे भावा बाह्याः, सर्वे संयोगलक्खणा ।।67।।

हि. ***ज्ञानदर्शनसहित ऐसी एक मेरी आत्मा ही नित्य है, शेष मेरे सब भाव बाह्य हैं = मेरे स्वयं के नहीं हैं और वे सब संयोग लक्षणवाले हैं ।***

23. प्रा. **संजोगमूला जीवेण, पत्ता दुक्खपरंपरा ।**
**तम्हा संजोगसंबंधं, सव्वं तिविहेण वोसिरिअं ।।68।।**
**समास विग्रह :- संजोगो मूलं जाए सा संजोगमूला (बहुव्रीहिः) ।**
**दुक्खाणं परंपरा दुक्खपरंपरा (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**
**संजोगाणं संबंधं संजोगसंबंधं (षष्ठी तत्पुरुषः) ।**

सं. संयोगमूला दुक्खपरंपरा जीवेन प्राप्ता ।
तस्मात् सर्वं संयोगसंबन्धं, त्रिविधेन व्युत्सृष्टम् ।।68।।

हि. *संयोगमूलक = संयोग के कारण से दुःखों की परम्परा जीव द्वारा प्राप्त की गई है, अतः सभी संयोग के सम्बन्ध का त्रिविध = मन-वचन-काया से त्याग किया है ।*

24. प्रा. **अरिहंतो मह देवो, जावज्जीवं सुसाहूणो गुरुणो ।**
**जिणपन्नत्तं तत्तं, इअ सम्मत्तं मए गहिअं ।।69।।**
**समास विग्रह :- जीवं जावत्ति जावज्जीवं (अव्ययीभावः) ।**
**जिणेहिं पन्नत्तं जिणपन्नत्तं (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

सं. अर्हन् मम देवो, यावज्जीवं सुसाधवो गुरवः ।
जिनप्रज्ञप्तं तत्त्वमिति, सम्यक्त्वं मया गृहीतम् ।।69।।

हि. *अरिहन्त मेरे देव हैं, जीवनपर्यन्त सुसाधु भगवन्त मेरे गुरु हैं, श्री जिनेश्वर ने जो कहा वह तत्त्व है इस प्रकार का सम्यक्त्व मेरे द्वारा ग्रहण किया गया है ।*

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत एवं संस्कृत अनुवाद

1. हि. *देवों और असुरों के समुदाय से वन्दित जिनेश्वर भगवन्त हमारा रक्षण करें ।*

प्रा. **सुरासुरविंदवंदिया जिणीसरा अम्हे रक्खन्तु ।**
**समास विग्रह :- सुरा य असुरा य सुरासुरा । सुरासुराणं विंदं सुरासुरविंदं । सुरासुरविंदेण वंदिया सुरासुरविंदवंदिया । (द्वन्द्व-षष्ठी-तृतीयातत्पुरुषाः)।**
**जिणाणं ईसरा जिणीसरा (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

सं. सुरासुरवृन्दवन्दिता जिनेश्वरा अस्मान् रक्षन्तु ।

2. हि. *जो विह्वल (मनुष्य) को शान्ति देता है, दुःख में आये हुए का उद्धार करता है, शरण में आये हुए का रक्षण करता है, उन पुरुषों द्वारा पृथ्वी अलंकृत है ।*

प्रा. **जे विहलिअजणे संतिं देंति, दुहपडिए उद्धरेन्ति, सरणागए य रक्खेइरे, तेहिं पुरिसेहिं इमा पुहुवी अलंकिया अत्थि ।**
**समास विग्रह :- विहलिआ य ते जणा विहलिअजणा, ते विहलिअजणे (कर्मधारयः) ।**

**दुहं पडिआ दुहपडिआ, ते दुहपडिए (द्वितीयातत्पुरुषः) ।**
**सरणं आगया सरणागया, ते सरणागए (द्वितीयातत्पुरुषः) ।**

**सं.** ये विह्वलितजनान् शान्तिं ददति, दुःखपतितानुद्धरन्ति, शरणाऽऽगतांश्च रक्षन्ति, तैः पुरुषैरियं पृथ्व्यलङ्कृताऽस्ति ।

3. **हि.** ***अहिंसा, संयम और तपस्वरूप धर्म जिनके हृदय में है, उनको देव भी नमस्कार करते हैं ।***

**प्रा.** **अहिंसासंजमतवधम्मो जेसिं हिययंमि होइ, ते देवा वि नमंसंति ।**
**समास विग्रह :- अहिंसा य संजमो य तवो य अहिंसासंजमतवाइं (द्वन्द्वः) ।**
**अहिंसासंजमतवाइं च्चिय धम्मो अहिंसासंजमतवधम्मो । (कर्मधारयः) ।**

**सं.** अहिंसासंयमतपोधर्मो येषां हृदये भवति, तान् देवा अपि वन्दन्ते ।

4. **हि.** ***जो मनुष्य धर्म का त्याग करके मात्र काम और भोगों का सेवन करता है, वह किसी भी काल में सुख नहीं पाता है ।***

**प्रा.** **जो जणो धम्मं चइत्ता केवलं कामभोए सेवइ, सो कयावि सुहं न पावेइ ।**
**समास विग्रह :- कामो य भोया य कामभोया, ते कामभोए (द्वन्द्वः) ।**

**सं.** यो जनो धर्मं त्यक्त्वा केवलं कामभोगान् सेवते, स कदापि सुखं न प्राप्नोति ।

5. **हि.** ***सभी मंगलों में प्रथम मंगल कौन-सा है ?***

**प्रा.** **मंगलाणं च सव्वेसिं पढमं मंगलं किमत्थि ? ।**

**सं.** मङ्गलानां च सर्वेषां, प्रथमं मङ्गलं किमस्ति ? ।

6. **हि.** ***हे भगवन् ! धर्म का उपदेश देने से आपने मेरे पर अनुग्रह किया है ।***

**प्रा.** **भयवं ! धम्मुवएसदाणेण तुब्भे मइ अणुग्गहं करीअ ।**
**समास विग्रह :- धम्मस्स उवएसो धम्मुवएसो । धम्मुवएसस्स दाणं धम्मुवएसदाणं तेण धम्मुवएसदाणेण (उभयत्र षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** हे भगवन्त ! धर्मोपदेशदानेन यूयं मय्यनुग्रहमकुरुत ।

7. **हि.** ***स्वामी की आज्ञा में रहने में ही तुम्हारा कल्याण है ।***

**प्रा.** **सामिणो आणाए वासे चेव तुम्हाणं कल्लाणं अत्थि ।**

**सं.** स्वामिन आज्ञायां वासे चेव युष्माकं कल्याणमस्ति ।

8. *हि. जब पुण्य नष्ट होता है, तब सब विपरीत होता है ।*

**प्रा. जया पुण्णं नस्सई, तया सव्वं विवरीअं होइ ।**

**सं.** यदा पुण्यं नश्यति, तदा सर्वं विपरीतं भवति ।

9. *हि. हे प्रभो ! तुम्हारे चरण की शरण लेकर, कौन-सा मनुष्य संसार नहीं तरेगा ? ।*

**प्रा. हे पहू ! तुम्ह चरणाणं सरणं गहिऊण को जणो संसारं न तरिहिइ ? ।**

**सं.** हे प्रभो ! तव चरणानां शरणं गृहीत्वा को जनः संसारं न तरिष्यति ? ।

10. *हि. इस लोक (भव) में जो शुभ अथवा अशुभ कर्म किया है, वही परलोक में साथ में आता है, अतः (इसलिए) तू शुभकर्म का संचय कर ।*

**प्रा. इमंसि लोगंसि जं सुहासुहकम्मं कयं, तं चेव परम्मि लोगम्मि सह आगच्छेइ, तओ तुं सुहकम्मं संचिणसु ।**

**समास विग्रह :- सुहं य असुहं य सुहासुहं । सुहासुहं य तं कम्मं सुहासुहकम्मं । (द्वन्द्व-कर्मधारयौ) ।**

**सुहं य तं कम्मं सुहकम्मं (कर्मधारयः) ।**

**सं.** अस्मिंल्लोके यच्छुभाशुभकर्म कृतं, तच्चैव परस्मिंल्लोके सहाऽऽगच्छति, ततस्त्वं शुभकर्म संचिनु ।

11. *हि. इस संसार में किसका जीवन सफल है ?*

**प्रा. अमुम्मि संसारंमि कस्स जीविअं सहलं अत्थि ? ।**

**सं.** अमुष्मिन् संसारे कस्य जीवितं सफलमस्ति ? ।

12. *हि. जिसके जीवित रहने पर सज्जन और मुनि जीवित रहते हैं और जो हमेशा परोपकारी होते हैं, उनका जीवन सफल है ।*

**प्रा. जाहे जीवंते सज्जणा मुणिणो य जीवन्ति, यश्च सदा परोपकारी भवति, तस्य जीविअं सहलं अत्थि ।**

**समास विग्रह :- संता य ते जणा सज्जणा (कर्मधारयः) ।**

**परेसिं उवयारी परोवयारी (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** यस्मिञ् जीवति सज्जना मुनयश्च जीवन्ति, यश्च सदा परोपकारी भवति, तस्य जीवितं सफलमस्ति ।

13. *हि. यह मेरा है और यह तुम्हारा है, इस प्रकार (भाव) लघुमनवाले को होता है परन्तु महात्माओं को तो सम्पूर्ण जगत् अपना ही है ।*

**प्रा. इमं मज्झ अत्थि, इमं च तुज्झ अत्थि, इइ लहुचेयाणं होइ, महप्पाणं तु सव्वं जगं अप्पकेरं चिय होइ ।**

**समास विग्रह :- लहुं चेयं जेसिं ते लहुचेया, तेसिं लहुचेयाणं (बहुव्रीहिः) ।**

**महंतो अप्पा जेसिं ते महप्पाणो, तेसिं महप्पाणं (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** इदं मम अस्ति, इदं च तवाऽस्ति, इति लघुचेतसां भवति, महात्मानां तु सर्वं जगद् आत्मीयं चैव भवति ।

14. *हि. तू कहता है कि यह पुस्तक मेरी है और तेरा मित्र कहता है कि यह पुस्तक उसकी है, तो तुम्हारे में सत्यवादी कौन है ?*

**प्रा. तुं कहेसि इमं पुत्थयं मम अत्थि, तव मित्तं च कहेइ अमुं पुत्थयं तस्स अत्थि, ता तुम्हेसु सच्चवओ को अत्थि ? ।**

**समास विग्रह :- सच्चं च्चिय वयं जस्स सो सच्चवओ (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** त्वं कथयसि, इदं पुस्तकं ममाऽस्ति, तव मित्रं च कथयति, अदः पुस्तकं तस्याऽस्ति, ततो युवयोः सत्यव्रतः कोऽस्ति ? ।

15. *हि. उस मनुष्य ने इन बालकों को और उन बालिकाओं को सभी फल दे दिये ।*

**प्रा. सो जणो इमेसि बालाणं अमूणं च कन्नगाणं सव्वफलाइं दाहीअ ।**

**समास विग्रह :- सव्वाइं च ताइं फलाइं सव्वफलाइं (कर्मधारयः) ।**

**सं.** सः जन एभ्यो बालेभ्यः, अमूभ्यश्च कन्यकाभ्यः सर्वफलान्यददत् ।

16. *हि. राजा एकाएक बोला कि वे मनुष्य कौन हैं ? कहाँ से आये हैं ? और मेरे पास उनका क्या काम है ?*

**प्रा. राया सहसा बोल्लीअ, इमे जणा के संति ? कत्तो आगच्छन्ति ? मम समीवे तेसिं किं कज्जं अत्थि ? ।**

**सं.** राजा सहसाऽब्रवीद्, इमे जनाः के सन्ति ?, कुत आगच्छन्ति, मम समीपे तेषां किं कार्यमस्ति ? ।

# पाठ - 25

## प्राकृत वाक्यों का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद

1. **प्रा. उवज्झायो चउण्हं समणाणं सुत्तस्स वायणं देइ ।**

   **सं.** उपाध्यायश्चतुर्भ्यः श्रमणेभ्यो वाचनां ददाति ।

   ***हि. उपाध्याय भ. चार साधुओं को सूत्र की वाचना देते हैं ।***

2. **प्रा. पंच पंडवा सिद्धगिरिम्मि निव्वाणं पावीअ ।**

   **सं.** पञ्च पाण्डवाः सिद्धगिरौ निर्वाणं प्राप्नुवन् ।

   ***हि. पाँच पाण्डव सिद्धगिरि पर निर्वाण को प्राप्त हुए ।***

3. **प्रा. कामो कोहो लोहो मोहो मओ मच्छरो य छ वियारा जीवाणमहियगरा ।**

   **सं.** कामः क्रोधो लोभो मोहो मदो मत्सरश्च षड् विकाराः जीवानामहितकराः ।

   ***हि. काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और ईर्ष्या ये छह विकार जीवों का अहित करनेवाले हैं ।***

4. **प्रा. अस्सिं उज्जाणे पणवीसा अंबा, छत्तीसा य लिंबा, एगासीई केलीओ, सडसट्ठी चंपआ अत्थि ।**

   **सं.** अस्मिन्नुद्याने पञ्चविंशतिराम्राः, षट्त्रिंशच्च निम्बाः, एकाशीतिः केल्यः, सप्तषष्टिश्चम्पकास्सन्ति ।

   ***हि. इस बगीचे = बाग में आम्र के पच्चीस वृक्ष, नीम के छत्तीस वृक्ष, केले के इक्यासी वृक्ष और सड़सठ चंपक वृक्ष हैं ।***

5. **प्रा. सो समणो पव्वइओ अद्धुट्ठेहिं सह खंडियसएहिं ।**

   **समास विग्रह :- खंडियाण सयाइँ खंडियसयाइं, तेहि खंडियसएहिं (षष्ठीतत्पुरुषः ।)**

   **सं.** स श्रमणः प्रव्रजितोऽर्द्धचतुर्थैः सह खण्डिकशतैः ।

   ***हि. उस साधु भ. ने साढ़े तीन सौ विद्यार्थियों के साथ दीक्षा ग्रहण की ।***

6. **प्रा. नहे सत्तण्हं रिसीणं सत्त तारा दीसंति ।**

   **सं.** नभसि सप्तानामृषीणां सप्त तारकाणि दृश्यन्ते ।

   ***हि. आकाश में सात ऋषियों के सात (सप्तर्षि) तारे दिखाई देते हैं ।***

7. **प्रा. समोसरणे भयवं महावीरो देवदाणवमणुअपरिसाए चउहिं मुहेहिं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ ।**

   **समास विग्रह :- देवा य दाणवा य मणुआ य देवदाणवमणुआ ।**

**देवदाणवमणुआणं परिसा देवदाणवमणुअपरिसा, ताए देवदाणवमणुअपरिसाए (द्वन्द्व-षष्ठीतत्पुरुषौ ) ।**

**सं.** समवसरणो भगवान् महावीरो देवदानवमनुजपर्षदि चतुर्भिर्मुखैरर्धमागध्या भाषया धर्ममाचष्टे ।

***हि.** समवसरण में भगवान् महावीर देव, दानव और मनुष्यों की पर्षदा में चार मुख द्वारा अर्धमागधी भाषा से धर्म कहते है ।*

8. **प्रा. तिसलादेवी चइत्तमासस्स सुक्कपक्खे तेरसीए तिहीए महावीरं पुत्तं पयाही ।**

**समास विग्रह :- चइत्तो य एसो मासो चइत्तमासो, तस्स चइत्तमासस्स (कर्मधारयः) ।**

**सुक्को य एसो पक्खो सुक्कपक्खो, तम्मि सुक्कपक्खे (कर्मधारयः) ।**

**सं.** त्रिशलादेवी चैत्रमासस्य शुक्लपक्षे त्रयोदश्यां तिथौ महावीरं पुत्रं प्रजायत ।

***हि.** त्रिशलादेवी ने चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि में पुत्र महावीर को जन्म दिया ।*

9. **प्रा. दसहिं दसेहिं सयं होइ, दसहिं सएहिं सहस्सं ।**
**दसहिं सहस्सेहिं अजुयं, दसहि अजुएहिं लक्खं च ।।70।।**

**सं.** दशभिर्दशभिः शतं भवति, दशभिः शतैः सहस्रम् ।
दशभिः सहस्रैरयुतं, दशभिरयुतैर्लक्षं च ।।70।।

***हि.** दस को दस से गुणा करने पर सौ होता है, दस को सौ से गुणा करने पर हजार, दस को हजार से गुणा करने पर अयुत = दस हजार और दस को अयुत से गुणा करने पर लाख होता है ।*

10. **प्रा. उसमे अरिहा कोसलिए पढमराया, पढमभिक्खायरिए, पढमतित्थयरे, वीसं पुव्वसयसहस्साइं कुमारवासे वसित्ता, तेवट्ठिं पुव्वसयसहस्साइं रज्जमणुपालमाणे लेहाइयाओ सउणरुअपज्जवसाणाओ बावत्तरिं कलाओ, चोवट्ठिं महिलागुणे, सिप्पाणमेगसयं, एए तिन्नि पयाहियट्ठाए उवदिसइ, उवदिसित्ता पुत्तसयं रज्जसए अभिसिंचइ, तत्तो पच्छा लोगंतिएहिं देवेहिं संबोहिए संवच्छरियं दाणं दाऊण परिव्वइओ ।**

**समास विग्रह - पढमो य एसो राया पढमराया (कर्मधारयः) ।**
**पढमो य एसो भिक्खायरिओ पढमभिक्खायरिए (कर्मधारयः) ।**
**पढमो य एसो तित्थयरो पढमतित्थयरे (कर्मधारयः) ।**

**सयाणं सहस्साइं सयसहस्साइं, पुव्वाणं सयसहस्साइं पुव्वसयसहस्साइं (उभयत्र षष्ठी तत्पुरुष:) ।**

**कुमारे वासो कुमारवासो, तम्मि कुमारवासे (सप्तमीतत्पुरुष:) ।**

**लेहो आई जासुं ताउ लेहाइयाओ (बहुव्रीहि:) ।**

**सउणाणं रुआइं सउणरुआइं । सउणरुआइं पज्जवसाणे जासु ताओ सउणरुअपज्जवसाणाओ (षष्ठीतत्पुरुष-बहुव्रीहि:) ।**

**महिलाणं गुणा महिलागुणा, ते महिलागुणे (षष्ठीतत्पुरुष:) ।**

**एकं च्चिय सयं एगसयं (कर्मधारय:) ।**

**पयाणं हियं पयाहियं । पयाहियाय त्ति पयाहियट्ठं, से पयाहियट्ठाए (षष्ठीतत्पुरुष: - चतुर्थ्यर्थे तत्पुरुषश्च) ।**

**पुत्ताणं सयं पुत्तसयं (षष्ठीतत्पुरुष:) ।**

**रज्जाणं सयं रज्जसयं, तम्मि रज्जसए (षष्ठीतत्पुरुष:) ।**

**सं.** ऋषभोऽर्हन् कौशलिक: प्रथमराज:, प्रथमभिक्षाचरक:, प्रथमतीर्थकरो विंशतिं पूर्वशतसहस्राणि कुमारवासे उषित्वा, त्रिषष्टिं पूर्वशतसहस्राणि राज्यमनुपाल्यमानो लेखादिका: शकुनरुतपर्यवसाना द्वासप्ततिं कला:, चतुष्षष्टिं महिलागुणान् शिल्पानामेकशतमेतानि त्रीणि प्रजाहितार्थायोपदिशति, उपदिश्य पुत्रशतं राज्यशतेऽभिषिञ्चति, तत: पश्चाल्लोकान्तिकदेवै: संबोधित: सांवत्सरिकं दानं दत्वा परिव्रजित: ।

*हि. अयोध्या नगरी में उत्पन्न प्रथम राजा, प्रथम भिक्षाचर, प्रथम तीर्थंकर, अरिहन्त श्रीऋषभदेव ने बीस लाख पूर्वपर्यन्त कुमारावस्था में रहकर, त्रेसठ लाख पूर्व राज्य का पालन करते, लेख इत्यादि पक्षी के शब्दपर्यन्त बहोत्तर कला, स्त्रियों के चौसठ गुण, एक सौ शिल्प, ये तीन प्रजा के हित हेतु बताते हैं । बताकर सौ पुत्रों का सौ राज्य पर अभिषेक करते हैं, उसके बाद लौकान्तिक देवों द्वारा सम्बोधित सांवत्सरिक दान देकर दीक्षा ली ।*

11. **प्रा. जिणमए एगादस अंगाणि, बारस उवंगाणि, छ छेयगंथा, दस पइन्नगाइं, चत्तारि मूलसुत्ताइं, नंदिसुत्तअणुओगदाराइं च दोण्णि त्ति पणयालीसा आगमा संति ।**

**समास विग्रह :- जिणस्स मयं जिणमयं, तम्मि जिणमए (षष्ठीतत्पुरुष:) ।**

**छेयस्स गंथा छेयगंथा (षष्टीतत्पुरुष:) ।**

**मूलाइं च ताइं सुत्ताइं मूलसुत्ताइं (कर्मधारय:) ।**

**नंदिसुत्तं य अणुओगदाराइं च नंदीसुत्तअणुओगदाराइं (द्वन्द्वः) ।**

**सं.** जिनमते एकादशाङ्गानि, द्वादशोपाङ्गानि, षट् छेदग्रन्था:, दश प्रकीर्णकानि, चत्वारि मूलसूत्राणि नन्दिसूत्रानुयोगद्वारे च द्वे इति पञ्चचत्वारिंशदागमास्सन्ति ।

**हि.** ***जिनमत में ग्यारह अंग, बारह उपांग, छह छेदग्रन्थ, दश पयन्ना चार मूलसूत्र, नन्दिसूत्र और अनुयोगद्वार ये दो, इस प्रकार पैंतालीस आगम हैं ।***

12. **प्रा. भंते ! नाणं कइविहं पन्नत्तं ? गोयमा ! नाणं पंचविहं पन्नत्तं, तं जहा-मइनाणं, सुअनाणं, ओहिनाणं, मणपज्जवनाणं, केवलनाणं च ।**

**सं.** भगवन् ! ज्ञानं कतिविधं प्रज्ञप्तम् ?, गौतम ! ज्ञानं पञ्चविधं प्रज्ञप्तम्, तद्यथा-मतिज्ञानं, श्रुतज्ञानमवधिज्ञानं, मन:पर्यवज्ञानं, केवलज्ञानं च ।

**हि.** ***हे भगवन् ! ज्ञान कितने प्रकार का कहा है ? हे गौतम ! ज्ञान पाँच प्रकार का कहा है । वह इस प्रकार है - मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन:पर्यवज्ञान और केवलज्ञान ।***

13. **प्रा. चत्तारि लोगपाला, सत्त य अणियाइं तिन्नि परिसाओ ।**

**एरावणो गइंदो, वज्जं च महाउहं तस्स (सक्कस्स) ।।71।।**

**समास विग्रह :- गयाणं इंदो गइंदो (षष्टीतत्पुरुष:) ।**

**महंतं च तं आउहं महाउहं (कर्मधारय:) ।**

**सं.** तस्य (शक्रस्य) चत्वारो लोकपाला:, सप्त चाऽनिकानि, तिस्र:पर्षद:, ऐरावणो गजेन्द्रो, महायुधं च वज्रम् ।।71।।

**हि.** ***उस इन्द्र के चार लोकपाल, सात सैन्य, तीन पर्षदा, ऐरावण हाथी और महायुधवज्र होता है ।***

14. **प्रा. बत्तीसं किर कवला, आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ ।**

**पुरिसस्स महिलाए, अट्ठावीसं मुणेअव्वा ।।72।।**

**समास विग्रह :- कुच्छिणो पूरओ कुच्छिपूरओ (षष्टीतत्पुरुष:) ।**

**सं.** पुरुषस्य कुक्षिपूरक आहारो, द्वात्रिंशत् कवला: किल भणित: । महिलाया अष्टाविंशतिर्ज्ञातव्या: ।

*हि. सचमुच पुरुष का पेट भरनेवाला आहार बत्तीस कवल कहा है और स्त्री का अट्ठाईस कवल जानना ।*

15. **प्रा. अट्ठावीसं लक्खा, अडयालीसं च तह सहस्साइं ।**
**सव्वेसिं पि जिणाणं, जईण माणं विणिद्दिट्ठं ॥73॥**

**सं.** सर्वेषामपि जिनानां यतीनां मानम्, अष्टाविंशतिर्लक्षाण्यष्टचत्वारिंशच्च तथा सहस्राणि विनिर्दिष्टम् ॥73॥

*हि. सभी जिनेश्वर भगवन्तों के साधुओं का प्रमाण अट्ठाईस लाख और अड़तालीस हजार बताया है ।*

16. **प्रा. पढमे न पढिआ विज्जा, बिईए नज्जियं धणं ।**
**तईए न तवो तत्तो, चउत्थे किं करिस्सइ ? ॥74॥**

**सं.** प्रथमे विद्या न पठिता, द्वितीये धनं नाऽर्जितम् ।
तृतीये तपो न तप्तं, चतुर्थे किं करिष्यति ? ॥74॥

*हि. (जिसने) प्रथम वय में विद्या नहीं पढ़ी, दूसरी वय में धन उपार्जन नहीं किया, तीसरी वय में तप नहीं किया, (वह) चौथी वय में क्या करेगा ?*

17. **प्रा. सत्तो सद्दे हरिणो, फासे नागो रसे य वारियरो ।**
**किवणपयंगो रूवे, भसलो गंधेण विणट्ठो ॥75॥**
**समास विग्रह :- किवणो य एसो पयंगो किवणपयंगो (कर्मधारयः) ।**

**सं.** शब्दे सक्तो हरिणः, स्पर्शे नागो, रसे च वारिचरः ।
रूपे कृपणपतङ्गो, गन्धेन भ्रमरो विनष्टः ।

*हि. शब्द (गीत) में आसक्त हिरन, स्पर्श में आसक्त हाथी, रस में आसक्त मछली, रूप में आसक्त कृपण पतङ्गा और गन्ध में आसक्त भौंरा नष्ट हुआ ।*

18. **प्रा. पंचसु सत्ता पंच वि, णट्ठा जत्थागहिअपरमट्ठा ।**
**एगो पंचसु सत्तो, पजाइ भस्संतयं मूढो ॥76॥**
**समास विग्रह :- परमो य एसो अट्ठो परमट्ठो (कर्मधारयः) ।**
**णाइं गहिओ परमट्ठो जेहिं ते अगहियपरमट्ठा । (बहुव्रीहिः) ।**
**भस्सं अंते जस्स तं भस्संतं, तस्स भावो भस्संतय, तं भस्संतयं (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** यत्राऽगृहीतपरमार्थाः पंचसु सक्ताः पञ्चापि नष्टाः ।
पञ्चसु सक्तः, एको मूढो भस्मान्ततां प्रयाति ॥76॥

हि. *जहाँ परमार्थ को ग्रहण नहीं करनेवाले पाँच इन्द्रियों के विषयों में आसक्त पाँच प्राणी विनष्ट हुए, तो पाँचों इन्द्रियों के विषयों में आसक्त ऐसा एक मूढ़ अवश्य मृत्यु पाता है ।*

19. प्रा. कुरुजणवयहत्थिणाउरनरीसरो पढमं,
तओ महाचक्कवट्टिभोए महप्पभावो ।
जो बावत्तरिपुरवरसहस्सवरनगरनिगमजणवयवई,
बत्तीसारायवरसहस्साणुयायमग्गो ॥
चउदसवररयणनवमहानिहिचउसट्ठिसहस्सपवरजुवईण सुंदरवई,
चुलसीहयगयरहसयसहस्ससामी,
छन्नवइगामकोडिसामी आसी जो भारहंमिभयवं ।।वेड्ढओ।। ।।77।।

समास विग्रह :- कुरूणं जणवयं कुरुजणवयं । कुरुजणवयम्मि हत्थिणाउरं कुरुजणवयहत्थिणाउरं । कुरुजणवयहत्थिणाउरस्स नरीसरो कुरुजणवयहत्थिणाउरनरीसरो । नराणं ईसरो नरीसरो । (षष्ठी-सप्तमी-षष्ठीतत्पुरुषाः) ।

महंतो य एसो चक्कवट्टी महाचक्कवट्टी । महाचक्कवट्टिणो भोओ जस्स सो महाचक्कवट्टिभोए । (कर्मधारय-बहुव्रीहिः)

महंतो पहावो जस्स सो महप्पभावो । (बहुव्रीहिः) ।

पुराणं वराइं पुरवराइं । पुरवराणं सहस्सं पुरवरसहस्सं । बावत्तरिगुणियाइं पुरवरसहस्साइं बावत्तरिपुरवरसहस्साइं । नगराइं य निगमा य जणवयाइं य नगरनिगमजणवयाइं । वराइं च ताइं नगरनिगमजणवयाइं वरनगरनिगमजणवयाइं बावत्तरिपुरवर-सहस्साइं च ताइं वरनगरनिगमजणवयाइं बावत्तरिपुरवरसहस्स-वरनगरनिगमजणवयाइं । तेसिं वई बावत्तरिपुरवरसहस्सवर-नगरनिगमजणवयवई । (षष्ठी-उत्तरपदलोपितत्पुरुष-द्वन्द्व-कर्मधारय-षष्ठीतत्पुरुषाः) ।

रायाणं वराइं रायवराइं । रायवराणं सहस्साइं रायवरसहस्साइं । बत्तीसगुणियाइं रायवरसहस्साइं बत्तीसारायवरसहस्साइं । तेहिं अणुयायो मग्गो जस्स सो बत्तीसारायवरसहस्साणुयायमग्गो (षष्ठी-उत्तरपदलोपितत्पुरुष-बहुव्रीहयः) ।

वराइं च ताइं रयणाइं वररयणाइं । चउदस य ताइं वररयणाइं चउदसवररयणाइं । महंता य एए निहिणो महानिहिणो । नव य एए

**महानिहिणो नवमहानिहिणो । चउसट्ठिगुणियाइं सहस्साइं चउसट्ठिसहस्साइं । पवरा जुवईआ पवरजुवईआ । चउसट्ठिसहस्साइं च एआओ पवरजुवईआ चउसट्ठिसहस्सपवरजुवईआ । चउदसवररयणइंच नवमहानिहिणो यचउसट्ठिसहस्सप-वरजुवईआ य । चउदसवररयण-नवमहानिहि-चउसट्ठिसहस्सपवरजुवईआ । तासिं चउदसवररयण-नवमहानिहि-चउसट्ठिसहस्सपवरजुवईण (कर्मधारय-उत्तरपदलोपितत्पुरुष-कर्मधारय-द्वन्द्वाः) ।**

**सुंदरो य एसो वई सुंदरवई (कर्मधारयः) ।**

**हया य गया य रहा य हयगयरहा । सयाणं सहस्साइं सयसहस्साइं । हयगयरहाणं सयसहस्साइं हयगयरहसयसहस्साइं । चुलसीगुणियाइं ताइं चुलसीहयगय रहसयसहस्साइं । तेसिं सामी चुलसी-हयगयरहसयसहस्सामी (द्वन्द्व-षष्ठी-उत्तरपदलोपि-षष्ठीतत्पुरुषाः) । गामाणं कोडी गामकोडी । छन्नवइगुणिआ गामकोडी छन्नवइ-गामकोडी । ताए सामी छन्नवइगामकोडीसामी (षष्ठी-उत्तरपदलोपि-षष्ठीतत्पुरुषाः) ।**

**सं.** कुरुजनपदहस्तिनापुरनरेश्वरः, प्रथमं, ततो महाचक्रवर्तिभोगो महाप्रभावः ।

यो द्वासप्ततिपुरवरसहस्त्रवरनगरनिगमजनपदपतिः, द्वात्रिंशद्-राजवरसहस्त्रानुयातमार्गः ॥

चतुर्दशवररत्ननवमहानिधि - चतुःषष्टिसहस्त्रप्रवरयुवतीनां सुन्दरपतिः ।

चतुरशीतिहयगजरथशतसहस्त्रस्वामी, षण्णवतिग्रामकोटिस्वामी यो भगवान् भारते आसीत् । ॥वेष्टकः॥ ॥77॥

**हि.** ***कुरुदेश में हस्तिनापुर नगर में प्रथम राजा, महान् चक्रवर्ती के भोगवाले, अतिप्रभावशाली, बहोत्तर हजार श्रेष्ठ पुर, श्रेष्ठ नगर, निगम और जनपद के स्वामी, बत्तीस हजार उत्तम राजाओं द्वारा अनुसरित मार्ग है जिनका, चउदह श्रेष्ठ रत्न, नौ महानिधि और चौंसठ हजार श्रेष्ठ युवतियों के सुन्दर स्वामी, चौरासी लाख घोड़े, हाथी और रथ के स्वामी तथा छयानबे करोड़ गाँवों के स्वामी, जो भगवन्त भारत में थे । (वेष्टक छन्द) ।***

20. **प्रा. तं संतिं संतिकरं, संतिण्णं सव्वभया ।**
**संतिं थुणामि जिणं, संतिं विहेउ मे ।। रासानंदियं ।।78।। (युग्मम्)**
**समास विग्रह :- सव्वं च एअं भयं सव्वभयं, तत्तो सव्वभया (कर्मधारयः) ।**

**सं.** तं शान्तिं शान्तिकरं, सर्वभयात् संतीर्णम् ।
शान्तिं जिनं स्तौमि, मे शान्तिं विदधातु ।। रासानन्दितम् ।।78।।

**हि.** ***शान्तिस्वरूप, शान्ति करनेवाले, सभी भय को पार करनेवाले शान्तिनाथ जिन की मैं स्तुति करता हूँ, मुझे शान्ति दो । (रासानन्दित छन्द)***

## हिन्दी वाक्यों का प्राकृत-एवं संस्कृत अनुवाद

1. **हि.** ***वह इक्कीस वर्ष चारित्रपालन करके समाधिपूर्वक मृत्यु पाकर बारहवें देवलोक में देव हुआ ।***

**प्रा. सो एगवीसं वरिसाइं चारित्तं पालित्ता ससमाहिं मच्चुं पावित्ता दुवालसे कप्पे देवो हवीअ ।**

**समास विग्रह :-** समाहिणा सह ससमाहिं । (सहार्थे तृतीयातत्पुरुषः) ।

**सं.** स एकविंशतिं वर्षाणि चारित्रं पालयित्वा ससमाधिमृत्युं प्राप्य द्वादशमे कल्पे देवोऽभवत् ।

2. **हि.** ***भगवान महावीर अश्विन मास अमावस्या की रात्रि में आठ कर्मों का क्षय करके मोक्ष में गये, उसके बाद प्रभात में कार्तिक मास की प्रतिपदा को गौतमस्वामी को केवलज्ञान हुआ, इसलिए ये दो दिन जगत् में श्रेष्ठ गिने जाते हैं ।***

**प्रा. भयवं महावीरो आसिणामावासाए रत्तीए अट्ठण्हं कम्माणं खयं करित्ता मोक्खं गच्छीअ, तत्तो पच्चूसे कत्तिअपाडिवयाए गोयमसामी केवलनाणं पावीअ, तत्तो इमाइं दोण्णि दिणाइं जगम्मि सिट्ठाइं मन्निज्जन्ति ।**

**समास विग्रह :- आसिणस्स अमावस्सा आसिणामावस्सा, ताए आसिणामावासाए (षष्ठीतत्पुरुष)**

**कत्तिअस्स पाडिवया कत्तिअपाडिवया, ताए कत्तिअपाडिवयाए (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** भगवान् महावीर आश्विनाऽमावस्याया रात्रावष्टानां कर्मणां क्षयं कृत्वा मोक्षमगच्छत्, ततः प्रत्यूषे कार्तिकप्रतिपदि गौतमस्वामी केवलज्ञानं प्राप्नोत्, तत इमे द्वे दिने जगति श्रेष्ठे मन्येते ।

3. *हि. जैन छह द्रव्य, आठ कर्म, जीवादि नौ तत्त्व, दस यतिधर्म और चौदह गुणस्थानक मानते हैं ।*

**प्रा. जइणा छ दव्वाइं, अट्ठ कम्माइं, जीवाइनवतत्ताइं, दह जइधम्मे, चोद्दस य गुणट्ठाणाइं मन्नन्ति ।**

**समास विग्रह :- जीवो आई जेसिं ताइं जीवाइइं । नवाइं च ताइं तत्ताइं नवतत्ताइं ।**

**जीवाइइं च ताइं नवतत्ताइं जीवाइनवतत्ताइं (बहुव्रीहि-कर्मधारयौ) । जईणं धम्मा जइधम्मा, ते जइधम्मे (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** जैनाः षड् द्रव्याणि, अष्टकर्माणि, जीवादिनवतत्त्वानि, दश यतिधर्मान्, चतुर्दश च गुणस्थानकानि मन्यन्ते ॥

4. *हि. श्रावकों को जिनालयों की चौरासी आशातना और गुरूओं की तैतीस आशातनाओं का त्याग करना चाहिए ।*

**प्रा. सावगा जिणालयाणं चुलसिं आसायणाओ गुरूणं च तेत्तीसं आसायणाओ वज्जन्तु ।**

**समास विग्रह :- जिणाणं आलया जिणालया, तेसिं जिणालयाणं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** श्रावकाः जिनालयानां चतुरशीतिमाशातनाः, गुरूणां च त्रयस्त्रिंशदाशातना वर्जेयुः ।

5. *हि. जो भरतक्षेत्र के तीन खण्ड जीतता है वह वासुदेव होता है और छह खण्ड जीतता है वह चक्रवर्ती होता है ।*

**प्रा. जो भरहवासस्स तिण्णि खंडाइं जिणइ, सो वासुदेवो होइ, छ खंडाइं च जिणइ, सो चक्कवट्टी होइ ।**

**सं.** यो भरतवर्षस्य त्रीणि खण्डानि जयति स वासुदेवो भवति, षट् खण्डानि च जयति स चक्रवर्ती भवति ।

6. *हि. तीर्थंकरों को चार अतिशय जन्म से होते हैं तथा कर्मक्षय से ग्यारह अतिशय और देवकृत उन्नीस अतिशय, इस प्रकार तीर्थंकर चौंतीस अतिशयों से बिराजित होते हैं ।*

**प्रा. तित्थयराणं चत्तारि अइसया जम्मत्तो हवन्ति, तहेव कम्मक्खयत्तो एगारह अइसया, देवकया य एगुणवीसं अइसया, इइ चउत्तीसअइसयविराइया तित्थयरा हवन्ति ।**

**समास विग्रह :- कम्माणं खयो कम्मक्खयो, तत्तो कम्मक्खयत्तो (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**देवेन कया देवकया (तृतीयातत्पुरुषः) ।**

**चउत्तीसा य एए अइसया चउत्तीसअइसया । चउत्तीसअइसएहिं विराइया चउत्तीसअइसयविराइया । (कर्मधारय-तृतीयातत्पुरुषौ) ।**

**सं.** तीर्थकराणां चत्वारोऽतिशया जन्मतो भवन्ति, तथैव कर्मक्षयत एकादशाऽतिशयाः, देवकृताश्चैकोनविंशतिरतिशयाः, इति चतुस्त्रिंशदतिशयविराजितास्तीर्थकरा भवन्ति ।

7. ***हि.*** ***सभी अंग और उपांग इत्यादि सूत्रों में पाँचवाँ भगवती अंग श्रेष्ठ और सबसे बड़ा है ।***

**प्रा. सव्वेसुं अंगोवंगाइसुं सुत्तेसु पंचमं भगवईअंगं सिट्ठं वड्डयरं च अत्थि ।**

**समास विग्रह :- अंगाइं च उवंगाइं च अंगोवंगाइं । अंगोवंगाइं आइम्मि जेसु ताइं अंगोवंगाइइं, तेसु अंगोवंगाइसुं (द्वन्द्व-बहुव्रीहिः) । भगवई च्चिय अंगं भगवईअंगं (कर्मधारयः) ।**

**सं.** सर्वेष्वङ्गोपाङ्गादिषु सूत्रेषु पञ्चमं भगवत्यङ्गं, श्रेष्ठं बृहत्तरं चाऽस्ति ।

8. ***हि.*** ***चौंसठ इन्द्र मेरुपर्वत पर तीर्थंकर का जन्ममहोत्सव करते हैं ।***

**प्रा. चउसट्ठी इंदा मेरुम्मि तित्थयरस्स जम्ममहूसवं करेन्ति ।**

**समास विग्रह :- जम्मणो महूसवो जम्ममहूसवो, तं जम्ममहूसवं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** चतुःषष्टिरिन्द्रा मेरौ तीर्थकरस्य जन्ममहोत्सवं कुर्वन्ति ।

9. ***हि.*** ***सिद्ध भगवन्त आठ कर्मों से रहित होते हैं ।***

**प्रा. सिद्धा भयवंता अट्ठकम्मरहिया हवन्ति ।**

**समास विग्रह :- अट्ठाइं च ताइं कम्माइं अट्ठकम्माइं । अट्ठकम्मेहिं रहिया अट्ठकम्मरहिया (कर्मधारय-तृतीयातत्पुरुषौ) ।**

**सं.** सिद्धा भगवन्तोऽष्टकर्मरहिताः भवन्ति ।

10. ***हि.*** ***कुमारपाल राजा ने अठारह देशों में जीवदया का पालन करवाया था ।***

**प्रा. कुमारवालो निवो अट्ठारससुं देसेसुं जीवदयं पालावीअ ।**

**समास विग्रह :- जीवाणं दया जीवदया, तं जीवदयं (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** कुमारपालो नृपोऽष्टादशसु देशेषु जीवदयामपालयत् ।

11. *हि. श्री हेमचन्द्रसूरिजी ने सिद्धहेमव्याकरण के आठवें अध्याय में प्राकृत व्याकरण दिया है ।*

**प्रा. सिरिहेमचंदसूरिणो सिद्धहेमवागरणस्स अट्ठमे अज्झाए पाइयवागरणं दासी ।**

**समास विग्रह :- सिरीए जुत्ता हेमचंदसूरिणो सिरिहेमचंदसूरिणो (उत्तरपदलोपिसमासः) । सिद्धहेमं च्चिअ वागरणं सिद्धहेमवागरणं तस्स सिद्धहेमवागरणस्स (कर्मधारयः) । पाइयं वागरणं पाइयवागरणं (कर्मधारयः) ।**

**सं.** श्रीहेमचन्द्रसूरिणा सिद्धहैमव्याकरणस्याष्टमेऽध्याये प्राकृत-व्याकरणमददुः ।

12. *हि. इस जम्बूद्वीप में छह वर्षधर पर्वत और भरतादि सात क्षेत्र हैं ।*

**प्रा. एयम्मि जंबूदीवम्मि छ वासहरा पव्वया, भरहाइ य सत्त वासा संति ।**

**समास विग्रह :- भरहो आई जेसु ते भरहाइ (बहुव्रीहिः) ।**

**सं.** एतस्मिन् जम्बूद्वीपे षड् वर्षधराःपर्वताः, भरतादयश्च सप्त वर्षाः सन्ति ।

13. *हि. जीव दो प्रकार के, गति चार प्रकार की, व्रत पाँच प्रकार के और भिक्षु की प्रतिमा बारह प्रकार की हैं ।*

**प्रा. जीवा दुविहा, गई चउव्विहा, वयाइं पंचविहाइं, भिक्खुपडिमा य दुवालसविहा हवन्ति ।**

**समास विग्रह :- भिक्खुणो पडिमा भिक्खुपडिमा (षष्ठीतत्पुरुषः) ।**

**सं.** जीवा द्विविधाः, गतयश्चतुर्विधाः, व्रतानि पञ्चविधानि, भिक्षुप्रतिमाश्च द्वादशविधा भवन्ति ।

14. *हि. इस पण्डित ने इस व्याकरण के आठ अध्याय बनाये हैं और प्रत्येक अध्याय के चार-चार पाद हैं, उसके सात अध्याय और आठवें अध्याय के दो पाद मैंने पढ़े हैं ।*

**प्रा. अयं पंडिओ इमस्स वागरणस्स अट्ठ अज्झाए विहेसी, पइअज्झायं य चत्तारि चत्तारि पाया संति, अहं तस्स सत्त अज्झाए, अट्ठमस्स य अज्झायस्स दुवे पाए भणीअ ।**

**समास विग्रह :- अज्झायं अज्झायं त्ति पइअज्झायं (अव्ययीभावः) ।**

**सं.** अयं पण्डितोऽस्य व्याकरणस्याऽष्टावध्यायान् व्यदधात्, प्रत्यध्यायं च चत्वारः चत्वारः पादाः सन्ति, अहं तस्य सप्ताऽध्यायान्, अष्टमस्य चाऽध्यायस्य द्वौ पादावभणम् ।

15. ***हि. उस यक्ष के दो मुख हैं और चार हाथ है, उसमें एक हाथ में शंख है, दूसरे हाथ में गदा है, तीसरे हाथ में चक्र है और चौथे हाथ में बाण है ।***

**प्रा. तस्स जक्खस्स दोण्णि मुहाइं, चत्तारि य हत्था संति, तेसुं एगम्मि हत्थम्मि संखो अत्थि, बिईये हत्थे गया अत्थि, तईये हत्थे चक्कं, चउत्थे य हत्थे सरो अत्थि ।**

**सं.** तस्य यक्षस्य द्वे मुखे, चत्वारश्च हस्ताः सन्ति, तेष्वेकस्मिन् हस्ते शङ्खोऽस्ति, द्वितीये हस्ते गदाऽस्ति, तृतीये हस्ते चक्रं, चतुर्थे च हस्ते शरोऽस्ति ।

16. ***हि. मैंने इस पुस्तक के पच्चीस पाठ पढ़े, इसके चार हजार शब्द याद किये, हजार वाक्य किये, अब मुझे प्राकृत सुलभ बने, उसमें आश्चर्य क्या ?***

**प्रा. इमस्स पुत्थयस्स हं पणवीसं पाढे पढीअ, एअस्स चत्तारि सहस्साइं सद्दे सुमरीअ, सहस्सं वक्काइं करीअ, अहुणा मज्झ पाइयं सुलहं हवे तम्मि किं अच्छेरं ? ।**

**सं.** अस्य पुस्तकस्याऽहं पञ्चविंशतिं पाठानपठम्, एतस्य चत्वारि सहस्राणि शब्दान् अस्मरम्, सहस्राणि वाक्यान्यकरोम्, अधुना मह्यं प्राकृतं सुलभं भवेत् तस्मिन् किमाश्चर्यम् ? ।

। श्रीवासुपूज्यस्वामिने नमः ।

। अनन्तलब्धिनिधानश्रीगौतमस्वामिने नमः ।

परमोपास्यश्रीविजयनेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरिभ्यो नमः ।

।। सिरि पाइयगज्ज–पज्जमाला ।।

। नमोत्थु णं समणस्स भगवओ महावीर-वद्धमाणसामिस्स ।

# मंगलं

## ।। पंचनमुक्कारमहामंतो ।।

नमो अरिहंताणं ।। नमो सिद्धाणं, नमो आयरियाणं ।
नमो उवज्झायाणं । नमो लोए सव्वसाहूणं ।
एसो पंच नमुक्कारो, सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ।।

---

## ।। श्री प्राकृतगद्य-पद्यमाला संस्कृतछायान्विता ।।

। नमोऽस्तु श्रमणाय भगवते महावीर-वर्द्धमानाय ।

# (1) मङ्गलम्

## ।। पञ्चनमस्कारमहामन्त्रः ।।

नमोऽर्हद्भ्यः । नमः सिद्धेभ्यः । नम आचार्येभ्यः ।
नम उपाध्यायेभ्यः ।। नमो लोके सर्वसाधुभ्यः ।
एषः पञ्चनमस्कारः, सर्वपापप्रणाशनः ।
मङ्गलानां च सर्वेषां, प्रथमं भवति मङ्गलम् ।।

---

## प्राकृतगद्य-पद्यमाला-हिन्दी अनुवाद

श्रमण भगवन्त श्रीमहावीरस्वामी-वर्धमानस्वामी को नमस्कार हो ।

(1) **मंगल :- पंच नमस्कारमहामन्त्र**

अरिहन्त भगवन्तों को नमस्कार हो । सिद्ध भगवन्तों को नमस्कार हो । आचार्य भगवन्तों को नमस्कार हो । उपाध्याय भगवन्तों को नमस्कार हो । लोक में रहे सभी साधु भगवन्तों को नमस्कार हो । यह पंच नमस्कार (मंत्र) सभी पापों का नाश करनेवाला है और सभी मंगलों में प्रथम मंगल है ।

**चत्तारि मंगलं :-** अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपन्नत्तो धम्मो मंगलं ।।

**चत्तारि लोगुत्तमा :-** अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलिपन्नत्तो धम्मो लोगुत्तमो ।।

**चत्तारि सरणं पवज्जामि :-** अरिहंते सरणं पवज्जामि, सिद्धे सरणं पवज्जामि, साहू सरणं पवज्जामि, केवलिपन्नत्तं धम्मं सरणं पवज्जामि ।।

## संस्कृत अनुवाद

**चत्वारि मङ्गलानि :-** अर्हन्तो मङ्गलम्, सिद्धा मङ्गलम्, साधवो मङ्गलम्, केवलिप्रज्ञप्तो धर्मो मङ्गलम् ।।

**चत्वारो लोकोत्तमा :-** अर्हन्तो लोकोत्तमाः, सिद्धा लोकोत्तमाः, साधवो लोकोत्तमाः, केवलिप्रज्ञप्तो धर्मो लोकोत्तमाः ।।

**चत्वारि शरणानि प्रपद्ये,** अर्हतः शरणं प्रपद्ये, सिद्धान् शरणं प्रपद्ये, साधून् शरणं प्रपद्ये, केवलिप्रज्ञप्तं धर्मं शरणं प्रपद्ये ।।

## हिन्दी अनुवाद

**चार (पदार्थ) मंगल स्वरूप हैं :-** (1) अरिहन्त भ. मंगल हैं, (2) सिद्ध भ. मंगल हैं, (3) साधु भ. मंगल हैं और (4) केवली भगवन्त द्वारा बताया हुआ धर्म मंगल है ।

**चार (व्यक्ति) लोक में उत्तम हैं :-** (1) अरिहन्त भ. लोक में श्रेष्ठ हैं, (2) सिद्ध भ. जगत् में उत्तम हैं, (3) साधु भ. लोक में श्रेष्ठ हैं, और (4) केवली भ. द्वारा बताया हुआ धर्म जगत् में उत्तम है ।

**मैं चार (व्यक्तियों) की शरण स्वीकार करता हूँ :-** (1) अरिहन्त भगवन्तों की शरण स्वीकार करता हूँ, (2) सिद्ध भगवन्तों की शरण स्वीकार करता हूँ, (3) साधु भगवन्तों की शरण स्वीकार करता हूँ और (4) केवली भगवन्तों द्वारा बताये हुए धर्म की शरण स्वीकार करता हूँ ।

# (2) सीयावण्णणं (प्राकृत)

सीया उवणीया जिण-वरस्स जर-मरणविप्पमुक्कस्स ।
ओसत्तमल्लदामा, जल-थलय-दिव्वकुसुमेहिं ।।79।।
सिबियाए मज्झयारे, दिव्वं वररयणरूवचेंचइयं ।
सीहासणं महरिहं, सपादपीठं जिणवरस्स ।।80।।
आलइयमालमउडो, भासुरबोंदी वराभरणधारी ।
खोमियवत्थणियत्थो, जस्स य मोल्लं सयसहस्सं ।।81।।
छट्ठेण उ भत्तेणं, अज्झवसाणेण सुंदरेण जिणो ।
लेसाहिं विसुज्झंतो, आरुहई उत्तमं सीयं ।।82।।

# (2) (शिबिकावर्णनम्)

## संस्कृत अनुवाद

जरामरणविप्रमुक्तस्य जिनवरस्य जलस्थलकदिव्यकुसुमैः ।
अवसक्तमाल्यदामा शिबिकोपनीता ॥79॥
शिबिकाया मध्ये जिनवरस्य दिव्यं वररत्नरूपमण्डितम् ।
सपादपीठं महार्हं सिंहासनम् (अस्ति) ॥80॥
आलगितमालामुकुटो भास्वरशरीरो वराभरणधारी ।
यस्य च मूल्यं शतसहस्त्रं, परिहितक्षौमिकवस्त्रः ॥81॥
षष्ठेन तु भक्तेन, सुन्दरेणाऽध्यवसानेन ।
लेश्याभिर्विशुद्ध्यमानो जिन उत्तमां शिबिकामारोहति ॥82॥

---

## (2) हिन्दी अनुवाद

**प्रभु श्रीमहावीरस्वामी की दीक्षा के प्रसंग में शिबिका वर्णन :-**

वृद्धावस्था और मृत्युरहित ऐसे श्रीजिनेश्वर प्रभु की, पानी और पृथ्वी पर उत्पन्न दिव्यपुष्पों से संलग्न मालावाली शिबिका ले जायी जाती है ।

शिबिका के मध्यभाग में श्रीजिनेश्वर प्रभु का, दिव्य, श्रेष्ठ रत्नों के रूप से सुशोभित पादपीठसहित अतिकीमती सिंहासन है । (80)

पुष्पों की माला का मुकुट धारण करनेवाले, देदीप्यमान (देहवाले), श्रेष्ठ आभूषण धारण करनेवाले, जिसका मूल्य एक लाख सोनामोहर है वैसे रेशमी वस्त्र परिधान किये है जिन्होंने, दो उपवास (छट्ठ) के तप द्वारा, सुन्दर अध्यवसाय और लेश्या (= आत्मा के परिणामों) द्वारा विशुद्ध बनते प्रभु उत्तम शिबिका में आरूढ होते हैं । *(81, 82)*

---

## प्राकृत

सीहासणे णिविट्ठो, सक्कीसाणा य दोहिं पासेहिं ।
वीयंति चामराहिं, मणि-रयणविचित्तदंडाहिं ॥83॥
पुव्विं उक्खित्ता माणुसेहिं, साहट्ठरोमकूवेहिं ।
पच्छा वहंति देवा, सुर-असुरा गरुल-णागिंदा ॥84॥
पुरओ सुरा वहंति, असुरा पुण दाहिणंमि पासंमि ।
अवरे वहंति गरुला, णागा पुण उत्तरे पासे ॥85॥
वणखंडं व कुसुमियं, पउमसरो व्व जहा सरयकाले ।
सोहइ कुसुमभरेणं, इय गगणतलं सुरगणेहिं ॥86॥

## संस्कृत अनुवाद

सिंहासने निविष्टः शक्रेशानौ च द्वाभ्यां पार्श्वाभ्याम् ।
मणिरत्नविचित्रदण्डैश्चामरैर्वीजयतः ॥83॥
पूर्वं संहृष्टरोमकूपैर्मनुष्यैरुत्क्षिप्ता ।
पश्चात् सुराऽसुरा, गरुडनागेन्द्रा देवा वहन्ति ॥84॥
सुराः पुरतो वहन्ति, पुनरसुरा दक्षिणे पार्श्वे ।
गरुडा अपरान् वहन्ति, नागाः पुनरुत्तरान् पार्श्वान् ॥85॥
कुसुमितं वनखण्डमिव, यथा वा शरत्काले पद्मसरः ।
कुसुमभरेण शोभते, इति सुरगणैर्गगनतलं ॥86॥

---

## हिन्दी अनुवाद

**सिंहासन पर बिराजमान प्रभु को, दोनों तरफ शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र मणि और रत्नजड़ित दण्डवाले चामरों द्वारा वींझते हैं । (83)**

(वह शिबिका) सर्वप्रथम सानन्दरोमांचित मनुष्यों द्वारा उठायी गयी । तत्पश्चात् देव, दानव, गरुड़ेन्द्र और नागेन्द्रादि देव उठाते हैं । (84)

(उस शिबिका को) देव पूर्व तरफ से तथा दानव दक्षिण तरफ से उठाते हैं । गरुड़ेन्द्र पश्चिम तरफ से और नागेन्द्र उत्तर तरफ से उठाते हैं । (85)

जिस प्रकार पुष्पों से विकसित वनखण्ड शोभा देता है, अथवा जिस प्रकार शरदऋतु में पुष्पों के समूह से पद्मसरोवर शोभा देता है उसी प्रकार सम्पूर्ण आकाश देवों के समूह से देदीप्यमान बनता है । (86)

---

## प्राकृत

सिद्धत्थवणं व जहा, कणियारवणं व चंपगवणं वा ।
सोहइ कुसुमभरेणं, इय गगणतलं सुरगणेहिं ॥87॥
वरपडह-भेरि-झल्लरि-संखसयसहस्सिएहिं तूरेहिं ।
गयणयले धरणियले, तूरणिणाओ परमरम्मो ॥88॥
ततविततं घणझुसिरं, आउज्जं चउव्विहं बहुविहियं ।
वाइंति तत्थ देवा, बहूहिं आनट्टगसएहिं ॥89॥

**आचाराङ्गद्वितीयश्रुतस्कन्धे ।**

---

## संस्कृत अनुवाद

यथा वा सिद्धार्थवनं, कर्णिकारवनं चम्पकवनं वा ।
कुसुमभरेण शोभते, इति गगनतलं सुरगणैः ।।87।।
गगनतले धरणितले, वरपटह-भेरी-झल्लरी-
शङ्खशतसहस्त्रैः तूर्यैस्तूर्यनिनादः परमरम्यः ।।88।।
तत्र देवा बहुभिरानर्तकशतैः ततविततं धनझुषिरं (शुषिरं),
चतुर्विधमातोद्यं बहुविधिकं वादयन्ति । (89)

---

## हिन्दी अनुवाद

जिस प्रकार सरसव का वन, कनेरवृक्षों का वन या चम्पकवन पुष्पों के समूह से शोभता है उसी प्रकार सम्पूर्ण आकाश देवों के समूह से देदीप्यमान बनता है । (87)

आकाशतल और पृथ्वीतल पर उत्तम पटह, भेरी, झल्लरी और शंख इत्यादि लाखों वाजिंत्रों द्वारा अतिमधुर आवाज आ रही है । (88)

वहाँ देव भी सैकड़ों नृत्यकारों के साथ तत-वितत-घन-सुषिर स्वरूप वीणा आदि चारों प्रकार के वाद्ययंत्र विधिपूर्वक-तालबद्ध बजा रहे हैं । (89)

# (3) इंदियविसयभावणा

## प्राकृत

ण सक्का ण सोउं सद्दा, सोत्तविसयमागया ।
राग-दोसा उ जे तत्थ, ते भिक्खू परिवज्जए ।।90।।
ण सक्का रूवमदट्ठुं, चक्खूविसयमागतं ।
राग-दोसा उ जे तत्थ, ते भिक्खू परिवज्जए ।।91।।
ण सक्का ण गंधमग्घाउं, णासाविसयमागतं ।
राग-दोसा उ जे तत्थ, ते भिक्खू परिवज्जए ।।92।।
[5]ण [6]सक्का [3]रसमणा[4]सातुं, [1]जीहाविसयमा[2]गतं ।
[9]राग-दोसा उ[8]जे [7]तत्थ, [10]ते [11]भिक्खू [12]परिवज्जए ।।93।।
[6]ण [7]सक्का [4]ण [5]संवेदेतुं, [3]फासं [1]विसय[2]मागतं ।
[10]राग-दोसा उ [9]जे [8]तत्थ, [11]ते [12]भिक्खू [13]परिवज्जए ।।94।।

# (3) (इन्द्रियविषयभावना)

## संस्कृत अनुवाद

श्रोत्रविषयमागतान्, शब्दान् श्रोतुं न शक्नुयान् न ।
तत्र तु यौ रागद्वेषौ, तौ भिक्षुः परिवर्जयेत् ।।90।।
चक्षुर्विषयमागतं, रूपमद्रष्टुं न शक्नुयात् ।
तत्र तु यौ रागद्वेषौ, तौ भिक्षुः परिवर्जयेत् ।।91।।
नासिकाविषयमागतं, गन्धमाघ्रातुं न शक्नुयान्न ।
तत्र तु यौ रागद्वेषौ, तौ भिक्षुः परिवर्जयेत् ।।92।।
जिह्वाविषयमागतं, रसमस्वादितुं न शक्नुयात् ।
तत्र तु यौ रागद्वेषौ, तौ भिक्षुः परिवर्जयेत् ।।93।।
विसयमागतं स्पर्शं, न संवेदयितुं न शक्नुयात् ।
तत्र तु यौ रागद्वेषौ, तौ भिक्षुः परिवर्जयेत् ।।94।।

---

## हिन्दी अनुवाद

इन्द्रियविषयभावना में कान, चक्षु, नाक, जिह्वा और स्पर्श (त्वचा) इन पाँचों इन्द्रियों के विषय की भावना बतायी है ।

कान के विषय में आये हुए शब्दों को नहीं सुनना, शक्य नहीं है ऐसा नहीं है अर्थात् सुनाई देते ही हैं, परन्तु उनके सम्बन्धी जो राग (अनुकूल विषय में राग) और द्वेष (प्रतिकूल विषय में द्वेष) करना, उसका संयमी आत्मा त्याग करे ।(90)

आँख के विषय में आये रूप को नहीं देखना, यह शक्य नहीं है (अर्थात् दिखाई देता ही है), परन्तु संयमी आत्मा को राग-द्वेष का त्याग करना चाहिए ।

नाक के विषय में आयी हुई गन्ध को नहीं सूंघना, यह शक्य नहीं है, परन्तु संयमी आत्मा उसमें राग या द्वेष का त्याग करे । (92)

जिह्वा के विषय में आये हुए रस का स्वाद नहीं लेना, शक्य नहीं है, (अर्थात् स्वाद आता है) परन्तु उसमें राग या द्वेष का संयमी आत्मा त्याग करे । (93)

स्पर्शेन्द्रिय के विषय में आये हुए स्पर्श का अनुभव नहीं करना, यह शक्य नहीं है अर्थात् अनुभव हो ही जाता है । परंतु उसमें राग और द्वेष का संयमी आत्मा त्याग करें । (94)

# (4) निम्ममो भिक्खू चरे

## प्राकृत

[3]कयरे [4]मग्गे [5]अक्खाते, [1]माहणेण [2]मतीमता ? ।
[7]अंजु [8]धम्मं [9]जहातच्चं, [6]जिणाणं [10]तं [12]सुणेह भे[11] ।।95।।

---

# (4) (निर्ममो भिक्षुश्चरेत्)

## संस्कृत अनुवाद

माहनेन मतिमता, कतरे मार्गा आख्याताः ? ।
जिनानामृजुं धर्मं, याथातत्थं तं भो ! श्रृणु ।।95।।

---

## हिन्दी अनुवाद

पूज्य श्रीसुधर्मास्वामीजी श्रीजंबूस्वामी को उद्देशकर उपदेश देते हैं कि ''आरम्भ-परिग्रहादि में आसक्त लोगों का संग छोड़कर साधुओं को निर्ममत्व भाव में रहना चाहिए ।

हन्=मारो नहीं इस प्रकार कहनेवाले केवलज्ञानी श्रीमहावीरस्वामी ने कितने मार्ग बताये हैं ? अरिहंत भगवन्तों का ऋजु=सरलता रूप धर्म सत्यार्थ है, हे भविक ! तुम उसे सुनो । (95)

---

## प्राकृत

[1]माहणा [2]खत्तिया [3]वेस्सा, [4]चंडाला [5]अदु [6]बोक्कसा ।
[7]एसिया [8]वेसिया [9]सुद्दा, [10]जे य [11]आरंभणिस्सिया ।।96।।
[12]परिग्गहनिविट्ठाणं, [14]वेरं [13]तेसिं [15]पवड्ढई ।
[17]आरंभसंभिया [18]कामा, [20]न [16]ते [19]दुक्खविमोयगा ।।97।।
[1]आधायकिच्च[2]माहेउं, [5]नाइओ [3]विसएसिणो ।
[4]अन्ने [8]हरंति [6]तं [7]वित्तं, [9]कम्मी [10]कम्मेहिं [11]किच्चति ।।98।।
[1]माया [2]पिया [3]ण्हुसा [4]भाया, [5]भज्जा [7]पुत्ता य [6]ओरसा ।
[13]नालं [8]ते [11]तव [12]ताणाय, [10]लुप्पंतस्स [6]सकम्मुणा ।।99।।
एयमट्ठं सपेहाए, परमट्ठाणुगामियं ।
निम्ममो निरहंकारो, चरे भिक्खू जिणाहियं ।।100।।

— सूत्रकृताङ्ग-द्वितीयश्रुतस्कन्धे

## संस्कृत अनुवाद

ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वेश्याः, चाण्डाला अथवा वर्णसङ्कराः ।
एषिका वैशिकाः क्षुद्राः, ये चाऽऽरम्भनिश्रिताः ।।96।।
परिग्रहनिविष्टानां, तेषां वैरं प्रवर्धते ।
ते आरम्भसम्भृताः कामाः, दुःखविमोचका न ।।97।।
आधातकृत्यमाधाय, विषयैषिणोऽन्ये ज्ञातयः ।
तद् वित्तं हरन्ति, कर्मवान् कर्मभिः कृत्यते ।।98।।
माता पिता स्नुषा भ्राता, भार्या औरसाश्च पुत्राः ।
ते स्वकर्मणा लुम्पतस्तव त्राणायाऽलं न ।।99।।
परमार्थानुगामिकमेतदर्थं सम्प्रेक्ष्य ।
निर्ममो निरहङ्कारो, भिक्षुर्जिनाऽऽहितं (जिनाख्यातं) चरेत् ।।100।।

## हिन्दी अनुवाद

**ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, चाण्डाल अथवा वर्णसंकर जातिविशेष, शिकारी आदि जीवहिंसक, वणिक्, क्षुद्र और जो आरंभ में आसक्त हैं; परिग्रह में तल्लीन हैं, उन लोगों की वैरभावना बढ़ती है, अतः पापारम्भ से पुष्ट इच्छाएँ दुःख में से मुक्त करानेवाली नहीं होती हैं । (96, 97)**

**अग्निसंस्कार, जलांजलिदान-पितृपिंड इत्यादि मृत्युक्रिया करके विषयसुख के अभिलाषी अन्य स्वजन उसका धन ले लेते हैं, इस प्रकार पापारम्भवाला जीव अपने कर्मों से ही दुःखी बनता है ।**

**माता, पिता, पुत्रवधू, भाई, पत्नी और अपने सगे पुत्र, अपने ही कर्मों से दुःखी बनते हैं, तुझे बचाने के लिए ये सब समर्थ नहीं होते हैं । (99)**

**सम्यग्दर्शनादि मोक्ष और संयम में साथ में रहनेवाले हैं इस प्रकार विचार करके ममता और अहंकाररहित साधु को जिनेश्वर भ. के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए । (100)**

# (5) पुक्खरिणीवण्णं

## प्राकृत

से जहाणामए पुक्खरिणी सिया, बहुउदगा बहुसेया बहुपुक्खला लद्धट्ठा पुंडरीकिणी पासादिया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा, तीसे णं पुक्खरिणीए तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया, आणुपुव्वुट्ठिया ऊसिया रुइला वण्णमंता गंधमंता फासमंता पासादिया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा,

# (5) पुष्करिणीवर्णनम्

## संस्कृत अनुवाद

तद् यथानामका पुष्करिणी स्यात्, बहूदका, बहुसेया, बहुपुष्कला, लब्धार्था पुण्डरीकिणी, प्रासादिका, दर्शनीया, अभिरूपा, प्रतिरूपा, तस्या नु पुष्करिण्यास्तत्र तत्र देशे देशे तस्मिंस्तस्मिन् बहूनि पद्मवरपौण्डरीकाण्युक्तानि,

## हिन्दी अनुवाद

**पुष्करिणी के वर्णन में बहुत कमलों से विभूषित जलाशय का वर्णन :-**

दूसरे अंग श्रीसूत्रकृतांग सूत्र के दूसरे श्रुतस्कंध के प्रथम पुंडरीक नामक अध्ययन के प्रथम सूत्र में बताते हैं कि जैसे कोई बहुत कमलोंवाला यथार्थ सरोवर हो कि जो प्रचुर जलवाला, प्रचुर कीचड़वाला, प्रभूत कमलोंवाला, उससे ही '**पुष्करिणी**' इस प्रकार सार्थक नामवाला, प्रचुर श्वेत कमलोंवाला, निर्मल जलवाला अथवा देवमन्दिर जिसके नजदीक है वैसा, देखने योग्य, राजहंस आदि पक्षियों से शोभित, स्वच्छ पानी के कारण जहाँ प्रतिबिम्ब गिरता है वैसा, उसके प्रत्येक प्रदेश में प्रत्येक स्थान में उत्तम श्वेत कमल (पुंडरीक) शोभते हैं, वे सब विशिष्ट रचनापूर्वक कीचड़ और पानी का त्याग करके ऊपर रहे हुए हैं ।

## प्राकृत

तीसे णं पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए एगे प्राकृत महं पउमवरपोंडरीए बुइए, अणुपुव्वुट्ठिए उस्सिए रुइले वन्नमंते गंधमंते रसमंते पासादीए जाव पडिरूवे ।

सव्वावंति च णं तीसे पुक्खरिणीए तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया अणुपुव्वुट्ठिया ऊसिया रुइला जाव पडिरूवा, सव्वावंति च णं तीसे णं पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए एगं महं पउमवरपोंडरीए बुइए अणुपुव्वुट्ठिए

जाव पडिरूवे ।



## संस्कृत अनुवाद

आनुपूर्व्युत्थितानि, उच्छ्रितानि, रुचिलानि, वर्णवन्ति, गन्धवन्ति, स्पर्शवन्ति, प्रासादितानि, दर्शनीयानि, अभिरूपाणि, प्रतिरूपाणि तस्या नु पुष्करिण्या बहुमध्यदेशभागे एकं महत् पद्मवरपौण्डरीकमुक्तम्, आनुपूर्व्युत्थितमुच्छ्रितं, रुचिलं, वर्णवद्, गन्धवद्, रसवत्, प्रासादितं यावत् प्रतिरूपम् ।

सर्वस्याश्च नु तस्याः पुष्करिण्यास्तत्र तत्र देशे देशे तस्मिंस्तस्मिन् बहूनि पद्मवरपौण्डरीकान्युक्तानि, आनुपूर्व्युत्थितान्युच्छ्रितानि, रुचिलानि यावत् प्रतिरूपाणि, सर्वस्याश्च तस्याः पुष्करिण्या बहुमध्यदेशभागे एकं महत् पद्मवरपौण्डरीकमुक्तम्, आनुपूर्व्युत्थितं यावत् प्रतिरूपम् ॥

## हिन्दी अनुवाद

उत्तम कान्तिवाले, उत्तम रंग के, श्रेष्ठ गन्धवाले, शुभ स्पर्शवाले, प्रसन्नतादायक, देखने योग्य, सुन्दर, अतिशय रूपवान है, उस जलाशय के प्रायः मध्यभाग में एक बड़ा श्रेष्ठ श्वेत कमल है, जो रमणीय, रचनायुक्त, जल और कीचड़ से ऊपर रहा हुआ उत्तम वर्ण, उत्तम गन्ध, उत्तम रस, प्रसन्नतादायक यावत् अतिशय रूपवान है ।

उस सम्पूर्ण जलाशय के उन-उन स्थानों में उत्तम श्वेत कमल प्रचुर मात्रा में हैं, जो विशेष रचनायुक्त, जल और कीचड़ से ऊपर रहे हुए, देदीप्यमान यावत् अतिशय रूपवान हैं; और उस पूरे जलाशय के मध्यभागमें एक विशाल सुन्दर कमल है, जो विशिष्ट रचनायुक्त यावत् मनोहर रूपवान है ।

# (6) नमिपव्वज्जा

## प्राकृत

[2]चइऊण [1]देवलोगाओ, [5]उववन्नो [3]माणुसम्मि [4]लोगम्मि ।
[6]उवसंतमोहणिज्जो, [9]सरई [7]पोराणियं [8]जाइं ।।101।।
[1]जाइं [2]सरित्तु [3]भयवं, [6]सयंबुद्धो [4]अणुत्तरे [5]धम्मे ।
[8]पुत्तं [9]ठवेत्तु [7]रज्जे, [12]अभिनिक्खमइ [10]नमी [11]राया ।।102।।
[2]से [5]देवलोगसरिसे, [1]अन्तेउरवरगओ [6]वरे [7]भोए ।
[8]भुंजित्तु [3]नमी [4]राया, [9]बुद्धो [10]भोगे [11]परिच्चयइ ।।103।।
[2]मिहिलं [1]सपुरजणवयं, [3]बल[4]मोरोहं च [6]परियणं [5]सव्वं ।
[7]चिच्चा [8]अभिनिक्खन्तो, [10]एगन्तमहिट्ठिओ [9]भयवं ।।104।।

---

# (6) नमिप्रव्रज्या

## संस्कृत अनुवाद

देवलोकाच्च्युत्वा, मानुषे लोके उपपन्नः ।
उपशान्तमोहनीयः, पौराणिकीं जातिं स्मरति ।।101।।
जातिं स्मृत्वा भगवान्, अनुत्तरे धर्मे स्वयंबुद्धः ।
राज्ये पुत्रं स्थापयित्वा, नमिराजाऽभिनिष्क्रामति ।।102।।
अन्तःपुरवरगतः स नमिराजा, देवलोकसदृशान् वरान् भोगान् ।
भुक्त्वा बुद्धो, भोगान् परित्यजति ।।103।।
सपुरजनपदां मिथिलां, बलमवरोधं सर्वं च परिजनम् ।
त्यक्त्वाऽभिनिष्क्रान्तो, भगवान् एकान्तमधिष्ठितः ।।104।।

---

# (6)

## हिन्दी अनुवाद

**नमिप्रव्रज्या में स्वयंसंबुद्ध बने नमिराजर्षि के साथ शक्रेन्द्र का संवाद :-**

**देवलोक में से च्यवकर मनुष्यलोक में उत्पन्न हुए और मोहनीय कर्म जिनका उपशान्त हुआ है, वैसे नमिराजर्षि अपने पूर्वभव के जन्म का स्मरण करते हैं । (101)**

पूर्वभव के जन्म का स्मरण करके, लोकोत्तर संयमधर्म के विषय में खुद (स्वयं) ही संबुद्ध बने हुए, राज्य पर पुत्र को स्थापित करके नमिराजर्षि निकलते हैं । (102)

श्रेष्ठ अन्तःपुर में रहे हुए वे नमिराजा स्वर्गलोक जैसे उत्तम भोगसुखों को भोगकर (स्वयं) बोध पाये हुए भोगसुखों का त्याग करते हैं । (103)

पुर और जनपदसहित मिथिला नगरी, सैन्य, अन्तःपुर और सभी परिजन का त्याग करके वे पूज्य (नमिराजर्षि) एकान्त = 'द्रव्य से निर्जन उद्यानादिस्थान में, भाव से = मैं अकेला ही हूँ, मेरा कोई नहीं है, मैं किसी का नहीं हूँ' - इस प्रकार रहे हुए हैं । (104)

## प्राकृत

[7]कोलाहलगभूयं, [8]आसी [3]मिहिलाए [4]पव्वयन्तम्मि ।
[6]तइया [1]रायरिसिम्मि, [3]नमिम्मि [5]अभिणिक्खमन्तम्मि ।।105।।
[3]अब्भुट्ठियं [4]रायरिसिं, [3]पव्वज्जाठाण[1]मुत्तमं ।
[5]सक्को [6]माहणरूवेण, [7]इमं [8]वयण[9]मब्बवी ।।106।।
किण्णु [1]भो [2]अज्ज [3]मिहिलाए, [6]कोलाहलगसंकुला ।
[9]सुव्वन्ति [7]दारुणा [8]सद्दा, [4]पासाएसु [5]गिहेसु य ।।107।।
[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[7]तओ [5]नमी [6]रायरिसी, [8]देविन्दं [9]इणम[10]ब्बवी ।।108।।

## संस्कृत अनुवाद

राजर्षौ नमौ मिथिलायां प्रव्रजति (सति), अभिनिष्क्रामति ।
तदा कोलाहलकभूतमासीत् ।।105।।
उत्तमप्रव्रज्यास्थानमभ्युत्थितं राजर्षिम् ।
शक्रो ब्राह्मणरूपेण, इदं वचनमब्रवीत् ।।106।।
भो आर्य ! मिथिलायां प्रासादेषु गृहेषु च ।
कोलाहलकसङ्कुला दारुणाः शब्दाः किं नु श्रूयन्ते ? ।।107।।
एतमर्थं निशम्य हेतुकारणनोदितः ।
नमी राजर्षिस्ततो, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ।।108।।

## हिन्दी अनुवाद

जब नमिराजर्षि मिथिला नगरी में संयम लेते थे और निकल रहे थे तब वातावरण कोलाहलमय हो गया । (105)

उत्तम संयमस्थान को प्राप्त नमिराजर्षि को, ब्राह्मण के वेष में इन्द्र महाराजा इस प्रकार के वचन कहते हैं । (106)

हे आर्य ! मिथिला नगरी में महल और घरों में कोलाहल से व्याप्त भयंकर शब्द क्या सुनाई नहीं देते हैं ? (107)

इस प्रकार के शब्दों को सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित नमिराजर्षि ने उसके बाद शक्रेन्द्र को इस प्रकार कहा । (108)

## प्राकृत

[2]मिहिलाए [11]चेइए [11]वच्छे, [3]सीयच्छाए [4]मणोरमे ।
[5]पत्तपुप्फफलोवेए, [7]बहूणं [8]बहुगुणे [6]सया ।।109।।
[13]वाएण [14]हीरमाणम्मि, [10]चेइयम्मि [9]मणोरमे ।
[15]दुहिया [16]असरणा [17]अत्ता, [18]एए [20]कन्दन्ति [1]भो [19]खगा ।।110।।
[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[6]तओ [7]नमिं [8]रायरिसिं, [5]देविन्दो [9]इणम[10]ब्बवी ।।111।।
[2]एस [3]अग्गी य [4]वाऊ [5]य, [6]एयं [8]डज्झइ [7]मन्दिरं ।
[1]भयवं [10]अन्तेउरं [9]तेणं, [11]कीस णं [11]नावपेक्खह ।।112।।

## संस्कृत अनुवाद

भो ! मिथिलायां शीतच्छाये, मनोरमे, पत्रपुष्पफलोपेते,
सदा बहूनां बहुगुणे, चैत्ये वृक्षे;
मनोरमे चैत्ये वातेन ह्रियमाणे
दुःखिता अशरणा आर्ता एते खगाः क्रन्दन्ति ।।109, 110।।
एतमर्थं निशम्य हेतुकारणनोदितो देवेन्द्रो;
नमिं राजर्षिं तत इदमब्रवीत् ।।111।।
भगवन् !, एषोऽग्निश्च वायुश्च, एतन् मन्दिरं दह्यते,
तेन अन्तःपुरं कस्मान् नावप्रेक्षसे ? ।।112।।

## हिन्दी अनुवाद

हे भाग्यवन्त ! मिथिला नगरी में शीतल छायावाला, मनोहर, पत्ते, पुष्प और फल से युक्त, अनेक लोगों को अत्यधिक गुणकारी रमणीय चैत्यवृक्ष पवन से हिलने पर, दुःखी, शरणरहित और पीडित ये पक्षी आक्रन्द कर रहे हैं । (109, 110)

इस बात को सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित शक्रेन्द्र महाराजा ने नमिराजर्षि को उसके बाद यह कहा । (111)

हे भगवन् ! यह आग और पवन इस महल को जला रहे हैं, तो आप जलते हुए अन्तःपुर का ध्यान क्यों नहीं रखते हो ? (112)

---

## प्राकृत

[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[7]तओ [5]नमि [6]रायरिसी, [8]देविन्दं [9]इणम[10]ब्बवी ।।113।।

[5]सुहं [6]वसामो [7]जीवामो, [1]जेसिं [2]मो [4]नत्थि [3]किंचणं ।
[8]मिहिलाए [9]डज्झमाणीए, [12]न [10]मे [13]डज्झइ [11]किंचणं ।।114।।

[1]चत्तपुत्तकलत्तस्स, [2]निव्वावारस्स [3]भिक्खुणो ।
[5]पियं [6]न [7]विज्जइ [4]किंचि, [8]अप्पियं पि [9]न [10]विज्जई ।।115।।

[8]बहुं खु [7]मुणिणो [9]भद्दं, [1]अणगारस्स [2]भिक्खुणो ।
[3]सव्वओ [4]विप्पमुक्कस्स, [5]एगन्तमणु[6]पस्सओ ।।116।।

[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[6]तओ [7]नमिं [8]रायरिसिं, [5]देविन्दो [9]इणम[10]ब्बवी ।।117।।

---

## संस्कृत अनुवाद

एतमर्थं निशम्य हेतुकारणनोदितः ।
नमी राजर्षिस्ततो देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ।।113।।

येषां नः किञ्चन नाऽस्ति, सुखं वसामो जीवामः ।
मिथिलायां दह्यमानायां, मे किञ्चन न दह्यते ।।114।।

त्यक्तपुत्रकलत्रस्य, निर्व्यापारस्य भिक्षोः ।
किञ्चित् प्रियं न विद्यते, अप्रियमपि न विद्यते ।।115।।

अनगारस्य भिक्षोः, सर्वतो विप्रमुक्तस्य ।
एकान्तमनुपश्यतो, मुनेर्बहु खलु भद्रम् ।।116।।

एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणनोदितो देवेन्द्रः ।
ततो नमिं राजर्षिमिदमब्रवीत् ।।117।।

---

## हिन्दी अनुवाद

यह बात सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित नमिराजर्षि ने उसके बाद इन्द्र महाराजा को इस प्रकार कहा । (113)

हमारा कुछ भी नहीं है, अतः हम सुखपूर्वक रहते हैं और जीते हैं, इसलिए मिथिला नगरी जलते हुए भी मेरा कुछ भी जलता नहीं है । (114)

जिन्होंने पुत्रों और स्त्रियों का त्याग किया है तथा व्यापाररहित हैं ऐसे साधु म. को कुछ भी प्रिय नहीं है और कुछ भी अप्रिय नहीं है । (115)

घररहित, भिक्षा द्वारा जीवननिर्वाह करनेवाले, सर्वतः संसार से मुक्त, 'मैं अकेला हूँ', इस प्रकार एकान्त को देखनेवाले संयमी का सचमुच अत्यधिक कल्याण होता है । (116)

यह बात सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित शक्रेन्द्र ने उसके बाद नमि राजर्षि को इस प्रकार कहा । (117)

---

## प्राकृत

[2]हिरण्णं [3]सुवण्णं [4]मणिमुत्तं, [5]कसं [6]दूसं च [7]वाहणं ।
[8]कोसं [9]वड्ढावइत्ताणं, [10]तओ [11]गच्छसि [1]खत्तिया ! ।।118।।
[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[7]तओ [5]नमी [6]रायरिसी, [8]देविन्दं [9]इणम[10]ब्बवी ।।119।।
[1]सुवण्ण-रुप्पस्स उ [2]पव्वया [3]भवे, [6]सिया हु [4]केलाससमा [5]असंखया ।
[8]नरस्स [7]लुद्धस्स [10]न [9]तेहिं [11]किंचि,
[12]इच्छा हु [13]आगाससमा [14]अणन्तया ।।120।।
[1]पुढवी [2]साली [3]जवा चेव, [6]हिरण्णं [4]पसुभि[5]स्सह ।
[7]पडिपुण्णं [9]नालमे[8]गस्स, [10]इइ [11]विज्जा [11]तवं [13]चरे ।।121।।

---

## संस्कृत अनुवाद

क्षत्रिय ! हिरण्यं सुवर्णं मणिमुक्तं कांस्यं दूष्यं वाहनम् ।
कोशं च वर्धयित्वा ततो गच्छसि ।।118।।
एतमर्थं निशम्य हेतुकारणनोदितः ।
नमी राजर्षिस्ततो देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ।।119।।
सुवर्णस्य रूप्यस्य तु पर्वता भवेयुः, खलु कैलाससमा असङ्ख्यकाः स्युः ।
लुब्धस्य नरस्य तैर्न किञ्चिद्, इच्छा खु आकाशसमा अनन्तकाः ।।120।।
पृथिवी शालिर्यवाश्चैव, पशुभिः सह हिरण्यम् ।
प्रतिपूर्णमेकस्मै नाऽलमिति विदित्वा तपश्चरेत् ।।121।।

---

## हिन्दी अनुवाद

हे क्षत्रिय ! हिरण्य (= सोने से बने आभूषण, चांदी), सुवर्ण = मात्र सोना, इन्द्रनील इत्यादि मणि, मोती, कांसा, विविध वस्त्र, वाहन तथा भण्डार की वृद्धि करके जाओ । (118)

यह बात सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित नमि राजर्षि ने उसके बाद देवेन्द्र (शक्रेन्द्र) को इस प्रकार कहा । (119)

सोने और चाँदी के पर्वत हों और शायद वे कैलास = हिमालय जैसे असंख्य हों, तो भी लोभी मनुष्य को उससे अल्प भी सन्तोष नहीं होता है, क्योंकि इच्छाएँ आकाश के समान अनन्त = अपार हैं । (120)

खेत, चावल, जौ और पशुओं के साथ सुवर्ण प्रचुर मात्रा में हो तो भी एक व्यक्ति के लिए पूरा (सन्तोषकारक) नहीं है, इस प्रकार जानकर तप का आचरण करना चाहिए । (121)

---

## प्राकृत

[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[6]तओ [7]नमिं [8]रायरिसिं, [5]देविन्दो [9]इणम[10]ब्बवी ।।122।।

[2]अच्छेरग[3]मब्भुदए, [4]भोए [5]चयसि [1]पत्थिवा ! ।
[6]असन्ते [7]कामे [8]पत्थेसि, [9]संकप्पेण [10]विहम्मसि ।।123।।

[1]एय[2]मट्ठं [3]निसामित्ता, [4]हेउकारणचोइओ ।
[7]तओ [5]नमी [6]रायरिसी, [8]देविन्दं [9]इणम[10]ब्बवी ।।124।।

[2]सल्लं [1]कामा [4]विसं [3]कामा, [5]कामा [6]आसीविसोवमा ।
[7]कामे [8]पत्थेमाणा, [9]अकामा [11]जन्ति [10]दोग्गइं ।।125।।

---

## संस्कृत अनुवाद

एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणनोदितः ।
देवेन्द्रस्ततो नमिं राजर्षिमिदमब्रवीत् ।।122।।

पार्थिव ! आश्चर्यकम्, अद्भुतान् भोगांस्त्यजसि ।
असतः कामान् प्रार्थयसे, सङ्कल्पेन विहन्यसे ।।123।।

एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणनोदितः ।
नमी राजर्षिस्ततो, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ।।124।।

कामाः शल्यं कामा विषं, कामा आशीविषोपमाः ।
कामान् प्रार्थ्यमानाः, अकामा दुर्गतिं यान्ति ।।125।।

## हिन्दी अनुवाद

इस बात को सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित शक्रेन्द्र ने उसके बाद नमि राजर्षि को इस प्रकार कहा । (122)

हे राजन् ! आश्चर्य है कि तुम प्राप्त हुए अद्भुत भोगों का त्याग करते हो और अप्राप्त भोगों की इच्छा करते हो, इस प्रकार तुम संकल्प से ही नष्ट होते हो । (123)

यह बात सुनकर हेतु और कारण से प्रेरित नमि राजर्षि ने उसके बाद शक्रेन्द्र को इस प्रकार कहा । (124)

कामनाएँ शल्य जैसी हैं, इच्छाएँ जहर समान हैं, अभिलाषाएँ आशीविष सर्प के समान हैं, अतः भोगों की इच्छा करते-करते, वे इच्छाएँ पूरी नहीं होने पर प्राणी दुर्गति में जाते हैं । (125)

---

## प्राकृत

[2]अहे [3]वयंति [1]कोहेणं, [4]माणेण [5]अहमा [6]गई ।
[7]माया [8]गइपडिग्घाओ, [9]लोभाओ [10]दुहओ [11]भयं ।।126।।

[2]अवउज्झिऊण [1]माहण-रूवं, [4]विउव्विऊण [3]इन्दत्तं ।
[9]वंदइ [8]अभित्थुणंतो, [5]इमाहि [6]महुराहिं [7]वग्गुहिं ।।127।।

[1]अहो [2]ते [4]निज्जिओ [3]कोहो, [5]अहो [6]माणो [7]पराजिओ ।
[8]अहो [11]निरक्किया [9]माया, [11]अहो [12]लोभो [13]वसीकओ ।।128।।

[1]अहो [2]ते [3]अज्जवं [4]साहु, [5]अहो [6]ते [8]साहु [7]मद्दवं ।
[9]अहो [10]ते [12]उत्तमा [11]खंती, [13]अहो [11]ते [15]मुत्ति [16]उत्तमा ।।129।।

---

## संस्कृत अनुवाद

क्रोधेनाऽधो व्रजन्ति, मानेनाऽधमा-गतिः ।
मायया गतिप्रतिघातो, लोभाद् द्विधातो भयम् ।।126।।

ब्राह्मणरूपमपोह्य, इन्द्रत्वं विकृत्य ।
अभिर्मधुराभिर्वाग्भिरभिष्टुवन् वन्दते ।।127।।

अहो त्वया क्रोधो निर्जितः, अहो मानः पराजितः ।
अहो माया निराकृता, अहो लोभो वशीकृतः ।।128।।

अहो ते आर्जवं साधु, अहो ते मार्दवं साधु ।
अहो तव क्षान्तिरुत्तमा, अहो ते मुक्तिरुत्तमा ।।129।।

---

## हिन्दी अनुवाद

प्राणी क्रोध से अधोगति में जाते हैं, अभिमान से भी अधमगति = दुर्गति होती है, माया से सद्गति रुकती है तथा लोभ से इहलोक और परलोक दोनों में भय रहता है । (126)

(उसके बाद) ब्राह्मण के रूप का त्यागकर, इन्द्र का रूप प्रगट करके ऐसी मधुर वाणी द्वारा स्तुति करते हुए (इन्द्रमहाराजा नमिराजर्षि को) वन्दन करते हैं । (127)

"अहो ! आपने क्रोध को जीत लिया है, अहो ! आपने मान को पराजित किया है, अहो ! आपने माया को दूर किया है और अहो ! आपने लोभ को स्वाधीन (अपने आधीन) किया है । (128)

अहो ! आपकी ऋजुता = सरलता उत्तम है, आपकी मृदुता श्रेष्ठ है, अहो ! आपकी क्षमा उत्तम है और आपकी मुक्ति (निर्लेपता) भी सुन्दर है । (129)

---

## प्राकृत

[2]इहं [4]सि [3]उत्तमो [1]भंते, [5]पच्छा [7]होहिसि [6]उत्तमो ।
[9]लोगुत्तमुत्तमं [10]ठाणं, [11]सिद्धिं [12]गच्छसि [8]नीरओ ।।130।।

[1]एवं [5]अभित्थुणंतो, [2]रायरिसिं [3]उत्तमाए [4]सद्धाए ।
[6]पयाहिणं [7]करेंतो, [9]पुणो पुणो [10]वंदइ [8]सक्को ।।131।।

[1]तो [5]वंदिऊण [4]पाए, [3]चक्कंकुसलक्खणे [2]मुणिवरस्स ।
[7]आगासेणु[8]प्पइओ, [6]ललियचवलकुंडलतिरीडी ।।132।।

[4]नमी [6]नमेइ [5]अप्पाणं, [1]सक्खं [2]सक्केण [3]चोइओ ।
[8]चइऊण [7]गेहं च [9]वेदेही, [10]सामण्णे [11]पज्जुवट्ठिओ ।।133।।

---

## संस्कृत अनुवाद

भगवन् ! इहोत्तमोऽसि, पश्चादुत्तमो भविष्यसि ।
नीरजा लोकोत्तमोत्तमं, स्थानं सिद्धिं गच्छसि ।।130।।

एवं राजर्षिमुत्तमया श्रद्धयाऽभिष्टुवन् ।
प्रदक्षिणां कुर्वन्, शक्रः पुनः पुनर्वन्दते ।।131।।

ततो मुनिवरस्य चक्राङ्कुशलक्षणौ पादौ वन्दित्वा ।
ललितचपलकुण्डलकिरीटी आकाशेनोत्पतितः ।।132।।

साक्षाच्छक्रेण नोदितो नमिरात्मानं नमयति ।
गृहं च त्यक्त्वा वैदेही, श्रामण्ये पर्युपस्थितः ।।133।।

---

## हिन्दी अनुवाद

हे भगवन् ! आप इस भव में उत्तम हो, उसके बाद परभव में भी उत्तम बनोगे, उससे कर्मरजरहित बनकर चौदह राजलोक में उत्तमोत्तम स्थानरूप सिद्धिपद को प्राप्त करोगे । (130)

इस प्रकार नमिराजर्षि की अनुपम श्रद्धापूर्वक स्तुति करते और प्रदक्षिणा देते हुए शक्रेन्द्र बारबार उनको वन्दन करते हैं । (131)

उसके बाद मुनिपुंगव नमिराजर्षि के चक्र और अंकुश के चिह्नवाले चरणों को नमस्कार करके, मनोहर और चंचल कुण्डल तथा मुकुट को धारण करनेवाले इन्द्र महाराजा आकाश मार्ग से चले गये । (132)

इस प्रकार साक्षात् शक्रेन्द्र (इन्द्र महाराजा) द्वारा स्तुति किये गए नमिराजर्षि आत्मा को भावित करते हैं और घर का त्याग करके विदेह देश के राजवी (राजा) चारित्र के विषय में उद्यमवान बनते हैं । (133)

# (7) वयछक्कं

### प्राकृत

[1]तत्थि[3]मं [4]पढमं [5]ठाणं, [2]महावीरेण [6]देसिअं ।
[8]अहिंसा [7]निउणा [9]दिट्ठा, [10]सव्वभूएसु [11]संजमो ।।134।।
[2]जावंति [1]लोए [3]पाणा, [4]तसा [5]अदुव [6]थावरा ।
[7]ते [8]जाणम[9]जाणं वा, [10]न [11]हणे णोवि[12] [13]घायए ।।135।।
[1]सव्वे [2]जीवा वि [4]इच्छंति, [3]जीविउं [5]न [6]मरिज्जिउं ।
[7]तम्हा [10]पाणिवहं [8]घोरं, [11]निग्गंथा [12]वज्जयंति [9]णं ।।136।।
[1]अप्पणट्ठा [2]परट्ठा वा, [3]कोहा वा [4]जइ वा [5]भया ।
[6]हिंसगं [8]न [7]मुसं [9]बूआ, [10]नो वि [11]अन्नं [12]वयावए ।।137।।

---

# (7) व्रतषट्कम्

### संस्कृत अनुवाद

तत्र महावीरेणेदं प्रथमं स्थानं देशितम् ।
अहिंसा निपुणा दृष्टा, सर्वभूतेषु संयम ।।134।।
लोके यावन्तः प्राणिनः, त्रसा अथवा स्थावराः ।
तान् जानन्नजानन् वा, न हन्यान्नोऽपि घातयेत् ।।135।।
सर्वे जीवा अपि जीवितुमिच्छन्ति न मर्तुम् ।
तस्माद् घोरं तं प्राणिवधं, निर्ग्रन्था वर्जयन्ति ।।136।।
आत्मार्थं परार्थं वा, क्रोधाद्वा यदि वा भयात् ।
हिंसकं मृषां न ब्रूयाद्, नाऽप्यन्यं वादयेत् ।।137।।

---

## (7) हिन्दी अनुवाद

व्रतषट्क में प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह ये पाँच और छठे रात्रिभोजन के त्याग के उपदेश पूर्वक छह व्रतों का वर्णन है ।

वहाँ (छह व्रतों में) श्रीवीर प्रभु ने यह प्रथम स्थान = व्रत बताया है, (उन्होंने) अनुपम अहिंसा देखी है और वह सभी प्राणियों के विषय में 'संयम' है । (134)

जगत् में जितने भी त्रस (स्वेच्छानुसार घूमने-फिरनेवाले) अथवा स्थावर (स्थिर = स्वेच्छानुसार घूम-फिर न सके) प्राणी हैं, उनको जानबूझकर या अनजान में मारना नहीं और दूसरों के द्वारा भी नहीं मरवाना चाहिए । (135)

सभी जीव जीने की इच्छा रखते हैं परन्तु मरने की नहीं, अतः भयंकर उस जीवहिंसा का साधु भगवंत त्याग करते हैं। (136)

स्वयं अथवा अन्य के लिए, क्रोध अथवा भय से दूसरों को दुःख पहुँचे वैसा असत्य वचन नहीं बोलना चाहिए और दूसरों के पास नहीं बुलाना चाहिए। (137)

## प्राकृत

[3]मुसावाओ य [1]लोगम्मि, [2]सव्वसाहूहिं [4]गरिहिओ।
[6]अविस्सासो य [5]भूआणं, [7]तम्हा [8]मोसं [9]विवज्जए ।।138।।
[1]चित्तमंत[2]मचित्तं वा, [3]अप्पं वा [4]जइ वा [5]बहुं।
[6]दंतसोहणमित्तं पि, [7]उग्गंहसि [8]अजाइया ।।139।।
[9]तं [11]अप्पणा [12]न [13]गिण्हंति, [14]नो वि [16]गिण्हावए [15]परं।
[18]अन्नं वा [17]गिण्हमाणं वा, [19]नाणु[30]जाणंति [10]संजया ।।140।।
[7]अबंभचरियं [4]घोरं, [5]पमायं [6]दुरहिट्ठियं।
[8]नाय[9]रंति [3]मुणी [1]लोए, [2]भेयाययणवज्जिणो ।।141।।

## संस्कृत अनुवाद

लोके सर्वसाधुभिर्मृषावादश्च गर्हितः।
भूतानामविश्वास्यश्च, तस्मान् मृषां विवर्जयेत् ।।138।।
चित्तवदचित्तं वा, अल्पं वा यदि बहु।
दन्तशोधनमात्रमपि, अवग्रहेऽयाचित्वा ।।139।।
तत् संयता आत्मना न गृह्णन्ति, नाऽपि परं ग्राहयन्ति।
गृह्णन्तमपि वाऽन्यं नाऽनुजानन्ति ।।140।।
लोके भेदाऽऽयतनवर्जिनो मुनयो, घोरं, प्रमादं, दुरधिष्ठितम्, अब्रह्मचर्यं नाऽऽचरन्ति ।।141।।

## हिन्दी अनुवाद

जगत् में सभी सज्जनों द्वारा मृषावाद = असत्यवचन की गर्हा की गई है और मृषावादी अविश्वासपात्र बनता है अतः मृषावाद का त्याग करना चाहिए। (138)

सचित्त = जीवसहित (फल-फूलादि) या अचित्त = जीवरहित (सोना-चांदी आदि) थोड़ा अथवा ज्यादा, (दाँत साफ करने की सली) दन्तशोधनी जितना

भी, जिनकी वसति में रहे हो उस मालिक की अनुमति बिना साधु म. स्वयं लेते नहीं हैं, दूसरों के द्वारा ग्रहण करवाते नहीं हैं और ग्रहण करनेवाले की अनुमोदना भी नहीं करते हैं। (139, 140)

लोक में संयमघातक स्थान का त्याग करनेवाले मुनि भयंकर, (दुःखदायी) प्रमाद के स्थानरूप, अनन्तसंसार के कारणरूप, दुष्टाश्रयरूप (दुराचार) अब्रह्म का सेवन नहीं करते हैं। (141)

---

## प्राकृत

[3]मूलमेय[2]महम्मस्स, [4]महादोससमुस्सयं ।
[5]तम्हा [8]मेहुणसंसग्गं, [6]निग्गंथा [9]वज्जयंति [7]णं ।।142।।
[3]बिड[4]मुब्भेइयं [5]लोणं, [6]तिल्लं [7]सप्पिं च [8]फाणिअं ।
[10]न [1]ते [9]सन्निहिमि[11]च्छंति, [2]नायपुत्तवओरया ।।143।।
[2]लोहस्से[1]स [3]अणुफासे, [4]मन्ने [5]अन्नयरामवि ।
[6]जे [7]सिया [8]सन्निहिं [9]कामे, [11]गिही [13]पव्वइए [12]न [10]से ।।144।।
जं पि वत्थं च पायं वा, कंबलं पायपुंछणं ।
तं पि संजमलज्जट्ठा, धारंति परिहरंति अ ।।145।।

---

## संस्कृत अनुवाद

एतदधर्मस्य मूलं, महादोषसमुच्छ्रयम् ।
तस्मान्निर्ग्रन्थास्तं, मैथुनसंसर्गं वर्जयन्ति ।।142।।
ते ज्ञातपुत्रवचोरताः, बिडमुद्भेद्यं लवणं ।
तैलं सर्पिः फाणितं च, सन्निधिं नेच्छन्ति ।।143।।
एष लोभस्याऽनुस्पर्शः, मन्येऽन्यतरामपि ।
यः स्यात् सन्निधिं कामयेत्, स गृही, न प्रव्रजितः ।।144।।
यदपि वस्त्रं च पात्रं वा, कम्बलं पादप्रोञ्छनम् ।
तदपि संयमलज्जार्थं, धारयन्ति परिहरन्ति च ।।145।।

---

## हिन्दी अनुवाद

यह अब्रह्मचर्य अधर्म (पाप) का मूल है, महादोषों का स्थान है, अतः साधु भगवंत इस मैथुन के सम्बन्ध का त्याग करते हैं। (142)

ज्ञातपुत्र श्रीवीरप्रभु के वचनों में तत्पर साधु प्रासुक = गोमूत्र; अग्नि आदि से शुष्क किया हुआ नमक अथवा अप्रासुक = समुद्र आदि का नमक, तेल, घी, नरम गुड़ इत्यादि (सन्निधि) अपने पास नहीं रखते हैं। (143)

यह सब (सन्निधि) लोभ का ही कुछ अंश (स्वरूप) है, श्री तीर्थंकर और गणधर भगवंत कहते हैं कि जो (उपर्युक्त) अल्प वस्तुओं को अपने पास रखने की इच्छा करते हैं वे गृहस्थ हैं साधु नहीं । (144)

जो भी वस्त्र, पात्र, कम्बल और रजोहरण इत्यादि रखते हैं वे भी संयम और लज्जा के कारण धारण किये हैं और उनका उपभोग करते हैं । (145)

---

## प्राकृत

[5]न [3]सो [4]परिग्गहो [6]वुत्तो, [2]नायपुत्तेण [1]ताइणा ।
[7]मुच्छापरिग्गहो [8]वुत्तो, [9]इइ [11]वुत्तं [10]महेसिणा ।।146।।
[7]संति [1]मे [2]सुहुमा [6]पाणा, [3]तसा [4]अदुव [5]थावरा ।
[8]जाइं [9]राओ [10]अपासंतो, [11]कहमे[12]सणिअं [13]चरे ।।147।।
[1]एअं च [2]दोसं [3]दट्ठूणं, [4]नायपुत्तेण [5]भासियं ।
[7]सव्वाहारं [9]न [10]भुंजंति, [6]निग्गंथा [8]राइभोयणं ।।148।।

**दशवैकालिकसूत्रे अध्ययन - 6**

---

## संस्कृत अनुवाद

त्रायिणा ज्ञातपुत्रेण स परिग्रहो नोक्तः ।
मूर्च्छापरिग्रह उक्तः, इति महर्षिणोक्तम् ।।146।।
इमे सूक्ष्माः त्रसा अथवा स्थावराः प्राणिनः सन्ति ।
यान् रात्रावपश्यन्, एषणीयं कथं चरेत् ? ।।147।।
एतं च दोषं दृष्ट्वा, ज्ञातपुत्रेण भाषितम् ।
निर्ग्रन्थाः सर्वाऽऽहारं रात्रिभोजनं न भुञ्जते ।।148।।

---

## हिन्दी अनुवाद

रक्षण करनेवाले = तारक ज्ञातपुत्र श्रीवीर प्रभु ने उसे (संयमोपकरण को) परिग्रह नहीं बताया है, परन्तु मूर्च्छा = ममता को ही परिग्रह बताया है, इस प्रकार महापुरुषों ने (गणधर भ. ने सूत्र में) कहा है । (146)

ये सब सूक्ष्म (= आँखों से न दिखनेवाले), त्रस अथवा स्थावर जीव रहे हुए हैं, जिनको (जीवों को) रात्रि में नहीं देखने से एषणीय (निर्दोष आहार हेतु) गवेषणा (शोध) किस प्रकार करें ? । (147)

दोष को देखकर ज्ञातपुत्र श्रीमहावीर प्रभु ने कहा है कि निर्ग्रन्थ मुनि अशन-पान-खादिम-स्वादिम सभी प्रकार के आहार स्वरूप रात्रिभोजन को नहीं करते हैं । (148)

# (8) रावणस्स पच्छायावो

## प्राकृत

[4]दट्ठूण [6]जणयतणया, [3]सेन्नं [1]लङ्काहिवस्स [2]अइबहुयं ।
[7]चिन्तेइ [5]वुण्णहियया, [10]न य [11]जिणइ [8]इमं [9]सुरिन्दो वि ।।149।।
[2]सा एव [3]उस्सुयमणा, [4]सीया [5]लङ्काहिवेण [1]तो [6]भणिया ।
[8]पावेण [9]मए [7]सुन्दरि !, [12]हरिया [10]छम्मेण [11]विलवन्ती ।।150।।
[5]गहियं [4]वयं [1]किसोयरि ! [2]अणंतविरियस्स [3]पायमूलम्मि ।
[6]अपसन्ना [7]परमहिला, [10]न [11]भुञ्जियव्वा [8]मए [9]नियय़ं ।।151।।

---

# (8) रावणस्य पश्चात्तापः

## संस्कृत अनुवाद

लङ्काधिपस्याऽतिबहुकं, सैन्यं दृष्ट्वा त्रस्तहृदया ।
जनकतनया चिन्तयति, इमं सुरेन्द्रोऽपि न च जयति ।।149।।
ततः सैवोत्सुकमनाः सीता, लङ्काधिपेन भणिता ।
हे सुन्दरि ! पापेन मया छद्मना विलपन्ती हृता ।।150।।
हे कृशोदरि ! अनन्तवीर्यस्य पादमूले व्रतं गृहीतम् ।
अप्रसन्ना परमहिला मया नियतं न भोक्तव्या ।।151।।

---

# (8)

## हिन्दी अनुवाद

लंकानरेश रावण के बड़े सैन्य को देखकर घबराये हुए हृदयवाली जनकराजा की पुत्री सीता विचार करती है, इसको (रावण को) तो इन्द्र महाराजा भी नहीं जीत सकते हैं । (149)

उसके बाद उत्सुक मनवाली सीता को लंका के राजा रावण ने कहा, कि हे सुन्दरि ! पापी ऐसे मैंने विलाप करती हुई तेरा हरण करवाया । (150)

हे कृशोदरि ! श्री अनन्तवीर्य केवली भगवंत के चरणों में मैंने व्रत लिया है कि अपनी प्रसन्नता बिना = अप्रसन्न परस्त्री के साथ मैं कभी भी भोग नहीं करूंगा । (151)

## प्राकृत

[4]सुमरंतेण [3]वयं [2]तं, [8]न [5]मए [7]रमिया [6]तुमं [1]विसालच्छी ! ।
[14]रमिहामि [10]पुणो [9]सुन्दरि ।, [11]संपइ [12]आलम्बणं [13]छेत्तुं ।।152।।
[1]पुप्फविमाणारूढा, [5]पेच्छसु [3]सयलं [2]सकाणणं [4]पुहइं ।
[10]भुञ्जसु [9]उत्तमसोक्खं, [7]मज्झ [8]पसाएण [6]ससिवयणे ! ।।153।।
[2]सुणिऊण [1]इमं [3]सीया, [4]गग्गरकण्ठेण [6]भणइ [5]दहवयणं ।
[13]निसुणेहि [11]मज्झ [12]वयणं, [7]जइ [8]मे [9]नेहं [10]समुव्वहसि ।।154।।
[2]घणकोववसगएण वि, [4]पउमो [5]भामण्डलो य [3]संगामे ।
[6]एए [8]न [9]घाइयव्वा, [1]लङ्काहिव ! [7]अहिमुहावडिया ।।155।।

---

## संस्कृत अनुवाद

हे विशालाक्षि !, तद् व्रतं स्मरता मया त्वं न रता ।
हे सुन्दरि ! पुनः सम्प्रत्यालम्बनं छेत्तुं रमिष्यामि ।।152।।
पुष्पविमानाऽऽरूढा सकाननां सकलां पृथिवीं पश्य ।
हे शशिवदने ! मम प्रसादेनोत्तमसौख्यं भुङ्ग्धि ।।153।।
इदं श्रुत्वा सीता गद्गदकण्ठेन दशवदनं भणति ।
यदि मयि स्नेहं समुद्वहसि, मम वचनं निश्रृणु ।।154।।
लङ्काधिप ! घनकोपवशगतेनाऽपि सङ्ग्रामे पद्मो ।
भामण्डलश्चैतावभिमुखाऽऽपतितौ न हन्तव्यौ ।।155।।

---

## हिन्दी अनुवाद

हे विशाल नेत्रवाली ! उस व्रत को याद करते मेरे द्वारा तेरे साथ किसीभी प्रकार की क्रीड़ा नहीं की गई । परन्तु हे सुन्दरी ! अब उस आलम्बन को दूर करने के लिए तेरी प्रसन्नता हेतु मैं क्रीड़ा करूँगा । (152)

पुष्पक विमान में चढ़कर तू उद्यानसहित सम्पूर्ण पृथ्वी को देख, हे चन्द्रवदने ! (चन्द्रसमान मुखवाली) मेरी कृपा से तू अनुपम सुख का भोग कर । (153)

यह (बात) सुनकर सीता गद्गदकण्ठ से दस मस्तकवाले रावण को कहती है, यदि मुझ पर स्नेह रखते हो तो मेरे वचन ध्यानपूर्वक सुनो । (154)

हे लंकेश रावण ! भयंकर गुस्से के आधीन बनकर भी तुम, युद्ध में भामण्डल तथा श्रीराम व लक्ष्मण दोनों सामने आयें तो उनको मारना नहीं । (155)

## प्राकृत

[1]ताव य [3]जीवामि [2]अहं, [4]जाव य [6]एयाण [5]पुरिससीहाणं ।
[10]न [11]सुणेमि [9]मरणसद्दं, [7]उच्चयणिज्जं [8]अयण्णसुहं ।।156।।
[1]सा [3]जंपिऊण [2]एवं, [5]पडिया [4]धरणीयले [7]गया [5]मोहं ।
[11]दिट्ठा य [8]रावणेणं, [9]मरणावत्था [10]पयलियंसू ।।157।।
[2]मिउमाणसो [1]खणेणं, [3]जाओ [4]परिचिन्तिउं [5]समाढत्तो ।
[7]कम्मोयएण [8]बद्धो, [9]कोवि [11]सिणेहो [6]अहो [10]गुरुओ ।।158।।
[1]धिद्धित्ति [4]गरहणिज्जं, [2]पावेण [3]मए इमं [6]कयं [5]कम्मं ।
[8]अन्नोन्नपीइपमुहं, [11]विओइयं [7]जेणिमं [10]मिथुणं ।।159।।

---

## संस्कृत अनुवाद

तावच्चाऽहं जीवामि, यावच्च पुरुषसिंहयोरेतयोः ।
उत्त्यजनीयमकर्णसुखं, मरणशब्दं न शृणोमि ।।156।।
सैवं जल्पित्वा धरणीतले, पतिता मोहं गता ।
रावणेन च. मरणाऽवस्था, प्रगलिताक्षुः दृष्टा ।।157।।
क्षणेन मृदुमानसो जातः, परिचिन्तयितुं समारब्धः ।
अहो, कर्मोदकेन बद्धः, कोऽपि गुरुकः स्नेहः ।।158।।
धिग् धिगिति, पापेन मयेदं गर्हणीयं कर्म कृतं ।
येनाऽन्योन्यप्रीतिप्रमुखमिदं, मिथुनं वियोजितम् ।।159।।

---

## हिन्दी अनुवाद

**क्योंकि तभी तक ही मैं जीवित रहूँगी, जब तक पुरुषों में सिंहसमान इन दोनों के त्याग करने योग्य और कर्ण को प्रिय न लगे वैसे मरण के शब्द को नहीं सुनूँगी । (156)**

**इस प्रकार बोलकर सीताजी पृथ्वी पर गिर गई और मूर्च्छित हो गयीं रावण ने भी मरणावस्था के नजदीक तथा आँसू गिरते हुए उन (सीताजी) को देखा । (157)**

**एक क्षण में रावण कोमल मनवाले बने और विचार करना प्रारम्भ किया, अहो ! कर्मरूपी जल से बद्ध (इनका) कोई गाढ़ स्नेह है । (158)**

**धिक्कार है कि पापी ऐसे मेरे द्वारा ऐसा निंदनीय कार्य किया गया, जिससे एक दूसरे पर अतिस्नेह रखते इस युगल का मैंने वियोग किया । (159)**

## प्राकृत

[4]ससिपुण्डरीयधवलं, [6]निययकुलं [5]उत्तमं [8]कयं [7]मलिणं ।
[2]परमहिलाए [3]कएणं, [1]वम्महअणियत्तचित्तेणं ।।160।।
[3]धिद्धि [1]अहो [2]अकज्जं, [7]महिला [4]जं [5]तत्थ [6]पुरिससीहाणं ।
[10]अवहरिऊण [9]वणाओ, [11]इहाणि[12]या [8]मयणमूढेण ।।161।।
[1]नरयस्स [2]महावीही, [3]कढिणा [4]सग्गग्गला [5]अणयभूमि ।
[6]सरियव्व [7]कुडिलहियया, [9]वज्जेयव्वा [10]हवइ [8]नारी ।।162।।
[1]जा [2]पढमदिट्ठ [3]संती, [6]अमएण व [4]मज्झ [7]फुसइ [5]अङ्गाइं ।
[9]सा [8]परमसत्तचित्ता, [11]उच्चयणिज्जा [10]इहं [12]जाया ।।163।।

---

## संस्कृत अनुवाद

मन्मथाऽनिवृत्तचित्तेन, परमहिलायाः कृते ।
शशिपुण्डरीकधवलमुत्तमं, निजककुलं मलीनं कृतम् ।।160।।
अहो अकार्यं धिग् धिग्, यत्तत्र पुरुषसिंहानां महिला ।
मदनमूढेन वनादपहृत्येहाऽऽनीता ।।161।।
नरकस्य महावीथिः, कठिना स्वर्गाऽर्गलाऽनयभूमिः ।
सरिदिव कुटिलहृदया, नारी वर्जयितव्या भवति ।।162।।
सा प्रथमदृष्टा सती, ममाङ्गान्यमृतेनेव स्पृशति ।
परमसत्त्वचित्ता सेहोत्त्यजनीया जाता ।।163।।

---

## हिन्दी अनुवाद

काम के आधीन चित्त से मैंने परस्त्री हेतु चन्द्र और पुण्डरीक = श्वेतकमलसमान निर्मल, उत्तम अपने कुल को कलंकित किया । (160)

अहो ! मेरे दुष्कृत्य को धिक्कार हो, पुरुषों में सिंहसमान उन पूज्य की स्त्री (= सीताजी) को काम से मोहित मैं वन में से अपहरण करके यहाँ लाया । (161)

नरक के राजमार्ग समान, स्वर्ग के द्वार बंद करने में मजबूत श्रृंखला समान, नदी के समान कुटिल हृदयवाली स्त्री त्याग करने योग्य है । (162)

जो प्रथम नजर में देखने पर मेरे अंगों को मानों अमृत से स्पर्श करती हो वैसा अनुभव होता था, परन्तु परमसात्त्विक चित्तवाले वे सीताजी अब मुझे त्याग करने योग्य हुए हैं । (163)

## प्राकृत

[1]जइ वि य [6]इच्छेज्ज [5]ममं, [2]संपइ [4]एसा [3]विमुक्कसब्भावा ।
[7]तह वि य [10]न [11]जायइ [9]धिई, [8]अवमाणसुदुमियस्स ।।164।।
[3]भाया [2]मे [8]आसि [1]जया, [4]बिभीसणो [5]नियमेव [6]अणुकूलो ।
[7]उवएसपरो [9]तइया, [13]न [10]मणो [11]पीइं [12]समल्लीणो ।।165।।
[2]बद्धा य [1]महासुहडा, [3]अन्ने वि [5]विवाइया [4]पवरजोहा ।
[7]अवमाणिओ य [6]रामो, [8]संपइ [9]मे [10]केरिसी [11]पीई ।।166।।
[1]जइ वि [6]सम्मपेमि [2]अहं, [3]रामस्स [4]किवाए [5]जणयनिवतणया ।
[8]लोओ [7]दुग्गहहियओ, [10]असत्तिमन्तं [11]गणेही [9]मे ।।167।।

## संस्कृत अनुवाद

यद्यपि च सम्प्रति, विमुक्तसद्भावैषा मामिच्छेत् ।
तथापि चाऽपमानसुदूनस्य, धृतिर्न जायते ।।164।।
यदा मे भ्राता बिभीषणो, नियतमेवाऽनुकूल उपदेशपर आसीत् ।
तदा मनः प्रीतिं न समालीनम् ।।165।।
महासुभटाश्च बद्धाः, अन्येऽपि प्रवरयोधा विपादिता ।
रामश्चऽपमानितः, सम्प्रति मम कीदृशी प्रीतिः ? ।।166।।
यद्यप्यहं रामस्य कृपया जनकनृपतनया समर्पयामि ।
दुर्ग्रहहृदयो लोकः, मामशक्तिमन्तं गणिष्यति ।।167।।

## हिन्दी अनुवाद

**यद्यपि अब सद्भाव-सदाचार का त्यागकर वे सीताजी मेरी इच्छा करें तो भी अपमान से दुःखी मुझे धीरज नहीं रहा है । (164)**

**जब मेरे भाई बिभीषण मुझे सदा अनुकूल (सत्य) उपदेश देते थे तब मुझे उनकी बात पसन्द नहीं आती थी । (165)**

**मैंने उनके महान् सुभटों को कैद किया, दूसरे भी उत्तम योद्धाओं को मार डाला और राम का भी अपमान किया, तो अब मुझ पर प्रीति कैसे होगी ? । (166)**

**यद्यपि मैं राम के प्रति स्नेह से जनकराजा की पुत्री सीताजी को वापिस लौटा दूँ तो दुराग्रही लोक मुझे शक्तिहीन गिनेंगे । (167)**

## प्राकृत

[1]इह [3]सीहगरुडकेऊ, [2]संगामे [4]रामलक्खणे [5]जिणिउं ।
[9]परमविभवेण [10]सीया, [6]पच्छा [8]ताणं [11]समप्पे [7]हं ।।168।।
[2]न य [1]पोरुसस्स [3]हाणी, [4]एव [5]कए [7]निम्मला य [6]मे [8]कित्ती ।
[10]होह(हि) इ [9]समत्थलोए, [11]तम्हा [13]ववसामि [12]संगामं ।।169।।

---

## संस्कृत अनुवाद

इह सङ्ग्रामे सिंहगरुडकेतू, रामलक्ष्मणौ जित्वा ।
पश्चादहं ताभ्यां परमविभवेन सीता समर्पयामि ।।168।।
पौरुषस्य च न हानिरेवं कृते च मे निर्मला कीर्तिः ।
समस्तलोके भविष्यति, तस्मात् सङ्ग्रामं व्यवस्यामि ।।169।।

---

## हिन्दी अनुवाद

अतः इस युद्ध में सिंह और गरुड़ चिह्नवाले राम और लक्ष्मण को जीतकर बाद में मैं उनको परमसमृद्धिसहित सीताजी समर्पित करूंगा । (168)

इस प्रकार करने पर पुरुषार्थ की हानि नहीं होगी और समग्र जगत में मेरा उज्ज्वल यश होगा, अतः मैं युद्ध करूंगा । (169)

# (9) दयावीरमेहरहनरिंदो

### प्राकृत

अन्नया य मेहरहो उम्मुक्कभूसणाऽहरणो पोसहसालाए पोसहजोग्गासणनिसण्णो –

# (9) दयावीरमेघरथनरेन्द्रः

### संस्कृत अनुवाद

अन्यदा च मेघरथ उन्मुक्तभूषणाऽऽभरणः पौषधशालायां पौषध-योग्याऽऽसन-निषण्णः ।

### हिन्दी अनुवाद

**एक बार मेघरथ राजा आभूषण का त्यागकर पौषधशाला में पौषध के योग्य आसन पर बैठे ।**

### प्राकृत

[3]सम्मत्तरयणमूलं, [4]जगजीवहियं [5]सिवालयं [6]फलयं ।
[2]राईणं [9]परिकहेइ, [7]दुक्खविमुक्खं [1]तहिं [8]धम्मं ।।170।।
[1]एयम्मि [2]देसयाले, [3]भीओ [5]पारेवओ [4]थरथरंतो ।
[6]पोसहसाल[7]मइगओ, [8]रायं ! [9]सरणं ति [10]सरणं ति ।।171।।
[2]अभओ त्ति [3]भणइ [1]राया, [4]मा [5]भाहि त्ति [6]भणिए [9]ट्ठिओ [7]अह [8]सो ।
[10]तस्स य [11]अणुमग्गओ [13]पत्तो, [12]भिडिओ [14]सो वि [15]मणुयभासी ।।172।।
नहयलत्थो रायं भणइ-मुयाहि एयं पारेवयं, एस मम भक्खो ।
मेहरहेण भणियं - न एस दायव्वो सरणागतो

### संस्कृत अनुवाद

तत्र राजानं सम्यक्त्वरत्नमूलं, जगज्जीवहितं शिवाऽऽलयं फलदम् ।
दुःखविमोक्षं धर्मं परिकथयति ।।170।।
एतस्मिन् देशकाले, भीतः कम्पमानः पारापतः ।
पौषधशालामतिगतः, ''राजन् ! शरणमिति शरणमिति ।।171।।
राजा **'अभयं'** इति भणति, **''मा बिभीहि''** इति भणितेऽथ स स्थितः ।
तस्य चाऽनुमार्गतः श्येनः प्राप्तः सोऽपि मनुजभाषी ।।172।।

नभस्तलस्थो राजानं भणति-मुञ्चैतं पारापतम्, एष मम भक्ष्यः ।
मेघरथेन भणितम्-नैष दातव्यः शरणाऽगतः ।

## हिन्दी अनुवाद

वहाँ राजा को सम्यग्दर्शनरूपी रत्न जिसका मूल है, जगत् के जीवों को हितकारी, मोक्षालयरूपी फल देनेवाला, दुःखों से मुक्त करनेवाला धर्म कहते हैं । (170)

वहाँ उसी समय भयभीत (और) काँपता हुआ कबूतर अचानक पौषधशाला में आया, "हे राजन् ! शरण, शरण" इस प्रकार कहने लगा । (171)

राजा 'अभय' इस प्रकार बोलते हैं, 'डर नहीं' इस प्रकार कहने पर वह (कबूतर) वहीं खड़ा रहता है; उसके पीछे क्रौंच (बाज) पक्षी आता है, वह भी मनुष्य की भाषा बोलनेवाला है । (172)

आकाश में रहा हुआ बाज राजा को कहता है कि- इस कबूतर को छोड़ दो, यह मेरा भक्ष्य है ।

मेघरथ राजा ने कहा - मेरी शरण में आया हुआ यह देने योग्य नहीं है (अर्थात् मैं इसको नहीं दूँगा क्योंकि यह मेरी शरण में आया हुआ है ।)

## प्राकृत

भिडिएण भणियं-नरवर ! जइ न देसि मे तं, खुहिओ कं सरण-मुवगच्छामि ! त्ति ।

मेहरहेण भणियं-जह जीवियं तुब्भं पियं निस्संसयं तहा सव्वजीवाणं ।
भणियं च - [2]हंतूण [1]परप्पाणे, [3]अप्पाणं [4]जो [6]करेइ [5]सप्पाणं ।
[7]अप्पाणं [8]दिवसाणं, [9]कएण [11]नासेइ [10]अप्पाणं ।।173।।
[1]दुक्खस्स [2]उव्वियंतो, [4]हंतूण [3]परं [6]करेइ [5]पडियारं ।
[11]पाविहिति [10]पुणो [9]दुक्खं, [8]बहुययरं [7]तन्निमित्तेण ।।174।।
एवं अणुसिट्ठो भिडिओ भणइ-कत्तो मे धम्ममणो भुक्खदुक्खद्दियस्स ? ।

## संस्कृत अनुवाद

श्येनेन भणितम्-नरवर ! यदि न ददासि मह्यं तम्, क्षुधितः कं शरण-मुपगच्छामि ? इति मेघरथेन भणितम्-यथा जीवितं तुभ्यं प्रियं, निस्संशयं तथा सर्वजीवानाम् ।

भणितं च-परप्राणान् हत्वा, आत्मानं यः सप्राणं करोति ।
अल्पानां दिवसानां कृते आत्मानं नाशयति ।।173।।
दुःखाद् उद्विजन्, परं हत्वा, प्रतिकारं करोति ।
तन्निमित्तेन बहुकतरं, दुःखं पुनः प्राप्स्यति ।।174।।

एवमनुशिष्टः श्येनो भणति-कुतो मे धर्ममनः बुभुक्षादुःखार्दितस्य ? ।

## हिन्दी अनुवाद

**श्येन (बाज) पक्षी ने कहा - हे राजन् ! जो तू उसे (कबूतर को) नहीं देगा, तो भूखा ऐसा मैं किसकी शरण में जाऊँगा ?**

**मेघरथ राजा ने कहा, - जिस प्रकार तुझे जीवन प्रिय है, उसी प्रकार निःशंक सभी जीवों को जीवन प्रिय है ।**

**कहा है कि - दूसरों के प्राणों का नाश करके जो स्वयं जिन्दा रहता है, वह कुछ दिनों के लिए अपना (स्वयं का) ही नाश करता है । (173)**

**(भूख के) दुःख से दुःखी, दूसरों को मारकर, (दुःख का) प्रतिकार करता है, वह इस निमित्त द्वारा पुनः अधिकतर दुःख प्राप्त करेगा । (174)**

**इस प्रकार हितशिक्षा प्राप्त बाज पक्षी कहता है-भूख के दुःख से पीड़ित मेरा मन धर्म में कैसे रहेगा ?**

## प्राकृत

मेहरहो भणइ-अण्णं मंसं अहं तुहं देमि भुक्खपडिघायं, विसज्जेह पारेवयं, भिडिओ भणइ-नाहं सयं मयं मंसं खामि, फुरफुरेंतं सत्तं मारेउं मंसं अहं खामि । मेहरहेण भणियं–

जत्तिय पारावओ तुलइ तत्तियं मंसं मम सरीराओ गेण्हाहि ।

एवं भवउ, त्ति भणइ (भिडिओ)

भिडियवयणेण य राया पारेवयं तुलाए चडावेऊण, बीयपासे निययं मंसं छेत्तूण चडावेइ.

## संस्कृत अनुवाद

मेघरथो भणति-अन्यं मांसमहं तुभ्यं ददामि बुभुक्षाप्रतिघातम्, विसृज पारापतम् ।

श्येनो भणति-नाऽहं स्वयं मृतं मांसं खादामि, पोस्फुरायमाणं सत्त्वं मारयित्वा मांसमहं खादामि ।

मेघरथेन भणितम्-यावतिकं पारापतस्तुल्यते, तावतिकं मांसं मम शरीराद् गृहाण ।

**'एवं भवतु'** इति भणति (श्येनः)

श्येनवचनेन च राजा पारापतं तुलायामारुह्य, द्वितीयपार्श्वे निजकं मांसं छेत्त्वाऽऽरोहयति ।

## हिन्दी अनुवाद

**मेघरथ राजा कहता है, - [4]भूख को शांत (दूर) करने के लिए तुझे मैं दूसरा मांस देता हूँ, परन्तु कबूतर को छोड़ दो ।**

**बाजपक्षी कहता है - मैं स्वयं मृत्यु प्राप्त जीव का मांस नहीं खाता हूँ, लेकिन मैं काँपते हुए जीव को मारकर उसका मांस खाता हूँ ।**

**मेघरथ राजा ने कहा - तराजू में जितना कबूतर का वजन होगा, उतना मांस मेरे शरीर में से तू ग्रहण कर ।**

**'हाँ ! मुझे मंजूर है ।' बाजपक्षी ने कहा ।**

**बाजपक्षी के वचन से राजा कबूतर को एक तराजू में रखकर, दूसरी तरफ अपना मांस निकालकर (काटकर) रखते हैं ।**

## प्राकृत

[1]जह [2]जह [4]छुभेइ [3]मंसं, [5]तह [6]तह [7]पारावओ [8]बहु [9]तुलेइ ।
[10]इअ [11]जाणिऊण [12]राया, [15]आरुहइ [13]सयं [14]तुलाए उ ।।175।।

[1]हा ! हा ! [2]त्ति [3]नरवरिंदा ! [4]कीस [5]इमं [6]साहसं [7]ववसियं ? ति ।
[8]उप्पाइयं खु [9]एयं, [12]न [13]तुलइ [10]पारेवओ [11]बहुयं ।।176।।

**एयम्मि देसयाले देवो दिव्वरूवधारी दरिसेइ अप्पाणं,**
**भणइ-रायं ! लाभा हु ते सुलद्धा जंसि एवं दयावंतो, पूयं काउं खमावेत्ता गतो ।।**

**वसुदेवहिंडीए प्रथमखण्डे द्वितीयभागे**

## संस्कृत अनुवाद

यथा यथा मांसं क्षिपति, तथा तथा पारापतो बहु तोलयति ।
इति ज्ञात्वा राजा, स्वयं तु तुलायामारुह्यति ।।175।।

हा हा ! इति नरवरेन्द्रा ! कस्मादिमं साहसं व्यवसितमिति ? ।
औत्पातिकं खल्वेतत्, पारापतो न तोलयति बहुकम् ।।176।।

एतस्मिन् देशकाले देवो दिव्यरूपधारी दर्शयत्यात्मानम्,

भणति राजन् ! लाभाः खलु तव सुलब्धाः, यस्मिन्नेवं दयावान्, पूजां कृत्वा क्षमयित्वा गतः ॥

## हिन्दी अनुवाद

जैसे-जैसे मांस रखते जाते हैं, वैसे-वैसे कबूतर का वजन बढ़ता जाता है, यह जानकर राजा स्वयं ही तराजू में बैठ जाते हैं । (175)

अहो अहो ! हे राजन् ! आपने ऐसा साहस कैसे किया ? इस प्रकार (सभी लोग बोलने लगे), सचमुच यह तो आकस्मिक है, अतः अतिभारी-कबूतर तराजू में तुलता नहीं है । (176)

उसी समय वहाँ दिव्यरूपधारण करनेवाले देव ने अपने स्वरूप को प्रगट किया । कहा - हे राजन् ! आप दयालु हो इसलिए आपने सभी लाभ प्राप्त किए हैं, इस प्रकार पूजा करके क्षमायाचना करके (देव) गया ।

# (10) महेसरदत्तकहा

## प्राकृत

तामलित्तीनयरीते महेसरदत्तो सत्थवाहो । तस्स पिया समुद्दनामो वित्तसंचय-सारक्खपरिवुड्ढिलोभाभिभूओ मओ, मायाबहुलो महिसी जाओ तम्मि चेव विसए । मायावि से उवहिनियडिकुसला बहुला नाम चोक्खवाइणी पइसोगेण मया सुणिया जाया तम्मि चेव नयरे ।

महेसरदत्तस्स भारिया गंगिला गुरुजणविरहीए घरे सच्छंदा इच्छिएण पुरिसेण सह कयसंकेचा पओसे त्तं उदिक्खमाणी चिट्ठइ । सो य तं पएसं साउहो उवगओ महेसरदत्तस्स चक्खुभागे पडिओ । तेण पुरिसेण अत्तसंरक्खणनिमित्तं महेसरदत्तो तक्किओ विवाडेउं ।

---

## (10) संस्कृत अनुवाद

ताम्रलिप्तीनगर्यां महेश्वरदत्तः सार्थवाहः । तस्य पिता समुद्रनामा क्तिसञ्चय-संरक्षणपरिवृद्धिलोभाभिभूतो मृतः, मायाबहुलो महिषो जातस्तस्मिंश्चैव विषये । *माताऽपि तस्योपधिनिकृति कुशला बहुला नाम्नी चोक्षवादिनी प्रतिशोकेन* मृता शुनी जाता तस्मिंश्चैव नगरे ।

महेश्वरदत्तस्य भार्या गङ्गिला गुरुजनविरहिते गृहे स्वच्छन्दा, इष्टेन पुरुषेण सह कृतसङ्केता प्रदोषे तमुदीक्षमाणा तिष्ठति । स च तं प्रदेशं सायुध उपगतो महेश्वरदत्तस्य चक्षुर्भागे पतितः । तेन पुरुषेणाऽऽत्मसंरक्षणनिमित्तं महेश्वरदत्तस्सतर्कितो विपातयितुम् ।

---

## (10) हिन्दी अनुवाद

ताम्रलिप्ती नगरी में महेश्वरदत्तनामक सार्थवाह था । धन के संग्रह, रक्षण और वृद्धि के लोभ से अभिभूत उसके समुद्रनामक पिता मर गए और अत्यंत मायावी वह उसी नगर (गाँव) में महिष (भैंसा) बना । माया-कपट करने में कुशल, शौचधर्म को माननेवाली उसकी माता पति के शोक से मृत्यु प्राप्तकर उसी नगरी में कुतिया हूई । महेश्वरदत्त की पत्नी गंगिला माता-पितारहित घर में स्वच्छंद बनी और मनोवांछित पुरुष के साथ संकेत करके सन्ध्या समय उसकी प्रतीक्षा करती है । वह पुरुष भी उसी स्थान पर शस्त्रसहित आया हुआ महेश्वरदत्त की नजर में आया । उस पुरुष ने स्वयं के बचाव हेतु महेश्वरदत्त को मारने का विचार किया ।

## प्राकृत

तेण लहुहत्थयाए गाढप्पहारीकओ नाइदूरं गंतूण पडिओ । चिंतेइ-अहो! अणायारस्स फलं पत्तो अहं मंदभागो । एवं च अप्पाणं निंदमाणो जायसंवेगो मतो गंगिलाए उयरे दारगो जाओ । संवच्छरजायओ च महेसरदत्तस्स पिओ पुत्तो ति।

तम्मि य समये पिउकिच्चे सो महिसो णेण किणेऊण मारिओ । सिद्धाणि य वंजणाणि, पिउमंसाणि, दत्ताणि जणस्स । बितीयदिवसे तं मंसं मज्जं च आसाएमाणो पुत्तमुच्छंगे काऊण तीसे माउसुणिगाए मंसखंडाणि खिवइ । सा वि ताणि परितुट्ठा भक्खइ, साहु य मासखवणपारणए तं गिहमणुपविट्ठो, पस्सइ य महेसरदत्तं परमपीतिसपउत्तं तदवत्थं च ओहिणा आभोएऊण चिंतिअभणेणं–

## संस्कृत अनुवाद

तेन लघुहस्तकया गाढप्रहारीकृतो नातिदूरं गत्वा पतितः । चिन्तयति-अहो ! अनाचारस्य फलं प्राप्तोऽहं मन्दभागः । एवं चाऽऽत्मानं निन्दन् जातसंवेगो मृतः, गङ्गिलाया उदरे दारको जातः । संवत्सरजातकश्च महेश्वरदत्तस्य प्रियः पुत्र इति ।

तस्मिंश्च समये पितृकृत्ये च महिषस्तेन क्रीत्वा मारितः । सिद्धानि च व्यञ्जनानि पितृमांसानि, दत्तानि जनाय । द्वितीयदिवसे तं मांसं मद्यं चाऽऽस्वादयन् पुत्रमुत्सङ्गे कृत्वा तस्यै मातृशुनिकायै मांसखण्डानि क्षिपति । साऽपि तानि परितुष्टा भक्षयति, साधुश्च मासक्षपणपारणके तद् गृहमनुप्रविष्टः पश्यति च महेश्वरदत्तं परमप्रीतिप्रयुक्तां तदवस्थां चाऽवधिनाऽऽभोग्य चिन्तितमनेन–

## हिन्दी अनुवाद

उसके द्वारा हल्के हाथ से गाढ़ प्रहार किया हुआ (जार पुरुष) थोड़ी दूर जाकर गिरा और विचार करता है - अहो ! मंदभागी ऐसे मैंने अनाचार का फल पाया । इस प्रकार अपनी निंदा करता संवेगप्राप्त वह मर गया और गंगिला की कुक्षि में पुत्र के रूप में आया । एक वर्ष के बाद महेश्वरदत्त के पिता पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए ।

उस समय पिता के श्राद्ध हेतु उस महिष को खरीदकर मारा । पिता के मांस का शाक आदि बनाया और लोगों को परोसा (दिया) । दूसरे दिन वह (महेश्वरदत्त) मांस और दारु का आस्वादन करता पुत्र को गोद में लेकर कुतिया बनी माता को मांस के टुकड़े ड़ालता है । वह कुतिया भी वे टुकड़े संतोषपूर्वक खाती है और उसी समय मासक्षमण के पारनेवाले साधु भगवन्त उस घर में

पधारे । महेश्वरदत्त और अतिरागयुक्त उस परिस्थिति को अवधिज्ञान से जानकर उन्होंने विचार किया,-

## प्राकृत

अहो ! अन्नाणयाए एस सत्तुं उच्छंगेण वहइ, पिउमंसाणि य खायइ, सुणिगाए देइ मंसाणि । अकज्जंति य वोत्तुण निग्गओ ! । महेसरदत्तेण चिंतियं कीस भन्ते साहू अगहियभिक्खो '**अकज्जंति य वोतूण**' निग्गओ ? । आगओ य साहुं गवेसंतो, विक्तिपएसे दट्ठूण, वंदिऊण पुच्छइ- भयवं ! किं न गहियं भिक्खं मम गेहे ! जं वा कारणमुदीरियं तं कहेह । साहुणा भणिओ-सावग ! ण ते मंतुं कायव्वं । पिउरहस्सं कहियं, भज्जारहस्सं, सत्तुरहस्सं च साभिण्णाणं जहावत्तमक्खायं । तं च सोऊण जायसंसारनिव्वेओ तस्सेव समीवे मुक्कगिहवासो पव्वइओ ।।

**वसुदेवहिंडीए प्रथमखण्डे प्रथमभागे**

## संस्कृत अनुवाद

अहो ! अज्ञानतयैष शत्रुमुत्सङ्गेन वहति, पितृमांसानि च खादति, शुनिकायै मांसानि ददाति । अकार्यमिति चोक्त्वा निर्गतः । महेश्वरदत्तेन चिन्तितम्- कस्माद् भगवान् साधुरगृहीतभिक्षः '**अकार्यं**' इति चोक्त्वा निर्गतः ? । आगतश्च साधुं गवेषयन्, विविक्तप्रदेशे दृष्ट्वा, वन्दित्वा पृच्छति-भगवन् ! किं न गृहीता भिक्षा मम गृहे ? यद् वा कारणमुदीरितं तत् कथय ! साधुना भणितः श्रावक ! न ते मन्युः कर्तव्यः । पितृरहस्यं कथितं, भार्यारहस्यं शत्रुरहस्यं च साभिज्ञानं यथावृत्तमाख्यातम् । तच्च श्रुत्वा जातसंसारनिर्वेदस्तस्यैव समीपे मुक्तगृहवासः प्रव्रजितः ।।

## हिन्दी अनुवाद

अहो ! अज्ञान के कारण इस दुश्मन को गोद में लेता है, पिता के मांस को खाता है और कुतिया को मांस देता है । अतः 'दुष्कृत्य' इस प्रकार बोलकर निकल गए । महेश्वरदत्त ने विचार किया - पूज्य साधु भगवन्त भिक्षा लिये बिना 'दुष्कृत्य' इस प्रकार बोलकर वापिस क्यों लौट गए ? साधु भगवंत की शोध करता वह उनके पास आया । एकान्त = (स्त्री-पशु-नपुंसकरहित) स्थान देखकर वंदन करके पूछता है - भगवन् ! मेरे घर से भिक्षा क्यों ग्रहण नहीं की ? अथवा जो कारण है वह (कहो) बताओ । साधु भगवन्त ने कहा - हे श्रावक ! तुम मेरी बात से गुस्सा नहीं करना । पिता का रहस्य, स्त्री का रहस्य और शत्रु का रहस्य भी निशानी सहित यथार्थ बताया । वह सुनकर संसार से निर्वेद = वैराग्य प्राप्त किया, गृहवास का त्यागकर उनके पास दीक्षा ली ।

# (11) गामेयगोदाहरणं

## प्राकृत

एगम्मि नगरे एगा महिला, सा भत्तारे मए कट्ठाईणि वि ता विक्कीयाइणि, धिच्छामो त्ति ता अजीवमाणी खुड्डगं पुत्तं घेत्तुं गामं गया, सो दारओ वड्ढंतो मायरं पुच्छइ-कहिं मम पिया ? तीए सिट्ठं जहा मओ इति, तओ सो पुणो पुच्छइ-केण पगारेण सो जीवियाइओ ? सा भणइ ओलग्गाए, तो खाइं अहंपि ओलग्गामि, सा भणइ-न जाणिहिसि ओलग्गिउं, तओ पुच्छइ कहं ओलग्गिज्जइ ? भणिओ-विणयं करेज्जासि, केरिसो विणओ ? भणइ जोक्कारो कायव्वो, नीयं चंकमियव्वं, छंदाणुवत्तिणा होयव्वं, तओ सो नगरं पहाविओ,

## संस्कृत अनुवाद

एकस्मिन् नगरे एका महिला सा भर्तरि मृते काष्ठादीन्यपि सा विक्रीतवती, गर्हितास्म इति साऽजीवन्ती क्षुल्लकं पुत्रं गृहीत्वा ग्रामं गता, स दारको वर्द्धमानो मातरं पृच्छति-क्व मम पिता ? तया शिष्टं यथा मृत इति, ततः स पुनः पृच्छति-केन प्रकारेण स जीविकायितः ? सा भणति-अवलगया, ततः खल्वहमप्यबलगामि, सा भणति-न जानास्यवलगितुम्, ततः पृच्छति कथमवलग्यते ? भणितः- विनयं कुर्याः, कीदृशो विनयः ? भणति-जयकारः कर्तव्यः, नीचं चङ्क्रमितव्यम्, छन्दानुवर्तिना भवितव्यम् ततः स नगरं प्रधावितः,

## हिन्दी अनुवाद

एक नगर में एक स्त्री रहती थी, वह पति के मरने पर लकड़ियाँ आदि बेचती थी, हम निन्दापात्र बनेंगे इसलिए वह आजीविका हेतु अनिच्छा से छोटे बालक को लेकर गाँव में गई, वह पुत्र बड़ा होने पर माता को पूछता है-मेरे पिता कहाँ हैं ?, उसने जिस प्रकार पति की मृत्यु हुई वह सब बताया । उसके बाद वह पुनः पूछता है-वे (पिताजी) किस प्रकार आजीविका चलाते थे ?, वह (माता) कहती है-दूसरों की सेवा करके, तो मैं भी सेवा करूंगा; वह कहती है-तू सेवा करना नहीं जानता है । उसके बाद वह (पुत्र) पूछता है-सेवा कैसे की जाती है ?, जवाब-विनय करना चाहिए । विनय कैसे होता है ? वह बताती है - 'जय जय' इस प्रकार बोलना, नीचे देखकर चलना चाहिए और अनुकूल वर्तन करना, उसके बाद वह नगर तरफ गया ।

## प्राकृत

अंतरा अणेण वाहा मयाण गहणत्थं निलुक्का दिट्ठा, तओ सो वड्डेणं सद्देणं तेसिं जोक्कारो ति भणइ, तेण सद्देण मया पलाया, तओ तेहिं रुट्ठेहिं सो घेत्तुं पहओ, सब्भावो अणेण कहिओ, ततो तेहिं भणियं जया एरिसं पेच्छेज्जासि तया निलुक्कंतेहिं नीयं आगंतव्वं, न य उल्लविज्जइ, सणियं वा, तओ अग्गे गच्छंतेण रयगा दिट्ठा, तओ निलुक्कंतो सणियं सणियं एइ तेसिं च रयगाणं पोत्तगा हीरंति, ते ठाणं बंधिऊण रक्खंति, सो निलुक्कंतो एइ, एस चोरोत्ति, तेहिं गहिओ बंधिओ पिट्टिओ य, सब्भावे कहियं मुक्को.

---

## संस्कृत अनुवाद

अन्तराऽनेन व्याधा मृगाणां ग्रहणार्थं निलीना दृष्टाः, ततः स बृहता शब्देन तेभ्यो **''जयकार''** इति भणति, तेन शब्देन मृगाः पलायिताः, ततस्तैः रुष्टैः स गृहीत्वा प्रहतः, सद्भावोऽनेन कथितः, ततस्तैर्भणितं, यदेदृशं प्रेक्षेथाः तदा निलीयमानैर्नीचमवगन्तव्यम्, न चोल्लपेत्, शनैर्वा, ततोऽग्रे गच्छता रजका दृष्टाः ततो निलीयमानः शनैः शनैरेति, तेषां च रजकानां पोतकानि ह्रियन्ते, ते स्थानं बद्ध्वा रक्षन्ति, स निलीयमान एति, एषः चौर इति तैर्गृहीतो बद्धः पिट्टितश्च, सद्भावे कथिते मुक्तः

---

## हिन्दी अनुवाद

बीच में उसको पशु = हिरनों को पकड़ने हेतु छिपे शिकारियों ने देखा, वह बड़ी आवाज से उनको 'जय जय' इस प्रकार कहता है, उसकी आवाज से हिरन भाग गए, अतः क्रोधित शिकारियों ने उसको पकड़कर मारा, इसने सत्य बात कही, इसलिए उन्होंने (शिकारियों ने) कहा कि जब ऐसा देखो तब छिपते-छिपते नीचे देखकर चलना चाहिए, कुछ भी बोलना नहीं अथवा धीरे-धीरे बोलना । उसके बाद आगे जाने पर धोबी दिखाई दिया इसलिए वह छिपते-छिपते धीरे-धीरे चलता है; उस धोबी के वस्त्र हरण किये जाते हैं और उस स्थान पर बाँधकर वस्त्र रखे हुए हैं । वह छिपते-छिपते जाता है अतः यह चोर है यह मानकर धोबियों ने पकड़ लिया, बाँधा और मारा; सत्य बात कहने पर छोड़ दिया;

---

## प्राकृत

तेहिं भणियं, एवं भणिज्जासि-सुद्धं नीरयं निम्मलं च भवतु, ऊसं पडउ, तओ सो नयरसंमुहं एइ, एगत्थ वीयाणि वाविज्जंति, तेण भणियं-भट्टा ! सुद्धं नीरयं भवउ, ऊसो य पडउ, तओ तेहिं किमकारणवेरिओ एवं भासइ ! त्ति, गहिओ बंधिओ पिट्टिओ य, सब्भावे कहिए मुक्को, भणितो य-एरिसे कज्जे एवं भण्णइ-बहुं एरिसं भवतु, भंडं भरेह एयस्स, तओ पुणो नयरसंमुहं एइ, एगत्थ मडयं नीणिज्जंतं दट्ठुं भणइ-बहुं एरिसं भवउ, भंडं भरेह एयस्स, तत्थ वि गहिओ पट्टिओ य, सब्भावे कहिए मुक्को, भणिओ य एरिसे कज्जे एवं वुच्चइ, एरिसेणं अच्चंतवियोगो भवउ, अन्नत्थ विवाहे भणइ–

---

## संस्कृत अनुवाद

तैर्भणितम् एवं भणेः-शुद्धं नीरजसं निर्मलं च भवतु, उस्त्रं पततु, ततः स नगरसन्मुखमेति, एकत्र बीजानि वाप्यन्ते, तेन भणितम्-भट्टाः !, शुद्धं नीरजसं भवतु, उस्त्रश्च पततु ततस्तैः किमकारणवैरिक एवं भाषते इति गृहीतः, बद्धः पिट्टितश्च, सद्भावे कथिते मुक्तः, भणितश्च, ईदृशे कार्ये एवं भण्यते-बहु ईदृशं भवतु, भाण्डं भ्रियतामेतस्य, ततः पुनः नगरसन्मुखमेति, एकत्र मृतकं नीयमानं दृष्ट्वा भणाति-बहु ईदृशं भवतु, भाण्ड भ्रियतामेतस्य, तत्राऽपि गृहीतः पिट्टितश्च, सद्भावे कथिते मुक्तः भणितश्चेदृशे कार्ये एवमुच्यते, ईदृशेनऽत्यन्तवियोगो भवतु, अन्यत्र विवाहे भणाति

---

## हिन्दी अनुवाद

उन्होंने (धोबियों ने) कहा - इस प्रकार बोलना - शुद्ध, धूलरहित, निर्मल हो और धूप आये, तत्पश्चात् वह नगर तरफ जाता है, एक जगह बीजों का वपन हो रहा था, उसने कहा - भट्टा ! शुद्ध, धूलरहित हो और धूप आये; निष्कारण शत्रुसमान यह ऐसा क्यों बोलता है ? अतः उन्होंने पकड़ा, बाँधा और प्रहार किया, सत्य बात कहने पर छोड़ दिया और कहा - ऐसे कार्य में इस प्रकार कहना - ऐसा बहुत हो, इनके बर्तन भर जाए, इसके बाद वह नगर तरफ जाता है, एक जगह शव ले जाते देखकर कहता है - ऐसे बहुत हो, इनके बर्तन भर जाए, वहाँ भी उसको पकड़ा और प्रहार किया, सत्य बात कहने पर छोड़ दिया और कहा, ऐसे कार्य में इस प्रकार कहना अत्यंत वियोग हो, एक बार विवाह प्रसंग में वह कहता है - अत्यंत वियोग हो, वहाँ भी वह पीटा गया, सत्य बात कहने पर छोड़ा ।

## प्राकृत

अच्चंतविओगो भवइ, तत्थ वि पिट्टिओ, सब्भावे कहिए मुक्को, भणितो य एरिसे कज्जे एवं भण्णइ-निच्चं एरिसयाणि पेच्छितया होह, सासयं एवं भवउ, ततो गच्छंतो एगत्थ नियलबद्धं दंडियं दट्ठूण एवं भणइ–निच्चं एरिसयाणि पेच्छंतया होह, सासयं च भे एवं हवउ, तत्थ वि गहिओ पिट्टिओ य, सब्भावे कहिए मुक्को, भणितो य एरिसे कज्जे एवं भणिज्जासि-एयाओ भे लहुं मुक्खो हवउ त्ति, ततो गच्छंतो एगत्थ केइ मित्ता संधाइयं करिंते पिच्छइ, तत्थ भणइ-

## संस्कृत अनुवाद

अत्यन्तवियोगो भवतु, तत्रापि पिट्टितः, सद्भावे कथिते मुक्तः भणितश्च ईदृशे कार्ये एवं भण्यते-नित्यमीदृशकानि प्रेक्षमाणतया भवत, शाश्वतमेतद् भवतु, ततो गच्छन्नेकत्र निगडबद्धं दण्डिकं दृष्ट्वैवं भणति, नित्यमीदृशानि प्रेक्षमाणतया भवत, शाश्वतं च युस्माकमेतद् भवतु, तत्राऽपि गृहीतः पिट्टितश्च, सद्भावे कथिते मुक्तः भणितश्च-ईदृशे कार्ये एवं भणेः- **'एतस्माद् युष्माकं लघु-मोक्षो भवतु'** इति, ततो गच्छन्नेकत्र कानिचिन् मित्राणि सङघाटकं कुर्वति प्रेक्षते, तत्र भणति–

## हिन्दी अनुवाद

और बताया ऐसे कार्य में इस प्रकार कहना - 'ऐसे कार्य सदा देखते ही हो जाए, ये चिरंजीवी बने' ।, वहाँ से जाते समय एक जगह बेड़ी में बाँधे हुए गाँव के मुखिया को देखकर इस प्रकार कहता है, ऐसे कार्य सदा देखते ही हो जाए और यह तुम्हे सदा हो, वहाँ भी उसे पकड़ा और मारा । सत्य बात कहने पर छोड़ दिया और कहा, - 'ऐसे कार्य में इस प्रकार बोलना चाहिए - 'इससे तुम्हारा जल्दी मोक्ष (मुक्त) हो' ।, वहाँ से जाते समय एक जगह कुछ मित्र इकट्ठे हुए देखता है, वहाँ बोलता है, - 'तुम्हारा इससे जल्दी मोक्ष हो ।', वहाँ भी उसे पीटा,

## प्राकृत

एयाओ भे लहु मोक्खो भवउ, तओ तत्थ वि पिट्टिओ, सब्भावे कहिए मुक्को गओ नयरे, तत्थ एगस्स दंडि(ग) - कुलपुत्तस्स अल्लीणो सो सेवंतो अच्छइ, अन्नया दुब्भिक्खे तस्स कुलपुत्तस्स अंबखल्लिया (जवागू) सिद्धिल्लिया, तस्स भज्जाए सो भण्णइ, जाहि महाजणमज्जाओ सद्दावेहि जेण भुंजइ, सीयला

अपाओग्गा भविस्सइ, तेण गंतुं महायणमज्झे वड्डेणं सद्देणं भणिओ, एहि एहि सीयली किर होइ अंबखल्लिया, सो लज्जितो, घरं गएण अंबाडिओ भणितो य-एरिसे कज्जे नीयमागंतूण कण्णे कहिज्जइ, अन्नया

## संस्कृत अनुवाद

एतस्माद् युष्माकं लघु मोक्षो भवतु, ततस्तत्राऽपि पिट्टितः, सद्भावे कथिते मुक्तः, गतो नगरे, तत्रैकस्य दण्डिककुलपुत्रस्याऽऽलीनः स सेवमान आस्ते, अन्यदा दुर्भिक्षे तस्य कुलपुत्रस्य अम्लयवागूः सिद्धिमती (सिद्धाः); तस्य भार्यया स भण्यते-याहि, महाजनमध्यात् शब्दायय येन भुज्यते, शीतला अप्रायोग्या भविष्यति, तेन गत्वा महाजनमध्ये बृहता शब्देन भणितः- एहि एहि शीतला किल भवत्यम्लयवागूः, स लज्जितः, गृहं गतेन तिरस्कृतो भणितश्च ईदृशे कार्ये नीचमागत्य कर्णे कथयेत्,

## हिन्दी अनुवाद

सत्य बात कहने पर छोड़ दिया और वह नगर में गया । वहाँ एक मुखिया के पुत्र के घर रहकर उसकी सेवा करता है, एक बार दुष्काल में उस मुखिया के पुत्र के लिए छास से बनी खट्टी राब तैयार हुई, तब उसकी पत्नी उसे कहती है - तू जा और मुखीपुत्र को महाजन के बीच से बुलाकर ले आ, अतः वह पी सके, ठण्डी होने के बाद पीने योग्य नहीं रहेगी, उसने महाजन के बीच जाकर ऊँची आवाज में कहा, - 'चलो, चलो, खट्टी राब ठण्डी होती है । वह (मुखीपुत्र) शर्मिन्दा हो गया, घर जाकर उसने (मुखीपुत्रने) उसको धमकाया और कहा - ऐसे प्रसंग में धीरे से आकर कान में कहना चाहिए । एक बार घर जलने लगा,

## प्राकृत

घरं पलित्तं तस्स भज्जाए भणितो-लहुं सद्दावेह ठक्कुरं ति, ततो सो तत्थ गओ सणियं सणियं आसन्नं होऊण कण्णे कहेइ, जाव सो तत्थ गच्चा सणियं सणियं आसन्नं होऊण अक्खाउं पयट्टो, ताव घरं सव्वं झामियं, तत्थ वि अंबाडिओ, भणियो य-एरिसे कज्जे न आगम्मइ, न वि अक्खाइज्जइ, किंतु अप्पणा चेव पाणियं वा गोमुत्तं वा आइं काउं गोरसं पि छुब्भइ ताव जाव विज्जाइ, अन्नया तस्स दंडिपुत्तगस्स ण्हाइऊण धूवितस्स धूमो निग्गच्छइ त्ति गोमुत्तं छूढं गोमूत्ताइयं च ।

**आवश्यकसूत्रवृत्तौ ।**

## संस्कृत अनुवाद

अन्यदा गृहं दीप्तं, तस्य भार्यया भणितः- लघु शब्दायेत ठक्कुरमिति, ततः स तत्र गतः शनैः शनैरासन्नं भूत्वा कर्णे कथयति, यावत् स तत्र गत्वा शनैः शनैरासन्नं भूत्वाऽऽख्यातुं प्रवृत्तः, तावद् गृहं सर्वं दग्धम्, तत्राऽपि तिरस्कृतो भणितश्च-ईदृशे कार्ये नाऽगम्यते, नाऽप्याख्यायते, किन्त्वात्मना चैव पानीयं वा गोमुत्रं वाऽऽदिं कृत्वा गोरसमपि क्षुभ्येत (क्षिप्येत) तावद् यावद् विध्यायते, अन्यदा तस्य दण्डिपुत्रकस्य स्नात्वा धूपयतो धूमो निर्गच्छति इति गोमूत्रं क्षिप्तं, गोमूत्रादिकं च ॥

---

## हिन्दी अनुवाद

**तब उसकी पत्नी ने कहा - मुखिया को जल्दी बुलाओ । उसके बाद वह वहाँ गया, धीरे-धीरे नजदीक जाकर कान में कहता है । जब तक वह धीरे-धीरे नजदीक जाकर कहने का प्रारम्भ करता है तब तक पूरा घर जल गया, वहाँ भी** तिरस्कृत हुआ और कहा - कि ऐसे प्रसंग में आना और कहना भी नहीं चाहिए परन्तु जब तक आग न बुझे, तबतक स्वयं ही पानी, गोमूत्र अथवा गोरस आदि डाले ।

एक बार वह दंडीपुत्र स्नान करके धूप करता था । तब उसके शरीर में से धूआँ निकलने लगा तब उसने अपने ऊपर गोमूत्रादि डाला ।

# (12) सिसुवालकहा

## प्राकृत

[1]वसुदेवसुसाए [7]सुओ, [3]दमघोसणराहिवेण [2]मद्दीए ।
[8]जाओ [4]चउब्भुओऽब्भुय-बलकलिओ [6]कलहपत्तट्ठो ।।177।।
[6]दट्ठूण [1]तओ [7]जणणी, [2]चउब्भुयं [5]पुत्तम[3]ब्भुयमणग्घं ।
[8]भयहरिसविम्हयमुही, [11]पुच्छइ [10]नेमित्तियं [9]सहसा ।।178।।
[1]णेमित्तिएण [3]मुणिऊण, [5]साहियं [4]तीइ [3]हट्ठहिययाए ।
[6]जह [7]एस [8]तुब्भ [9]पुत्तो, [10]महाबलो [12]दुज्जओ [11]समरे ।।179।।
[3]एयस्स य [1]जं [2]दट्ठूण, [6]होइ, [5]साभावियं [4]भुयाजुगलं ।
[12]होही [7]तओ [8]चिय [11]भयं, [10]सुतस्स [9]ते [14]नत्थि [13]संदेहो ।।180।।

---

# (12) शिशुपालकथा

## संस्कृत अनुवाद

वसुदेवस्वसुः माद्रयाः, दमघोषनराधिपेन ।
चतुर्भुजोऽद्भुतबलकलितः, कलहप्राप्तार्थः सुतो जातः ।।177।।
ततश्चतुर्भुजमद्भुतमनर्घं पुत्रं दृष्ट्वा जननी ।
भयहर्षविस्मयमुखी सहसा नैमित्तिकं पृच्छति ।।178।।
नैमित्तिकेन ज्ञात्वा हृष्टहृदयायै तस्यै कथितम् ।
यथैष तव पुत्रो महाबलः, समरे दुर्जयः ।।179।।
यं च दृष्ट्वैतस्य भुजायुगलं स्वाभाविकं भवति ।
ततश्चैव तव सुतस्य भयं भविष्यति; संदेहो नाऽस्ति ।।180।।

---

# (12)

## हिन्दी अनुवाद

वसुदेव की बहन माद्री को दमघोष राजा से चार हाथवाला, अद्भुत सामर्थ्यवान और कलह में आसक्त पुत्र उत्पन्न हुआ । (177)

उसके बाद चार हाथवाले, अद्भुत और अमूल्य पुत्र को देखकर भय, हर्ष और विस्मित मुखवाली माता अचानक नैमित्तिक को पूछती है । (178)

नैमित्तिक ने ज्ञान से जानकर प्रसन्नचित्तवाली उसकी माता को कहा कि यह तेरा पुत्र अत्यंत शक्तिशाली और युद्ध में दुर्जेय होगा । (179)

परन्तु जिसको देखकर इसके दो हाथ स्वाभाविक बनेंगे, उससे ही तेरे पुत्र को भय होगा । इस बात में थोडी भी शंका को स्थान नहीं है । (180)

## प्राकृत

[1]सावि [2]भयवेविरंगी, [5]पुत्तं [6]दंसेइ [3]जाव [4]कण्हस्स ।
[7]ताव च्चिय [8]तस्स [11]ठियं, [10]पयइत्थं [9]वरभुयाजुगलं ।।181।।
[1]तो [2]कण्हस्स [3]पिउच्छा, [5]पुत्तं [7]पाडेइ [6]पायपीढंमि ।
[4]अवराहखामणत्थं, [8]सो वि [10]सयं [9]से [11]खमिस्सामि ।।182।।
[1]सिसुवालो वि हु [2]जुव्वण-मएण [3]नारायणं [4]असब्भेहिं ।
[5]वयणेहिं [6]भणइ [7]सो वि हु, [10]खमइ [8]खमाए [9]समत्थो वि ।।183।।
[1]अवराहसए [2]पुण्णे, [3]वारिज्जंतो [5]ण [6]चिट्ठइ [4]जाहे ।
[8]कण्हेण [7]तओ [12]छिन्नं, [11]चक्केण [10]उत्तमंगं [9]से ।।184।।

**सूत्रकृताङ्गसूत्रवृत्तौ**

## संस्कृत अनुवाद

साऽपि भयवेपिराङ्गी यावत् कृष्णस्य पुत्रं दर्शयति ।
तावच्चैव तस्य वरभुजायुगलं प्रकृतिस्थं स्थितम् ।।181।।
ततः कृष्णस्य पितृष्वसा अपराधक्षामणार्थं पुत्रं पादपीठे पातयति ।
सोऽपि तस्य शतं क्षमिष्यामि ।।182।।
शिशुपालोऽपि खलु यौवनमदेन नारायणमसभ्यैः ।
*वचनैर्भणति, सोऽपि खलु समर्थोऽपि क्षमया क्षमते ।।183।।*
अपराधशते पूर्णे, यदा वार्यमाणोऽपि न तिष्ठति ।
ततः कृष्णेन तस्योत्तमाङ्गं चक्रेण छिन्नम् ।।184।।

## हिन्दी अनुवाद

वह भी भय से काँपते अंगवाली जब तक कृष्ण के पुत्र को बताती है, तब तक उसके उत्तम दोनों हाथ यथावस्थित हो गए । (181)

अतः कृष्ण की बूआ अपराध क्षमा करने के लिए पुत्र को उसके चरणों में रखती है और वह (कृष्ण) भी उसके सौ अपराध क्षमा करते हैं । (182)

शिशुपाल भी जवानी के मद से कृष्ण को असभ्य वचनों द्वारा बुलाता है, तो भी वह कृष्ण समर्थ होते हुए भी उसको माफ करता है । (183)

सौ अपराध पूरे होने पर, रोकने पर भी वह रुकता नहीं है, तब कृष्ण ने उसका मस्तक चक्र से छेद दिया । (184)

# (13) कमलामेला

## प्राकृत

बारवईए बलदेवपुत्तस्स निसढस्स पुत्तो सागरचंदो नाम कुमारो, रूवेण य उक्किठ्ठो सव्वेसिं संबाईणं इट्ठो । तत्थ य बारवईए वत्थव्वस्स चेव अण्णस्स रण्णो कमलामेला नाम धूआ उक्किट्ठसरीरा । सा य उग्गसेणनत्तुस्स धणदेवस्स वरिल्लिया । इओ य नारओ सागरचंदस्स कुमारस्स सगासं आगओ । अब्भुट्ठिओ । उवविट्ठं समाणं पुच्छइ-भयवं किंचि अच्छेरयं दिट्ठं ! । आमं दिट्ठं । कहिं ? । इहेव बारवईए नयरीए कमलामेला नामं दारिया । कस्सइ दिन्निया ? । आमं । कस्स ? । उग्गसेणनत्तुस्स धणदेवस्स । तओ सो भणइ-कहं

---

## (13)

## संस्कृत अनुवाद

द्वारवत्यां बलदेवपुत्रस्य निषधस्य पुत्रः सागरचन्दो नाम कुमारो, रूपेण चोत्कृष्टः सर्वेषां शाम्बादीनामिष्टः । तत्र च द्वारवत्यां वास्तव्यस्य चैवाऽन्यस्य राज्ञः कमलामेला नाम दुहितोत्कृष्टशरीरा । सा चोग्रसेननप्तुर्धनदेवस्य वृता । इतश्च नारदः सागरचन्द्रस्य कुमारस्य सकाशमागतः । अभ्युत्थितः । उपविष्टं समानं पृच्छति-भगवन् । किञ्चिदाश्चर्यं दृष्टम् । आं दृष्टम् । कुत्र ? इहैव द्वारवत्यां नगर्यां कमलामेला नाम दारिका । कस्मैचित् दत्ता ? आम् । कस्मै ? । उग्रसेननप्त्रे धनदेवाय । ततः स भणति-कथं मम तया समं संयोगो भवेत् ? । **'न जानीमः'** इति भणित्वा गतः ।

---

## हिन्दी अनुवाद

**द्वारिकानगरी में बलदेव के पुत्र निषध का पुत्र सागरचन्द्र नामक कुमार है, वह रूप से श्रेष्ठ और शांब आदि सभी को प्रिय है । उसी द्वारिका नगरी में रहते दूसरे राजा की कमलामेला नाम की उत्तम रूपवती पुत्री थी । और उसकी उग्रसेन राजा के पौत्र धनदेव के साथ सगाई की हुई थी । इस तरफ नारद सागरचन्द्र कुमार के पास आया, सागरचन्द्र खड़ा हुआ । बैठते ही पूछता है - हे भगवन् ! कुछ आश्चर्यकारी देखा ! हाँ, देखा है । कहाँ ? इसी द्वारिका नगरी में कमलामेला नाम की पुत्री है । किसी को सौंपी हुई है ? हाँ । किसको ? उग्रसेन राजा के पौत्र धनदेव को । तो वह कहता है - मेरा उसके साथ मिलन कैसे होगा ?**

## प्राकृत

मम ताए समं संजोगो होज्जा ? । 'न याणामुंत्ति भणित्ता गओ । सो य सागरचंदो तं सोउं न वि आसणे, न वि सयणे, धिइं लहइ । तं दारियं फलए पासंतो, नामं च गिण्हंतो अच्छइ । नारओ वि कमलामेलाए अंतियं गओ । ताए पुच्छिओ-किंचि अच्छेरयं दिट्ठं ? । नारओ भणइ-दुवे दिट्ठाणि, रूवेण सागरचंदो, विरूवत्तणेण धणदेवो । तओ सागरचंदे मुच्छिया, धणदेवे विरत्ता । नारएण आसासिआ । तेण गंतुं सागरचंदस्स आइक्खियं, जहा 'इच्छइ'त्ति । ततो य सागरचंदस्स माया, अन्ने य कुमारा अद्दन्ना, मरति नूणं सागरचंदो । संबो आगओ जाव पिच्छइ सागरचंदं विलवमाणं । ताहे अणेण पच्छओ धाइऊण अच्छीणी दोहि वि हत्थेहिं छाइयाणि । सागरचंदेण भणियं कमलामेले ! । संबेण भणियं-नाहं

---

## संस्कृत अनुवाद

स च सागरचन्द्रस्तच्छ्रुत्वा नाऽप्यासने, नाऽपि शयने धृतिं लभते । तां दारिकां फलके पश्यन्, नाम च गृह्णन् आस्ते । नारदोऽपि कमलामेलाया अन्तिकं गतः । तया पृष्टः-किञ्चिदाश्चर्यं दृष्टम् ? । नारदो भणति-द्वे दृष्टे, रूपेण सागरचन्द्रः, विरूपत्वेन धनदेवः । ततः सागरचन्द्रे मूर्च्छिता, धनदेवे विरक्ता । नारदेनाऽऽश्वस्ता । तेन गत्वा सागरचन्द्रायाऽऽख्यातम्, यथा **'इच्छति'** इति । ततश्च सागरचन्द्रस्य माता, अन्ये च कुमाराः खिन्नाः, म्रियते नूनं सागरचन्द्रः । शाम्ब आगतो यावत् प्रेक्षते सागरचन्द्रं विलपमानम् । तदाऽनेन पश्चात्तो धावित्वाऽक्षिणी द्वाभ्यामपि हस्ताभ्यां छादिते । सागरचन्द्रेण भणितं कमलामेले ! । शाम्बेन

---

## हिन्दी अनुवाद

**वह मैं नहीं जानता हूँ, इस प्रकार कहकर चले गये । वह सागरचन्द्र इस बात को सुनकर न तो आसन पर, न पलंग पर शांतिपूर्वक रहता है । उस स्त्री को चित्रपट में देखता और नाम लेते बैठा रहता है । नारद भी कमलामेला के पास गया । उसने (कमलामेला ने) पूछा - कुछ आश्चर्य देखा ? नारद कहता है - दो आश्चर्य देखे, एक रूप में सागरचन्द्र और दूसरा कुरूप में धनदेव । इससे वह सागरचन्द्र पर मोहित हुई और धनदेव पर रागरहित बनी । नारद ने आश्वासन दिया । उसने (नारद ने) जाकर सागरचन्द्र को कहा, 'वह भी चाहती है' इस प्रकार (कहा) । अतः सागरचन्द्र की माता और दूसरे कुमार व्याकुल बने, सचमुच**

सागरचन्द्र मरता है । शांब वहाँ आता है और विलाप करते सागरचन्द्र को देखता है । तब उसने पीछे से दौड़कर उसकी (सागरचन्द्र की) दोनों आँखें दोनों हाथों से ढक दीं । सागरचन्द्र बोल उठा - 'कमलामेले !' शांब ने कहा - मैं कमलामेला नहीं कमलामेल हूँ ।

## प्राकृत

कमलामेला, कमलामेलो हं । सागरचंदेण भणियं-आमं, तुमं चेव कमलामेलं दारियं मेलेहिसि । ताहे तेहिं कुमारेहिं संबो भणिओ-कमलामेलं मेलेहि सागरचंदस्स । न मन्नइ । तओ मज्जं पाएऊण अब्भुवगच्छाविओ । तओ विगयमओ चिंतइ-अहो । मए आलो अब्भुवगओ, किं सक्का इयाणिं निव्वहिउं ? ति, पज्जुन्नं पन्नतिं विज्जं मग्गइ । तेण दिन्ना । तओ जम्मि दिवसे धणदेवस्स विवाहो तम्मि दिवसे विज्जाए पडिरूवं विउव्विऊणं कमलामेला अवहरिया रेवए उज्जाणे नीया । संबप्पमुहा कुमारा उज्जाणं गंतुं नारयस्स रहस्सं भिंदित्ता कमलामेलं सागरचंदं परिणावित्ता तत्थ किड्डंता अच्छंति । विज्जापडिरूवगं पि विवाहे वट्टमाणे अट्टहासं काऊणं उप्पइयं ।

## संस्कृत अनुवाद

भणितम्- नाऽहं कमलामेला, कमलामेलोऽहम् । सागरचन्द्रेण भणितम्- आम्, त्वं चैव कमलामेलां दारिकां मेलिष्यसि । तदा तैः कुमारैः शाम्बो भणितः कमलामेलं मेलय सागरचन्द्रस्य । न मन्यते । ततो मद्यं पायित्वाऽभ्युपगमितः । ततो विगतमदश्चिन्तयति- अहो ! मयाऽऽलोऽभ्युपगतः, किं `शक्य इदानीं निर्वोढुम् ? इति । प्रद्युम्नं प्रज्ञप्तिं विद्यां मार्गयति । तेन दत्ता । ततो यस्मिन् दिवसे धनदेवस्य विवाहस्तस्मिन् दिवसे विद्यया प्रतिरूपं विकुर्व्य कमलामेलाऽपहृता रैवते उद्याने नीता । शाम्बप्रमुखाः कुमारा उद्यानं गत्वा नारदस्य रहस्यं भित्वा कमलामेलां सागरचन्द्रं परिणाय्य तत्र क्रीडमाणा आसते । विद्याप्रतिरूपकमपि विवाहे वर्तमाने ऽट्टहासं कृत्वोत्पतितम् । ततो जातः क्षोभः । न ज्ञायते `केनचिद्

## हिन्दी अनुवाद

सागरचन्द्र ने कहा - हाँ बराबर, तू ही कमलामेला स्त्री का मिलाप करायेगा । तब उन कुमारों ने शांब को कहा - सागरचन्द्र को कमलामेला का मिलन करवाओ, वह नहीं मानता है । अतः मदिरा पिलाकर स्वीकार करवाया ।

उसके बाद नशा उतरने पर विचार करता है - अहो ! मैंने कलंक-दोष का स्वीकार किया । अब उसका निर्वाह करना कैसे शक्य होगा ? इस प्रकार प्रद्युम्न के पास प्रज्ञप्ति विद्या मांगता है । उसने (प्रज्ञप्ति विद्या) दी । उसके बाद जिस दिन धनदेव का विवाह था, उसी दिन विद्या के प्रभाव (बल) से कमलामेला जैसा रूप बनाकर कमलामेला का अपहरण किया और उसे रैवताचल उद्यान में लाया । शांब आदि कुमारों ने उद्यान में जाकर नारद के रहस्य को भेदकर कमलामेला का सागरचन्द्र के साथ विवाह कर आनन्दपूर्वक रहते हैं । विद्या से बनाया कमलामेला का प्रतिरूपक भी विवाह समय अट्टहास करके गिरा, अतः कोलाहल हुआ । मालूम नहीं 'किसने अपहरण किया' ? इस प्रकार ।

## प्राकृत

'तओ जाओ खोभो । न नज्जइ '**केणइ हरिय**' त्ति ? । नारओ पुच्छिओ भणइ-दिट्ठा रेवइए उज्जाणे केणवि विज्जाहरेण अवहरिया । तओ सबलवाहणो नारायणो निग्गओ । संबो विज्जाहररूवं काऊण जुज्झिउं संपलग्गो । सव्वे दसाराइणो पराइया । तओ नारायणेण सद्धिं लग्गो । तओ जाहे णेणं णायं '**रुट्ठो ताउ**'**त्ति** तओ से चलणेसु पडिओ । कण्हेण अंबाडियो । तओ संबेण भणियं एसा अम्हेहिं गवक्खेण अप्पाणं मुयंती दिट्ठा । तओ कण्हेण उग्गसेणो अणुगामिओ । पच्छा इमाणि भोगे भुंजमाणाणि विहरंति । अन्नया भयवं अरिट्ठनेमिसामी समोसरिओ । तओ सागरचंदो कमलामेला य सामिसगासे धम्मं सोऊण गहियाणु–

## संस्कृत अनुवाद

हृता इति । नारदः पृष्टो भणति-दृष्टा रैवतिके उद्याने केनाऽपि विद्याधरेणाऽपहृता । ततः सबलवाहनः नारायणो निर्गतः । शाम्बो विद्याधररूपं कृत्वा योद्धुं सम्प्रलग्नः । सर्वे दशार्हराजानः पराजिताः । ततो नारायणेन सार्द्धं लग्नः । ततो यदा तेन ज्ञातम्- '**रुष्टस्तातः**' इति ततस्तस्य चरणयोः पतितः । कृष्णेन तिरस्कृतः । ततः शाम्बेन भणितम्- एषाऽस्माभिर्गवाक्षेणाऽऽत्मानं मुञ्चन्ती दृष्टा । ततः कृष्णेनोग्रसेनोऽनुगमितः पश्चाद् इमौ भोगे भुज्यमानौ विहरतः । अन्यदा भगवानरिष्टनेमिस्वामी समवसृतः । ततः सागरचन्द्रः कमलामेला च स्वामिसकाशे धर्मं श्रुत्वा गृहीतानुव्रतानि

## हिन्दी अनुवाद

नारद को पूछने पर बताते हैं - रैवताचल उद्यान में किसी विद्याधर द्वारा अपहरण की गई देखी है । उसके बाद सैन्य और वाहनोंसहित कृष्ण महाराजा निकले । शांब भी विद्याधर का रूप करके युद्ध करने लगा । समुद्रविजय आदि सभी दशार्ह राजा पराजित हुए । उसके बाद कृष्ण के साथ युद्ध हुआ । जब उसने जाना कि पिता 'क्रोधित हुए हैं' तब उनके चरणों में गिरा । कृष्ण ने तिरस्कार किया । इसलिए शांब ने कहा - इसे (कमलामेला को) हमने गवाक्ष में से स्वयं गिरते देखा है, तत्पश्चात् कृष्ण ने उग्रसेन को वापिस भेजा, बाद में ये दोनों भोगों को भुगतते रहते हैं । एक बार अरिष्ट नेमिनाथ प्रभु समवसरण में पधारे । तब सागरचन्द्र और कमलामेला ने प्रभु के पास धर्म सुनकर ग्रहण किये हुए अणुव्रतों का संक्षेप किया ।

## प्राकृत

व्वयाणि संवुत्ताणि । तओ सागरचंदो अट्ठमी-चउद्दसीसु सुन्नघरे वा सुसाणे वा एगराइयं पडिमं ठाइ । धणदेवेणं एयं नाऊणं तंबियाओ सूईओ घडाविआओ । तओ सुन्नघरे पडिमं ठियस्स वीससु वि अंगुलीनहेसु अक्को(क्खो)डियाओ । तओ सम्ममहियासमाणो वेयणाभिभूओ कालगतो देवो जाओ । ततो बिइअदिवसे गवेसितेहिं दिट्ठो । अक्कंदो जाओ । दिट्ठाओ सूईओ । गवेसितेहिं तंबकुट्टगसगासे उवलद्धं- धणदेवेण कारावियाओ । रूसिया कुमारा धणदेवं मग्गंति । दुण्हं वि बलाणं जुद्धं संपलग्गं । तओ सागरचंदो देवो अंतरे ठाऊणं उवसामेइ । पच्छा कमलामेला भयवओ सगासे पव्वइया ।

**बृहत्कल्पपीठिकायाम्**

## संस्कृत अनुवाद

संवृत्तानि । ततः सागरचन्द्रोऽष्टमी-चतुर्दशीषु शून्यगृहे वा श्मशाने वैकरात्रिकीं प्रतिमां तिष्ठति । धनदेवेनैतज् ज्ञात्वा ताम्रिकाः शूच्यो घटिताः । ततः शून्यगृहे प्रतिमां स्थितस्य विंशतिष्वप्यङ्गुलीनखेष्वाक्षोदिताः । ततः सम्यगध्यासानो वेदनाऽभिभूतः कालगतो देवो जातः । ततो द्वितीयदिवसे गवेषयद्भिः दृष्टः । आक्रन्दो जातः । दृष्टाः शूच्यः । गवेषयद्भिः ताम्रकुट्टकसकाशे उपलब्धम्-धनदेवेन कारिताः । रुष्टाः कुमारा धनदेवं मार्गयन्ति । द्वयोरपि बलयोर्युद्धं सम्प्रलग्नम् । ततः सागरचन्द्रो देवोऽन्तरे स्थित्वोपशामयति । पश्चात् कमलामेला भगवतः सकाशे प्रव्रजिता ॥

## हिन्दी अनुवाद

तब से सागरचन्द्र अष्टमी-चतुर्दशी को निर्जन घर में अथवा श्मशान में एक रात्रि की प्रतिमा धारण करता है । धनदेव ने यह जानकर तांबे की सलाइयाँ (सूइयाँ) बनवायीं । तत्पश्चात् निर्जन घर में प्रतिमा में स्थित सागरचन्द्र की बीस उँगलियों के नाखूनों में (वे सलाइयाँ) चुभा दीं । उसके बाद श्रेष्ठ अध्यवसाय में स्थित, वेदना से पीड़ित पंचत्व प्राप्तकर देव बने । दूसरे दिन ढूंढते हुए आरक्षकों ने देखा । कोलाहल मचा । सलाइयाँ दिखाई दीं । आरक्षकों ने तांबा कूटनेवालों के पास जाना कि धनदेव ने बनवाई थीं । क्रोधित राजकुमार धनदेव को ढूंढते हैं । दोनों के सैन्यों का युद्ध प्रारम्भ हुआ । अतः देव बना सागरचन्द्र (देव) बीच में खड़े रहकर शांत करता है । तत्पश्चात् कमलामेला प्रभु के वरद हस्तों से दीक्षित बनती है ।

# (14) वुड्ढा तरुणा य मंतिणो

## प्राकृत

परिणयबुद्धी वुड्ढा पावायारे नेव पवत्तइ, अत्थ कहा-

एगस्स रन्नो दुविहा मंतिणो, तरुणा वुड्ढा य । तरुणा भणंति एए वुड्ढा मइभंसपत्ता, न सम्मं मंतिन्ति । ता अलमेएहिं । अम्हे चेव पहाणा ।

अन्नया तेसिं परिच्छानिमित्तं राया भणइ, भो सचिवा ! जो मम सीसे पण्हिपहारं दलयइ, तस्स को दंडो कीरइ ? । तरुणेहिं भणियं, किमेत्थ जाणियव्वं ? । तस्स सरीरं तिलं तिलं कप्पिज्जइ, सुहुयहुयासणे वा छुब्भइ । तओ रन्ना वुड्ढा पुच्छिया । तेहिं एगंते गंतूण मंतियं, आसंधयप्पहाणा महादेवी चेव एवं करेइ, ता तीए ।

---

# (14) वृद्धास्तरुणाश्च मन्त्रिणः

## संस्कृत अनुवाद

परिणतबुद्धयो वृद्धाः पापाचारे नैव प्रवर्तन्ते, अत्र कथा-एकस्य राज्ञो द्विविधा मन्त्रिण; तरुणा वृद्धाश्च । तरुणा भणन्त्येते वृद्धा मतिभ्रंशप्राप्ताः, न सम्यग् मन्त्रयन्ति । तस्मादलमेतैः । वयं चैव प्रधानाः ।

अन्यदा तेषां परीक्षानिमित्तं राजा भणति, भो सचिवाः ! यो मम शीर्षे पार्ष्णिप्रहारं दलयति, तस्य को दण्डः क्रियते ? । तरुणैर्भणितम्-किमत्र ज्ञापितव्यम् । तस्य शरीरं तिलं तिलं क्लृप्यते(कृत्यते), सुहुतहुताशने वा क्षिप्यते । ततो राज्ञा वृद्धाः पृष्टाः । तैरेकान्ते गत्वा मन्त्रितम्, स्नेहप्रधाना महादेवी चैवैवं करोति, ततस्तस्या पूजैव क्रियते । एवमेतदर्थं वक्तव्यमिति

---

## हिन्दी अनुवाद

परिपक्व बुद्धिमान वृद्ध पुरुष पापकार्य में कभी प्रवृत्त नहीं होते हैं, यहाँ कहानी है-

एक राजा के दो प्रकार के मन्त्री हैं युवान और वृद्ध । युवान कहते हैं - ये वृद्ध बुद्धि से भ्रष्ट हो गए हैं, उचित मन्त्रणा नहीं करते हैं । अतः इन लोगों से बस, हम ही उत्तम हैं ।

एक बार उनकी परीक्षा करने हेतु राजा कहते हैं- हे मंत्रियो ! जो मेरे

मस्तक पर पैर का पंजा मारे, उसको क्या दण्ड करना चाहिए ? युवानों ने कहा - इसमें कहने योग्य क्या है ? उसके शरीर के तिल-तिल जितने टुकड़े कर देने चाहिए अथवा भड़कती आग में डालना चाहिए । तत्पश्चात् राजा ने वृद्धों (वृद्ध मंत्रियों) को पूछा । उन्होंने एकान्त में जाकर विचार किया, अधिक अनुरागवाली महारानी ही यह (=लात मारना) कर सकती है, अतः उनकी पूजा ही करनी चाहिए ।

## प्राकृत

पूया चेव कीरइ । एयमेयत्थं वत्तव्वं ति निच्छिऊण भणियं, जं माणुसमेरिसं महासाहसमायरइ, तस्स सरीरं ससीसवायं कंचणरयणालंकारेहिं अलंकिज्जइ । तुट्ठेण भणियं रन्ना, साहु विन्नायं ति, सच्चदंसिणो त्ति रन्ना ते चेव पमाणं कय ति, ''यतो वृद्धा नाहितेषु प्रवर्तन्ते, ततो वृद्धानुगेन भवितव्यम्, सोऽप्येवमेव पापे न प्रवर्तते, केन हेतुना ? इत्याह-साङ्गत्यजनिताः गुणाः प्राणिनां स्युः । अत एवोक्तम्-''

[1]उत्तमजणसंसग्गी, [2]सीलदरिद्दं पि [4]कुणइ [3]सीलड्ढं ।
[5]जह [6]मेरुगिरिविलग्गं, [7]तणं पि [8]कणयत्तण[9]मुवेइ ।।185।।

**धर्मरत्नप्रकरणे ।**

## संस्कृत अनुवाद

निश्चित्य भणितम्, यो मनुष्य ईदृशं महासाहसमाचरति, तस्य शरीरं सशीर्षपादं काञ्चनरत्नालङ्कारैरलङ्क्रियते । तुष्टेन भणितं राज्ञा, साधु विज्ञातमिति, सत्यदर्शिन इति राज्ञा ते चैव प्रमाणं कृता इति, यतो वृद्धा नाऽहितेषु प्रवर्तन्ते, ततो वृद्धानुगेन भवितव्यम् सोऽप्येवमेव पापे न प्रवर्तते, केन हेतुना ?, इत्याह-साङ्गत्यजनिता गुणाः प्राणिनां स्युः । अत एवोक्तम्-

उत्तमजनसंसर्गी शीलदरिद्रमपि शीलाढ्यं करोति ।
यथा मेरुगिरिविलग्नं, तृणमपि कनकत्वमुपैति ।।185।।

## हिन्दी अनुवाद

यहाँ यह बताना चाहिए । इस प्रकार निश्चय करके (राजा को) कहा - जो मनुष्य इतना बड़ा साहस करता है, उसका शरीर चरण से मस्तकपर्यन्त सुवर्ण-रत्न के अलंकारों से अलंकृत करना चाहिए । सन्तुष्ट होकर राजा ने कहा, तुमने अच्छा जाना, तुम सत्यदर्शी (सत्य को देखनेवाले) हो, इसलिए राजा ने

उनको (वृद्ध पुरुषों को) ही मान्य किया ।

क्योंकि ''वृद्धपुरुष कभी अहित में प्रवृत्ति नहीं करते हैं । अतः वृद्धों का अनुसरण करना चाहिए; वृद्धों का अनुसरण करनेवाले भी पाप में प्रवृत्ति नहीं करते हैं । किस कारण ? तो कहते हैं - जीवों को सहवास से गुण उत्पन्न होते हैं । अतः कहा है -

उत्तम पुरुष का समागम करनेवाले शील-सदाचार से हीन हो तो भी शीलवान बनते हैं, जैसे मेरुपर्वत पर लगा हुआ तृण भी सुवर्णत्व को प्राप्त करता है । (185)

# (15) विणओ सव्वगुणाणं मूलं

## प्राकृत

मगहमंडलमंडणभूओ धणधन्नसमिद्धो सालिग्गामो नाम गामो । तत्थ पुप्फसालगाहावई (तस्स य) फलसालो नाम पुत्तो अहेसि । पयइभद्दओ पयइविणीओ परलोगभीरु य । तेण धम्मसत्थपाढयाओ सुयं । जो उत्तमेसु विणयं पउंजइ सो जम्मंतरे उत्तमुत्तमो होइ । तओ सो ममेस जणओ उत्तमो त्ति सव्वायरेण तस्स विणए पवत्तो । अन्नया दिट्ठो जणओ गामसामिस्स विणयं पउंजंतो । तओ एत्तो वि इमो उत्तमो त्ति जणयमापुच्छिऊणं पवत्तो गामसामिमोलग्गिउं । कयाइ तेण सद्धिं गओ रायगिहं । तत्थ गामाहिवं महंतस्स पणामाइ कुणमाणमालोइऊणइमाओ वि एस पहाणो त्ति ओलग्गिओ–

---

# (15) विनयः सर्वगुणानां मूलम्

## संस्कृत अनुवाद

मगधमण्डलमण्डनभूतो धनधान्यसमृद्धः शालिग्रामो नाम ग्रामः । तत्र पुष्पशालगृहपतिः, (तस्य च) फलशालो नाम पुत्र आसीत् । प्रकृतिभद्रकः प्रकृतिविनीतः परलोकभीरुश्च । तेन धर्मशास्त्रपाठकाच्छ्रुतम् । य उत्तमेषु विनयं प्रयुङ्क्ते स जन्मान्तरे उत्तमोत्तमो भवति । ततः स ममैष जनक उत्तम इति सर्वाऽऽदरेण तस्य विनये प्रवृत्तः । अन्यदा दृष्टो जनको ग्रामस्वामिनो विनयं प्रयुञ्जानः । तत एतस्मादप्ययमुत्तम इति जनकमापृच्छय प्रवृत्तो ग्रामस्वामिनमवलगितुम् । कदापि तेन सार्द्धं गतो राजगृहम् । तत्र ग्रामाधिपं महतः प्रणामादि कुर्वन्तमालोक्याऽस्मादप्येष प्रधान इत्यवलगितो महन्तम् । तमपि श्रेणिकस्य

---

## हिन्दी अनुवाद

मगधदेश के आभूषण समान, धन-धान्य से समृद्ध शालिग्राम नामक गाँव था । वहाँ पुष्पशाल नाम का गृहस्थ और उसका फलशाल नाम का पुत्र था । स्वभाव से भद्रिक, विनयशील और परलोक से भयभीत था । उसने किसी धर्मशास्त्र पाठक के पास सुना कि-जो बड़ों का विनय करता है, वह भवांतर में श्रेष्ठ बनता है । अतः मेरे ये पिताजी बड़े हैं इसलिए संपूर्ण आदरपूर्वक उनके विनय में प्रवृत्त हुआ । एक बार गाँव के मुखी का विनय करते पिताजी को देखा, इसलिए इनसे (पिताजी से) भी यह (मुखी) श्रेष्ठ है, पिताजी को पूछकर गाँव के

मुखी की सेवा करने लगा । एक बार उनके (मुखी के) साथ राजगृही नगरी में गया, वहाँ गाँव के मुखी को नगर के मुख्यमंत्री श्रेष्ठी को नमस्कार आदि करते देखकर इनसे (मुखी से) भी ये (मंत्री आदि) बड़े हैं अतः मंत्री आदि की सेवा करने लगा ।

## प्राकृत

महंतयं । तं पि सेणियस्स विणयपरायणमवलोइऊण सेणिय-मोलग्गिउमारद्धो, अन्नया तत्थ भगवं वद्धमाणसामी समोसढो । सेणिओ सबलवाहणो वंदिउं निग्गओ । तओ फलसालो भगवंतं समोसरणलच्छीए समाइच्छियं नियच्छंतो पविम्हिओ । नूणमेस सव्वुत्तमो जो एवं नरिंदविंददाणविंदेहिं वंदिज्जइ, ता अलमन्नेहिं । एयस्स चेव विणयं करेमि । तओ अवसरं पाविऊण खग्गखेडमकरो चलणेसु निवडिऊण विन्नविउं पवत्तो । भयवं ! अणुजाणह, अहं भे ओलग्गामि । भगवया भणियं, भद्द ! नाहं खग्गफलगहत्थेहिं ओलग्गिज्जामि, किंतु रओहरणमुहपोत्तियापाणीहिं । जहा एए अन्ने ओलग्गंति । तेण भणियं जहा तुब्भे आणवेह तहेवोलग्गामि । तओ जोग्गो त्ति भगवया पव्वाविओ, सुगइं च पाविओ । एवं विणीओ धम्मारिहो होइ त्ति ।।

धर्मरत्नप्रकरणे ।

## संस्कृत अनुवाद

विनयपरायणमवलोक्य श्रेणिकमवलगितुमारब्धः, अन्यदा तत्र भगवान् वर्द्धमानस्वामी समवसृतः । श्रेणिकः सबलवाहनो वन्दितुं निर्गतः । ततः फलशालो भगवन्तं समवसरणलक्ष्या समागतं पश्यन् प्रविस्मितः । नूनमेष सर्वोत्तमो य एवं नरेन्द्रवृन्ददानवेन्द्रैर्वन्द्यते, ततोऽलमन्यैः । एतस्यैव विनयं करोमि । ततोऽवसरं प्राप्य खड्गखेटककरश्चरणयोर्निपत्य विज्ञपयितुं प्रवृत्तः, भगवन् ! अनुजानीहि, अहं युष्मान् अवलगामि । भगवता भणितम्-भद्र !, नाऽहं खड्गफलकहस्तैरवलग्ये, किं तु रजोहरणमुखपोतिका–

## हिन्दी अनुवाद

उनको (मंत्री आदि को) भी महाराजा श्रेणिक की सेवा में तत्पर देखकर श्रेणिक महाराजा की सेवा प्रारम्भ की । एक बार वहाँ भगवान वर्द्धमानस्वामी समवसरे (=पधारे) । श्रेणिक महाराजा सैन्य और वाहनसहित वंदन करने निकले । अतः फलशाल समवसरण की समृद्धि से सुशोभित प्रभु को देखते आश्चर्यचकित हुआ । सचमुच ये ही सर्वश्रेष्ठ हैं, जो इस प्रकार राजाओं के समूह तथा दानवेन्द्रों

से वंदित हैं अतः दूसरों से पर्याप्त इनका (प्रभु का) ही विनय करूँ । अतः अवसर देखकर तलवार, ढाल हाथ में लेकर प्रभु के चरणों में गिरकर = झुककर विनंति करने लगा । भगवन् ! आप अनुमति प्रदान करो । मैं आपकी सेवा करूँ । प्रभु ने कहा, हे भद्र ! तलवार आदि हाथ में रखकर मेरी सेवा नहीं होती है, परन्तु रजोहरण, मुखवस्त्रिका = मुहपत्ति हाथ में रखकर जैसे ये अन्य सेवा करते हैं । उसने कहा, जैसी आप आज्ञा करोगे वैसे सेवा करूंगा । तत्पश्चात् 'योग्य है' इसलिए प्रभु ने संयम प्रदान किया और सद्गति पाया । इस प्रकार विनयशील धर्म के योग्य बनता है ।

## (16) कुमारवालभूवालस्स जीवहिंसाइचाओ

### प्राकृत

[1]इय [2]जीवदयारूवं, [3]धम्मं [4]सोऊण [5]तुट्ठचित्तेण ।
[6]रन्ना [7]भणियं [8]मुणिनाह !, [11]साहिओ [9]सोहणो [10] धम्मो ।।186।।
[1]एसो [2]मे [3]अभिरुइओ, [4]एसो [6]चित्तंमि [5]मज्झ [7]विणिविट्ठो
[8]एसो च्चिय [9]परमत्थेण [11]घडए [10]जुंत्तीहिं [13]न हु [12]सेसो ।।187।।
[3]मन्नंति [2]इमं [1]सव्वे, [4]जं [5]उत्तमअसणवसणपमुहेसु ।
[4]दिन्नेसु [9]उत्तमाइं, [8]इमाइं [10]लब्भन्ति [8]परलोए ।।188।।
[1]एवं [5]सुहदुक्खेसु, [6]कीरंतेसु [4]परस्स [2]इह [3]लोए
[7]ताइं चिय [8]परलोए, [10]लब्भंति [9]अणंतगुणियाइं ।।189।।
[1]जो [4]कुणइ [2]नरो [3]हिंसं, [6]परस्स [5]जो [8]जणइ [7]जीवियविणासं ।
[10]विरएइ [9]सोक्खविरहं, [12]संपाडइ [11]संपयाभंसं ।।190।।

---

## (16) कुमारपालभूपालस्य जीवहिंसादित्यागः

### संस्कृत अनुवाद

पाणिभिर्यथैतेऽन्येऽवलगन्ति । तेन भणितं यथा यूयमाज्ञापयत तथैवावलगामि । ततो योग्य इति भगवता प्राव्राजितः, सुगतिं च प्राप्तः । एवं विनीतो धर्मार्हो भवतीति ।

इति जीवदयारूपं धर्मं श्रुत्वा तुष्टचित्तेन,
राज्ञा भणितम्-मुनिनाथ ! शोभनो धर्मः शासितः ।।186।।
एष मेऽभिरुचितः, एष मम चित्ते विनिविष्टः ।
एष एव परमार्थेन युक्तिभिर्घटते खलु शेषो न ।।187।।
सर्वे इदं मन्यन्ते, यदुत्तमाऽशनवसनप्रमुखेषु ।
दत्तेषु परलोके इमान्युत्तमानि लभन्ते ।।188।।
एवमिह लोके परस्य सुखदुःखेषु क्रियमाणेषु ।
तान्येव परलोकेऽनन्तगुणितानि लभ्यन्ते ।।189।।
यो नरो हिंसां करोति, यः परस्य जीवितविनाशं जनयति ।
सौख्यविरहं विरचयति, सम्पदाभ्रंशं सम्पादयति ।।190।।

---

### हिन्दी अनुवाद

**श्री हेमचन्द्राचार्य के पास धर्म सुनने के बाद श्रीकुमारपाल महाराजा जीवहिंसादिक का त्याग करते हैं–**

इस प्रकार जीवदयारूप धर्म को सुनकर संतुष्ट मनवाले राजा कुमारपाल ने कहा - हे मुनीश्वर ! आपने सुंदर धर्म कहा । (186)

यह धर्म मुझे बहुत पसन्द आया, यह मेरे मन में उतर गया, यही धर्म परमार्थ से युक्तिपूर्वक घटता है, अन्य कोई धर्म नहीं । (187)

सभी यही मानते हैं कि जो श्रेष्ठ भोजन-वसति आदि दूसरों को दी जाती है, भवांतर में वही उत्तम-(सुंदर) मिलते हैं । (188)

इस प्रकार इस भव में दूसरों को सुख या दुःख देता है, वही सुख या दुःख भवांतर में अनंत गुणा मिलता है । (189)

जो मनुष्य हिंसा करता है और जो दूसरों के जीवन का विनाश करता है, उसके सुख का नाश होता है और संपत्ति का भी विनाश होता है । (190)

---

## प्राकृत

[1]सो [2]एवं [3]कुणमाणो, [4]परलोए [10]पावए [5]परेहिंतो ।
[6]बहुसो [7]जीवियनासं, [8]सुहविगमं [9]संपओच्छेयं ।।191।।
[1]जं [2]उप्पइ [3]तं [5]लब्भइ, [4]पभूयतरमत्थ[6] [8]नत्थि [7]संदेहो ।
[10]वविएसु [9]कोद्दवेसु, [12]लब्भंति हि [11]कोद्दवा चेव ।।192।।
[1]जो [2]उण [4]न [5]हणइ [3]जीवे, [6]तो [7]तेसिं [8]जीवियं [9]सुहं [10]विभवं ।
[11]न [12]हणइ [13]तत्तो [14]तस्स वि, [15]तं [18]न [19]हणइ [16]को वि [17]परलोए ।।193।।
[1]ता [2]भद्देण व [4]नूनं, [7]कयाणु[6]कंपा [3]मए वि [5]पुव्वभवे ।
[8]जं [10]लंघिऊण [9]वसणाइं, [12]रज्जलच्छी [11]इमा [13]लद्धा ।।194।।

---

## संस्कृत अनुवाद

स एवं कुर्वन्, परलोके परेभ्यः,
बहुशो जीवितनाशं, सुखविगमं, सम्पदोच्छेदं प्राप्नोति ।।191।।
यदुप्यते तत् प्रभूततरं लभ्यते, अत्र सन्देहो नाऽस्ति ।
कोद्रवेषूप्तेषु हि कोद्रवा एव लभ्यन्ते ।।192।।
यः पुनर्जीवान् न हन्ति, ततस्तेषां जीवितं सुखं विभवम् ।
न हन्ति ततस्तस्याऽपि, तं कोऽपि परलोके न हन्ति ।।193।।
ततो भद्रेणेव मयाऽपि नूनं पूर्वभवेऽनुकम्पा कृता ।
यद् व्यसनानि लङ्घित्वेयं राज्यलक्ष्मीर्लब्धा ।।194।।

---

## हिन्दी अनुवाद

वह इस प्रकार (जीवहिंसा) करते भवांतर में दूसरों द्वारा बहुत बार जीवन का विनाश, सुख का विरह और संपत्ति का उच्छेद पाता है । (191)

जो वपन करते हैं, वही प्रभूततर (अत्यधिक) मिलता है, इसमें संदेह नहीं है, सचमुच कोद्रव वपन करने पर, कोद्रव ही मिलते हैं । (192)

जो जीवों का नाश नहीं करता है, वह उन जीवों के जीवित सुख और वैभव का भी नाश नहीं करता है, अतः कोई भी उसके जीवितादि का परलोक में नाश नहीं करता है । (193)

अतः भद्र ऐसे मेरे द्वारा पूर्वभव में निश्चय अनुकंपा की गई होगी इसलिए संकटों को दूर करके यह राज्यलक्ष्मी मुझे प्राप्त हुई है । (194)

## प्राकृत

1ता 2संपइ 5जीवदया, 3जावज्जीवं 4मए 6विहेयव्वा ।
7मंसं 8न 9भक्खियव्वं, 11परिहरियव्वा य 10पारद्धी ।।195।।
1जो 2देवयाण 3पुरओ, 7कीरइ 4आरुग्गसंतिकम्मकए ।
5पसुमहिसाण 6विणासो, 10निवारियव्वो 9मए 8सो वि ।।196।।
1बालो वि 3मुणइ 2एवं, 4जीववहेणं 7लब्भइ 6न 5सग्गो ।
8किं 9पन्नगमुहकुहराओ, 11होइ 10पीऊसरसवुट्ठी ।।197।।
1तो 2गुरुणा 3वागरियं, 4नरिंद ! 5तुह 7धम्मबंधुरा 6बुद्धी ।
8सव्वुत्तमो 9विवेगो, 10अणुत्तरं 11तत्तदंसित्तं ।।198।।

## संस्कृत अनुवाद

ततः सम्प्रति यावज्जीवं जीवदया मया विधातव्या ।
मांसं न भक्षितव्यं, पापर्द्धिश्च परिहर्तव्या ।।195।।
यो देवतानां पुरत आरोग्यशान्तिकर्मकृते,
पशुमहिषाणां विनाशः क्रियते, सोऽपि मया निवारयितव्यः ।।196।।
बालोऽप्येवं जानाति-जीववधेन स्वर्गो न लभ्यते ।
किं पन्नगमुखकुहरात् पीयूषरसवृष्टिर्भवति ? ।।197।।
ततो गुरुणा व्याकृतम्, नरेन्द्र । तव बुद्धिर्धर्मबन्धुरा ।
सर्वोत्तमो विवेकः, अनुत्तरं तत्त्वदर्शित्वम् ।।198।।

## हिन्दी अनुवाद

अतः अब मुझे यावज्जीव जीवदया का पालन करना, मांस नहीं खाना और शिकार का भी त्याग करना चाहिए (अर्थात् त्याग करता हूँ) । (195)

देवों के सम्मुख आरोग्य और शांतिकार्य हेतु जो पशुओं और महिषों (भैंसों) का वध किया जाता है, वह भी मुझे अवश्य रोकना है । (196)

बालक भी यह तो जानता है कि-जीवहिंसा करने से स्वर्गप्राप्ति नहीं होती है, क्या सर्प के मुखरूपी गुफा में से कभी अमृतरस की वृष्टि होती है ? (197)

तत्पश्चात् गुरु भगवंत ने कहा, हे राजन् ! तुम्हारी बुद्धि धर्ममय है, विवेक सर्वोत्तम है और तत्त्वदर्शित्व भी अनुपम है । (198)

## प्राकृत

[1]जं [2]जीवदयारम्मे, [4]धम्मे [3]कल्लाणजणणकयकम्मे ।
[5]सग्गापवग्गपुरमग्ग-दंसणे [6]तुह [7]मणं [8]लीणं ।।199।।

तओ रन्ना रायाएसपेसणेण सव्वगामनगरेसु अमारिघोसणा-पडहवायणपुव्वं पवत्तिया जीवदया ।

गुरुणा भणिओ राया, महाराय ! दुप्पच्चया पाएण मंसगिद्धी ।
धन्नो तुमं भायणं सकलकल्लाणाणं जेण कया मंसनिवित्ती ।

✡ ✡ ✡

संपयं मज्जवसणदोसे सुणसु–

## संस्कृत अनुवाद

यज्जीवदयारम्ये, कल्याणजननकृतकर्मणि ।
स्वर्गाऽपवर्गपुरमार्गदर्शने धर्मे तव मनो लीनम् ।।199।।

ततो राज्ञा राजादेशप्रेषणेन सर्वग्रामनगरेष्वमारिघोषणापटहवादनपूर्वं प्रवर्तिता जीवदया ।

गुरुणा भणितो राजा, महाराज ! प्रायेण मांसगृद्धिर्दुष्प्रत्यजा ।
धन्यस्त्वम्, सकलकल्याणानां भाजनम्, येन मांसनिवृत्तिः कृता ।

## हिन्दी अनुवाद

जीवदया द्वारा मनोहर, कल्याणकारी उत्तम कार्य, स्वर्ग और अपवर्गरूपी नगर के मार्ग को बतानेवाले धर्म में तुम्हारा मन लीन बना है । (199)

अतः राजा (कुमारपाल) ने राज आदेश = फरमान भेजकर प्रत्येक गाँव और नगर में अमारिघोषणा पटह वादनपूर्वक जीवदया प्रवर्ताई, जीवदया का पालन करवाया ।

गुरु भ. ने राजा को कहा, हे राजेश्वर ! प्रायः मांस के प्रति आसक्ति मुश्किल से छूटती है ।

तुम्हें धन्य है, तुम सकल कल्याण के पात्र हो, अतः (तुमने) मांस का त्याग किया ।

## प्राकृत

साम्प्रतं मद्यव्यसनदोषाञ् शृणु–

[3]नच्चइ [4]गायइ [5]पहसइ, [6]पणमइ [7]परिभमइ [9]मुयइ [8]वत्थं पि ।
[10]तूसइ [11]रूसइ [2]निक्कारणं पि [1]मइरामउम्मत्तो ।।200।।
[4]जणणिं पि [5]पिययमं, [6]पिययमं पि [7]जणणिं [3]जणो [8]विभावन्तो ।
[1]मइरामएण [2]मत्तो, [9]गम्मागम्मं [10]न [11]याणेइ ।।201।।
[3]न हु [2]अप्पपरविसेसं, [4]वियाणए [1]मज्जपाणमूढमणो ।
[6]बहु [7]मन्नइ [5]अप्पाणं, [9]पहुं पि [10]निब्भत्थए [8]जेण ।।202।।
[6]वयणे [5]पसारिए [7]साणया, [8]विवरब्भमेण [9]मुत्तंति ।
[2]पहपडियस्स [1]सवस्स व, [4]दुरप्पणो [3]मज्जमत्तस्स ।।203।।

## संस्कृत अनुवाद

मदिरामदोन्मत्तो निष्कारणमपि, नृत्यति, गायति, प्रहसति, प्रणमति, परिभ्राम्यति, वस्त्रमपि मुञ्चति, तुष्यति, रुष्यति ।।200।।
मदिरामदेन, मत्तो जनो जननीमपि प्रियतमां, प्रियतमामपि
जननीं विभावयन् गम्याऽगम्यां न जानाति ।।201।।
मद्यपानमूढमना आत्मपरविशेषं न खलु विजानाति ।
आत्मानं बहु मन्यते, येन प्रभुमपि निर्भर्त्सयेत् ।।202।।
शवस्येव पथिपतितस्य, मद्यमत्तस्य दुरात्मनः ।
प्रसारिते वदने श्वानः विवरभ्रमेण मूत्रयन्ति ।।203।।

## हिन्दी अनुवाद

अब मद्यपान के व्यसन से होनेवाले दोष सुनो–

मदिरापान से मदोन्मत्त बना व्यक्ति निष्कारण भी नृत्य करता है, गाता है, खड़खड़ाह हँसता है, प्रणाम करता है, भटकता है, कपडा फेंकता है, आनंदित होता है और गुस्सा करता है । (200)

मदिरा के मद से उन्मत्त मानव माता को भी पत्नी, पत्नी को माता स्वरूप मान लेता है, गम्य या अगम्य उसके पास जा सके या नहीं-वह भी नहीं जानता है । (201)

मदिरापान से मूढ़ मनवाला अपने अथवा पराये के भेद को नहीं जानता है, स्वयं को समर्थ मानता है अतः सेठ का भी तिरस्कार करता है । (202)

शव की तरह रास्ते में पड़े, मदिरा से उन्मत्त दुष्ट पुरुष के खुले मुँह में कुत्ते भी विवर समझकर पेशाब कर लेते हैं । (203)

## प्राकृत

[1]धम्मत्थकामविग्घं, [2]विहणियमइकित्तिकंतिमज्जायं ।
[8]मज्जं [5]सव्वेसिं पि हु, [7]भवणं [6]दोसाण [3]किं [4]बहुणा ? ।।204।।
[1]जं [2]जायवा [3]ससयणा, [4]सपरियणा [5]सविहवा [6]सनयरा य ।
[7]निच्चं [8]सुरापसत्ता, [9]खयं [10]गया [11]तं [12]जए [13]पयडं ।।205।।
[2]एवं [1]नरिंद ! [6]जाओ, [3]मज्जाओ [4]जायवाण [5]सव्वखओ ।
[7]ता [8]रन्ना [9]नियरज्जे, [10]मज्जपवित्ती वि [11]पडिसिद्धा ।।206।।

कुमारपालप्रतिबोधे

## संस्कृत अनुवाद

धर्मार्थकामविघ्नं, विहंतमतिकीर्तिकान्तिमर्यादाम् ।
किं बहुना ? सर्वेषामपि दोषाणां भवनं खलु मद्यम् ।।204।।
यद् यादवाः सस्वजनाः, सपरिजनाः सविभवाः सनगराश्च ।
नित्यं सुराप्रसक्ताः क्षयं गताः, तज्जगति प्रकटम् ।।205।।
नरेन्द्र ! एवं मद्याज्जादवानां सर्वक्षयो जातः ।
ततो राज्ञा निजराज्ये, मद्यप्रवृत्तिरपि प्रतिषिद्धा ।।206।।

## हिन्दी अनुवाद

धर्म, अर्थ और काम तीनों पुरुषार्थ में विघ्नरूप, बुद्धि, कीर्ति और कांति की सीमा को नष्ट करनेवाला है । अधिक क्या कहना ? सचमुच सभी दोषों का उत्पत्तिस्थान मद्य ही है । (204)

जो यादव स्वजन, परिजन, वैभव और नगरों के साथ हमेशा मदिरा में मशगूल = आसक्त रहने से नष्ट हुए, वे जगत् में प्रसिद्ध ही हैं । (205)

हे नरपति ! इस प्रकार मदिरा से यादवों का सर्वनाश हुआ, अतः राजा ने भी अपने राज्य में मदिरा की प्रवृत्ति पर प्रतिबंध करवाया । (206)

# (17) पाइअसुभासिअपज्जाणि

## प्राकृत

[3]न वि [1]मुंडिएण [2]समणो, [6]न [4]ओंकारेण [5]बम्भणो ।
[9]न [8]मुणी [7]रण्णवासेण, [10]कुसचीरेण [12]न [11]तावसो ।।207।।
[1]समयाए [2]समणो [3]होइ, [4]बम्भचेरेण [5]बंभणो ।
[6]नाणेण य [7]मुणी [8]होइ, [9]तवेणं [11]होइ [10]तावसो ।।208।।
[2]कम्मुणा [2]बम्भणो [3]होइ, [4]कम्मुणा [6]होइ [5]खत्तिओ ।
[8]वइसो [7]कम्मुणा [9]होइ, [11]सुद्दो [12]हवइ [10]कम्मुणा ।।209।।

## धम्मो- (धर्मः)

[1]जत्थ य [2]विसयविरागो, [3]कसायचाओ [4]गुणेसु [5]अणुराओ ।
[6]किरियासु [7]अप्पमाओ, [8]सो [9]धम्मो [10]सिवसुहोवाओ ।।210।।

---

# (17) प्राकृतसुभाषितपद्यानि

## संस्कृत अनुवाद

मुण्डितेन श्रमणो नाऽपि, ओङ्कारेण ब्राह्मणो न ।
अरण्यवासेन मुनिर्न, कुशचीरेण तापसो न ।।207।।
समतया श्रमणो भवति, ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणः ।
ज्ञानेन च मुनिर्भवति, तपसा तापसो भवति ।।208।।
कर्मणा ब्राह्मणो भवति, कर्मणा क्षत्रियो भवति ।
कर्मणा वैश्यो भवति, कर्मणा शूद्रो भवति ।।209।।
यत्र च विषयविरागः, कषायत्यागो गुणेष्वनुरागः ।
क्रियास्वप्रमादः, स धर्मः शिवसुखोपायः ।।210।।

---

## हिन्दी अनुवाद

मुंडन कराने से साधु नहीं बना जाता है, ओंकार के रटण से ब्राह्मण नहीं बना जाता है, जंगल में रहने मात्र से मुनि नहीं बना जाता है और घास के वस्त्र धारण करने से तापस नहीं बना जाता है । (207)

समता धारण करने से साधु बना जाता है, ब्रह्मचर्य के पालन से ब्राह्मण बनते हैं, ज्ञान से मुनि बनते हैं और तपश्चर्या से तापस बनते हैं । (208)

कर्मों से ब्राह्मण होते हैं, कर्म से ही क्षत्रिय बनते हैं, कर्म से ही वैश्य होते हैं और कर्म से ही शूद्र होते हैं (मात्र जन्म से नहीं) । (209)

जहाँ विषयों के प्रति विरक्ति है, कषायों का त्याग है, गुणों के प्रति अनुराग है और क्रिया में अप्रमत्तभाव है वह धर्म ही मोक्षसुख का कारण है । (210)

---

## प्राकृत

[2]जाएण [1]जीवलोगे, [4]दो चेव [3]नरेण [5]सिक्खियव्वाइं ।
[7]कम्मेण [6]जेण [8]जीवइ, [9]जेण [10]मओ [11]सुग्गइं [12]जाइ ।।211।।

[1]धम्मेण [2]कुलप्पसूई, [3]धम्मेण य [4]दिव्वरूवसंपत्ती ।
[5]धम्मेण [6]धणसमिद्धी, [7]धम्मेण [8]सवित्थरा [9]कीत्ती ।।212।।

[2]मा [3]सुअह [1]जग्गिअव्वे, [4]पलाइअव्वंमि [5]कीस [6]वीसमह ।
[10]तिन्नि [11]जणा [12]अणुलग्गा, [7]रोगो अ [8]जरा य [9]मच्चू अ ।।213।।

[7]सग्गो [6]ताण [8]घरंगणे [10]सहयरा, [9]सव्वा [11]सुहा [12]संपया ।
[13]सोहग्गाइगुणावली [16]विरयए [14]सव्वंग[15]मालिंगणं ।।
[17]संसारो [19]न [18]दुरुत्तरो [20]सिवसुहं, [22]पत्तं [21]करंभोरुहे ।
[1]जे [4]सम्मं [3]जिणधम्मकम्मकरणे, [5]वट्टंति [2]उद्धारया ।।214।।

---

## संस्कृत अनुवाद

जीवलोके जातेन नरेण द्वे चैव शिक्षितव्ये ।
येन कर्मणा जीवति, येन मृतः सुगतिं याति ।।211।।

धर्मेण कुलप्रसूतिः, धर्मेण च दिव्यरूपसम्प्राप्तिः ।
धर्मेण धनसमृद्धिः, धर्मेण सविस्तरा कीर्तिः ।।212।।

जागरितव्ये मा स्वपित, पलायितव्ये कस्माद् विश्राम्यत ? ।
रोगो जरा मृत्युश्च-त्रयो जना अनुलग्नाः ।।213।।

ये उद्धारकाः जिनधर्मकर्मकरणे सम्यग् वर्तन्ते,
तेषां स्वर्गो गृहाङ्गणे, सर्वे सहचराः, शुभाः सम्पदः ।
सौभाग्यादिगुणावलिः सर्वाङ्गमालिङ्गनं विरचयति;
संसारो दुरुत्तरो न, शिवसुखं कराम्भोरुहे प्राप्तम् ।।214।।

---

## हिन्दी अनुवाद

जगत् में जन्मे हुए मनुष्य को दो बात सीखनेलायक है, एक = स्वयं कर्म से जीता है और दूसरी बात = कर्म के अनुसार सद्गति में जाता है । (211)

धर्म से उत्तम कुल में जन्म होता है, धर्म से ही अनुपम रूप की प्राप्ति होती है, धर्म से धन की समृद्धि मिलती है और धर्म से ही कीर्ति फैलती है । (212)

जागने योग्य स्थान में तुम सोते न रहो और चलने योग्य स्थान में क्यों बैठे हो ? क्योंकि व्याधि, वृद्धावस्था और मृत्यु ये तीनों तुम्हारा पीछा कर रहे हैं । (213)

जो आत्मिक उद्धार करनेवाले जिनेश्वर के धर्मकार्य करने में अच्छी तरह प्रयत्नशील होते हैं, स्वर्ग उनके गृहांगण में ही है, हरतरह की सुखसंपत्ति सहचरी है, सौभाग्य आदि गुणों की परंपरा = श्रेणी उनके संपूर्ण शरीर में आलिंगन करती है, संसार से पार उतरना उनके लिए दुष्कर नहीं है और मोक्षसुख भी उनके करकमलों में ही है । (214)

---

## दाणं

### प्राकृत

[12]नो [9]तेसिं [10]कुवियं व [8]दुक्खम[7]खिलं, [13]आलोयए [11]सम्मुहं,
[19]नो [20]मिल्लेइ [18]घरं [14]कमंकवडिया, [16]दासिव्व [17]तेसिं [15]सिरी ।
[20]सोहग्गाइगुणा [25]चयंति [24]न [21]गुणा-ऽऽबद्धव्व [22]तेसिं [23]तणुं,
[1]जे [4]दाणंमि [3]समीहियत्थजणणे, [6]कुव्वंति [5]जत्तं [2]जणा ।।215।।

[1]ववसायफलं [2]विहवो, [3]विहवस्स [4]फलं [5]सुपत्तविणिओगो ।
[6]तयभावे [7]ववसाओ, [8]विहवो वि अ [9]दुग्गइनिमित्तं ।।216।।

---

## दानम्

### संस्कृत अनुवाद

ये जनाः समीहितार्थजनने दाने यत्नं कुर्वन्ति,
अखिलं दुःखं तेषां सम्मुखं कुपितमिव नाऽऽलोकते ।
क्रमाङ्कपतिता श्रीर्दासीव तेषां गृहं न मेलयति,
सौभाग्यादिगुणा गुणाऽऽबद्धा इव तेषां तनुं न त्यजन्ति ।।215।।

व्यवसायफलं विभवः, विभवस्य फलं सुपात्रविनियोगः ।
तदभावे व्यवसायो विभवोऽपि च दुर्गतिनिमित्तम् ।।216।।

---

### हिन्दी अनुवाद

जो लोग मनोवांछित पदार्थों को देनेवाला दान देने में प्रयत्न करते हैं, उनके सामने सभी दुःख, क्रोधित व्यक्ति की तरह देखते भी नहीं है, चरणकमल

में आयी लक्ष्मी दासी की तरह उनका घर नहीं छोड़ती है और सौभाग्य आदि गुण भी मानों रस्सी से बंधे न हों, उस तरह उनके शरीर को छोड़ते नहीं हैं । (215)

व्यापार का फल वैभव है और वैभव का फल सुपात्रदान है, उसके= सुपात्रदान बिना व्यापार और वैभव दोनों दुर्गति के कारण स्वरूप हैं । (216)

---

## लच्छी-प्राकृत

[7]विगुणमवि [8]गुणड्ढं, [9]रूवहीणं पि [10]रम्मं,
[11]जडमवि [12]मइमंतं [13]मंदसत्तं पि [14]सूरं ।
[15]अकुलमवि [16]कुलीणं [5]तं [17]पयंपंति [6]लोया,
[1]नवकमलदलच्छी [3]जं [4]पलोएइ [2]लच्छी ।।217।।

[1]जाई [2]रूवं [3]विज्जा, [4]तिण्णि वि [7]निवडंतु [5]कंदरे [6]विवरे ।
[8]अत्थु [9]च्चिअ [10]परिवड्ढउ, [11]जेण [12]गुणा [13]पायडा [14]हुंति ।।218।।

## सीलं

[2]अलसा [3]होइ [1]अकज्जे, [4]पाणिवहे [6]पंगुला [5]सया [7]होइ ।
[8]परतत्तिसु [9]बहिरा, [11]जच्चंधा [10]परकलत्तेसु ।।219।।

---

## लक्ष्मी : संस्कृत अनुवाद

नवकमलदलाक्षी लक्ष्मीर्यं प्रलोकयति, तं लोका विगुणमपि गुणाढ्यं, रूपहीनमपि रम्यं, जडमपि मतिमन्तं, मन्दसत्त्वमपि शूरं, अकुलमपि कुलीनं प्रजल्पन्ति ।।217।।

जाती रूपं विद्यास्त्रीण्यपि कन्दरे विवरे निपतन्तु ।
अर्थ एव परिवर्धताम्, येन गुणाः प्रकटा भवन्ति ।।218।।

## शीलम्

अकार्येऽलसा भवन्ति, प्राणिवधे सदा पङ्गुला भवन्ति ।
परनिन्दासु बधिराः, परकलत्रेषु जात्यन्धाः (भवन्तु) ।।219।।

---

## हिन्दी अनुवाद

नये कमलदलसमान नेत्रोंवाली लक्ष्मी जिस व्यक्ति पर नजर करती है, ऐसे निर्गुणी (व्यक्ति) को भी लोग गुणवान, कुरूप को भी रूपवान = रमणीय, मूर्ख को भी बुद्धिशाली, मंद सत्त्वशाली को भी शूरवीर और नीचकुल में उत्पन्न व्यक्ति को भी उच्च कुलवाला कहते हैं । (217)

जाति, रूप और विद्या ये तीन गहरे खड्ढे में गिरो, परंतु धन ही वृद्धिंगत बने, जिससे सभी गुण प्रगट होते हैं ।

अकार्य (दूसरों के दोष देखने) में प्रमादी, जीवहिंसा में सदा खञ्ज्‌ लूले (लंगड़े), दूसरों के दोष सुनने में बधिर और परायी स्त्रियों के विषय में जन्मांध बनना चाहिए । (219)

---

## प्राकृत

[1]जो [3]वज्जइ [2]परदारं. [4]सो [8]सेवइ [7]नो [5]कयाइ [6]परदारं ।
[9]सकलत्ते [10]संतुट्ठो, [13]सकलत्तो [11]सो [12]नरो [14]होइ ।।220।।
[3]वरं [1]अग्गिमि [2]पवेसो, [7]वरं [4]विसुद्धेण [5]कम्मुणा [6]मरणं ।
[8]मा [7]गहिअव्वयभंगो, [11]मा [10]जीअं [9]खलिअसीलस्स ।।221।।

## भावो

[2]जा [1]दव्वे [4]होइ [3]मई, [5]अहवा [7]तरुणीसु [6]रूववंतीसु ।
[8]सा [9]जइ [10]जिणवरधम्मे, [11]करयलमज्झे [13]ठिआ [12]सिद्धी ।।222।।
[2]तक्कविहूणो [3]विज्जो, [4]लक्खणहीणो अ [5]पंडिओ [1]लोए ।
[6]भावविहूणो [7]धम्मो, [8]तिन्नि वि [9]नूणं [10]हसिज्जंति ।।223।।
[18] वंझं [19]बिंति [1]जहित्थ[2] [5]सत्थपढणं, [3]अत्थावबोहं [4]विणा,
[6]सोहग्गेण [7]विणा [8]मडप्पकरणं, [11]दाणं [10]विणा [9]संभमं ।
[12]सब्भावेण [13]विणा [14]पुरंधिरमणं, [15]नेहं [16]विणा [17]भोयणं,
[20]एवं [25]धम्मसमुज्जमं पि [21]विबुहा, [22]सुद्धं [24]विणा [23]भावणं ।।224।।

---

## संस्कृत अनुवाद

यो वर्जति परद्वारम्, स कदापि परदारा न सेवते ।
स्वकलत्रे सन्तुष्टः, स नरः सकलत्रो भवति ।।220।।
अग्नौ प्रवेशो वरम्, विशुद्धेन कर्मणा मरणं वरम् ।
मा गृहीतव्रतभङ्गः, भावः मा स्खलितशीलस्य जीवितम् ।।221।।
या द्रव्ये मतिर्भवति, अथवा रूपवतीषु तरुणीषु ।
सा यदि जिनवरधर्मे, सिद्धिः करतलमध्ये स्थिता ।।222।।
लोके तर्कविहीनो विद्वान्, लक्षणहीनश्च पण्डितः ।
भावविहीनो धर्मः, त्रयोऽपि नूनं हस्यन्ते ।।223।।

यथेहाऽर्थावबोधं विना शास्त्रपठनम्,
सौभाग्येन विनाऽहङ्कारकरणम्; सम्भ्रमं विना दानं,
सद्भावेन विना पुरन्ध्रीरमणं, स्नेहं विना भोजनं,
एवं विबुधाः शुद्धां भावनां विना धर्मसमुद्यममपि(वन्ध्यं) ब्रवीन्ति ॥224॥

---

## हिन्दी अनुवाद

जो व्यक्ति दूसरों के गृहद्वार = घर के दरवाजे छोड़ता है वह कभी भी परस्त्री का सेवन नहीं करता है, जो स्वस्त्री में संतुष्ट है वह मानव सबका रक्षक है । (220)

आग में गिर जाना श्रेष्ठ है, निर्मल-उत्तम कार्य द्वारा मरना उत्तम है, परन्तु ग्रहण किये हुए व्रत का भंग अथवा स्खलित शीलवान व्यक्ति का जीवन श्रेष्ठ नहीं है । (221)

धन के प्रति अथवा स्वरूपवान स्त्रियों के प्रति जो बुद्धि है, वह बुद्धि यदि जिनेश्वर के धर्म में हो तो सिद्धि = (मोक्ष) हथेली में ही रही हुई है । (222)

जगत् में तर्करहित विद्वान्, व्याकरण नहीं जाननेवाला पंडित और भाव रहित धर्म-ये तीन सचमुच हँसी के पात्र बनते हैं । (223)

जैसे इस जगत में अर्थ के ज्ञान बिना शास्त्र का अभ्यास, सौभाग्य बिना अभिमान करना, आदर बिना दान, सद्भाव बिना पत्नी के साथ क्रीड़ा, प्रीति बिना भोजन निष्फल है, वैसे ही पण्डित पुरुष शुद्धभावरहित धर्म के उद्यम को भी निष्फल कहते हैं । (224)

---

# दया

## प्राकृत

[5]किं [1]ताए [4]पढिआए, [3]पयकोडीए [2]पलालभूआए ।
[6]जत्थित्ति[11]यं [12]न [13]नायं, [7]परस्स [8]पीडा [9]न [10]कायव्वा ॥225॥

[1]इक्कस्स [3]कए [2]निअजीविअस्स, [4]बहुआओ [5]जीवकोडीओ ।
[8]दुक्खे [9]ठवंति [9]जे [7]केइ, [10]ताणं [12]किं [13]सासयं [11]जीअं ॥226॥

[1]जं [3]आरुग्ग[3]मुदग्गमप्पडिहयं, [6]आणेसरत्तं [5]फुडं,
[8]रूवं [7]अप्पडिरूव[9]मुज्जलतरा, [10]कित्ती [11]धणं [12]जुव्वणं ।
[13]दीहं [14]आउ [15]अवंचणो [16]परिअणो, [18]पुत्ता [17]सुपुण्णासया,
[19]तं [20]सव्वं [21]सचराचरंमि वि [22]जए, [23]नूणं [24]दयाए [25]फलं ॥227॥

## सच्चं

[1]सच्चेण [3]फुरइ [2]कित्ती, [4]सच्चेण [5]जणंमि [7]होइ [6]वीसासो ।
[9]सग्गापवग्गसुहसंपयाउ [10]जायंति [8]सच्चेण ।।228।।

---

## दया

### संस्कृत अनुवाद

तया पलालभूतया पदकोट्या पठितया किम् ? ।
यत्र- **'परस्य पीडा न कर्तव्या'** एतावन्न ज्ञातम् ।।225।।

एकस्य निजजीवितस्य कृते बह्व्यो जीवकोट्यः ।
ये केऽपि दुःखे स्थापयन्ति, तेषां जीवितं किं शाश्वतम् ? ।।226।।

यदुदग्रमारोग्यम्, अप्रतिहतं स्फुटमाज्ञेश्वरत्वम्;
अप्रतिरूपं रूपम्, उज्ज्वलतरा कीर्तिः, धनं, यौवनम् ।
दीर्घमायुः, अवञ्चनः परिजनः, सुपुण्याऽऽशयाः पुत्राः;
तत् सर्वं सचराचरेऽपि जगति सत्यम्, नूनं दयायाः फलम् ।।227।।

सत्येन कीर्तिः सत्यम्, सत्येन जने विश्वासो भवति ।
सत्येन स्वर्गापवर्गसुखसम्पदो जायन्ते ।।228।।

---

### दया-हिन्दी अनुवाद

वे छिलके जैसे करोड पद पढ़ने से भी क्या ?, कि जिनसे-'दूसरों को पीड़ा=दुःख नहीं देना चाहिए' इतना भी ज्ञान नहीं मिले । (225)

जो एक मात्र अपने जीवन हेतु अनेक करोड़ों जीवों को दुःख देता है, क्या उसका जीवन भी शाश्वत है ? = सदाकाल रहनेवाला है ? । (226)

जो सुंदर आरोग्य, जिसका प्रतिकार न किया जा सके वैसी स्पष्ट आज्ञा का स्वामित्व, अनुपम रूप, निर्मलतर कीर्ति, धन, जवानी, दीर्घायु, सरल सेवकवर्ग, पवित्र आशयवाले पुत्र, यह सब इस परिवर्तनशील जगत में मिलता है, सचमुच यह सब दया का ही फल है । (227)

सत्य से कीर्ति (फैलती) है, सत्य से लोगों में विश्वास उत्पन्न होता है, सत्य से स्वर्ग और अपवर्ग के सुख की संपत्ति भी मिलती है । (228)

---

### प्राकृत

[1]पलए वि [2]महापुरिसा, [3]पडिवन्नं [4]अन्नहा [5]न हु [6]कुणंति ।
[9]गच्छंति [8]न [7]दीणयं (खलु), [12]कुणंति [11]न हु [10]पत्थणाभंगं ।।229।।

[1]जेण [2]परो [3]दूमिज्जइ, [6]पाणिवहो [7]होइ [4]जेण [5]भणिएण ।
[8]अप्पा [10]पडइ [9]अणत्थे, [13]न हु [11]तं [14]जंपंति [12]गीअत्था ।।230।।

## पुण्णं

[2]संगामे [1]गयदुग्गमे [4]हुयवहे, [3]जालावलीसंकुले,
[6]कंतारे [5]करिवग्घसीहविसमे, [8]सेले [7]बहूवद्दवे ।
[10]अंबोहिंमि [9]समुल्लसंतलहरी-लंघिज्जमाणंबरे,
[11]सव्वो [13]पुव्वभवज्जिएहि [12]पुरिसो, [14]पुन्नेहि [15]पालिज्जए ।।231।।

## संस्कृत अनुवाद

प्रलयेऽपि महापुरुषाः, प्रतिपन्नमन्यथा न खलु कुर्वन्ति ।
दीनतां न गच्छन्ति, प्रार्थनाभङ्गं न खलु कुर्वन्ति ।।229।।
येन परो दूम्यते, येन भणितेन प्राणिवधो भवति ।
आत्माऽनर्थे पतति, तत् खलु गीतार्था न जल्पन्ति ।।230।।

गजदुर्गमे सङ्ग्रामे, ज्वालावलीसङ्कुले हुतवहे,
करिव्याघ्रसिंहविषमे कान्तारे, बहूपद्रवे शैले ।
समुल्लसल्लहरीलङ्घ्यमानाऽम्बरेऽम्भोधौ,
सर्वः पुरुषः पूर्वभवार्जितैः पुण्यैः पाल्यते ।।231।।

## हिन्दी अनुवाद

प्रलयकाल में भी महापुरुष स्वीकृत बात को पलटते नहीं हैं, दीनता प्राप्त नहीं करते हैं और किसी की भी प्रार्थना को ठुकराते नहीं हैं अर्थात् मांग पूरी करते हैं । (229)

जिस वचन से दूसरों के दिल में परिताप होता है, जिस वचन से जीवहिंसा होती है और स्वयं अनर्थ को प्राप्त करे, वैसे वचन गीतार्थ महापुरुष नहीं बोलते हैं ।

हाथियों के कारण दुर्गम युद्ध में, ज्वालाओं के समूह से धगधगायमान आग में, हाथी-व्याघ्र और सिंह से विकट जंगल में, अत्यधिक संकटवाले पर्वत पर और मानों आकाश को स्पर्श करती उछलती लहरोंवाले समुद्र में भी प्रत्येक पुरुष पूर्वभव में उपार्जित पुण्य से ही रक्षण किया जाता है । (231)

# णाणाई-प्राकृत

[1]णाणं [2]मोहमहंधयारलहरी-संहारसूरुग्गमो,
[3]णाणं [4]दिट्ठअदिट्ठइट्ठघडणा-संकप्पकप्पद्दुमो ।
[5]णाणं [6]दुज्जयकम्मकुंजरघडा - पंचत्तपंचाणणो,
[7]णाणं [8]जीवअजीववत्थुविसर-[9]स्सालोयणे [10]लोयणं ।।232।।

[1]जहा [3]खरो [2]चंदणभारवाही, [4]भारस्स [5]भागी [7]न हु [6]चंदणस्स ।
[8]एवं खु [11]नाणी [9]चरणेण [10]हीणो, [12]नाणस्स [13]भागी [15]न हु [14]सुग्गईए ।।233।।

[1]सुच्चा [3]जाणइ [2]कल्लाणं, [4]सुच्चा [6]जाणइ [5]पावगं ।
[8]उभयं पि [9]जाणइ [7]सोच्चा, [10]जं [11]सेयं [12]तं [13]समायरे ।।234।।

---

# ज्ञानादि–

## संस्कृत अनुवाद

ज्ञानं मोहमहान्धकारलहरीसंहारसूर्योद्गमः,
ज्ञानं दृष्टाऽदृष्टेष्टघटनासङ्कल्पकल्पद्रुमः ।
ज्ञानं दुर्जयकर्मकुञ्जरघटापञ्चत्वपञ्चाननः,
ज्ञानं जीवाऽजीववस्तुसमूहस्याऽऽलोकने लोचनम् ।।232।।

यथा चन्दनभारवाही खरः, भारस्य भागी न खलु चन्दनस्य ।
एवं खलु चरणेन हीनो ज्ञानी, ज्ञानस्य भागी न खलु सुगतेः ।।233।।

श्रुत्वा कल्याणं जानाति, श्रुत्वा पापकं जानाति ।
श्रुत्वोभयमपि जानाति, यच्छ्रेयस्तत् समाचरेत् ।।234।।

---

## हिन्दी अनुवाद

मोहरूपी अंधकार की परंपरा को दूर करने में ज्ञान सूर्य के उदय समान है, ज्ञान दृष्ट (देखे हुए) या अदृष्ट (नहीं देखे हुए) मनपसंद कार्य के संकल्प हेतु कल्पवृक्ष समान है, ज्ञान दुर्जय कर्मरूपी हाथियों के वृन्द का नाश करने में सिंह समान है और ज्ञान जीव-अजीवादि पदार्थों के समूह को देखने के लिए चक्षुसमान है । (232)

जिस प्रकार चंदन के भार को वहन करनेवाला गधा मात्र भार को ही वहन करता है परंतु चंदन की सुगंध ग्रहण नहीं करता है, उसी तरह चारित्ररहित ज्ञानी, मात्र ज्ञान को जानता है परंतु सद्गति प्राप्त नहीं करता है । (233)

श्रावक (जिनवाणी) सुनकर ही अपना श्रेय = संयम जानता है, सुनकर ही पाप को पहिचानता है, सुनकर ही उभय पुण्य और पाप को जानता है, उसके बाद जो श्रेयस्कर लगे उसका आचरण करना चाहिए । (234)

## प्राकृत

[1]तं [2]रूवं [3]जत्थ [4]गुणा, [5]तं [6]मित्तं [7]जं [9]निरंतरं [8]वसणे ।
[10]सो [11]अत्थो [12]जो [13]हत्थे, [14]तं [15]विन्नाणं [16]जहिं [17]धम्मो ।।235।।

## पइन्नगगाहा

[1]तावच्चिअ [3]होइ [2]सुहं, [4]जाव [8]न [9]कीरइ [7]पिओ [6]जणो [5]को वि ।
[11]पिअसंगो [10]जेण [12]कओ, [14]दुक्खाण [15]समप्पिओ [13]अप्पा ।।236।।
[5]न हु [7]होइ [6]सोइअव्वो, [1]जो [4]कालगओ [2]दढं [3]समाहीए ।
[10]सो [12]होइ [11]सोइअव्वो, [9]तवसंजमदुब्बलो [8]जो उ ।।237।।

## प्रकीर्णकगाथा:

## संस्कृत अनुवाद

तद् रूपं यत्र गुणाः, तन्मित्रं यद् व्यसने निरन्तरम् ।
सोऽर्थो यो हस्ते, तद् विज्ञानं यत्र धर्मः ।।235।।
तावदेव सुखं भवति, यावत् कोऽपि जनः प्रियो न क्रियते ।
येन प्रियसङ्गः कृतः, आत्मा दुःखानां समर्पितः ।।236।।
यो दृढं समाधिना कालगतः, न खलु शोचितव्यो भवति ।
यस्तु तपःसंयमदुर्बलः स शोचितव्यो भवति ।।237।।

## हिन्दी अनुवाद

वही रूप है जहाँ गुण रहे हैं, वही मित्र है जो संकट में साथ में रहता है, वही धन है जो अपने हाथ में है और वही सम्यग्ज्ञान है जहाँ धर्म है । (235)

तब तक ही सुख है जब तक कोई भी व्यक्ति प्रिय नहीं बनता है, अतः जिसने प्रिय (=प्रेम) का संबंध किया, उसने अपनी आत्मा को दुःखो को सौंप दिया है । (236)

जिस व्यक्ति ने उत्तम समाधिपूर्वक मृत्यु प्राप्त की है, वह शोक करने योग्य नहीं है, परन्तु जो तप और संयमपालन में दुर्बल है वही वास्तव में शोक करने योग्य है । (237)

## प्राकृत

[2]जं चिअ [1]विहिणा [3]लिहिअं, [4]तं चिअ [6]परिणमइ [5]सयललोअस्स ।
[7]इअ [8]जाणिऊण [9]धीरा, [10]विहुरे वि [12]न [11]कायरा [13]हुंति ।।238।।
[2]पत्ते [1]वसंतमासे, [4]रिद्धि [5]पावंति [3]सयलवणराई ।
[6]जं [9]न [7]करीरे [8]पत्तं, ता [11]किं [12]दोसो [10] वसंतस्स ? ।।239।।
[2]उइअंमि [1]सहस्सकरे, [3]सलोयणो [5]पिच्छइ [4]सयललोओ ।
[6]जं [8]न [7]उलूओ [9]पिच्छइ, [10]सहस्सकिरणस्स [11]को [12]दोसो ? ।।240।।
[1]गयणंमि [2]गहा [3]सयणंमि, [4]सुविणया [6]सउणया [5]वणग्गेसु ।
[8]तह [9]वाहरंति [7]पुरिसं, [10]जह [12]दिट्ठं [11]पुव्वकम्मेहिं ।।241।।

---

## संस्कृत अनुवाद

यच्चैव विधिना लिखितं, तच्चैव सकललोकस्य परिणमति ।
इति ज्ञात्वा धीराः, विधुरेऽपि कातरा न भवन्ति ।।238।।
वसन्तमासे प्राप्ते सकलवनराजय ऋद्धिं प्राप्नुवन्ति ।
यत् करीरे पत्रं न, ततो वसन्तस्य को दोषः ? ।।239।।
सहस्रकरे उदिते, सलोचनः सकलजनः पश्यति ।
यदुलूको न पश्यति, सहस्रकिरणस्य को दोषः ? ।।240।।
गगने ग्रहाः, शयने स्वप्नाः, वनाग्रेषु शकुनाः ।
तथा पुरुषं व्याहरन्ति, यथा पूर्वकर्मभिर्दृष्टम् ।।241।।

---

## हिन्दी अनुवाद

जो भाग्य में लिखा है, वही प्रत्येक जीव को होता है, यह जानकर धीरपुरुष संकट में भी कायर नहीं बनते हैं । (238)

वसंतऋतु आने पर संपूर्ण वनसमूह खिलता है, परन्तु करीर (करील) के पेड़ पर पत्ते नहीं आते हैं, उसमें वसंतऋतु का क्या दोष ? (239)

सूर्य का उदय होने पर चक्षुवान सभी लोग देख सकते हैं, परंतु उल्लू देख नहीं सकता है, उसमें सूर्य का क्या दोष ? (240)

आकाश में सभी ग्रह, नींद में स्वप्न और वन में पक्षी भी पुरुष (मानव) को उस प्रकार अनुकूल या प्रतिकूल बनते हैं, जिस प्रकार पूर्वोपार्जित कर्मों द्वारा होनेवाला हो । (241)

## प्राकृत

[1]कत्थइ [2]जीवो [3]बलवं, [4]कत्थइ [5]कम्माइं [7]हुंति [6]बलिआइं ।
[8]जीवस्स य [9]कम्मस्स य, [10]पुव्वनिबद्धाइं [11]वेराइं ।।242।।
[1]देवस्स [2]मत्थए [3]पाडिऊण, [5]सव्वं [6]सहंति [4]कापुरिसा ।
[7]देवो वि [8]ताण [9]संकइ, [10]जेसिं [11]तेओ [12]परिप्फुरइ ।।243।।
[1]जीअं [2]मरणेण [3]समं, [7]उप्पज्जइ [4]जुव्वणं [6]सह [5]जराए ।
[8]रिद्धी [9]विणाससहिआ, [10]हरिसविसाओ [11]न [12]कायव्वो ।।244।।
[4]अवगणइ [3]दोसलक्खं, [8]इक्कं [9]मंनेइ [5]जं [7]कयं [6]सुकयं ।
[2]सयणो [1]हंससहावो, [11]पिअइ [10]पयं [13]वज्जए [12]नीरं ।।245।।

## संस्कृत अनुवाद

क्वापि जीवो बलवान्, कुत्राऽपि कर्माणि बलवन्ति भवन्ति ।
जीवस्य च कर्मणश्च, पूर्वनिबद्धानि वैराणि ।।242।।
देवस्य मस्तके पतित्वा, कापुरुषाः सर्वं सहन्ते ।
देवोऽपि तेषां शङ्कते, येषां तेजः परिस्फुरति ।।243।।
जीवितं मरणेन समम्, यौवनं जरया सहोत्पद्यते ।
ऋद्धिर्विनाशसहिता, हर्षविषादौ न कर्तव्यौ ।।244।।
हंसस्वभावः सज्जनः दोषलक्षमवगणयति, यत् सुकृतं कृतम्,
(तद्) एकं मन्यते, पयः पिबति नीरं वर्जयति ।।245।।

## हिन्दी अनुवाद

कभी आत्मा बलवान होती है, तो कभी कर्म बलवान होता है, सचमुच जीव और कर्म की पूर्वबद्ध वैर जैसी परिस्थिति है । (242)

देवता को लक्ष्य बनाकर कायर पुरुष सब सहन करते हैं, परन्तु देव भी उससे सतर्क रहते हैं, जिसका तेज स्फुरायमान है । (243)

जीवन मृत्यु के साथ और जवानी वृद्धावस्था के साथ ही उत्पन्न होती हैं, समृद्धि भी विनाशसहित है अतः इसमें आनंद या खेद नहीं करना चाहिए । (244)

हंस जैसे स्वभाववाला सज्जन, लाखों दोषों की अवगणना करता है, लेकिन जो कोई सत्कार्य किया हो, उस एक को ही देखता है, जैसे हंस दूध पीता है और पानी को छोड़ देता है । (245)

## प्राकृत

[4]संतगुणकित्तणेण वि, [3]पुरिसा [5]लज्जंति [1]जे [2]महासत्ता ।
[6]इअरा [7]अप्पस्स [8]पसंसणेण, [9]हियए [10]न [11]मायंति ।।246।।
[1]संतेहिं [2]असंतेहिं अ, [3]परस्स [6]किं [5]जंपिएहिं [4]दोसेहिं ।
[7]अच्छो [8]जसो [9]न [10]लब्भइ, [11]सो वि [12]अमित्तो [13]कओ [14]होइ ।।247।।
[1]विहलं [2]जो [3]अवलंबइ, [5]आवइपडिअं च [4]जो [6]समुद्धरइ ।
[7]सरणागयं च [8]रक्खइ, [10]तिसु [9]तेसु [12]अलंकिआ [11]पुहवी ।।248।।
[1]सह [2]जागराण [3]सह [4]सुआणाणं, [5]सह [6]हरिससोअवंताणं ।
[8]नयणाणं व [7]धन्नाणं, [9]आजम्मं [10]निच्चलं [11]पिम्मं ।।249।।

## संस्कृत अनुवाद

ये महासत्त्वाः पुरुषाः सद्गुणकीर्तनेनाऽपि लज्जन्ते ।
इतरे आत्मनः प्रशंसनेनाऽपि हृदये न मान्ति ।।246।।
परस्य सद्भिरसद्भिश्च, दोषैर्जल्पितैः किम् ? ।
अच्छं यशो न लभ्यते, सोऽप्यमित्रः कृतो भवति ।।247।।
यो विह्वलमवलम्बते, यश्चाऽऽपतितं समुद्धरति ।
शरणाऽऽगतं च रक्षति, तैस्त्रिभिः पृथ्व्यलङ्कृता ।।248।।
सह जाग्रतोः सह स्वपतोः सह हर्षशोकवतोः ।
धन्ययोः नयनयोरिव आजन्म निश्चलं प्रेम ।।249।।

## हिन्दी अनुवाद

सात्त्विक पुरुष विद्यमान गुणों की भी प्रशंसा करने में शरमाते हैं, जब कि अन्य लोग अपनी प्रशंसा करते हृदय में फूले नहीं समाते हैं । (246)

दूसरों के विद्यमान या अविद्यमान दोष कहने से क्या लाभ ? इससे यश नहीं मिलता है और वह व्यक्ति भी दुश्मन बन जाता है । (247)

जो संकट में आये हुए को आश्रय देता है, जो आपत्ति में आये हुए का उद्धार करता है और शरणागत का रक्षण करता है, इन तीनों द्वारा पृथ्वी शोभा देती है । (248)

साथ में जागते, साथ में सोते, साथ में ही आनंद और दुःख व्यक्त करते कुछ धन्य पुरुषों का ही दो नेत्रों की तरह आजीवन निश्चल प्रेम होता है । (249)

## प्राकृत

[1]विणए [2]सिस्सपरिक्खा, [4]सुहडपरिक्खा य [5]होइ [3]संगामे ।
[6]वसणे [7]मित्तपरिक्खा, [9]दाणपरिक्खा य [8]दुक्काले ।।250।।
[1]आरंभे [3]नत्थि [2]दया, [4]महिलासंगेण [6]नासए [5]बंभं ।
[7]संकाए [8]सम्मत्तं, [10]पव्वज्जा [9]अत्थगहणेण ।।251।।
[2]दीसइ [1]विविहच्छरिअं, [4]जाणिज्जइ [3]सुअणदुज्जणविसेसो ।
[5]अप्पाणं [6]कलिज्जइ, [9]हिंडिज्जइ [7]तेण [8]पुहवीए ।।252।।
[2]सत्थं [1]हिअयपविट्ठं, [3]मारइ [5]जणे [6]पसिद्धमिणं ।
[7]तं पि [8]गुरुणा [9]पउत्तं, [10]जीवावइ [12]पिच्छ [11]अच्छरिअं ।।253।।

---

## संस्कृत अनुवाद

विनये शिष्यपरीक्षा, सङ्ग्रामे च सुभटपरीक्षा भवति ।
व्यसने मित्रपरीक्षा, दुष्काले च दानपरीक्षा ।।250।।
आरम्भे दया नाऽस्ति, महिलासङ्गेन ब्रह्म नश्यति ।
शङ्कया सम्यक्त्वम्, अर्थग्रहणेन प्रव्रज्या ।।251।।
विविधाऽऽश्चर्यं दृश्यते, सुजनदुर्जनविशेषो ज्ञायते ।
आत्मा कल्यते, तेन पृथिव्यां हिण्ड्यते ।।252।।
हृदयप्रविष्टं शस्त्रं मार्यते, इदं जने प्रसिद्धम् ।
तदपि गुरुणा प्रयुक्तं जीवाययत्याऽऽश्चर्यं पश्य ।।253।।

---

## हिन्दी अनुवाद

विनय में शिष्य की परीक्षा, युद्ध में सैनिकों की परीक्षा, संकट में मित्र की परीक्षा और दुष्काल में दान की परीक्षा होती है । (250)

आरम्भ-समारम्भ के कार्य में दया नहीं रहती है, स्त्री के संपर्क से ब्रह्मचर्य नष्ट होता है, शंका से सम्यक्त्व और धन ग्रहण करने से संयम का नाश होता है । (251)

अनेक प्रकार के आश्चर्य देखने को मिले, सज्जन और दुर्जन का भेद ज्ञात हो, आत्मा का बोध हो अथवा स्वयं कलाओं में कुशल बने, अतः दुनिया (जगत्) में घूमना चाहिए । (252)

हृदय में प्रविष्ट शस्त्र मारता है यह जगत् प्रसिद्ध है, परन्तु गुरु भगवंत द्वारा प्रयुक्त वही शस्त्र जीवन देता है । (253)

## प्राकृत

[1]जणणी [2] जम्मुप्पत्ती, [3]पच्छिमनिद्दा [4]सुभासिआ [5]गुट्ठी ।
[6]मणइट्ठं [7]माणुस्सं, [8]पंच वि [9]दुक्खेहिं [10]मुच्चंति ।।254।।

[2]जं [1]अवसरे [7]न [8]हूअं, [3]दाणं [4]विणओ [5]सुभासिअं [6]वयणं ।
[9]पच्छा [10]गयकालेणं, [11]अवसरहिएण [13]किं [12]तेण ? ।।255।।

[4]उवभुंजिउं [5]न [6]याणइ, [2]रिद्धिं [3]पत्तो वि [1]पुण्णपरिहीणो ।
[7]विमले वि [8]जले [9]तिसिओ, [11]जीहाए [10]मंडलो [12]लिहइ ।।256।।

[3]आकड्ढिउण [2]नीरं, रेवा [4]रयणायरस्स [5]अप्पेइ ।
[7]न हु [8]गच्छेइ [6]मरुदेसे, [9]सच्चं [10]भरिआ [11]भरिज्जंति ।।257।।

---

## संस्कृत अनुवाद

जननी, जन्मोत्पत्तिः, पश्चिमनिद्रा सुभाषिता गोष्ठी ।
मनइष्टं मानुष्यं, पञ्चापि दुःखैर्मुच्यन्ते ।।254।।

अवसरे यद् दानं, विनयः, सुभाषितं वचनं न भूतम् ।
पश्चाद् गतकालेन अवसररहितेन तेन किम् ? ।।255।।

पुण्यपरिहीण ऋद्धिं प्राप्तोऽप्युपभोक्तुं न जानाति ।
विमलेऽपि जले तृषितो मण्डलो जीह्वया लिखति ।।256।।

रेवा नीरमाकृष्य रत्नाकरस्याऽर्पयति ।
मरुदेशे न खलु गच्छति, सत्यं भृता भ्रियन्ते ।।257।।

---

## हिन्दी अनुवाद

माता, जन्मभूमि, पश्चिमरात्रि की निद्रा, सुभाषितों की गोष्ठी (चर्चा) और मनपसन्द मनुष्य ये पाँच दुःखपूर्वक छूटते हैं । (254)

समय (= अवसर) आने पर जो दान दिया न जाए, विनय किया न जाए, सुभाषित वचन बोले न जाए, तो समय बीतने पर, अवसररहित उनसे = (दान, विनय, सुभाषित वचन से) क्या (लाभ) ? (255)

पुण्यहीन आत्मा समृद्धि प्राप्त करने पर भी उसका उपभोग करना नहीं जानता है, निर्मल पानी में भी रहा तृषातुर कुत्ता जीभ से ही (पानी) चाटता है । (256)

नर्मदा नदी पानी को वहन करके समुद्र को देती है, परन्तु मरुदेश को नहीं देती है, सचमुच भरे हुए ही भर जाते हैं । (257)

---

## प्राकृत

[1]सा [2]साई [4]तंपि [3]जलं, [5]पत्तविसेसेण [6]अंतरं [7]गुरुअं ।
[8]अहिमुहि [9]पडिअं [10]गरलं, [11]सिप्पिउडे [12]मुत्तियं [13]होइ ।।258।।

[1]केसिंचि [3]होइ [2]वित्तं, [5]चित्तं [4]अन्नेसिमुभयमन्नेसिं ।
[8]चित्तं [9]वित्तं [10]पत्तं, [11]तिण्णि वि [12]केसिंचि [13]धन्नाणं ।।259।।

[1]कत्थ वि [2]दलं [4]न [3]गंद्यो, [5]कत्थ वि [6]गंधो [8]न [9]होइ [7]मयरंदो ।
[11]इक्ककुसुमंमि [10]महुयर !, [12]दो तिण्णि [13]गुणा [14]न [15]दीसंति ।।260।।

---

## संस्कृत अनुवाद

सा स्वातिः, जलमपि तत्, पात्रविशेषेणाऽन्तरं गुरुकम् ।
अहिमुखे पतितं गरलं, शुक्तिपुटे मौक्तिकं भवति ।।258।।

केषाञ्चिद् वित्तं भवति, अन्येषां चित्तम्, अन्येषामुभयम् ।
चित्तं वित्तं पात्रं, त्रीण्यपि केषाञ्चिद् धन्यानाम् ।।259।।

कुत्राऽपि दलं, गन्धो न; क्वाऽपि गन्धो, मकरन्दो न भवति ।
मधुकर ! एककुसुमे द्वौ त्रयो वा गुणा न दृश्यन्ते ।।260।।

---

## हिन्दी अनुवाद

वही स्वाति नक्षत्र है, वही पानी है, परन्तु पात्र विशेष से बड़ा अंतर हो जाता है, सर्प के मुख में गिरा (पानी) जहर बन जाता है और सीप के अंदर गिरा (पानी) मोती बन जाता है । (258)

किसी के पास धन होता है, किसी के पास मन होता है, तो किसी के पास दोनों होते हैं, परन्तु मन, धन और पात्र ये तीनों तो किसी धन्यात्मा को ही प्राप्त होते हैं । (259)

किसी वृक्ष पर फूल होता है, गंध नहीं होती है, कहीं गंध होती है परन्तु मकरंद = पुष्परस नहीं होता है, हे भ्रमर ! एक ही फूल पर दो या तीन गुण देखने को नहीं मिलते हैं । (260)

---

## प्राकृत

[1]कत्थ वि [2]जलं [4]न [3]छाया, [5]कत्थ वि [6]छाया [9]न [7]सीअलं [8]सलिलं ।
[11]जलछायासंजुत्तं, [12]तं [10]पहिअ ! [13]सरोवरं [14]विरलं ।।261।।

[1]कत्थ वि [2]तवो [4]न [3]तत्तं, [5]कत्थ वि [6]तत्तं [8]न [7]सुद्धचारित्तं ।
[9]तवतत्तचरणसहिआ, [10]मुणिणो वि अ [12]थोव [11]संसारे ।।262।।

[4]दुक्खाण [5]एउ [6]दुक्खं, [1]गुरुआण [2]जणाण [3]हिअयमज्झंमि ।
[7]जंपि [8]परो [9]पत्थिज्जइ, [10]जंपि य [11]परपत्थणाभंगो ।।263।।

## संस्कृत अनुवाद

क्वाऽपि जलं छाया न, कुत्राऽपि छाया शीतलं सलिलं न ।
पथिक ! जलछायासंयुक्तं, तत् सरोवरं विरलम् ।।261।।
कुत्राऽपि तपः तत्त्वं न, क्वाऽपि तत्त्वं, शुद्धचारित्रं न ।
तपस्तत्त्वचरणसहिता मुनयोऽपि च संसारे स्तोकाः ।।262।।
गुरुकाणां जनानां हृदयमध्ये दुःखानामेतद् दुःखम् ।
यदपि परः प्रार्थ्यते, यदपि च परप्रार्थनाभङ्गः ।।263।।

## हिन्दी अनुवाद

कहीं पानी होता है परन्तु छाया नहीं होती है, कहीं छाया होती है परन्तु शीतल जल नहीं होता है, हे मुसाफिर ! पानी और छाया दोनों से सुशोभित सरोवर दुर्लभ है । (261)

किसी के पास तप होता है परन्तु तत्त्वज्ञान नहीं होता है, किसी के पास तत्त्वज्ञान होता है परन्तु निर्मलतर संयम नहीं होता है; तप, तत्त्वज्ञान और संयम से सुशोभित साधु भी संसार में अल्प होते हैं । (262)

महान पुरुषों के हृदय में यही सबसे बड़ा दुःख है, एक तो-दूसरों के पास मांगना और दूसरा-अन्य की प्रार्थना का भंग करना । (263)

## प्राकृत

[3]किं किं [4]न [5]कयं, [6]को को [7]न [8]पत्थिओ, [9]कह कह [11]न [12]नामिअं [10]सीसं ? ।
[1]दुब्भरउअरस्स [2]कए, [13]किं [14]न [15]कयं [16]किं [17]न [18]कायव्वं ।।264।।

[2]जीवंति [1]खग्गछिन्ना, [3]पव्वयपडिआवि [4]के वि [5]जीवंति ।
[7]जीवंति [6]उदहिपडिआ, [8]चट्टच्छिन्ना [9]न [10]जीवंति ।।265।।

[3]जं [5]अज्जिअं [4]चरित्तं, [1]देसूणाए अ [2]पुव्वकोडीए ।
[6]तं पि [7]कसाइयमित्तो, [10]हारेइ [8]नरो [9]मुहुत्तेण ।।266।।

[1]तं [3]नत्थि [2]घरं [4]तं [6]नत्थि, [5]राउलं [8]देउलं पि [7]तं [9]नत्थि ।
[10]जत्थ [11]अकारणकुविआ, [12]दो [13]तिन्नि [14]खला [15]न [16]दीसंति ।।267।।

## संस्कृत अनुवाद

दुर्भरोदरस्य कृते किं किं न कृतम् ?, कः को न प्रार्थितः ? क्व क्व शीर्षं न नामितम् ? किं न कृतं ?, किं न कर्तव्यम् ? ।।264।।

खड्गच्छिन्ना जीवन्ति, पर्वतपतिता अपि केऽपि जीवन्ति ।
उदधिपतिता जीवन्ति, चटुच्छिन्ना न जीवन्ति ।।265।।

देशोनया पूर्वकोट्या च यच्चारित्रमर्जितम् ।
तदपि कषायिकमात्रो नरो मुहूर्तेन हारयति ।।266।।

तद् गृहं नाऽस्ति, तद् राजकुलं नाऽस्ति, तद् देवकुलमपि नाऽस्ति ।
यत्राऽकारणकुपिताः, द्वौ त्रयो वा खला न दृश्यन्ते ।।267।।

## हिन्दी अनुवाद

दुःखपूर्वक भरा जाय ऐसे पेट हेतु क्या-क्या नहीं किया ? किस- किस के पास (प्रत्येक व्यक्ति के पास) हाथ लम्बा नहीं किया ? कहाँ-कहाँ मस्तक नहीं झुकाया ? क्या-क्या नहीं किया ? और क्या-क्या करने योग्य नहीं है ? (264)

तलवार से भेदे हुए जीवित रहते हैं, पर्वत पर से गिरे हुए कुछ व्यक्ति जीवित रहते हैं, समुद्र में गिरे हुए भी जीवित रहते हैं परन्तु कुक्षिप्रमाण आहार नहीं मिलने पर जीवित नहीं रह सकते हैं । (265)

देशोन पूर्वक्रोड़ वर्षपर्यन्त संयमपालन से जो संयमभाव प्राप्त होते हैं, वे भी कषाय करने मात्र से जीव एक मुहूर्त में हार जाता है । (266)

वैसा कोई घर नहीं है, वैसा कोई राजकुल नहीं है, वैसा कोई देवालय नहीं है, जहाँ निष्कारण क्रोधित दो या तीन पुरुष दिखाई नहीं देते हैं । (267)

## प्राकृत

[4]अइतज्जणा [5]न [6]कायव्वा, [1]पुत्तकलत्तेसु [2]सामिए [3]भिच्चे ।
[7]दहिअं पि [8]महिज्जंतं, [10]छंडइ [9]देहं [12]न [11]संदेहो ।।268।।

[1]वल्ली [2]नरिंदचित्तं, [3]वक्खाणं [4]पाणिअं च [5]महिलाओ ।
[6]तत्थ य [8]वच्चंति [7]सया, [9]जत्थ य [10]धुत्तेहिं [11]निज्जंति ।।269।।

[4]अवलोअइ [3]गंथत्थं, [5]अत्थं [6]गहिऊण [8]पावए [7]मुक्खं ।
[9]परलोए [11]देइ [10]दिट्ठी, [2]मुणिवरसारिच्छया [1]वेसा ।।270।।

[1]दो [2]पंथेहिं [3]न [4]गम्मइ, [5]दोमुहसूई [7]न [8]सीवए [6]कंथं ।
[11]दुन्नि [13]न [14]हुंति [12]कया वि हु, [9]इंदियसुक्खं च [10]मुक्खं च ।।271।।

## संस्कृत अनुवाद

पुत्रकलत्रयोः स्वामिनि भृत्येऽतितर्जना न कर्तव्या ।
दध्यपि मथ्यमानं देहं मुञ्चति, सन्देहो न ।।268।।
वल्ली, नरेन्द्रचित्तं, व्याख्यानं, पानीयं महिलाश्च ।
तत्र च सदा व्रजन्ति, यत्र च धूर्तैर्नीयन्ते ।।269।।
वेश्या मुनिवरसदृशी ग्रन्थार्थमवलोकयति ।
अर्थं गृहीत्वा मोक्षं प्राप्नोति, परलोके दृष्टिर्ददाति ।।270।।
द्वाभ्यां पथिभ्यां न गम्यते, द्विमुखसूची कन्थां न सीव्यति ।
इन्द्रियसौख्यं च मोक्षश्च द्वे कदापि न खलु भवतः ।।271।।

---

## हिन्दी अनुवाद

पुत्र, पत्नी, सेठ अथवा नौकर (सेवक) का अत्यंत तिरस्कार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दही भी मथने पर अपना स्वरूप छोड़ देता है, उसमें कोई संशय नहीं है । (268)

बेल, राजा का मन, प्रवचन, पानी और स्त्रियाँ हमेशा वहीं जाते हैं, जहाँ वे धूर्त पुरुषों द्वारा ले जाये जाते । (269)

वेश्या साधु के समान होती है, जिस प्रकार साधु भगवंत ग्रन्थों के अर्थ का अवगाहन करते हैं, अर्थ को जानकर मोक्ष प्राप्त करते हैं, परलोक तरफ दृष्टि डालते हैं, उसी प्रकार वेश्या गांठ में रहे धन को देखती है, धन को लेकर उससे छूट जाती है और दूसरे पुरुष में नजर ड़ालती है । (270)

जिस प्रकार एक साथ में दो रास्तों पर नहीं चल सकते हैं, एक साथ में दो मुखवाली सलाई से कपड़ा नहीं सीया जाता है, उसी प्रकार इन्द्रियों के सुख और मोक्ष ये दोनों एक साथ में कभी प्राप्त नहीं होते हैं । (271)

---

## प्राकृत

[2]वसणे [3]विसायरहिया, [4]संपत्तीए [5]अणुत्तरा [9]हुंति ।
[6]मरणे वि [7]अणुव्विग्गा, [8]साहससारा य [1]सप्पुरिसा ।।272।।
[3]अणुवट्ठिअस्स [4]धम्मं, [5]मा [6]हु [7]कहिज्जाहि [1]सुट्ठु वि [2]पियस्स ।
[11]विच्छायं [12]होइ [10]मुहं, [8]विज्झायग्गिं [9]धमंतस्स ।।273।।
[4]रयणिं [1]अभिसारियाओ, [2]चोरा [3]परदारिया य [5]इच्छंति ।
[6]तालायरा [7]सुभिक्खं, [1]बहुधन्ना [8]केइ [10]दुब्भिक्खं ।।274।।

---

## संस्कृत अनुवाद

सत्पुरुषा व्यसने विषादरहिताः, सम्पत्त्यामनुत्तराः,
मरणेऽप्यनुद्विग्नाः, साहससाराश्च भवन्ति ।।272।।
सुष्ठु प्रियस्याऽप्यनुपस्थितस्य, धर्मं मा खलु कथय ।
विध्याताऽग्निं धमतो, मुखं विच्छायं भवति ।।273।।
अभिसारिकाश्चौराः, पारदारिकाश्च रजनीमिच्छन्ति ।
तालाचराः सुभिक्षं, केचिद् बहुधन्या दुर्भिक्षम् ।।274।।

## हिन्दी अनुवाद

सत्पुरुष आपत्ति में खेदरहित होते हैं, समृद्धि में अनुत्तर = श्रेष्ठ होते हैं, मृत्यु समय भी उद्वेगरहित होते हैं और साहसवंत होते हैं । (272)

अत्यंत प्रिय हो तो भी अनुपस्थित = अपने सामने नहीं आये हुए को धर्म नहीं कहना चाहिए, क्योंकि बुझते हुए अग्नि को फूँकने पर अपना ही मुख मलिन होता है । (273)

अभिसारिका = संकेत स्थान पर जानेवाली स्त्रियाँ, चोर और परस्त्रीलंपट पुरुष रात को चाहते हैं, चोर सुकाल और अधिक धान्यवाले कुछ लोग दुष्काल चाहते हैं । (274)

## प्राकृत

[5]जंकिंचि [3]पमाएणं, [7]न [6]सुट्ठु [1]भे [8]वट्टियं [2]मए [4]पुव्विं ।
[10]तं भे[9] [14]खामेमि [13]अहं, [11]निस्सलो [12]निक्कसाओ अ ।।275।।
[1]गुणसुट्ठिअस्स [2]वयणं, [3]घयपरिसित्तो [5]व्व [4]पावओ [6]भाइ ।
[7]गुणहीणस्स [8]न [9]सोहइ, [11]नेहविहूणो [10]जह [12]पईवो ।।276।।
[1]अइबहुयं [2]अइबहुसो, [3]अइप्पमाणेण [4]भोयणं [5]भुत्तं ।
[8]हाएज्ज व [9]वामेज्ज व, मारेज्ज व [7]तं [6]अजीरंतं ।।277।।
[3]जंपेज्ज [2]पियं [4]विणयं, [5]करिज्ज [7]वज्जेज्ज [1]पुत्ति ! [6]परनिंदं ।
[8]वसणे वि [11]मा [12]विमुंचसु, [1]देहच्छाय व्व [10]नियनाहं ।।278।।

## संस्कृत अनुवाद

भो ! मया प्रमादेन पूर्वं यत्किञ्चित् सुष्ठु न वर्तितम् ।
भो ! तन्निःशल्यो निष्कषायश्चाऽहं क्षाम्यामि ।।275।।
गुणसुस्थितस्य वदनं घृतपरिषिक्तः पावक इव भाति ।
गुणहीनस्य न शोभते, यथा स्नेहविहीनः प्रदीपः ।।276।।

अतिबहुकमतिबहुशोऽतिप्रमाणेन भोजनं भुक्तम् ।
अजीर्यमाणं तज्जह्याद्वा वमेद्वा, म्रियेत वा ।।277।।

पुत्रि !, प्रियं जल्पेद्, विनयं कुर्यात्, परनिन्दां वर्जेत् ।
व्यसनेऽपि देहच्छायेव निजनाथं मा विमुञ्च ।।278।।

## हिन्दी अनुवाद

मैंने पहले प्रमाद के कारण जो कुछ सम्यक् आचरण नहीं किया है उसकी शल्यरहित और कषायरहित मैं क्षमापना करता हूँ । (275)

गुणवान पुरुष का मुख घी से सिंचित अग्नि के समान तेजस्वी लगता है और निर्गुण पुरुष का मुख स्निग्धता = घी रहित दीपक के समान निस्तेज लगता है । (276)

अत्यधिक, बहुत बार और प्रमाण से अधिक किया गया भोजन अजीर्णवान पुरुष को दस्त लगाता है, वमन कराता है अथवा मारता (प्राणरहित बनाता) है । (277)

हे पुत्री ! प्रिय बोलना चाहिए, विनय करना चाहिए, परनिंदा का त्याग करना चाहिए और संकट में देह की छाया की तरह अपने पति का त्याग नहीं करना चाहिए । (278)

## प्राकृत

1किं 2लट्ठं 4लहिही 3वरं 7पिययमं, 5किं 6तस्स 8संपज्जिही,
9किं 11लोयं 10ससुराइयं 12नियगुण-ग्गामेण 13रंजिस्सए ? ।
14किं 15सीलं 16परिपालिही ? 20पसविही, 17किं 18पुत्तमेवं 19धुवं,
24चिंतामुत्तिमई 21पिऊण 22भवणे, 25संवट्टए 23कन्नगा ।।279।।

5धम्मारामखयं 6खमाकमलिणी-संघायनिग्घायणं,
7मज्जायातडिपाडणं 8सुहमणो-हंसस्स 9निव्वासणं ।
11वुड्ढि 10लोहमहण्णवस्स 13खणणं, 12सत्ताणुकंपाभुवो,
14संपाडेइ 4परिग्गहो 1गिरिनई-पूरो 2व्व 3वड्ढंतओ ।।280।।

## संस्कृत अनुवाद

किं लष्टं वरं लप्स्यसे ?, किं तस्य प्रियतमां संपत्स्यसे ?;
किं श्वसुरादिकं लोकं निजगुणग्रामेण रङ्क्ष्यति ?।
किं शीलं परिपालयिष्यसि, ध्रुवं पुत्रमेव प्रसविष्यसे ?,
पित्रोर्भवने कन्यका चिन्तामूर्तिमती संवर्तते ।।279।।

गिरिनदीपूर इव वर्धमानः परिग्रहः
धर्माऽऽरामक्षयं, क्षमाकमलिनीसंघातनिर्घातनम्;
मर्यादातटीपातनं, शुभमनोहंसस्य निर्वासनम्;
लोभमहार्णवस्य वृद्धिं, सत्त्वानुकम्पाभुवः खननं सम्पादयति ॥280॥

## हिन्दी अनुवाद

क्या योग्य पति मिलेगा ? क्या उसका प्रेम संपादन करेगी ? क्या श्वसुर आदि को अपने गुणों के समूह से आनंदित करेगी ? क्या शील का बराबर पालन करेगी ? क्या निश्चय पुत्र को ही जन्म देगी ? इस प्रकार माता-पिता के घर कन्या साक्षात् चिन्ता की मूर्तिसमान है । (279)

पर्वत की नदी में बाढ़ समान वृद्धिंगत परिग्रह धर्मरूपी बगीचे का नाश करता है, क्षमारूपी कमलिनी (कमल का गाछ) के समूह का उच्छेदक है, मर्यादारूपी किनारे को गिरानेवाला है, शुभ मनरूपी हंस को देशनिकाला करनेवाला है, लोभरूपी महासमुद्र को बढ़ानेवाला और जीवों की अनुकंपारूपी पृथ्वी को खोदनेवाला है । (280)

## प्राकृत

[1]हा [2]कुंदिंदुसमुज्जलो [6]कलुसिओ, [3]तायस्स [4]वंसो [5]मए,
[8]बंधूणं [9]मुहपंकएसु य [7]हहा, [11]दिन्नो [10]मसीकुच्चओ ।
[12]ही [13]तेलुक्क[14]मकित्तिपंसुपसरे-[16]णुद्धूलियं [15]सव्वओ,
[17]धिद्धी ! [19]भीमभवुब्भवाण [21]भवणं, [20]दुक्खाण [18]अप्पा [22]कओ ॥281॥

[1]ऊसस-निसस-रहियं, [4]गुरुणो [2]सेसं [5]वसे [6]हवइ [3]दव्वं ।
[7]तेणाणुण्णा [9]जुज्जइ, [10]अण्णह [12]दोसो [13]भवे [11]तस्स ॥282॥

[7]न [5]सा [6]सहा, [1]जत्थ [3]न [4]संति [2]वुड्ढा;
[13]वुड्ढा [14]न [12]ते, [8]जे [10]न [11]वयंति [9]धम्मं ।
[19]धम्मो [20]न [18]सो, [15]जत्थ य [17]नत्थि [16]सच्चं,
[24]सच्चं [25]न [23]तं, [21]जं [22]छलणाणुविद्धं ॥283॥

## संस्कृत अनुवाद

हा मया कुन्देन्दुसमुज्ज्वलस्तातस्य वंशः कलुषितः;
हहा ! बन्धूनां मुखपङ्कजेषु च मषीकूर्चको दत्तः ।

ही ! त्रैलोक्यमकीर्तिपांशुप्रसरेण सर्वत उद्धूलितम;
धिग् धिग् ! आत्मा भीमभवोद्भवानां दुःखानां भवनं कृतः ।।281।।

उच्छ्वासनिश्वासरहितं शेषं द्रव्यं गुरोर्वशे भवति ।
तेनाऽनुज्ञा युज्यते, अन्यथा तस्य दोषो भवेत् ।।282।।

यत्र वृद्धाः न सन्ति, सा सभा न; ये धर्मं न वदन्ति, ते वृद्धाः न ।
यत्र च सत्यं नाऽस्ति, स धर्मो न, यच्छलनानुविद्धं, तत् सत्यं न ।।283।।

---

## हिन्दी अनुवाद

**अहो ! मैंने कुंद = श्वेतफूल और चंद्रसमान निर्मल पिता के वंश को कलंकित किया है, अहो ! भाइयों के मुखरूपी कमल पर स्याही का काला कूर्चक लगाया है, अहो ! अपयशरूपी रजकणों को फैलाकर चारों तरफ से तीन लोक को धूलवाला बना दिया है, मुझे धिक्कार हो ! कि मैंने स्वयं ही आत्मा को भयंकर भव में उत्पन्न दुःखों का स्थान बना दिया है । (281)**

**उच्छ्वास और निश्वास (= श्वासोच्छ्वास) रहित शेष सब द्रव्य गुरु भगवंत के अधीन है, अतः अनुज्ञा योग्य (उचित) है, अन्यथा तो उसे दोष होता है । (282)**

**जहाँ वृद्धपुरुष नहीं है, वह सभा नहीं है ! जो धर्म को नहीं कहते हैं वे वृद्धपुरुष नहीं हैं ।, जहाँ सत्य नहीं है वह धर्म नहीं है और जो दूसरों को ठगनेवाला है वह सत्य नहीं है । (283)**

---

## प्राकृत

[8]जोएइ य [1]जो [7]धम्मे, [6]जीवं [3]विविहेण [2]केणइ [4]नएण ।
[5]संसार-चारग-गयं, [1]सो [10]नणु [11]कल्लाणमित्तो त्ति ।।284।।

[1]जिणपूआ [2]मुणिदाणं, [3]एत्तियमेत्तं [5]गिहीण [6]सच्चरियं ।
[7]जइ [8]एआओ [9]भट्ठो, [10]ता [12]भट्ठो [11]सव्वकज्जाओ ।।285।।

[1]नरस्सा[3]भरणं [3]रूवं, [4]रूवस्सा[5]भरणं [6]गुणो ।
[7]गुणस्सा[8]भरणं [9]नाणं, [10]नाणस्सा[11]भरणं [12]दया ।।286।।

[1]अइरोसो [2]अइतोसो, [3]अइहासो [4]दुज्जणेहिं [5]संवासो ।
[6]अइउब्भडो य [7]वेसो, [8]पंच वि [9]गरुयं पि [10]लहुअंति ।।287।।

## संस्कृत अनुवाद

यः केनाऽपि विविधेन नयेन संसारचारकगतं जीवं ।
धर्मे योजयति, स ननु कल्याणमित्रमिति ।।284।।

जिनपूजा मुनिदानम्, एतावन्मात्रं गृहिणां सच्चरित्रम् ।
यद्येताभ्यां भ्रष्टः, ततः सर्वकार्याद् भ्रष्टः ।।285।।

नरस्याऽऽभरणं रूपम्, रूपस्याऽऽभरणं गुणः ।
गुणस्याऽऽभरणं ज्ञानं, ज्ञानस्याऽऽभरणं दया ।।286।।

अतिरोषोऽतितोषः, अतिहासो, दुर्जनैः संवासः ।
अत्युद्भटश्च वेषः, पञ्चापि गुरुकमपि लघुयन्ति ।।287।।

---

## हिन्दी अनुवाद

**जो अनेक प्रकार के नयों द्वारा संसारचक्र में रहे जीव को धर्ममार्ग में जोड़ता है, वह सचमुच उसका कल्याणमित्र है । (284)**

**जिनेश्वर प्रभु की पूजा और साधु भगवंतों को सुपात्रदान, यही गृहस्थ का सच्चारित्र है, जो इन दोनों से भ्रष्ट हुआ, उसे प्रत्येक कार्य से भ्रष्ट समझना चाहिए । (285)**

**मनुष्य का आभूषण रूप है, रूप की शोभा गुण है, गुण का आभूषण (शोभा) ज्ञान है और ज्ञान का भूषण दया है । (286)**

**अतिगुस्सा, अतिसंतोष, अतिहर्ष, दुर्जनों के साथ समागम और अति उद्भट वेशभूषा-ये पाँच अपने बडप्पन को भी कलंकित करते हैं । (287)**

---

## प्राकृत

[1]अभूसणो [3]सोहइ [2]बंभयारी, [4]अकिंचणो [6]सोहइ [5]दिक्खधारी
[7]बुद्धिजुओ [9]सोहइ [8]रायमंती, [10]लज्जाजुओ [12]सोहइ [11]एगपत्ती ।।288।।

[4]न [1]धम्मकज्जा [2]पर[5]मत्थि [3]कज्जं, [9]न [6]पाणिहिंसा [7]परमं [8]अकज्जं
[13]न [10]पेमरागा [11]पर[14]मत्थि [12]बंधो, [18]न [15]बोहिलाभा [16]परमत्थि[19] [17]लाभो ।।289।।

[1]जूए [2]पसत्तस्स [3]धणस्स [4]नासो, [5]मंसे [6]पसत्तस्स [7]दयाइनासो ।
[8]मज्जे [9]पसत्तस्स [10]जसस्स [11]नासो, [12]वेसापसत्तस्स [13]कुलस्स [14]नासो ।।290।।

## संस्कृत अनुवाद

अभूषणो ब्रह्मचारी शोभते, अकिञ्चनो दीक्षाधारी शोभते ।
बुद्धियुतो राजमन्त्री शोभते, लज्जायुत एकपत्नीकः शोभते ।।288।।
धर्मकार्यात्परं कार्यं नाऽस्ति, प्राणिहिंसायाः परममकार्यं न ।
प्रेमरागात्परो बन्धो नाऽस्ति, बोधिलाभात् परो लाभो नाऽस्ति ।।289।।
द्यूते प्रसक्तस्य धनस्य नाशः, मांसे प्रसक्तस्य दयादिनाशः ।
मद्ये प्रसक्तस्य यशसो नाशः, बेश्याप्रसक्तस्य कुलस्य नाशः ।।290।।

---

## हिन्दी अनुवाद

**अलंकाररहित ब्रह्मचारी शोभा देता है, अकिंचन (निष्परिग्रही) संयमी शोभा देते हैं, बुद्धि से अलंकृत राजमंत्री शोभा देते हैं और लज्जायुक्त एकपत्नीवाला कुलवानपुरुष शोभा देता है । (288)**

**धर्मकार्य समान (श्रेष्ठ) कोई कार्य नहीं है, जीवों की हिंसा से विशेष कोई दुष्कृत्य नहीं हैं, प्रेम के राग से बड़ा कोई बंधन नहीं है और बोधि = सम्यक्त्व की प्राप्ति समान कोई लाभ नहीं है । (289)**

जुए में आसक्त व्यक्ति के धन का नाश होता हैं, मांस में आसक्त व्यक्ति के दयादि गुण नष्ट होते हैं, मदिरा में आसक्त मानव की कीर्ति नष्ट होती है और वेश्या में आसक्त मानव के कुल का उच्छेद होता है । (290)

---

## प्राकृत

[1]हिंसापसत्तस्स [2]सुधम्मनासो, [3]चोरीपसत्तस्स [4]सरीरनाशो ।
[5]तहा [6]परत्थीसु [7]पसत्तयस्स, [8]सव्वस्स [9]नासो [10]अहमा [11]गई य ।।291।।
[2]दाणं [1]दरिद्दस्स, [3]पहुस्स [4]खंती; [6]इच्छानिरोहो य [5]सुहोडयस्स ।
[7]तारुण्णए [8]इंदिय-निग्गहो य, [10]चत्तारि ए[9]आणि [11]सुदुक्कराणि ।।292।।

**विविहसत्थाओ ।**

---

## संस्कृत अनुवाद

हिंसाप्रसक्तस्य सुधर्मनाशः, चौरीप्रसक्तस्य शरीरनाशः ।
तथा परस्त्रीषु प्रसक्तस्य, सर्वस्य नाशोऽधमा गतिश्च ।।291।।
दरिद्रस्य दानम्, प्रभोः क्षान्तिः, सुखोचितस्येच्छानिरोधः ।
तारुण्ये इन्द्रियनिग्रहश्च, एतानि चत्वारि सुदुष्कराणि ।।292।।

## हिन्दी अनुवाद

हिंसा में आनंदित व्यक्ति का सद्धर्म नष्ट होता है, चोरी में अनुरक्त व्यक्ति के शरीर का नाश होता है, उसी प्रकार परस्त्री में लम्पट (आसक्त) व्यक्ति का सब कुछ नष्ट होता है और दुर्गति होती है । (291)

दरिद्र अवस्था में दिया हुआ दान, स्वामी (मालिक) होते हुए भी क्षमा रखना, सुखी होते हुए भी इच्छा का निरोध और जवानी में इन्द्रियों को वश में करना, ये चार अतिदुष्कर कार्य हैं । (292)

---

# पसत्थी

## प्राकृत

[4]पणमिअ [3]थंमणपासं, [2]जिणीसरं [1]भत्तचित्तवंछिययं ।
[5]जगगुरुनेमिसुरिंदं, [6]जास [7]पसाया [8]इमा [9]रइआ ।।1।।
[2]सगुरुं [3]विन्नाणसूरिं, [1]संतप्पभविअबोहयं [4]वंदे ।
[9]भवकूवाउ [6]असरणो, [5]जेण [7]जडो [8]हं [10]समुद्धरिओ ।।2।।
[1]पन्नासकत्थुरविजय- गणिणा [7]रइया य [3]पाढमालेयं[2] ।
[4]बाणनिहिनंदचंदे, [5]वासे [6]महुमाससुहपक्खे ।।3।।
[1]जाव [3]जिणसासणमिणं[2], [4]जाव य [5]धम्मो [6]जयम्मि [7]विप्फुरइ ।
[9]पाइअविज्जत्थीहिं, [8]ताव [10]सुहं [11]भणिज्जउ [9]एसा ।।4।। अवि य-
[1]अट्ठारस-दुसहस्से, [2]विक्कमवरिसे [5]तइज्जसक्करणं ।
[3]कत्थूरायरिएणं, [4]सुपाढमालाइ [6]संरइअं ।।5।।

---

# प्रशस्त्रि:

## संस्कृत अनुवाद

भक्तचित्तवाञ्छितदं, जिनेश्वरं स्थम्भनपार्श्वं प्रणम्य ।
जगद्गुरुनेमिसूरीन्द्रं येषां प्रसादादियं रचिता ।।1।।
सन्तप्तभविकबोधदं स्वगुरुं विज्ञानसूरिं वन्दे ।
येनाऽशरणो जडोऽहं भवकूपात् समुद्धृतः ।।2।।
पन्न्यासकस्तूरविजयगणिना चेयं पाठमाला ।
बाणनिधिनन्दचन्द्रे वर्षे मधुमासशुभपक्षे रचिता ।।3।।
यावदिदं जिनशासनं यावच्च धर्मो जगति विस्फुरति ।
तावत् प्राकृतविद्यार्थिभिरेषा सुखं भण्यताम् ।।4।।

अपि च-अष्टादशद्विसहस्रे, विक्रमवर्षे ।
कस्तूराचार्येण सुपाठमालायाः तृतीयसंस्करणं संरचितम् ॥5॥

इति श्री शासन सम्राट् नेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरि पट्टालङ्कारा चार्यदेव श्री विजय चन्द्रोदयसूरि गुरुबन्धु आचार्यश्री विजय अशोकचन्द्रसूरि शिष्य पंन्यास सोमचन्द्रविजय गणि सङ्कलिता श्री प्राकृतविज्ञान पाठमाला मार्गदर्शिका सम्पूर्णा ॥

---

## हिन्दी अनुवाद

भक्त के मनोवांछित पूर्ण करनेवाले जिनेश्वर श्रीस्थंभनपार्श्वनाथ प्रभु को प्रणाम करके, जगद्गुरु श्रीनेमिसूरीश्वरजी को वंदन करता हूँ-जिनकी कृपा से मैंने इस पाठमाला की रचना की है । (1)

संसार से संतप्त भव्यजीवों को बोधदायक मेरे गुरु श्रीविज्ञानसूरीश्वरजी को वंदन करता हूँ, क्योंकि जिनके द्वारा अशरण और मंदबुद्धिवान मेरा भवरूपी कुए में से उद्धार कराया है । (2)

पंन्यास श्रीकस्तूरविजयगणि द्वारा विक्रम संवत् 1995 वर्ष, चैत्र महीने के शुक्लपक्ष में इस पाठमाला की रचना की गई । (3)

जब तक यह जिनशासन जयवंत है और जब तक जैनधर्म जगत् में गूंजता है, तब तक प्राकृत के विद्यार्थियों द्वारा इस पाठमाला का सुखपूर्वक अभ्यास किया जाय । (4)

विक्रमसंवत् 2018 वर्ष में आचार्य श्रीविजयकस्तूरसूरि ने इस पाठमाला का तीसरी बार संस्करण किया । (5)

इस प्रकार शासनसम्राट्, तपागच्छाधिपति, सूरिचक्रवर्ती, जगद्गुरु कदंबगिरि प्रमुखानेक तीर्थोद्धारक भट्टारकाचार्य श्रीमद् विजयनेमिसूरिजी म. के पट्टालंकार पूज्यपाद आ. भट्टारक आचार्यदेव श्रीमद्विजयविज्ञानसूरिजी म. के पट्टधर विजयकस्तूरसूरिजी महाराज द्वारा रची हुई यह पाठमाला पूर्ण हुई ।

इस प्रकार श्री शासन सम्राट् श्री नेमि-विज्ञान-कस्तूरसूरि पट्टालंकार आचार्यदेव श्रीमद् विजय चन्द्रोदयसूरि गुरुबंधु आचार्यदेव श्रीमद् विजय अशोकचन्द्रसूरि शिष्य पंन्यास सोमचन्द्रविजय गणि वर्तमान में आचार्य श्री सोमचंद्रसूरीश्वरजी म.सा. संकलित श्री प्राकृत विज्ञान पाठमाला मार्गदर्शिका पूर्ण हुई ।

# परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय
# रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा. का हिन्दी साहित्य

1. वात्सल्य के महासागर
2. सामायिक सूत्र विवेचना
3. चैत्यवन्दन सूत्र विवेचना
4. आलोचना सूत्र विवेचना
5. श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र विवेचना
6. कर्मन् की गत न्यारी
7. आनन्दघन चौबीसी विवेचना
8. मानवता तब महक उठेगी
9. मानवता के दीप जलाएं
10. जिन्दगी जिन्दादिली का नाम है
11. चेतन ! मोहनींद अब त्यागो
12. युवानो ! जागो
13. शांत सुधारस-हिन्दी विवेचना भाग-1
14. शांत सुधारस-हिन्दी विवेचना भाग-2
15. रिमझिम रिमझिम अमृत बरसे
16. मृत्यु की मंगल यात्रा
17. जीवन की मंगल यात्रा
18. महाभारत और हमारी संस्कृति-1
19. महाभारत और हमारी संस्कृति-2
20. तब चमक उठेगी युवा पीढी
21. The Light of Humanity
22. अंखियाँ प्रभुदर्शन की प्यासी
23. युवा चेतना
24. तब आंसू भी मोती बन जाते है
25. शीतल नहीं छाया रे.(गुजराती)
26. युवा संदेश
27. रामायण में संस्कृति का अमर सन्देश-1
28. रामायण में संस्कृति का अमर सन्देश-2
29. श्रावक जीवन-दर्शन
30. जीवन निर्माण
31. The Message for the Youth
32. यौवन-सुरक्षा विशेषांक
33. आनन्द की शोध
34. आग और पानी-भाग-1
35. आग और पानी-भाग-2
36. शत्रुंजय यात्रा (द्वितीय आवृत्ति)
37. सवाल आपके जवाब हमारे
38. जैन विज्ञान
39. आहार विज्ञान
40. How to live true life ?
41. भक्ति से मुक्ति (पांचवी आवृत्ति)
42. आओ ! प्रतिक्रमण करे (चौथी आवृत्ति)
43. प्रिय कहानियाँ
44. अध्यात्मयोगी पूज्य गुरुदेव
45. आओ ! श्रावक बने
46. गौतमस्वामी-जंबुस्वामी
47. जैनाचार विशेषांक
48. हंस श्राद्ध व्रत दीपिका
49. कर्म को नहीं शर्म
50. मनोहर कहानियाँ
51. मृत्यु-महोत्सव
52. Chaitya-Vandan Sootra
53. सफलता की सीढ़ियाँ
54. श्रमणाचार विशेषांक
55. विविध-देववंदन (चतुर्थ आवृत्ति)
56. नवपद प्रवचन
57. ऐतिहासिक कहानियाँ
58. तेजस्वी सितारें
59. सन्नारी विशेषांक
60. मिच्छामि दुक्कडम
61. Panch Pratikraman Sootra
62. जीवन ने तुं जीवी जाण (गुजराती)
63. आवो ! वार्ता कहुं (गुजराती)
64. अमृत की बुंदे
65. श्रीपाल मयणा
66. शंका और समाधान भाग-1
67. प्रवचनधारा
68. धरती तीरथ'री
69. क्षमापना
70. भगवान महावीर
71. आओ ! पौषध करें
72. प्रवचन मोती
73. प्रतिक्रमण उपयोगी संग्रह
74. श्रावक कर्तव्य-1
75. श्रावक कर्तव्य-2
76. कर्म नचाए नाच
77. माता-पिता
78. प्रवचन रत्न
79. आओ ! तत्वज्ञान सीखें
80. क्रोध आबाद तो जीवन बरबाद
81. जिनशासन के ज्योतिर्धर
82. आहार : क्यों और कैसे ?
83. महावीर प्रभु का सचित्र जीवन
84. प्रभु दर्शन सुख संपदा
85. भाव श्रावक
86. महान ज्योतिर्धर
87. संतोषी नर-सदा सुखी
88. आओ ! पूजा पढाएं !
89. शत्रुंजय की गौरव गाथा
90. चिंतन-मोती
91. प्रेरक-कहानियाँ
92. आई वडीलांचे उपकार
93. महासतियों का जीवन संदेश
94. श्रीमद् आनंदघनजी पद विवेचन
95. Duties towards Parents
96. चौदह गुणस्थान
97. पर्युषण अष्टाह्निका प्रवचन
98. मधुर कहानियाँ
99. पारस प्यारो लागे
100. बीसवीं सदी के महान् योगी
101. बीसवीं सदी के महान् योगी की अमर-वाणी
102. कर्म विज्ञान
103. प्रवचन के बिखरे फूल
104. कल्पसूत्र के हिन्दी प्रवचन
105. आदिनाथ-शांतिनाथ चरित्र
106. ब्रह्मचर्य
107. भाव सामायिक
108. राग म्हणजे आग (मराठी)
109. आओ ! उपधान-पौषध करें !
110. प्रभो ! मन-मंदिर पधारो
111. सरस कहानियाँ
112. महावीर वाणी
113. सदगुरु-उपासना
114. चिंतन रत्न
115. जैन पर्व-प्रवचन
116. नींव के पत्थर
117. विखुरलेले प्रवचन मोती
118. शंका-समाधान भाग-2
119. श्रीमद् प्रेमसूरीश्वरजी
120. भाव-चैत्यवंदन
121. Youth will shine then
122. नव तत्त्व-विवेचन
123. जीव विचार विवेचन
124. भव आलोचना
125. विविध-पूजाएँ
126. गुणवान् बनों
127. तीन-भाष्य
128. विविध-तपमाला
129. महान् चरित्र
130. आओ ! भावयात्रा करें
131. मंगल-स्मरण
132. भाव प्रतिक्रमण-1
133. भाव प्रतिक्रमण-2
134. श्रीपाल-रास और जीवन
135. दंड़क-विवेचन
136. आओ ! पर्युषण-प्रतिक्रमण करें
137. सुखी जीवन की चाबियाँ
138. पांच प्रवचन
139. सज्झायों का स्वाध्याय
140. वैराग्य शतक
141. गुणानुवाद
142. सरल कहानियाँ
143. सुख की खोज
144. आओ संस्कृत सीखें भाग-1
145. आओ संस्कृत सीखें भाग-2
146. आध्यात्मिक पत्र
147. शंका-समाधान (भाग-3)
148. जीवन शणगार प्रवचन
149. प्रात: स्मरणीय महापुरुष (भाग-1)
150. प्रात: स्मरणीय महापुरुष (भाग-2)
151. प्रात: स्मरणीय महासतियाँ (भाग-1)
152. प्रात: स्मरणीय महासतियाँ (भाग-2)
153. ध्यान साधना
154. श्रावक आचार दर्शक
155. अध्यात्माचा सुगंध (मराठी)
156. इन्द्रिय पराजय शतक
157. जैन-शब्द-कोष
158. नया दिन-नया संदेश
159. तीर्थ यात्रा
160. महामंत्र की साधना
161. अजातशत्रु अणगार
162. प्रेरक प्रसंग
163. The way of Metaphysical Life
164. आओ ! प्राकृत सीखें भाग-1
165. आओ ! प्राकृत सीखें भाग-2

SHUBHAY
Cell : 98205 30299
Tel. : 022-65373779